# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-21-09-2023

# एडीजी ने आईपीएस को लगाया बैज

**गोरखपुर (एसएनबी)।** शासन द्वारा पीपीएस से आईपीएस बनाए जाने पर गोरखपुर जोन के चार पीपीएस अधिकारियों को एडीजी जोन अखिल कुमार पीपीग सेरेमनी बैज लगाकर उज्ज्वल भविष्य का कामना किया जिनमें अरुण कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक दक्षिणी गोरखपुर घनश्याम चौरसिया पुलिस अधीक्षक गोरखनाथ मंदिर सुरक्षा गोरखपुर, आनंद कुमार स्टाफ अफसर एडीजी जोन गोरखपुर जोन ज्ञानेंजय सिंह, एसपी सिटी बहराइच को आईपीएस पीपिंग सेरेमनी में बैज लगाया गया।



आईपीएस अरुण कुमार सिंह को बैज लगाते एडीजी व आईजी रविन्द्र कुमार।।

**गोरखपुर जोन के चार पीपीएस अफसर बने आईपीएस**

इस दौरान आईजी रेंज जे रविंद्र गौड़ पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण बिश्नोई सहायक पुलिस अधीक्षक मानुष पारीक पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी पुलिस अधीक्षक अपराध इंदु प्रभा सिंह पुलिस अधीक्षक पीटीएस किरन यादव पुलिस अधीक्षक रेलवे डाक्टर अवधेश सिंह पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक श्याम देव भी मौजूद रहे।

# ग्राम प्रहरी की समस्याओं का थाना प्रभारी करेंगे निस्तारण

**गोरखपुर (एसएनबी)।** ग्राम प्रहरी का एक प्रतिनिधिमंडल कई समस्याओं को लेकर बुधवार को अपर पुलिस महानिदेशक कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने एडीजी अखिल कुमार को पत्रक सौंप, उत्तर प्रदेश राज्य विधि आयोग की सिफारिशों को लागू कराने, वर्दी, मेडिकल, बीमा, वेतन, गोष्ठी, सुरक्षा, थाने में ड्यूटी के दौरान रुकने की व्यवस्था आदि की मांग की। इस पर एडीजी ने भी तत्कार जोन के समस्त एसएसपीध्एसपी पत्र लिखकर समस्याओं के निस्तारण का निर्देश दिया।

**अपर पुलिस महानिदेशक कार्यालय पहुंच प्रहरियों ने बताई समस्याएं**

**एडीजी ने त्वरित जोन के जिलों में पत्र जारी कर निस्तारण का दिया निर्देश**



एडीजी अखिल कुमार से मिलते ग्राम प्रहरी (चौकीदार)।

एडीजी ने कहा कि ग्राम प्रहरी पुलिस विभाग के महत्वपूर्ण अंग है। इनकी मदद से ही कानून व शांति व्यवस्था बनाने में पुलिस को सफलता मिलती है। इनके ड्यूटी के घंटो को निर्धारित करें। साथ ही ड्यूटी के स्थान व थाने पर रुकने की व्यवस्था की जाए। थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी व बीट पुलिस निरंतर इनके संपर्क में रहकर उनकी समस्याओं का समाधान कराएं। इनके साथ बातचीत कर उनका मनोबल बढ़ाएं। इनके साथ गोष्ठी कर क्षेत्र के बारे में जाने और समस्याओं को सुने। इसके साथ ही एडीजी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनकी अन्य मांगों को लेकर जल्द ही पत्राचार किया जाएगा।

## तीन भाईयों के खिलाफ किशोरी को भागने के मामले में केस

**फुटहवा ईनार।** चौरी चौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मेरी नाबालिक लड़की को फुसलाकर कर एक लड़का लेकर फरार हो गया है। लड़की का खोज बिन करने पर पता चला की एक लड़का मेरी लड़की को भगा ले गया। महिला का आरोप है कि जब उस लड़के के घर अपनी लड़की के बारे में पूछा गई तो उसके भाईयो ने मुझे गाली गलौज देते हुए कहा कि तुम्हारी लड़की को हम नही छोड़ेंगे जो करना हो कर लो। महिला महिला का आरोप है कि लड़की घर से दस हजार रूपये तथा सोने के जेवरात भी अपने साथ लेकर गई है। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने गोलू,मार्कण्डेय, प्रमोद पासवान के खिलाफ धारा 363,504 के तहत मुकदमा दर्ज कर लड़की की तलाश में जुट गई है।

## युवक पर अपहरण का केस

**खोराबार।** पुलिस बुधवार को थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला की तहरीर पर थाना गुलरिहा के नाहरपुर गांव के एक युवक के खिलाफ धारा 363 आईपीसी के तहत केस दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही हैं। खोराबार थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दिया कि बेलवार से गुलहरिया थाना क्षेत्र के नाहरपुर गांव निवासी एक युवक उसके बेटी का अपहरण कर लिया है।

# डीह की जमीन पर कब्जा को लेकर मारपीट

**पिपराइच (एसएनबी)।** पिपराइच क्षेत्र के एक गांव में डीह की जमीन को अपना बनाने के चक्कर में दो पक्षों जमकर मारपीट हुई एक पक्ष ने निर्माणाधीन दीवार और गेट तोड़ने तथा एक किशोरी की आबरू लूटने का आरोप लगाते हुए दुसरे पक्ष के चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के खिरियां गांव निवासी रामा सिंह का बीते मंगलवार की शाम जमीनी विवाद में मारपीट और निर्माणाधीन मकान का दीवार तोड़ दिये जाने का आरोप लगाते हुए चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर में रामा सिंह ने आरोप लगाया है कि गांव में डीह की जमीन पर हमारा वर्षो से कब्जा है। पुराने दीवार पर हमारा मकान बन रहा था।जिसका विरोध में करते हुए अयोध्या सिंह ,धर्मेंद्र ,राजेश व दीपा ने मंगलवार की शाम 5 बजे दीवार व गेट तोड़ दिये। तथा नाती नीरज (17) के मना करने पर राजेश ने पिटाई की।और मेरी नतिनी की आबरू लूटने का प्रयास किया और परिवार के लोगों को जानमाल की धमकी दी जा रही है।

# कौआबाग में मोबाइल लूटने वाले बदमाशों पर केस

**पादरी बाजार(एसएनबी)।** शाहपुर इलाके के कौआबाग में सोमवार की शाम अटो से घर जा रहे शख्स का बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल लूट कर फरार हो गए थे। पीड़ित की तहरीर पर मंगलवार को शाहपुर पुलिस बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे की मदद से तलाश शुरू कर दी है। रामगढ़ताल इलाके के बड़गो स्थित प्रज्ञा नगर कलोनी निवासी देव प्रकाश पांडेय सोमवार की शाम किसी काम से शाहपुर के असुरन चौराहा गए थे। काम होने के बाद देर शाम असुरन चौराहे से अटो में सवार होकर अपने घर जा रहे थे, अभी मोहद्दीपुर चार फाटक ओवर ब्रिज के पहले पहुंचे थे कि पीछे से आये बाइक सवार बदमाशों ने उनके हाथ से मोबाइल फोन लूट कर मोहद्दीपुर की तरफ फरार हो गए। शोर मचाने और पीछा करने के बाद बदमाश नहीं मिले। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन करने के बाद मंगलवार को केस दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

# हत्यारोपित नाबालिग सगे भाइयों को भेजा बाल सुधार गृह

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गत सोमवार को गुलरिहा इलाके के बरगदहीं में आसपी विवाद का वीडियो बनाने को लेकर हुए मारपीट में, ईंट लगने से वृद्ध महिला की मौत हो गई थी। पति के तहरीर पर पुलिस पिता पुत्र समेत तीन के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी थी। बुधवार को पुलिस नाबालिग आरोपित सगे भाईयों को बाल न्यायालय में पेश किया। जहां से न्यायाधीश ने बाल सुधार गृह भेजने का निर्देश दिया। **भटहट प्रतिनिधि** के अनुसार बरगदहीं के परतियहवा निवासी मृतिका यशोदा देवी के पति घूरे प्रसाद निषाद ने थाने में तहरीर देकर बताया कि गांव के सोनू शर्मा व बलवंत सिंह पुत्र बंधू सिंह के बीच सोमवार के शाम चार बजे किसी बात को लेकर मारपीट हो गया था। मेरा लड़का विकेन्द्र निषाद अपने घर खड़ा था। उसी बीच बलवंत सिंह और उनके पुत्र मंजीत व अजीत दरवाजे पर आए और मेरे पुत्र विकेन्द्र से मोबाईल छीनने लगे। मना करने पर घर से लाठी डंडा व ईंट लेकर आए। मुझको- मेरी पत्नी यशोदा देबी और पुत्र विकेन्द्र को मारने पीटने लगे। इस दौरान पत्नी यशोदा को काफी चोट लगने से वहीं पर मर गई। मारपीट करने वाले वहां से भाग निकले। उधर बलवंत सिंह पक्ष के लोगों ने घटना के बाद डायल 112 पर सूचना दिए कि विकेन्द्र ने ईंट से मार कर अपनी मां की हत्या कर दिया। बलवंत सिंह पक्ष के लोगों ने पुलिस को बताया कि विकेन्द्र ईंट चला कर मंजीत को मारना चाहता, लेकिन मंजीत एकाएक बैठ गया, चोट योशोदा देबी के सीने पर लग गई।

# एक माह बीता, अभियुक्त की नहीं हो सकी गिरफ्तारी

**गोरखपुर (एसएनबी)।** विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले के खिलाफ झंगहा पुलिस ने मुकदमा तो किसी तरह से दर्ज कर लिया लेकिन पता नहीं क्यों गिरफ्तारी करने से कतरा रही है? नामजद अभियुक्त विजेन्द्र सिंह उर्फ सन्नी बेखौफ होकर अपना धंधा कर रहा है और पुलिस पूरा शह दे रही है। इसको लेकर नाराज पीड़ित भागीरथी यादव एसएसपी से मिला और उनको पूरी जानकारी दी। यह भी बताया कि झंगहा पुलिस धोखाधड़ी करने वाले को पूरा सपोर्ट कर रही है।

**झंगहा पुलिस का है नामजद अभियुक्त विजेन्द्र सिंह उर्फ सन्नी को प्राप्त है शह**

**एसएसपी से मिला पीड़ित भागीरथी यादव और धोखाधड़ी कर विदेश भेजने वाले की गिरफ्तारी तथा उसकर संपत्ति की जांच की मांग की**

खैरवा गांव थाना बड़हलगंज निवासी भागीरथी यादव पुत्र रामदुलारे यादव बेरोगार है। वह झांसे में आकर विदेश जाने का मन बनाया और झंगहा क्षेत्र के मोतीराम अड्डा पुलिस चौकी के करीब कार्यालय खोलकर बैठने वाले विजेन्द्र सिंह उर्फ सन्नी से मिला। विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर पौने दो लाख रुपये के करीब भागीरथी ने दिया। होली के दिन सउदी अरब भेजा लेकिन वहां कई सप्ताह तक उसको रखा गया। साथ में दर्जनों लोग और रहे। इसके बाद सउदी से सबको लिबिया भेज दिया गया। इसके बाद घर से टिकट भेजा गया तब कहीं जाकर वह वापस गांव लौट सका। तब पता चला कि विजेन्द्र सिंह ने टूरिस्ट बीजा पर भेजा था। पीड़ित के काफी प्रयास के बाद झंगहा पुलिस ने विजेन्द्र सिंह उर्फ सन्नी के खिलाफ धारा 420, 406, 504 एवं 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया लेकिन अभी तक उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई जबकि एक माह पूरा हो चुका है।

इधर पीड़ित एसएसपी से मिला और उनको पूरी जानकारी दी। यह भी बताया कि टूरिस्ट बीजा देकर हम लोगों को विदेश भेजा था। उसने बताया कि झंगहा पुलिस पूरी तरह से अभियुक्त को सपोर्ट कर रही है। कई जगहों पर विजेन्द्र ने धोखाधड़ी करके विदेश में नौकरी दिलवाने वाला कार्यालय खोलकर युवकों को ठग रहा है। उसके संपत्ति की जांच होनी चाहिए। एसएसपी ने पीड़ित की बातों को सुनने के बाद कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# चार के खिलाफ मारपीट छेड़खानी का केस

**चरगावां (एसएनबी)**। गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने अपनी देवरानी व उसके पिता समेत चार के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर मारपीट, गाली गलौच,धमकी तथा घर में घुसकर छेड़खानी का केस दर्ज कराया है। क्षेत्र के कर्महा उर्फ कमहरिया निवासिनी नीलम शर्मा के देवर दिनेश शर्मा की मृत्यु काफी समय पहले हो चुका है और दोनो भाइयों में जमीन का बंटवारा हो चुका है। आरोप है कि देवरानी आए दिन झगड़ा मारपीट करती है। 11 जुलाई 2023 को देवरानी शिवकुमारी का पिता बृजमोहन निवासी लेहनी थाना अहिरौली कुशीनगर,फूफा गोपाल निवासी सिसवा महराजगंज पीड़िता के घर के पीछे की जमीन पर जबरन दीवाल चलाने लगे। विरोध करने पर गलियां देते हुए कुदाल से काटने की धमकी देकर बुरी तरह मारे पीटे, जान बचाकर गुलरिहा पुलिस को सूचना देने गई तो उसी समय उमेश शर्मा के साथ तीनों घर में घुसकर दो बहुओं के साथ मारपीट छेड़खानी करने लगे। किसी तरह दोनो जान बचाई। गुलरिहा पुलिस से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों तथा जनता दर्शन में गुहार लगाने के बाद भी कार्यवाही नही हुई उल्टे पीड़ित पक्ष के खिलाफ ही पुलिस केस दर्ज कर शांति भंग में चालान कर दी थी। गुलरिहा पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर चार के खिलाफ धमकी, मारपीट व छेड़छाड़ क केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# जालसाजी कर पोसपोर्ट बनवाने वाला आरोपी गिरप्तार

**बड़हलगंज (एसएनबी)**। पुलिस ने धोखाधड़ी से कुटरचना कर दो पासपोर्ट बनवाने के आरोप में क्षेत्र के देदापार निवासी अनिल कुमार शुक्ला को धारा 419, 420, 467, 468, 471 भादवि व 12 पासपोर्ट अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए न्यायालय रवाना कर दिया। कोतवाल कल्यान सिंह सागर ने बताया कि उक्त व्यक्ति धोखाधड़ी से कूटरचना कर दो पासपोर्ट बनवा लिया था। लखनऊपासपोर्ट आफिस की जांच में पकड़ा गया। पासपोर्ट आफिस की सूचना पर पुलिस ने अनिल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में दरोगा ष्णकांत यादव, कां रामचरन व सुरेश सिंह यादव शामिल रहे।

# एडीजी ने चार आईपीएस को बैज लगा दी शुभकामनाएं

**GORAKHPUR (20 Sept):** जोन में पीपीएस से आईपीएस बने चार अधिकारियों को एडीजी जोन अखिल कुमार ने पीपींग सेरेमनी बैज लगाकर शुभकामनाएं दी. इनमें तीन अधिकारी पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अरुण कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक गोरखनाथ मंदिर घनश्याम चौरसिया, स्टाफ



असफर एडीजी जोन आनंद कुमार गोरखपुर के हैं. वहीं एक बहराइच के हैं. सेरेमनी के दौरान आइजी जे रविंद्र गौड़, एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई, एएसपी मानुष पारीक, एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी, एसपी क्राइम इंदु प्रभा सिह समेत अन्य मौजूद रहे.

# झाड़-फूंक के बहाने घर में घुसकर महिला से टप्पेबाजी

**झंगहा क्षेत्र के दूबे टोला का मामला, घर पर अकेली थी सुजाता**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (20 Sept):** झंगहा के दूबे टोला में बुधवार को झाड़-फूंक के बहाने सुजाता के घर पहुंचे टप्पेबाज ने मोबाइल और जेवर लेकर फरार हो गया. महिला के पति पवित्र कुमार मंडल दुकान पर थे और वह घर पर अकेली थी. महिला की तहरीर पर झंगहा पुलिस ने जालसाजी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है.

## पानी-नमक मिलाकर गिराया

सुजाता ने बताया कि विक्रम चौराहे पर उसके पति मेडिकल स्टोर चलाते हैं. बुधवार को घर के सामने बाइक से पहुंचे एक युवक ने हॉर्न बजाया. वह बाहर निकली तो युवक ने कहा कि कमर में हमेशा दर्द रहता है, उसी का झाड़-फूंक करने के लिए उनके पति ने भेजा है. विश्वास करते हुए युवक को अंदर बुला लिया. इसके बाद उसने कहा कि घर में लांघन पड़ा है. हाथ से एक गिलास पानी और थोड़ा नमक लेकर आए, पानी और नमक मिलाकर उसने घर में गिराया.थोड़ी देर बाद उसने कुछ जेवरात साफ कपड़े में बांध कर लाने के लिए कहा. वह अंदर गई और कपड़े में लपेटकर जेवरात लाकर उसके हाथ में दे दिया. सुजाता ने बताया कि युवक उनका मोबाइल फोन पहले ही ले लिया था लेकिन वह भूल गई और मोबाइल फोन ढूंढते हुए अंदर चली गई. बाहर आने पर युवक जेवर व मोबाइल लेकर फरार हो गया. नंबर मिलाने पर मोबाइल फोन बंद बता रहा है. थाना प्रभारी झंगहा गौरव राय कन्नौजिया ने बताया कि केस दर्ज कर सीसी कैमरे से आरोपित की तलाश की जा रही है.

# 62 लाख रुपए की जालसाजी, एफआईआर

**एसपी सिटी के आदेश पर रामगढ़ताल पुलिस ने दर्ज किया केस, मामले की जांच शुरू**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (20 Sept):** बाराबंकी में जमीन के दिलाने के नाम पर करीब 62 लाख रुपए की जालसाजी का मामला सामने आया है. आरोप है कि जमीन के नाम पर रुपए लेकर हड़प लिया गया है. अब रुपए वापस मांगने पर धमकी दे रहा है. पुलिस खोराबार के रानीडीहा निवासी खुर्शीद आलम की तहरीर पर बाराबंकी, केडी रोड निवासी मोहम्मद आमिर और दो अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर लिया. सभी को कूटदरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी व धमकी देने का आरोपी बनाया गया है.




## दो करोड़ में डील

जानकारी के मुताबिक, खुर्शीद आलम ने दी तहरीर में लिखा है कि बाराबंकी में व्यावसायिक उपयोग के लिए जमीन की आवश्यकता थी. इसी बीच मेरी मुलाकात जमीन कारोबारी मोहम्मद आमिर से हुई. आमिर ने बताया था कि ग्राम दादरा परगना प्रतापगंज तहसील नवाबगंज जनपद बाराबंकी के पंजीकृत स्वामियों से रुपया देकर एग्रीमेंट किया है. जमीन देख लीजिए यदि आपको जमीन पसंद आ जाएगी तो आपको जमीन का बैनामा उचित मूल्य पर करवा दूंगा. आमिर से तीन एकड़ जमीन की कुल कीमत दो करोड़ रुपए में तय हुआ.

## 16 लाख किए वापस

पीड़ित को एग्रीमेंट व दिए गए रुपए के संबंध में स्टैंप की मूल प्रति देखकर उसपर भरोसा कर लिया. आमिर द्वारा भू स्वामियों को एडवांस रुपया देकर एग्रीमेंट कराया गया है. 10 मार्च 2021 को समय करीब 10 बजे दिन में उक्त आमिर अपने दो अन्य साथियों के साथ जीडीए कार्यालय के पीछे स्थित एनेक्सी भवन पर आया और कहा कि आप के विश्वास के लिए और 18 मार्च 2021 को अपने बैंक शाखा सिविल लाइंस सिटी मॉल के सामने गोरखपुर से अपने व अपने पिता व चाचा के खाते से 78 लाख 75 हजार रुपए दिया. बाद में जमीन नहीं देने पर 16 लाख 55 हजार वापस किया, लेकिन बाकी रकम हड़प ली.

# एटीएम से जालसाजों ने रुपए निकाले



**GORAKHPUR (20 Sept):** एम्स इलाके के नंदानगर एसबीआई से जालसाज ने रुपए निकाल लिए हैं. एटीएम में बिना तोड़फोड़ किए ही वारदात को अंजाम दिया गया है. एम्स पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है.

जानकारी के मुताबिक, एसबीआई में कैश डालने वाली संस्था एमएस सिक्योर वॉल्यूस इंडिया लिमिटेड राप्ती नगर फेज चार के प्रबंधक शिवानंदन सिंह ने केस दर्ज कराया है. उनका कहना है कि संस्था सरकारी एवं प्राइवेट बैंको के एटीएम में पैसा भरने का काम करती है. नंदानगर के एसबीआई एटीएम में रुपए डाले गए थे. बैंक में रुपए न निकलने की कई शिकायतें आ रही हैं. इसके बाद बैंक द्वारा वीडियो फुटेज की जांच की गई तो पाया गया कि छह अगस्त की शाम 4.50 बजे आठ बजे के बीच में संदिग्ध व्यक्ति ने मशीन खोलकर रुपयों की निकासी की गई है. यह कई बार में ग्राहकों के रुपयों के साथ धोखाधड़ी की है.

# गैंग्स ऑफ ठग की टारगेट 'गोरखपुर की वूमनियां'

GORAKHPUR (20 Sept): गोरखपुर में महिलाओं को चाची नमस्ते बोलकर ठगी करने वाली कई गैंग एक्टिव है. लिहाजा आए दिन महिलाओं के साथ ठगी की घटनाएं सामने आ रही हैं. ताजा मामला कैंट एरिया का है. यहां मोहद्दीपुर की 65 वर्षीय ऊमा सिंह 18 सितंबर को तीज के दिन गोलघर बाजार गई थी. जहां दो युवकों ने नमस्ते कर उन्हें बातों में उलझाया और रेलवे स्टेशन गेट नंबर 6 पर ले जाकर उनका 2.5 लाख का मंगलसूत्र ले लिया. पीड़िता के बेटे ने कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कराया है. पुलिस ने हाल फिलहाल में कई बदमाशों को अरेस्ट कर जेल भी भेजा है, लेकिन घटनाओं का सिलसिला यहां लगातार जारी है.

**i ALERT**

## बुजुर्ग महिलाएं टारगेट

ठगी की घटनाओं ने यह साबित किया कि ठगों की गैंग का सॉफ्ट टारगेट बुजुर्ग महिलाएं ही है. इसलिए गोरखपुर के लोगों का अवेयर होना होगा. हर कोई प्रयास करे कि घर के बुजुर्ग को मार्केट में अकेले ना भेजें या फिर उन्हें अच्छे से अवेयर करें, ताकि रास्ते में अंजान इंसान मिलने पर वह तत्काल घर या पुलिस को सूचना दे सकें.

## CASE 01 बेतियाहाता में महिला से ठगी

बेतियाहाता एरिया में 10 अगस्त को धर्मशाला बाजार की रहने वाली 55 वर्षीय कृष्णा पाण्डेय के साथ ठगी हुई. वह गुरुवार को अपने रिलेटिव के घर जा रही थी. बेतियाहाता में कृष्णा कुछ सामान लेने दुकान पर पहुंची. जहां पर दो से तीन युवक आए और नमस्ते कर खुद को उनके लड़के का दोस्त बताया. थोड़ी देर बातों में उलझा कर तीनों युवकों ने कृष्णा पाण्डेय का गले, कान और हाथ के हार निकलवा लिया और फरार हो गए.

## CASE 02 नमस्ते कर ज्वेलरी निकलवाई

झंगहा थाना क्षेत्र के राजी जगदीशपुर में 18 अगस्त को करीब 60 वर्षीय चंद्रावती देवी के साथ ठगी हुई. चंद्रावती देवी बैंक पासबुक प्रिंट करवाने डोहघाट बैंक गई थी. इस दौरान रास्ते में अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें नमस्ते कर उनके छोटे बेटे का खुद को दोस्त बताया. इसके बाद उन्हें बातों में उलझाकर ज्वेलर्स शॉप ले गया. वहां पर उसने चंद्रावती से मंगलसूत्र, कान का टफ और नाक का किल निकलवा लिया.

## CASE 03 महिला से उतरवा लिए गहने

गुलरिहा में 8 अगस्त को 55 वर्षीय मैना देवी को झांसे में लेकर अपाची सवार ने उनके जेवर ले लिए. महिला ने बताया कि मंगलवार को वह पिपरी रोड पर उनसे एक अपाची सवार मिला. उसने चाची नमस्ते कर बोला कि आपके लड़के का दोस्त हूं. उसने मैना देवी को अपनी बाइक पर बैठा कर कुछ दूर ले गया. वहां पर महिला के कान के जेवर यह कहकर उतरवा लिए कि इसे और बड़ा बनवाना है. इसके बाद रफूचक्कर हो गया.

## CASE 04 शाहपुर में बुजुर्ग महिला के लूटे कंगन

शाहपुर में 24 जुलाई को शिवपुर सहबाजगंज की 70 वर्षीय कलावती सुबह 5 बजे टहलने निकली थी. जैसे ही वह फातिमा हॉस्पिटल के आगे पहुंची. वहां बुलेट सवार मिला. उसने नमस्ते करके खुद को उनके लड़के का दोस्त बताया. इधर-उधर की बातकर बुलेट सवार ने महिला का उलझा दिया, फिर उनके दोनों हाथ के कंगन लूटकर फरार हो गया. घटना के कुछ ही दिन बाद शाहपुर पुलिस ने बदमाश को अरेस्ट भी कर लिया.



## मार्केट में अवेयर करेगी पुलिस

- बड़ी-बड़ी मार्केट चिह्नित कर, वहां लाउडस्पीकर से अनाउंस कर लोगों को अवेयर किया जाएगा.
- हर छोटी-बड़ी मार्केट में अंजान लोगों से सावधान रहने के लिए पंपलेट भी चस्पा किए जाएंगे.
- महिलाओं से कोई भी अंजान इंसान आकर ज्वेलरी की बात करे तो वह तुंरत पुलिस को सूचना दें.
- बुजुर्ग महिलाएं अंजान व्यक्ति से दूरी बनाए रखें.



" लगातार ऐसी गैंग पकड़ी जा रही है, घटनाओं को रोकने के लिए महिलाओं को खुद भी अवेयर होना होगा, किसी को भी अपने जेवर निकालकर देने की जरूरत नहीं है, चाहे वह कितना भी लालच या डर दिखा रहा हो. अंजान व्यक्तियों से सावधान रहें.

**कृष्ण कुमार विश्नोई,**
एसपी सिटी

# फोरलेन पार कर रहे मासूम को कार ने मारी टक्कर, मौत

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (20 Sept):** एम्स थाना क्षेत्र के रामपुर बुजुर्ग में फोरलेन पार कर रहे मासूम को बुधवार की दोपहर कार ने टक्कर मार दी. घायल मासूम को चालक ने कार से ले जाकर बीआरडी मेडिकल कालेज में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई. सूचना पर चौकी प्रभारी सोनबरसा गुरु प्रसाद ने चालक और कार को कब्जे में ले लिया है.

रामपुर बुजुर्ग के रहने वाले सुबाष उर्फ साधु का सात वर्षीय पुत्र हार्दिक सिंह उर्फ आयुष गोकुल चिल्ड्रेन एकेडमी में यूकेजी में पढ़ता था.

## छुट्टी के बाद जा रहा था घर

वह बुधवार को दोपहर में 1:30 बजे स्कूल की छुट्टी होने पर घर जाने के लिए फोरलेन क्रासिंग पार कर रहा था. इसी दौरान कसया की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही कार ने आयुष को टक्कर मार दी. घटना के बाद चालक कार से उतरा और आयुष को लेकर मेडिकल कालेज पहुंचा. जहां इलाज के दौरान आयुष की मृत्यु हो गई. उधर, आयुष की



मृत्यु की सूचना पर उसकी मां का रो-रोकर बुरा हाल है. आयुष तीन भाइयों में सबसे छोटा था. आसपास के लोगों का कहना है कि छुट्टी के समय स्कूल का कोई जिम्मेदार बच्चों को फोरलेन पार कराने के लिए नहीं आता है. चौकी प्रभारी के अनुसार अभी तहरीर नहीं मिली है. मिलने पर कार्रवाई की जाएगी.

# गैर इरादतन हत्या में दो भाई गए बाल सुधार गृह

- गुलरिहा में बुजुर्ग महिला की मौत का मामला
- दो नाबालिगों समेत तीन पर दर्ज हुआ था केस

भटहट, हिन्दुस्तान संवाद। गुलरिहा थाना क्षेत्र के बरगदही के परती टोला में सोमवार देर शाम विवाद के दौरान एक बुजुर्ग की मौत मामले में पुलिस ने आरोपित दो नाबालिग भाइयों को गिरफ्तार कर बाल सुधार गृह भेज दिया है। वहीं आरोपी पिता अभी फरार है।

मालूम हो बरगदही के परती टोला में सोमवार शाम को विवाद के दौरान ईंट के प्रहार से चोट लगने के कारण यशोदा देवी (55) की मौत हो गयी थी। मृतका के पति घूरे निषाद की तहरीर पर पिता एवं उसके दो पुत्रों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इसी मामले में दो नाबालिग भाइयों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**नेताओं ने पीड़ित परिवार को दी सांत्वना :** बुधवार को सपा नेता अमरेंद्र निषाद ने पीड़ित के घर पहुंचकर परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने इस घटना की निंदा करते हुए शेष आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग की। इसके साथ ही चौरीचौरा विधायक श्रवन निषाद ने टेलीफोन पर प्रभारी निरीक्षक को से बात कर मुख्य आरोपित को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के लिए कहा। वहीं दूसरी ओर निषाद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र मणि निषाद, राष्ट्रीय महासचिव रघुराई निषाद, राष्ट्रीय सचिव बहादुर निषाद, प्रदेश सचिव गुंजेश्वर निषाद, पंचम निषाद, सूरज निषाद, बाबूराम निषाद, अजय निषाद आदि लोगों ने पीड़ित के घर जाकर परिवार को ढांढस बंधाया।

# राइस मिलर से एक करोड़ की जालसाजी का मुकदमा

**फॉलोअप**

- पटना के व्यापारियों व वाराणसी के परचेजर के खिलाफ केस दर्ज
- रुपये लेकर मिलर को नहीं दिया धान, अब दे रहे जानमाल की धमकी

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। कैंट क्षेत्र के एक राइस मिल मालिक ने बिहार के मेसर्स लक्ष्मी भंडार की प्रोपराइटर बबिता कुमारी तथा फर्म के संचालक एवं नियंत्रक पिंटू कुमार व पप्पू कुमार और खरीदार (परचेजर) राजीव रंजन पर 1.04 करोड़ रुपये हड़पने का मुकदमा दर्ज कराया है।

दाउदपुर स्थित सहारा उपहार टाइप-2 रजिस्टर्ड ऑफिस और हाल मुकाम श्रेयस सोरटेक्स इंडस्ट्रीज लि. के एमडी विनय कुमार सिंह ने बताया कि उनकी कंपनी धान खरीदकर चावल बेचती है। पटना के जकरियापुर छोटी पहारी निवासी पिंटू कुमार ने मेसर्स लक्ष्मी भंडार की प्रोपराइटर बबिता कुमारी को अपनी पत्नी बताकर उनके साथ व्यापार शुरू किया। जनवरी 2022 में इसी फर्म के साथ धान की खरीद पैडी परचेजर राजीव रंजन, अशोक नगर कॉलोनी, पहड़िया वाराणसी के द्वारा धान की खरीद का कारोबार चल रहा था। कंपनी फर्म के खाते में एडवांस पैसा भेजती थी और फिर धान आता था। 17 जनवरी 2022 से धान की गाड़ियां आनी बंद हो गईं।

राजीव से एक करोड़ चार लाख भुगतान के बदले धान के बारे में पूछा तो पहले उन्होंने बताया कि गाड़ियां रास्ते में हैं, कुछ घंटे बाद बताया कि पिंटू और उसके भाई पप्पू ने ट्रकों को आरा जिले में खाली करा दिया है और दोनों भाई घर से फरार हो गए और फोन बंद कर लिया। अब बकाया मांगने पर हत्या की धमकी देते हैं।

# जालसाज ने उड़ाए दो लाख के गहने

झंगहा/चौरीचौरा। झंगहा थानाक्षेत्र के झंगहा दूबे टोला में झाड़फूंक के नाम पर बुधवार को जालसाज एक महिला को झांसे में लेकर उससे दो लाख के गहने और मोबाइल लेकर फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

झंगहा टोला निवासी पवित्र कुमार मंडल विक्रम चौराहे पर मेडिकल स्टोर चलाते हैं। उनकी पत्नी सुजाता घर पर अकेली थीं। इसी दौरान एक युवक बाइक से घर पहुंचा। युवक ने कहा कि उसके पति ने उसे भेजा है उसके कमर दर्द के लिए झाड़फूंक करने के लिए। युवक ने सुजाता से एक गिलास पानी व थोड़ा नमक मंगवाते हुए कहा कि घर में लांघन पड़ा है। पानी व नमक अपने हाथ से छूकर पानी को घर के अंदर गिराने के बाद कुछ जेवरात साफ कपड़े में बांध कर लाने के लिए कहा। वह कपड़े में लपेटकर कर जेवर उसके हाथों में दे दिया। उसका मोबाइल फोन युवक पहले ही ले लिया था। वह जैसे ही घर में गई युवक जेवर-मोबाइल लेकर भाग गया।

# लिफ्ट देकर बाइक सवार ने महिला से किया था रेप

पीपीगंज, हिसं। पीपीगंज क्षेत्र की एक महिला से लिफ्ट देने वाले व्यक्ति ने रेप किया था। महिला के बयान के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रेप की धारा बढ़ा दी है। पहले पुलिस ने सिर्फ छेड़खानी का केस दर्ज किया था।

- महिला के बयान के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा बढ़ाई

पीपीगंज थानाक्षेत्र के जंगल कौड़िया चौकी क्षेत्र के एक गांव की महिला रविवार देर शाम मायके जाने के लिए सड़क किनारे सवारी गाड़ी का इंतजार कर रही थी मौसम भी खराब हो रहा था। इस बीच महिला ने एक बाइक सवार से लिफ्ट ले ली। वरुण मौर्य निवासी मुहम्मदपुर टोला महुआवा नामक बाइक सवार ने महिला को सुनसान जगह पर ले जा कर दुष्कर्म किया। महिला के शोर मचाने पर रास्ते से जा रहे राहगीर रुक गए जिसके बाद आरोपी बाइक छोड़ फरार हो गया। इस मामले में पुलिस ने महिला के 164 के बयान के आधार पर आरोपी पर रेप का केस दर्ज कर उसे जेल भिजवा दिया।

## पूजा करने गई महिला का मंगलसूत्र चोरी

खोराबार। विश्वेश्वर नाथ मंदिर में पूजा करने गई एक महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र चोरी हो गया। सूबाबाजार के कालिंदी स्कूल के समीप रहने वाली सीमा राय पत्नी अश्वनी कुमार विश्वेश्वर नाथ मंदिर पर हरतालिका तीज की पूजा करने गई थीं। जहां उनके गले से मंगलसूत्र किसी ने निकाल लिया। पुलिस मंदिर के पास लगे सीसीटीवी के जरिए घटना की जांच करने में जुटी है।

# कौआबाग में युवक से मोबाइल लूटा, केस दर्ज

पादरी बाजार। शाहपुर इलाके के कौआबाग में सोमवार की शाम ऑटो से घर जा रहे है व्यक्ति से बाइक सवार बदमाश मोबाइल लूट कर फरार हो गए थे। रामगढ़ताल इलाके के बड़गो स्थित प्रज्ञा नगर कॉलोनी निवासी देव प्रकाश पांडेय सोमवार की शाम को शाहपुर के असुरन चौराहा से लौट रहे थे। वह ऑटो में सवार होकर मोहद्दीपुर चार फाटक ओवरब्रिज के पहले पहुंचे थे कि पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने उनके हाथ से मोबाइल फोन लूट लिया।

# एडीजी ने आईपीएस बने अफसरों को बैज लगाया

गोरखपुर। शासन द्वारा पीपीएस से आईपीएस बनाए जाने पर जोन के चार पीपीएस अधिकारियों को एडीजी जोन अखिल कुमार ने बैज लगाकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इनमें एसपी दक्षिणी अरुण कुमार सिंह, गोरखपुर घनश्याम चौरसिया, आनंद कुमार, ज्ञानेंञय सिंह एसपी सिटी बहराइच को आईपीएस पीपीग सेरेमनी बैज लगाया। इस दौरान आईजी रेंज जे रविंद्र गौड़ पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण बिश्नोई, एएसपी मानुष पारीक आदि रहे।

# नौसढ़ में शोरूम से 10 लाख रुपये चोरी

सहजनवा। गीडा थाने के नौसढ़ स्थित आकाश बजाज शोरूम के कैश काउंटर से 10 लाख रुपये चोरी हो गए। घटना के बाद चोरों ने शो रूम में लगे सीसीटीवी का डीवीआर भी चुरा लिया। शोरूम मालिक हरैया बहरामपुर निवासी गंगा जायसवाल की तहरीर गीडा पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# गैंगस्टर के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया

सहजनवा। गीडा पुलिस ने गैंगस्टर के आरोपी रामपुर पांडेय थाना खजनी निवासी बृजमोहन उर्फ झीनक को गिरफ्तार कर लिया है। कई आपराधिक मामलों में वांछित बृजमोहन पर थानाध्यक्ष गीडा रतन पांडेय ने गैंगस्टर लगाया था। बुधवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उसे उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# शारदा सिटी के नाम पर ठगी का आरोपी हिरासत में

**शिकंजा**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। नौसड़-खजनी मार्ग पर शारदा सिटी के नाम से नई कॉलोनी बसाने का सपना दिखाकर 17 लोगों से करोड़ों की जालसाजी करने के आरोपी अक्षय मिश्रा को कैंट पुलिस ने उठा लिया है। फिलहाल वह खुद जालसाजी का शिकार बता रहा है।

केस दर्ज कराने वाली दमयंती श्रीवास्तव, अर्चना और अनुराधा समेत कई पीड़ितों का कहना था कि रुस्तमपुर में शारदा सिटी का एक ऑफिस खुला था। वहां मैनेजर ने बताया था कि शहर से 7 किमी दूर खजनी रोड पर शारदा सिटी नाम से कॉलोनी बन रही है। एक खाली जमीन दिखाकर प्रॉपर्टी डीलर ने रजिस्ट्री भी कराई। रजिस्ट्री के नाम पर 5 से 10 लाख रुपये तक बिल्डर ने ले लिए। बाद में किसी को भी जमीन नहीं मिली। हिरासत में लिए गए अक्षय ने पुलिस को बताया कि उसने जमीन ओम प्रकाश से खरीदी थी और ओम प्रकाश ने किसी श्रीवास्तव से। अक्षय ने करीब 17 लोगों को जमीन बेची थी इस बीच पता चला कि जमीन सीलिंग में है।

# जमीन दिलाने के नाम पर 62 लाख ठगे

गोरखपुर। बाराबंकी में जमीन के दिलाने के नाम पर 62 लाख रुपये की जालसाजी का मामला सामने आया है। जालसाज ने जमीन के नाम पर रुपये हड़प लिए। पुलिस खोराबार के रानीडीहा निवासी खुर्शीद आलम की तहरीर पर बाराबंकी, केडी रोड निवासी मोहम्मद आमिर और दो अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर लिया है।

खुर्शीद आलम ने तहरीर में बताया है कि बाराबंकी में व्यावसायिक उपयोग के लिए जमीन की आवश्यकता थी। इसी बीच जमीन कारोबारी मोहम्मद आमिर से मुलाकात हुई। आमिर ने बताया कि ग्राम दादरा परगना प्रतापगंज तहसील नवाबगंज बाराबंकी के पंजीकृत स्वामियों से जमीन एग्रीमेंट कराई है। आमिर से तीन एकड़ जमीन दो करोड़ रुपये में एग्रीमेंट कराया। अपने व अपने पिता व चाचा के खाते से 78 लाख 75 हजार जमा कराए। जमीन नहीं देने पर 16 लाख 55 हजार वापस किए, लेकिन बाकी रकम हड़प ली।

# पहलवान के सीने को एक तरफ स्टेप्ल किया, दूसरी ओर सिला

- सर्जन पर लापरवाही का आरोप लगा सीएमओ, जिला व पुलिस प्रशासन से हुई शिकायत
- डाक्टर ने भी दी तहरीर, सीएमओ ने गठित किया मेडिकल बोर्ड आज हो सकता है फैसला

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** कूड़ाघाट के रहने वाले पहलवान राज्यवर्धन सिंह का शहर के एक सर्जन ने सीने (छाती) का आपरेशन किया। इसके बाद 38 टांके लगा दिए, जबकि पहले दो-तीन टांके लगने की ही बात कही गई थी। हद तो यह भी हुई कि ढाई घंटे चले आपरेशन के बाद एक तरफ स्टेप्लर से टांके लगा दिए तो दूसरी ओर धागे से सिल दिया। पहलवान की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें दूसरे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

पहलवान की मां रेनू सिंह ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत सीएमओ, जिला व पुलिस प्रशासन से की है। बुधवार को उन्होंने पत्रकारों से बातचीत कर अपनी पीड़ा साझा की। वहीं, सर्जन डा. शशिकांत दीक्षित ने भी कैंट थाने में तहरीर देकर तीमारदार पर शुल्क न देने का आरोप लगाया है। सीएमओ डा. आशुतोष कुमार दूबे ने मेडिकल बोर्ड गठित कर दोनों पक्षों को बुलाया है। गुरुवार को इस मामले में फैसला हो सकता है।

रेनू सिंह ने बताया कि उनके बेटे राज्यवर्धन को गायनेकोमेस्टिया (स्तन बढ़ जाने) की बीमारी थी। मोहद्दीपुर के टाइमनियर अस्पताल में उसका आपरेशन कराया गया। सर्जन डा. शशिकांत दीक्षित ने बताया कि यह छोटा आपरेशन है। इसमें 20 से 25 मिनट लगेंगे। दो से तीन टांके लगाए जाएंगे, जबकि आपरेशन करीब ढाई घंटे चला। बेटे को 38 टांके लगे। एक तरफ स्टेप्लर से टांका लगाया तो दूसरी तरफ धागे से सिल दिया। बेटे की हालत खराब हुई तो उसे दूसरे अस्पताल में भर्ती करा उपचार कराया गया, तब उसकी जान बची।

## सर्जन ने कहा, आपरेशन में नहीं हुई कोई लापरवाही

तीमारदार के शिकायत करने के बाद सर्जन डा. शशिकांत ने भी कैंट थाने में तहरीर दे दी है। उनका कहना है कि सर्जरी में कोई लापरवाही नहीं हुई। उपचार का खर्च 52 हजार 300 रुपये हुआ था। दस हजार रुपये की छूट दी गई। उन्होंने सिर्फ 15 हजार रुपये ही जमा किए। अभी उन्हें 27 हजार 300 रुपये और देने हैं। इसी रकम को बचाने के लिए अनर्गल आरोप लगाया जा रहा है। उन्होंने शेष रकम दिलाने की मांग की है।

# नौसढ़ में शोरूम से 10 लाख रुपये चोरी

सहजनवा। गीडा थाने के नौसढ़ स्थित आकाश बजाज शोरूम के कैश काउंटर से 10 लाख रुपये चोरी हो गए। घटना के बाद चोरों ने शो रूम में लगे सीसीटीवी का डीवीआर भी चुरा लिया। शोरूम मालिक हरैया बहरामपुर निवासी गंगा जायसवाल की तहरीर गीडा पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# गैंगस्टर के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया

सहजनवा। गीडा पुलिस ने गैंगस्टर के आरोपी रामपुर पांडेय थाना खजनी निवासी बृजमोहन उर्फ झीनक को गिरफ्तार कर लिया है। कई आपराधिक मामलों में वांछित बृजमोहन पर थानाध्यक्ष गीडा रतन पांडेय ने गैंगस्टर लगाया था। बुधवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उसे उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# नंदानगर में एटीएम खोल चोर ने निकाल लिए रुपये

- एटीएम में पैसे कम होने की आ रही थी शिकायत
- सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई चोरी की वारदात

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। एम्स थाना क्षेत्र के नंदानगर एसबीआई के एटीएम मशीन को खोल कर रुपये चोरी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। सिक्योर वैल्यू के शाखा प्रबंधक की सूचना पर पुलिस ने मंगलवार को मुकदमा दर्ज कर लिया और जांच में जुट गई।

राप्तीनगर फेस 4 स्थित सिक्योर वैल्यू इंडिया लिमिटेड के शाखा प्रबंधक शिवानंद सिंह ने एम्स थाने में 14 सितंबर 2023 को सूचना दे कर बताया की उनकी कंपनी एटीएम में पैसे डालने का काम करती है। बताया की उन्हें बैंक द्वारा एटीएम में पैसे कम होने की शिकायत बार-बार आ रही थी। जब बैंक के सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई तो पता चला की एसबीआई नंदानगर के एटीएम से 6 सितंबर 2023 की शाम 4:30 बजे से 8 बजे तक अज्ञात व्यक्ति द्वारा एटीएम मशीन खोल कर पैसे निकालने की घटना को अंजाम दिया है। चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड है।

# युवक के जेब से निकाल रहा था रुपये, पकड़ा गया

पीपीगंज : जंगल अगही के टोला सेनुरी के रहने वाले मंगरु प्रसाद के जेब से रुपये निकालते हुए बुधवार को एक युवक को पकड़ लिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस को लोगों ने सिपुर्द कर दिया। मंगरू की तहरीर पर पुलिस ने धनबीर आदिवासी के विरुद्ध केस किया। मंगरु ने पुलिस को बताया कि वह भगवानपुर सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने गये थे। इसी बीच उनके जेब में आरोपित ने हाथ डालकर रुपये निकालने की कोशिश की। जानकारी होने पर उन्होंने तत्काल उसका हाथ पकड़ लिया। पूछताछ की जा रही थी कि वह भागने लगा। बाजार में मौजूद अन्य लोगों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। (जासं)

# दीवार तोड़ने के चार आरोपितों पर मुकदमा दर्ज

पिपराइच : खिरियां गांव के रामा सिंह की तहरीर पर पुलिस ने अयोध्या सिंह, धर्मेंद्र, राजेश और दीपा के विरुद्ध मारपीट, निर्माणाधीन मकान की दीवार और गेट तोड़ने का मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में रामा सिंह ने लिखा है कि डीह की जमीन पर निर्माण करा रहे थे, जिसका विरोध करते हुए आरोपितों ने उसे मंगलवार की शाम पांच बजे तोड़ दिया। राजेश ने मेरे पोते की पिटाई भी की। (जासं)

# लिफ्ट देकर महिला के साथ किया था दुष्कर्म, गिरफ्तार

जासं, पीपीगंज : क्षेत्र के एक गांव स्थित मायके जा रही महिला के साथ वरुण मौर्य ने दुष्कर्म किया था। बुधवार को पुलिस ने महिला का बयान दर्ज कराने के बाद आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

17 सितंबर को रात नौ बजे महिला मायके जा रही थी। इसी बीच आरोपित ने उसे लिफ्ट देने के बहाने बाइक पर बैठा लिया। महिला ने बताया कि आरोपित सुनसान स्थान पर ले गया और दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर वह बाइक छोड़कर फरार हो गया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने बाइक जब्त कर केस दर्ज किया था।

**किशोरी का दूसरी बार अपहरण, केस दर्ज:** मुंडेरा बाजार : चौरी चौरा के एक गांव की महिला ने बुधवार को थाने में तहरीर देते हुए पुत्री



का दूसरी बार अपहरण करने का आरोप लगाया। बताया कि उसकी पुत्री 13 सितंबर को चौरी चौरा बाजार करने गई थी। इसके बाद घर नहीं लौटी। उसका मोबाइल फोन देखा गया, जिसमें दो नंबर मिले। फोन करने पर पता चला की वह नंबर गोलू नाम के युवक का है। आरोपित के घर पहुंची तो भाई मारकंडेय व प्रमोद पासवान ने गाली देकर भगा दिया। इसके पहले भी आरोपित ने बेटी का अपहरण किया था। थाना प्रभारी ने बताया कि गोलू और उसके दोनों भाइयों पर केस दर्ज किया गया है।

# देवरिया के युवक पर अपहरण का केस दर्ज

मुंडेरा बाजार : चौरी चौरा के एक गांव की किशोरी का अपहरण करने पर बुधवार को थाना पुलिस ने देवरिया के संदीप पासवान पर केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई किशोरी की मां के तहरीर पर की है। महिला ने बताया कि उसकी पुत्री दसवी में पढ़ती है। 14 सितंबर को आरोपित ने उसकी पुत्री का अपहरण कर लिया। ((जासं))

# शोरूम का ताला तोड़कर नकदी व डीवीआर चोरी

सहजनवां : गीडा के नौसढ़ स्थित बजाज शो रूम का ताला तोड़कर चोर काउंटर में रखे 10 लाख रुपये नकदी, सीसी कैमरा व डीवीआर उठा ले गये। जानकारी होने पर हरैया के रहने वाले शो रूम के मालिक गंगा प्रसाद जायसवाल की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया। (जासं)

# महिला की मृत्यु के मामले में दो किशोर गिरफ्तार, भेजे गए बाल सुधार गृह

- मारपीट के दौरान गुलरिहा के बरगदही में सोमवार को ईंट लगने से यशोदा की हुई थी मृत्यु
- महिला के पति घूरे की तहरीर पर पुलिस ने बलवंत व उसके दो बेटों पर दर्ज किया मुकदमा

जासं, भटहट : गुलरिहा के बरगदही में सोमवार की शाम यशोदा देवी की मृत्यु के मामले में पुलिस ने बुधवार को दो किशोरों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश करते हुए बाल सुधार गृह भेज दिया। शांति व्यवस्था के लिए गांव में एक दारोगा और पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। मंगलवार की शाम पोस्टमार्टम के बाद शव घर लाए जाने पर पुलिस की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया।

बरगदही के परतिहवा टोला में सोमवार को बलवंत सिंह के परिवार और एक युवक में विवाद हुआ था। मौके पर यशोदा देवी का पुत्र विकेंदर भी था। किसी ने बलवंत को बताया कि विकेंदर ने विवाद का वीडियो बनाया है। इसी की पूछताछ के लिए बलवंत के दोनों बेटे उसके घर पहुंचे और चेक करने के लिए मोबाइल फोन मांगे। विरोध करने पर दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। इसी बीच ईंट चलने से यशोदा देवी की मृत्यु हो गई। घटना के बाद बलवंत ने पीआरवी को सूचना दी और मौके पर पहुंची पुलिस को बताया कि विकेन्दर ने ईंट मारकर मां की हत्या कर दी।

उधर, यशोदा देवी के पति घूरे प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर बलवंत और उनके दोनों बेटों पर पत्नी की हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस बलवंत व उसके दो बेटों पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश कर रही थी। थाना प्रभारी जेएन शुक्ला ने बताया कि बलवंत की तलाश की जा रही है। गांव में शांति व्यवस्था के लिए पुलिसकर्मी तैनात हैं।

# ग्राम प्रहरी की समस्याओं का थाना प्रभारी करेंगे निस्तारण

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : ग्राम प्रहरी का एक प्रतिनिधिमंडल कई समस्याओं को लेकर बुधवार को अपर पुलिस महानिदेशक कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने एडीजी अखिल कुमार को पत्रक सौंप, उत्तर प्रदेश राज्य विधि आयोग की सिफारिशों को लागू कराने, वर्दी, मेडिकल, बीमा, वेतन, गोष्ठी, सुरक्षा, थाने में ड्यूटी के दौरान रुकने की व्यवस्था आदि की मांग की। इस पर एडीजी ने भी तत्काल जोन के समस्त एसएसपी/एसपी को पत्र लिखकर समस्याओं के निस्तारण का निर्देश दिया।

एडीजी ने कहा कि ग्राम प्रहरी पुलिस विभाग के महत्वपूर्ण अंग हैं। इनकी मदद से ही कानून व शांति व्यवस्था बनाने में पुलिस को सफलता मिलती है। इनके ड्यूटी के घंटों को निर्धारित करें। साथ ही ड्यूटी के स्थान व थाने पर रुकने की व्यवस्था की जाए।

**अपर पुलिस महानिदेशक कार्यालय पहुंच प्रहरियों ने बताई समस्याएं एडीजी ने त्वरित जोन के जिलों में पत्र जारी कर निस्तारण का दिया निर्देश**



थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी व बीट पुलिस निरंतर इनके संपर्क में रहकर उनकी समस्याओं का समाधान कराएं। इनके साथ बातचीत कर उनका मनोबल बढ़ाएं। इनके साथ गोष्ठी कर क्षेत्र के बारे में जाने और समस्याओं को सुने। इसके साथ ही एडीजी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनकी अन्य मांगों को लेकर जल्द ही पत्राचार किया जाएगा।

# कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ छेड़खानी का मुकदमा

गोरखपुर : कोर्ट के आदेश पर गुलरिहा पुलिस ने महिला की शिकायत पर चार लोगों के विरुद्ध घर में घुसकर बहुओं से छेड़खानी, मारपीट करने और अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इनमें देवरानी शिवकुमारी, उसके पिता कुशीनगर के अहिरौली के लेहनी गांव के बृजमोहन, फूफा महराजगंज के सिसवा के गोपाल और उमेश शर्मा शामिल हैं। गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उसके पट्टीदार दीवार नहीं चलने दे रहे हैं।

# रिटायर्ड चीफ पब्लिक सिटी इंस्पेक्टर के घर हुई चोरी

जासं, चरगांवा : चिलुआताल थाना क्षेत्र के रेल विहार फेज-1 चरगांवा के रहने वाले रेलवे के रिटायर्ड चीफ पब्लिक सिटी इंस्पेक्टर के मकान का ताला तोड़कर मंगलवार की रात चोरों ने नकदी समेत लाखों रुपये कीमत के जेवरात चुरा लिए।

रिटायर्ड रेलकर्मी विजय कुमार श्रीवास्तव चरगांवा के रेल विहार फेज-1 में मकान बनवाकर रहते हैं। तबीयत खराब होने से वह एक सप्ताह पूर्व परिवार सहित उपचार कराने दिल्ली गए थे। मंगलवार की रात चोर घर में घुस गए और आलमारी तोड़ नकदी व लाखों रुपये कीमत के जेवर चुरा लिए। पड़ोसी से पता चला तो उन्होंने तहरीर दी।

# पुलिस को भ्रमित करने को कर्मियों ने दिए दूसरे नंबर

जासं, गोरखपुर : खून के दलाल गिरोह में शामिल बीआरडी मेडिकल कालेज के कर्मियों ने पुलिस को अपना गलत नंबर दे दिया था। जांच के लिए नंबर ट्रेस कराने पर पुलिस को इसकी जानकारी हुई। यद्यपि पुलिस ने उनका असली नंबर प्राप्त कर लिया है और सर्विलांस पर ट्रेस किया जा रहा है।

दलाली करने वाले गिरोह के सदस्यों के मोबाइल फोन के सीडीआर से 14 सितंबर को बीआरडी मेडिकल कालेज के दो कर्मचारियों के नंबर मिले थे। इसके आधार पर पुलिस ने देवरिया के बोडियास सुल्तान के रजनीश यादव और बिहार गोपालगंज के पव्वा खाली के रामआशीष को गिरफ्तार किया था। इसमें रजनीश वार्ड ब्वाय और रामआशीष लैब अटेंडेंट के रूप में तैनात था। आगे की जांच के लिए पुलिस ने मोबाइल नंबर मांगा था, इसे उन्होंने गलत दे दिया था। जांच में पुलिस को जानकारी हुई। उधर, मुख्य सरगना वसील खान और उसके साथी केशरदेव की न्यायिक रिमांड बढ़ने के बाद पुलिस ने बुधवार को जेल पहुंच उससे पूछताछ की। यद्यपि पुलिस को अभी कोई जानकारी नहीं मिली है।

# जमीन दिलाने के नाम पर हड़पे 62 लाख, केस

## एसपी सिटी के निर्देश पर रामगढ़ताल पुलिस ने शुरू की जांच, वसूले थे 78 लाख 75 हजार, वापस किए 16 लाख

जासं, गोरखपुर : बाराबंकी में जमीन दिलाने के नाम जालसाज ने खोराबार रानीडीहा के खुर्शीद आलम से 62.02 लाख रुपये हड़प लिये। अब रुपये वापस मांगने पर पीड़ित को गाली देकर धमका रहा है। बुधवार को एसपी सिटी के निर्देश पर रामगढ़ताल पुलिस ने खुर्शीद की तहरीर पर बाराबंकी, केडी रोड के मोहम्मद आमिर व दो अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खुर्शीद ने तहरीर में लिखा है कि बाराबंकी में व्यावसायिक उपयोग के लिए जमीन की आवश्यकता थी। इसी बीच उनकी मुलाकात जमीन कारोबारी मोहम्मद आमिर से हुई। आमिर ने बताया था कि बाराबंकी के दादरा में उसने जमीन का एग्रीमेंट कराया है। जमीन देखने के बाद पसंद आने पर तीन एकड़ जमीन का सौदा दो करोड़ रुपये में तय हुआ। आमिर ने जमीन मालिकों द्वारा किए गए एग्रीमेंट के कागजात भी दिखाया। 10 मार्च, 2021 को आमिर दो अन्य साथियों के साथ जीडीए कार्यालय के पीछे एनेक्सी भवन पर आया और खुद के साथ पिता व चाचा के खाते में 78.75 लाख रुपये मांगे। बाद में जमीन नहीं देने पर उसने 16.55 लाख रुपये वापस कर दिए। शेष रकम मांगने पर वह धमकी दे रहा है।

### शारदा सिटी मामले में पुलिस ने एक को हिरासत में लिया

- रुस्तमपुर ढाला के नीचे शारदा सिटी फर्म का खोला था कार्यालय ताल नदोर में दिखाई थी जमीन
- फर्जी रजिस्ट्री करा 50 से अधिक लोगों से लिया था आठ से 10 लाख, पुलिस ने दर्ज किया है केस

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : शारदा सिटी नाम से फर्म खोलकर लोगों का करोड़ों रुपये हड़पने के मामले में कैंट थाना पुलिस ने एक को हिरासत में लिया है। पुलिस की पूछताछ में उसने खुद को ही ठगी का शिकार बताया है। 17 अगस्त को पीड़ितों की तहरीर पर कैंट पुलिस ने सहजनवां के अक्षय कुमार मिश्रा व देवरिया रुद्रपुर के अजय श्रीवास्तव के विरुद्ध केस दर्ज किया था। इन दोनों ने रूस्तमपुर ढाला के नीचे कार्यालय खोलकर 50 से अधिक लोगों से आठ से 10 लाख रुपये लेकर फर्जी रजिस्ट्री करा दी थी। कब्जा दिलाने के पहले ये दोनों फरार हो गए। इन दोनों में पुलिस ने को हिरासत में लिया है। शहर की रहने वाली दमयंती देवी अर्चना, रामाश्रय, विमला, विजय लक्ष्मी, ऊषा श्रीवास्तव, मदन मोहन प्रसाद समेत अन्य लोगों ने 17 अगस्त को पुलिस से शिकायत की थी। बताया था कि ढाले के नीचे खुले कार्यालय में जब वह लोग पहुंचे तो वहां के मैनेजर ने बताया कि शहर से सात किमी दूर वाराणसी मार्ग पर ताल नदौर में शारदा सिटी नाम से कालोनी बन रही है। वहां पर बहुत ही सस्ता प्लाट मिलेगा। मैनेजर ने एक कैटलाग दिखाते हुए मौके पर ले गया और खाली जमीन दिखाई। झांसे में आकर सभी ने रुपये जमा कर दिया। इसके बाद बिल्डर ने रजिस्ट्री भी करा दी। पीड़ितों ने बताया कि कब्जा दिलाने के लिए गए तो मैनेजर टाल मटोल करने लगा। अचानक भीड़ बढ़ने पर मैनेजर और बिल्डर दोनों फरार हो गए। अर्चना ने वर्ष 2019 में रजिस्ट्री कराई थी। कैंट पुलिस के अनुसार पूछताछ के लिए एक को हिरासत में लिया गया है।

**मंडलायुक्त ने कराई थी जांच:** फर्जीवाड़े के शिकार पीड़ितों ने तत्कालीन मंडलायुक्त रवि कुमार एनजी से मिलकर बिल्डर की शिकायत की थी। मंडलायुक्त ने एडीएम प्रशासन से जांच कराई थी, जिसमें फर्म और बिल्डर द्वारा प्रस्तावित जमीन फर्जी मिली थी। इसके बाद एसएसपी को पत्र लिखकर कार्रवाई के लिए कहा गया था। तीन माह से पुलिस जालसाजों को अपना पक्ष रखने के लिए बुला रही थी। बावजूद वह नहीं पहुंचे थे।

### धोखाधड़ी से दो पासपोर्ट बनवाने का आरोपित धराया

बड़हलगंज : कोतवाली पुलिस ने देदापार के अनिल कुमार शुक्ला को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया। इसने पहले अपने नाम से पासपोर्ट बनवाया है, लेकिन नाम और पता बदलकर खलीलाबाद के चंद्रशेखर के नाम से भी पासपोर्ट बनवा लिया है। पासपोर्ट कार्यालय से सूचना मिलने के बाद थाने के एसआइ ज्ञानप्रकाश शुक्ल की तहरीर पर सात जुलाई को उसके विरुद्ध धोखाधड़ी और 12 पासपोर्ट अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। उसी समय से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

# जमीन के विवाद में मारपीट, केस दर्ज

पिपराइच। इलाके के खिरियां निवासी रामा सिंह ने मंगलवार की शाम जमीन विवाद में मारपीट व निर्माणाधीन मकान की दीवार तोड़ने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया। पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़ित रामा सिंह ने लिखा है कि गांव में डीह की जमीन पर हमारा वर्षों से कब्जा है। पुरानी दीवार पर हमारा मकान बन रहा था। इसका विरोध करते हुए गांव के ही अयोध्या सिंह, धर्मेंद्र, राजेश व दीपा ने मंगलवार की शाम पांच बजे दीवार व गेट तोड़ दिया। नाती नीरज (17) के मना करने पर राजेश ने पिटाई की। पुलिस केस दर्ज कर लिया है। ब्यूरो

# पिपराइच में बेटे ने पिता की पिटाई की, केस दर्ज

पिपराइच। इलाके के घोड़ादेउर निवासी लल्ली प्रसाद ने मंगलवार की शाम बेटे राम अशीष पर ईंट-डंडे से पिटाई कर घायल करने और धमकी देने का केस दर्ज कराया है। जानकारी के मुताबिक, बेटा अपनी मर्जी से शादी कर घर बसाना चाहता है। बीवी के साथ अलग रहने के लिए वह पिता से घर में हिस्सा मांग रहा है। इसका पिता ने विरोध किया। आरोप है कि नाराज बेटा पिता को पीटने लगा। गांव के लोगों ने बीच-बचाव किया। पिता की शिकायत पर पुलिस बेटे के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश कर रही है। ब्यूरो

# मारपीट-छेड़खानी के मामले में चार पर केस

गुलरिहा। क्षेत्र के एक गांव में जेठानी ने अपनी देवरानी और उसके पिता समेत चार के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर मारपीट, गालीगलौज, धमकी और घर में घुसकर छेड़खानी का केस दर्ज कराया है। महिला ने तहरीर में लिखा है कि देवर की मौत हो चुकी है। आरोप है कि देवरानी आए दिन झगड़ा और मारपीट करती है। 11 जुलाई 2023 को देवरानी के पिता कुशीनगर से कई लोगों को लेकर आए और घर के पीछे की जमीन पर जबरन दीवाल चलाने लगे। विरोध करने पर गलियां देते हुए कुदाल से काटने की धमकी देकर बुरी तरह पीटे। गुलरिहा पुलिस को सूचना देने गई तो उसी समय घर में घुसकर दो बहुओं के साथ मारपीट और छेड़खानी करने लगे। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है। ब्यूरो

# शॉर्ट सर्किट से बिजली के तार में लगी आग

गोरखपुर। दुर्गाबाड़ी बिजली उपकेंद्र स्थित पेट्रोल पंप के पास बुधवार की सुबह अचानक आग लग गई। आग की चपेट में एबीसी केबल आ गए और जलने लगे। वहीं से गुजर रहे चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष संजय सिंघानिया ने बक्शीपुर अधिशासी अभियंता को आग लगने की सूचना मोबाइल फोन पर दी। थोड़ी ही देर में फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। थोड़ी देर में आग पर काबू पा लिया गया। संवाद

# बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को दस साल का कारावास

गोरखपुर। नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट गोविंद मोहन ने बेलघाट थाना क्षेत्र के सिघौरा निवासी अभियुक्त सुमित चौहान को दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक साल का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता श्रद्धानंद पांडेय एवं विशेष लोक अभियोजक राममिलन सिंह का कहना था कि घटना 28 अप्रैल 2017 की सुबह दस बजे की है।

वादी की चौदह वर्षीय नाबालिग बच्ची शौच करने गई थी। उसी समय अभियुक्त ने वादी की लड़की के साथ दुष्कर्म किया। कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर फैसला सुनाया। ब्यूरो

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

गोरखपुर। पीपीगंज पुलिस ने दुष्कर्म के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान पीपीगंज के महुअवा निवासी वरुण कुमार मौर्य के रूप में हुई है। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# दुष्कर्म के आरोपी के घर 82 का नोटिस चस्पा

गोरखपुर। गीडा पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे चिलुआताल के बढ़नी निवासी दशरथ के घर पर 82 का नोटिस चस्पा किया। इसके बाद आरोपी के हाजिर न होने पर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। ब्यूरो

# मोबाइल फोन लूटने वाले बदमाशों के खिलाफ केस

अमर उजाला ब्यूरो

पादरी बाजार (गोरखपुर)। शाहपुर इलाके के कौआबाग में सोमवार की शाम ऑटो से घर जा रहे शख्स का मोबाइल फोन बाइक सवार बदमाशों ने लूट लिया था। पीड़ित की तहरीर पर मंगलवार को शाहपुर पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे की मदद से तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, रामगढ़ताल इलाके के बड़गो स्थित प्रज्ञा नगर कॉलोनी निवासी देव प्रकाश पांडेय सोमवार की शाम किसी काम से शाहपुर के असुरन चौराहा गए थे। काम होने के बाद देर शाम असुरन चौराहे से ऑटो में सवार होकर घर लौट रहे थे। अभी मोहद्दीपुर चारफाटक ओवरब्रिज के पहले पहुंचे थे कि पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने उनके हाथ से मोबाइल फोन लूट लिया और मोहद्दीपुर की तरफ फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन करने के बाद मंगलवार को केस दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

## पूजा करने गई महिला का मंगलसूत्र चोरी

खोराबार। मंदिर में पूजा करने गई एक महिला के गले में से सोने का मंगलसूत्र चोरी हो गया। पीड़ित महिला के पति ने खोराबार थाने में तहरीर दी है। खोराबार पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही हैं। जानकारी के मुताबिक, क्षेत्र के खोराबार उर्फ सूबा बाजार के कालिंदी पब्लिक स्कूल के समीप निवासी अश्वनी कुमार राय की पत्नी सीमा राय समीप के सूबा बाजार स्थित विश्वेश्वर नाथ मंदिर पर पूजा करने गई थी। पूजा करते समय अज्ञात महिला ने सीमा राय के गले से सोने का मंगलसूत्र निकाल लिया। घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे के जरिए घटना की जांच करने में जुटी हुई है। ब्यूरो

# फर्जी तरीके से दो पासपोर्ट बनवाने का आरोपी दबोचा

गोरखपुर। बड़हलगंज पुलिस ने दो पासपोर्ट बनवाने के आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान बड़हलगंज के देदापार निवासी अनिल शुक्ला के रूप में हुई है।

दरोगा की तहरीर पर बीते सात जुलाई को पुलिस ने केस दर्ज कराया था। दरोगा ने तहरीर में लिखा है कि अनिल कुमार शुक्ला ने दो पासपोर्ट बनवाकर अपराध किया। मामला संज्ञान में आने के बाद पासपोर्ट ऑफिस से जांच कराई गई तो पता चला कि एक पासपोर्ट अनिल कुमार शुक्ल पुत्र रामसेवक शुक्ल के नाम से बना है तो दूसरा चंद्रशेखर पुत्र परमानंद के नाम से। केस दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में थी। ब्यूरो

# बाराबंकी में जमीन दिलाने के नाम पर 62 लाख की जालसाजी

## लिए थे 78 लाख 75 हजार रुपये, 16 लाख वापस किए, बाकी रकम हड़प ली

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। बाराबंकी में जमीन दिलाने के नाम पर करीब 62 लाख रुपये की जालसाजी का मामला सामने आया है। आरोप है कि जमीन के नाम पर रुपये लेकर हड़प लिए गए हैं। अब रुपये वापस मांगने पर धमकी दी जा रही है।

### एसपी सिटी के आदेश पर रामगढ़ताल पुलिस ने दर्ज किया केस, जांच शुरू

पुलिस ने खोराबार के रानीडीहा निवासी खुर्शीद आलम की तहरीर पर बाराबंकी, केडी रोड निवासी मोहम्मद आमिर और दो अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर लिया है। सभी को कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी व धमकी देने का आरोपी बनाया गया है।

जानकारी के मुताबिक, खुर्शीद आलम ने दी तहरीर में लिखा है कि बाराबंकी में व्यावसायिक उपयोग के लिए जमीन की आवश्यकता थी। इसी बीच मेरी मुलाकात जमीन कारोबारी मोहम्मद आमिर से हुई। आमिर ने बताया था कि ग्राम दादरा, परगना प्रतापगंज, तहसील नवाबगंज, जनपद बाराबंकी के पंजीकृत स्वामियों से रुपये देकर एग्रीमेंट कराया हूं। जमीन देख लीजिए यदि आपको जमीन पसंद आ जाएगी तो आपको जमीन का बैनामा उचित मूल्य पर करवा दूंगा।

आमिर से तीन एकड़ जमीन की कुल कीमत दो करोड़ रुपये में तय हुई। मुझे मो. आमिर की ओर से जमीन के भूस्वामियों से कराए गए एग्रीमेंट व दिए गए रुपये के संबंध में स्टांप की मूल प्रति दिखाई गई, जिसे देखने के पश्चात विश्वास हो गया कि आमिर की ओर से भू स्वामियों को एडवांस रुपये देकर एग्रीमेंट कराया गया है।

10 मार्च 2021 को 10 बजे दिन में आमिर अपने दो अन्य साथियों के साथ जीडीए कार्यालय के पीछे स्थित एनेक्सी भवन पर आया। वादी ने कहा कि 18 मार्च 2021 को यश बैंक शाखा सिविल लाइंस, सिटी माल के सामने गोरखपुर से अपने व पिता व चाचा के खाते से 78 लाख 75 हजार रुपये दिए। बाद में आमीर ने जमीन नहीं देने पर 16 लाख 55 हजार वापस किए, लेकिन बाकी रकम हड़प ली।

# सरगना के मोबाइल फोन में गिरोह के नाम के कोड वर्ड...ट्रिपल एक्स-घोड़ा

## खून माफिया : पुलिस ने दो प्राइवेट ब्लड बैंक संचालकों को नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। खून माफिया गिरोह के सरगना वसील को रिमांड पर लेकर पुलिस गिरोह की तह तक जाने की कोशिश में जुटी है। वसील के मोबाइल में कुछ नंबर ऐसे भी हैं, जो कोड वर्ड में सेव हैं।

पुलिस को संदेह है कि ये सभी नंबर गिरोह के सदस्यों के हैं। मसलन, ट्रिपल एक्स, घोड़ा...माई..एक...दो इस तरह के नाम दर्ज हैं। पुलिस इन कोड नंबरों के रहस्य को भी समझने में जुटी है। इन नंबरों की सीडीआर से पुलिस जांच को आगे बढ़ा रही है।

उधर पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ाते हुए दो प्राइवेट ब्लड बैंक प्रभारियों को नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया है।


खून माफिया

फड़ वालों से कहते थे दलाल... डोनर लाओ नोट ले जाओ, पुण्य भी कमाओ

16 सितंबर को प्रकाशित खबर।

पुलिस ने आठ अगस्त को वसील और केशरदेव को गिरफ्तार कर खून माफिया गिरोह का पर्दाफाश किया था। जांच में पता चला कि ये लोग ब्लड बैंक में सेटिंग किए हैं और मजदूरों को रुपयों का लालच देकर उनके खून को बेच दिया करते थे। जरूरतमंद से रुपयों की वसूली का खेल का पर्दाफाश होने के बाद पुलिस ने चार अन्य आरोपियों को पकड़ा, जिसमें दो संविदा कर्मचारी भी थे। उनसे पूछताछ के बाद ही पुलिस को प्राइवेट ब्लड बैंकों के भी इसमें शामिल होने की जानकारी मिली। इसके बाद ही पुलिस ने वसील को रिमांड पर ले लिया। 25 सितंबर तक रिमांड पुलिस को मिली है। पुलिस उससे पूछताछ कर जांच को आगे बढ़ा रही है।

### प्राइवेट ब्लड बैंक प्रभारियों से पूछताछ के बाद ही पता चलेगा कि गिरोह में कौन-कौन है शामिल

**25** सितंबर तक पुलिस ने वसील को लिया था रिमांड पर

खबर है कि सीडीआर की मदद से पुलिस को कुछ खास हासिल नहीं हो सका है कि क्योंकि गिरोह के लोगों ने ज्यादातर कॉल नेट से किया है। लेकिन नंबरों के आधार पर जांच में कई लोगों के शामिल होने की पुष्टि हो गई है।

एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# करोड़ों ले उड़ा सरगना पुलिस के हत्थे चढ़ा, कई और भी घेरे में

## शारदा सिटी : सीलिंग की जमीन बेची, आरोपी अक्षय का दावा-वह खुद ठगी का शिकार

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। नौसड़-खजनी मार्ग पर शारदा सिटी के नाम से नई कॉलोनी बसाने का सपना दिखाकर कई लोगों से करोड़ों की जालसाजी करने का आरोपी अक्षय मिश्रा पुलिस के हाथ चढ़ ही गया। हिरासत में लेकर पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। हालांकि पूछताछ में नया मामला सामने आया है। आरोपी अक्षय खुद को ही ठगी का शिकार बता रहा है। पुलिस की अब तक की जांच में इसके कुछ साक्ष्य भी मिले हैं।

यही वजह है कि पुलिस अब शारदा सिटी के नाम पर बेचे गए प्लॉटों की हकीकत जानने के लिए गहनता से जांच कर रही है। पुलिस को खबर है कि जमीन के धंधे कई कई धंधेबाज भी इस गोलमाल में शामिल हैं, जो अक्षय को आगे करके पर्दे के पीछे से खेल कर रहे थे। फिलहाल अब पुलिस अक्षय के सहारे उन तक पहुंचकर पूरा खेल खोलने में जुटी है।

बीते 18 अगस्त को कैंट पुलिस ने अक्षय और उसके अज्ञात साथियों पर केस दर्ज किया था। केस दर्ज कराने वाली दमयंती श्रीवास्तव, अर्चना और अनुराधा ने बताया कि रुस्तमपुर में शारदा सिटी नाम से एक ऑफिस खुला था। वहां के मैनेजर ने बताया कि शहर से सात किमी दूर खजनी रोड पर शारदा सिटी नाम से कॉलोनी बन रही है। यहां बहुत सस्ता प्लॉट मिल जाएगा, फ्लैट भी बनेंगे। लोगों को कैटलॉग दिखाकर बताया गया था कि कॉलोनी में स्विमिंग पुल होगा, भव्य गेट से इंट्री होगी और पार्क भी होगा।

पीड़ितों ने बताया था कि एक खाली जमीन दिखाकर प्रॉपर्टी डीलर ने रजिस्ट्री भी करा दी। रजिस्ट्री के नाम पर पांच से दस लाख रुपये तक बिल्डर ने लोगों से ले लिए। अर्चना ने बताया कि उन्होंने साल 2019 में एक प्लॉट रजिस्ट्री कराई थी। चार साल बीत गए, लेकिन जमीन का पता नहीं चल पाया।

### बिहार के लोगों से करोड़ों की ठगी की थी ओमप्रकाश ने

**केस 1**

**28 फरवरी 2022 :** कैंट पुलिस ने जमीन के नाम पर करोड़ों की जालसाजी करने वाले भू-माफिया ओमप्रकाश पांडेय को जेल भिजवाया था। बाद में पुलिस ने जनवरी 2023 में उसके मोहद्दीपुर स्थित आलीशान मकान को कुर्क कर दिया था। ओमप्रकाश ने बिहार, झारखंड के लोगों को जमीन दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपयों की ठगी की थी। पुलिस की जांच में पता चला कि ओमप्रकाश तीन करोड़ रुपये की ठगी कर चुका है। अकेले कैंट थाने में उस पर 28 केस दर्ज किए गए थे।

### सीलिंग की जमीन बेच कमलेश बना कॉलेज, शोरूम का मालिक

**केस 2**

एम्स पुलिस ने हाल के दिनों में सीलिंग की जमीन को बेचकर करोड़ों कमाने वाले कुसम्ही के कमलेश यादव और दीनानाथ पासवान को जेल भिजवाया। अब तक इन पर 16 केस कुछ दिनों में ही दर्ज किए जा चुके हैं। ये दोनों अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर सीलिंग की जमीन को बेचते थे। जमीन के खारिज दाखिल के समय मामला सामने आया था। कमलेश जमीन के इस अवैध धंधे से आईटीआई कॉलेज का मालिक बन गया तो दीनानाथ शोरूम का। दोनों ने कई लोगों को चूना लगाया है।

### एक करोड़ से अधिक की जालसाजी की थी सत्यवान ने

**केस 3**

**13 मार्च** 2023 को पिपराइच पुलिस ने जमीन के नाम पर एक करोड़ रुपये की जालसाजी करने के आरोपी सत्यवान यादव को जेल भिजवाया था। आरोप है कि विवादित जमीन को दिखाकर वह फर्जी रजिस्ट्री कराकर रुपये ऐंठ लेता था। सत्यवान यादव शाहपुर के मोहनापुर का मूल निवासी है। तब चार अलग-अलग लोगों ने जमीन के नाम पर जालसाजी करने की जानकारी दी थी। जांच में पता चला था कि यह दूसरे की जमीन को दिखाता था या फिर विवादित जमीन का कागज दिखाकर फर्जी तरीके से रजिस्ट्री भी करा देता था। रुपये अपने खाते में लेता था, इस वजह से लोगों को विश्वास हो जाता है। फिर रुपये हड़प लेता था।

### शैलेंद्र ने 1.92 करोड़ की जालसाजी की थी

**केस 4**

**28 फरवरी 2023 :** खोराबार पुलिस ने जमीन खरीदने और बेचने के नाम पर 1.92 करोड़ रुपये की जालसाजी करने के आरोप में शैलेंद्र पासवान को जेल भेजा था। पुलिस की जांच में आया था कि वह दूसरे की जमीन को दिखाकर रुपये वसूल लेता था और फिर जमीन नहीं दिलाता था। कई लोगों को उसने रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी।

पुलिस की पूछताछ में आरोपी अक्षय ने बताया है कि उसने जमीन को एक ओमप्रकाश नाम के शख्स से खरीदा था। ओमप्रकाश ने एक श्रीवास्तव नाम के व्यक्ति से जमीन खरीदी था, जिनकी जमीन पुश्तैनी थी। अक्षय की मानें तो उसके कुछ पार्टनरों ने पहले ही यह जमीन बेच दी थी और बाद में अलग हो गए। फिर 18 सौदे उसने किए, तब सीलिंग की जानकारी हो पाई थी। उसने पांच लोगों के रुपये वापस किए, लेकिन जिससे जमीन खरीदी थी, उसने ही रकम नहीं लौटाई।

# एटीएम खोलकर नकदी उड़ा ले गए सिद्धार्थनगर का एक्सपर्ट निशाने पर

## नंदानगर में एसबीआई की एटीएम को खोलकर की गई वारदात, केस दर्ज

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। मोहद्दीपुर में एटीएम में कार्ड फंसाकर अपने मोबाइल नंबर के जरिए जालसाजी करने वालों का मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा कि अब एम्स इलाके के नंदानगर में एसबीआई की एटीएम खोलकर नकदी उड़ा लेने की घटना सामने आ गई है।

शुरुआती जांच में पता चला है कि जिस तरह से एटीएम को खोलकर नकदी निकाली गई है, ऐसा कोई एक्सपर्ट ही कर सकता है। ऐसे में कैश डालने वाली संस्था के ही एक पूर्व कर्मचारी पर शक गहरा गया है। वह सिद्धार्थनगर जिले का रहने वाला है।

हालांकि यह घटना छह अगस्त की है, लेकिन कई ग्राहकों के कैश न निकलने की शिकायत के बाद जांच में मामला अब सामने आया है। हैरानी वाली बात यह है कि वारदात के दौरान न तो एटीएम टूटा, न कोई शोर सुना गया और रुपये गायब हो गए। एटीएम से कितनी रकम गायब की गई है, इसकी जांच-पड़ताल जारी है। फिलहाल एम्स पुलिस चोरी और रुपये हड़पने का केस दर्ज कर साइबर एक्सपर्ट की मदद से मामले को सुलझाने में जुटी है।

एसबीआई में कैश डालने वाली संस्था एमएस सिक्योर वॉल्यूस इंडिया लिमिटेड राप्तीनगर फेज चार के प्रबंधक शिवानंदन सिंह ने केस दर्ज कराया है। उनका कहना है कि नंदानगर में एसबीआई की एटीएम में रुपये डाले गए थे। बैंक में रुपये न निकलने की कई शिकायतें आ रही थीं। इसके बाद बैंक की ओर से वीडियो फुटेज की जांच की गई तो पाया गया कि छह अगस्त की शाम 4.50 बजे आठ बजे के बीच में संदिग्ध व्यक्ति ने मशीन खोलकर रुपयों की निकासी की।

एम्स थाना पुलिस ने इसी शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। साइबर एक्सपर्ट की मानें तो यह काम बिना किसी जानकारी के नहीं किया जा सकता। आमतौर पर अगर बदमाश, एटीएम में ऐसी वारदात करते हैं तो वह काटने या फिर उठा ले जाने जैसी घटना को अंजाम देते हैं, लेकिन इस घटना में किसी को भनक तक नहीं लग पाई।

**सीसीटीवी फुटेज से सामने आई सच्चाई, पूर्व कर्मचारी की तलाश में पुलिस**

**न एटीएम टूटा न हुआ शोर और गायब हो गए रुपये कितनी रकम गई-जांच जारी**




एटीएम का प्रतीकात्मक फोटो। अमर उजाला

### एटीएम में कार्ड फंसा की थी जालसाजी

**केस 1** 09 सितंबर 2023 : मोहद्दीपुर में एसबीआई की एटीएम में धीरज गुप्ता का कार्ड फंस गया था। जालसाजों ने सामने अपना मोबाइल नंबर लिख दिया था। इस पर धीरज ने संपर्क किया और जालसाजों के जाल में फंसते चले गए। फिर जालसाजों ने शाम में टेक्नीशियन के आने पर आने को कहा था और इस बीच एटीएम से खरीदारी हो गई थी। बाद में वह एटीएम पर गए तो नंबर भी गायब था। पुलिस ने इस मामले में 16 सितंबर को केस दर्ज किया था। जांच में आया कि दिल्ली से जालसाज चले थे। एटीएम कार्ड को निकालने के लिए हुड-की का इस्तेमाल किया गया है। जो नकदी डालने वाली संस्था के कर्मचारी के पास ही होता है। यही वजह है कि इस केस में पूर्व कर्मचारी के शामिल होने की आशंका जताई जा रही है।

### पुलिस ने छात्र समेत दो को पकड़ा था

**केस 1** 23 जनवरी 2023 : पुलिस ने एसबीआई की एटीएम से जालसाजी कर पांच लाख की ठगी करने के आरोप में कानपुर के साढ़ थाना क्षेत्र के सड़सी देवसर निवासी विजय यादव और गोरखपुर के पिपराइच थाना क्षेत्र के जंक्शन इन्क्लेव कॉलोनी निवासी फैज खान को पकड़ा था। पुलिस की जांच में सामने आया था कि विजय इंजीनियरिंग छात्र था। जबकि, इस गिरोह में शामिल उदय नकदी डालने वाली संस्था में कुछ दिन काम कर चुका था। इस वजह से एटीएम की जानकारी रखता था। तीनों मिलकर एटीएम से छेड़छाड़ करते थे। कई बार तो छोटी रकम होने की वजह से बैंक कर्मचारियों ने अपने पास से इसे जमा कर दिया था।

बैंकों की एटीएम में रुपयों का जमा करने का काम प्राइवेट संस्था के पास है। कई ऐसे कर्मचारी हैं, जो किन्हीं वजहों से कुछ समय बाद निकाल दिए गए हैं। इन्हें एटीएम के बारे में पूरी जानकारी हो जाती है और यही लोग अब जालसाजी कर रहे हैं। बिना ऐसे लोगों के इस तरह की जालसाजी की घटनाएं संभव ही नहीं है। पुलिस के साथ ही साइबर एक्सपर्ट भी ऐसे गिरोह पर काम कर रहे है, कई सुराग भी हाथ लगे हैं।

-उपेंद्र कुमार सिंह, प्रभारी साइबर सेल

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः–21–09–2023

# अधिकारियों से नहीं मिला न्याय, अब सीएम से लगाई गुहार

भाटपाररानी। फीस नहीं जमा होने पर नगर के एक अंग्रेजी माध्यम स्कूल में कक्षा तीन छात्रा की पिटाई और धूप में बैठाकर परीक्षा लेने की शिकायत छात्रा के पिता ने सीएम के पोर्टल पर की है। उनका कहना है कि प्रशासन ने अब तक घटना की जांच नहीं की है। तहसील से लेकर जिले के अधिकारियों से न्याय नहीं मिला। इसके बाद यह कदम उठाया है। उन्होंने पुनः डीएम, बीएसए, खंड शिक्षा अधिकारी एवं एसओ को भी शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

बहियारी बघेल थाना भाटपाररानी निवासी अनुराग सिंह बघेल ने शिकायती पत्र में कहा है कि उनकी पुत्री भाटपाररानी नगर के एक अंग्रेजी माध्यम के स्कूल की कक्षा तीन की छात्रा है। इस समय परीक्षा चल रही है। वह बाहर किसी काम से गए थे। उन्होंने विद्यालय के प्रबंधतंत्र को बताया कि वें आते ही फीस जमा कर देंगे, लेकिन प्रबंधतंत्र ने उनकी बात नहीं मानते हुए बच्ची को मारपीट कर पूरे दिन धूप में बैठाये रखा। इससे उनकी बच्ची मानसिक प्रताड़ना का शिकार हो गई है। संवाद

# भूमि विवाद की सूचना पर बरडीहा दलपत पहुंचे आला अधिकारी

**लार (एसएनबी)।** लार थाना क्षेत्र के बरडीहा दलपत गांव में जमीनी विवाद की सूचना पर बुधवार को अफसरों के अलावा पुलिस और राजस्व टीम मौके पर पहुंच गई। लार थाना के बरडीहा दलपत गांव में यह जमीनी विवाद लम्बे समय से चला आ रहा है। कुछ माह पहले भी इस विवादित जमीन पर ईंट आदि रखने को लेकर दो पक्षों कहा सुनी के दौरान मारपीट भी हो गई थी। इस मारपीट में कुछ लोगो को गम्भीर चोटे आई थी। दोनो पक्ष को समझाने के लिए पुलिस को भी हस्तक्षेप करना पड़ा था। इस मामले में एक व्यक्ति अभी भी जेल है। लम्बे समय से यह मामला फिर एक बार तूल पकड़ लिया है। बुधवार को इस विवादित जमीन पर चारदीवारी करने की तैयारी चल रही थी जिसको लेकर दोनो पक्ष आमने सामने हो गए। इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन को देने के साथ ही यह जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी गई। विवाद की सूचना पर मौके पर सलेमपुर के नायब तहसीलदार, सलेमपुर एसडीएम, लार थाना प्रभारी, राजस्व टीम समेत पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। बाउंड्री वाल को लेकर दोनो तरफ से लगातार गहमा गहमी जारी रही। बहरहाल प्रशासन की मौजूी में निर्माण कार्य चलता रहा।



विवाद की सूचना पर मौके पर मौजूद अधिकारी।

सूत्रों की माने तो बगल में स्तिथ विद्यालय प्रशासन के ढुलमूल रवैये के कारण सरकारी विद्यालय की जमीन को कुछ लोग कब्जा करने में लगे हुए है। विवादित जमीन भी स्कूल का ही एक अंश बताया जा रहा है। वास्तव में अगर विद्यालय के अधिकारी और जिम्मेदार अपनी जमीन ठीक से तलाश करना शुरू कर दे तो सारा मामला दूध का दूध का और पानी का पानी हो जाएगा।

# 45 शीशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**देवरिया(एसएनबी)।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर चेकिंग के दौरान जीआरपी ने 45 शीशी बंटी बबली अवैध शराब के साथ एक 27 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया। बुधवार को रेलवे स्टेशन देवरिया पर चेकिंग के दौरान जीआरपी ने प्लेटफार्म नंबर 2\3 के पूर्वी छोर पर साइन बोर्ड के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 45 शीशी बंटी बबली अवैध शराब बरामद हुआ। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम व पता अमित कुमार गुप्ता पुत्र स्व. महिंद्र शाह निवासी चादोपट्टी वार्ड नम्बर 4 पितौनजिया थाना मुफसिल जनपद समस्तीपुर (बिहार) बताया। इस मांमले में गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध जीआरपी देवरिया थाने में मु. अ. सं. 31\2023, धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। अभियुक्त को जमानतीय अपराध होने के कारण जमानत मुचलका भरवाकर रिहा कर दिया गया। इस मामले में जीआरपी थाना देवरिया के इं. सुधाकर उपाध्याय ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति के आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी की जा रही है।

# छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत किया जागरूक

श्रीरामपुर (एसएनबी) ।नेहरु इण्टर कालेज फुलवरिया बंगरुआ में स्थानीय पुलिस टीम द्वारा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा मिशन शक्ति आभियान के तहत नारी सुरक्षा,नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन विषयों पर छात्राओं को जागरूक किया गया। श्रीरामपुर थाने के एस आई दिनेश कुमार मौर्या ने छात्राओं से कहा महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम हेतु प्रदेश के सभी 1535 थानों में शक्ति मोबाइल का गठन किया गया है। इसके अतिरिक्त महिला कल्याण हेतु चलाई जा रही योजनाओं का कार्यक्रमों के संबंध में महिलाओं को जागरूक किया उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी ग्राम पंचायत भवनों में मिशन शक्ति कक्ष की स्थापना की गई है ।कोई व्यक्ति परेशान करता है तो 7839877287 तथा महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 पर तुरंत संपर्क कर अपनी समस्या से पुलिस को अवगत कराएं। इस टीम में एस आई दिनेश कुमार मौर्या,मुकेश यादव, रानी सिंह व सोनू चौधरी आदि मौजूद रहे ।इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अभिषेक पाण्डेय ने इस टीम का पूर्ण सहयोग किया।



# बाइक चोरी का केस दर्ज

भटनी (देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम बलुआअफगान के देवी स्थान के मौनीछापर मेला से बाईक चुराने के मामले मे पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। भटनी थाना क्षेत्र के ग्राम शिवराजपुर डेमुशा निवासी योगेन्द्र यादव पुत्र रामलाल यादव अपनी बाईक हीरो स्पलेंडर संख्या यू पी -52-ए एफ -6995 से मौनीछापर मे देवी मन्दिर पर लगने वाले मे गये थे। वही से उनकी बाईक चोर उठा ले गये। जिसकी तहरीर योगेन्द्र यादव मंगलवार को थाने मे दिया। पुलिस अज्ञात चोर के खिलाफ धारा -379 व 179(1) के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही है। जबकि योगेन्द्र यादव की बाईक पिछले सात सितम्बर को महुलनं देवी के मन्दिर के पास मटकाफोर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसको देखने अपने बाईक से आये थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जयनाथ कुशवाहा गुडन थे। कार्यक्रम देखने मे लोग लगे रहे और चोर भारी जनसमूह व पुलिस के बीच से बाईक उठा ले गया। घटना के 13 दिन बाद पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया ज्ञातव्य है कि मंगलवार को ही सरेआम भटनी के मुख्य बाजार से नवलकिशोर मिश्र की दूकान पर खडी बाईक हीरो पैशन बाईक संख्या -यू पी -52ए डी -1764 को मंगलवार के एक बजे दिन मे चोर उठा ले गये। देर रात तक अभी मामले की प्राथमिकी दर्ज नही हो पायी है।

# भूमि विवाद के मामले में 6 के खिलाफ केस

- शहीद अंशुमान सिंह के परिजनों व पड़ोसियो में है विवाद
- प्रशासन ने पहुंच कर विवादित भूमि की कराई बाउंड्री

लार, हिन्दुस्तान संवाद। भूमि विवाद के मामले में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। मामला बरडीहा दलपत के रहने वाले शहीद अंशुमान सिंह के परिवार से जुड़ा है। इस मामले में पहले शहीद के परिवार की तरफ से केस दर्ज कराया गया था अब दूसरे पक्ष ने कोर्ट के आदेश पर शहीद के परिवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। प्रशासन ने पहुंच कर विवादित जमीन की बुधवार को बाउंड्री करा दी।

थाना क्षेत्र के बरडीहा दलपत में शहीद अंशुमान सिंह के परिजनों का पड़ोसियों से भूमि विवाद चल रहा है। इस मामले में 25 जुलाई को मारपीट हुई थी। उस समय शहीद के बाबा सत्यनारायण सिंह की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास सहित कई अन्य धाराओं में केस दर्ज करते हुए दो लोगों को जेल भेज दिया था जबकि दो अभी भी फरार हैं।

उसी मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दूसरे पक्ष के अमन सिंह की तहरीर पर पुलिस ने शहीद के बाबा सत्यनारायण सिंह के अलावा घनश्याम सिंह, अनुज प्रताप सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह, समर बहादुर सिंह और हरी प्रताप सिंह के विरुद्ध हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है।

**एसडीएम के नेतृत्व में पहुंची टीम ने कराई बाउंड्री:** उपजिलाधिकारी सलेमपुर श्याम मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में नायब तहसीलदार डॉ भागीरथी सिंह, तहसीलदार अलका सिंह विवादित भूमि पर पहुंचे। राजस्व टीम ने एक पक्ष की तरफ से विवादित भूमि पर बाउंड्रीवाल करवा दिया। यह कार्य चल ही रहा था की इसी बीच कोर्ट के आदेश पर मौके पर पैमाईश के तौर पर अमीन भी पहुंच गए। अमीन वहां की स्थिति को देख भौचक रह गए। मौके से वीडियो एवं फोटो लेकर वैरंग वापस चले गए।

# 144 पाउच शराब बरामद, तस्कर धराया

अकटही बाजार। बनकटा थाना क्षेत्र के एकडंगा पंडित तिराहे से मुखबिर की सूचना पर 144 पाउच अफिसर्स च्वाइस अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर को बाई समेत पकड़ कर न्यायसंगत धाराओं में चालान कर दिया।गिरफ्तार तस्कर रोहित कुमार पुत्र रामशंकर शाह ग्राम बलिया थाना आन्दर जिला सिवान बिहार का निवासी बताया जाता है बरामद बाइक हीरो ग्लैमर बाइक नम्बर बीआर 29एआर 6805 है। तस्कर बरामद अंग्रेजी शराब को सफेद रंग के बोर में भर कर बाइक से बिहार ले जा रहा था इसी बीच वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया। **बनकटा प्रतिनिधि** के अनुसार स्थानीय बाजार तिराहे से बुधवार को बनकटा पुलिस ने 45 पाउच बंटी बबली देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर उचित धाराओं में चल कर दिया।गिरफ्तार व्यक्ति दीपक कुमार राम पुत्र रामदेव राम सिवान टाउन थाना सराय ओपी सिवान बिहार का निवासी है जो झोले में लेकर बाजार से बाहर निकल रहा था।

# दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिड़रा निवासिनी प्रार्थनी सुमन देवी पत्नी धर्मेन्द्र गौतम ने रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को दिये गये तहरीर में कहा कि मेरी शादी तीन वर्ष पूर्व हुई थी। सब कुछ ठीक ठाक रहा, किन्तु वर्तमान समय में मेरे पति उसके मां बाप बड़े भाई व उसकी पत्नी द्वारा दहेज में रुपये की मांग करते हुए मुझे,प्रताड़ित करते रहे। माता पिता जब तक जिवित रहे, देते रहे, उनसे मांग कर पैसा दिया गया था। उसके बाद भी मुझे दहेज के लिये मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता रहा। इस मामले में पुलिस ने पति धर्मेन्द्र, सास, ससुर, जेठ, जेठानी सहित पांच पर धारा 498 (ए), 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# गांजा बरामद, तस्कर को भेजा जेल

मईल (एसएनबी)। मईल पुलिस ने थाना क्षेत्र के नरियांव गांव निवासी एक गांजा तस्कर को भारी मात्रा में गांजा के साथ पकड़कर कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के नरियांव गांव में एक तस्कर गांजे की तस्करी करता है। क्षेत्र के चौक चौराहों पर छोटे गांजा विक्रेताओं के वहां गांजे की सप्लाई देता है। मुखबिर की सूचना पर चौकी प्रभारी भागलपुर सद्गुरू मिश्रा पुलिस बल के साथ गांजा तस्कर के आवास पर छापेमारी किया। गांजा तस्कर रामरूप पाल गांव के पानी की टंकी के पास बैठकर बेच रहा था। उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान मौके से पुलिस ने 5.400 किलोग्राम गांजा बरामद किया। प्रभारी निरीक्षक गोरखनाथ सरोज ने बताया कि पकड़े गये आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए उसे जेल भेज दिया गया।

# सेक्स स्कैंडल का आरोपी पुलिस पकड़ से दूर

बरहज (एसएनबी)। देवरिया जनपद के एक कालोनी में आवास लेकर चलाये जा रहे सेक्स स्कैण्डल का मुख्य आरोपी नगर के तिवारीपुर निवासी सुवाष चौहान सवा माह बाद भी पुलिस की पकड़ से दूर है। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने जाल बिछा रखा है लेकिन अभी वह पुलिस की जाल में नहीं फंस पाया है। उसका एग्जेक्ट लोकेशन नहीं मिल पा रहा है। पुलिस टीम लगातार जनपद सहित गैर जनपदों के चिन्हित ठिकानों पर दबिश दिया लेकिन वह पुलिस के हाथ अभी तक नहीं लग पाया है। गौरतलब है कि 7 अगस्त को सेक्स स्कैण्डल में शामिल एक महिला ने पुलिस अधीक्षक व मुकामी पुलिस को तहरीर देकर वीडियो क्लिप बनाने व वायरल करने के नाम पर ब्लैकमेल कर तथाकथित पति बैजनाथ यादव उर्फ बड़कू यादव तथा नगर के तिवारीपुर निवासी सुवाष चौहान के विरूद्ध तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। जबकि इसी मामले में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विरेन्द्र गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर कपरवार नौका टोला निवासी बैजनाथ यादव, सुवाष चौहान व उसका बेटा रवि चौहान के विरूद्ध मुकद्मा दर्ज कराया था जिसमे पुलिस ने कार्यवाही करते हुए बैजनाथ उर्फ बड़कू यादव, रवि चौहान तथा स्कैण्डल में शामिल महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस स्कैण्डल का मुख्य मास्टर माइन्ड सुवाष चौहान सवा माह बीत जाने के बाद भी पुलिस की पकड़ से दूर है। एसआई एम एम मिश्र ने बताया कि चिन्हित ठिकानों पर छापेमारी की गयी लेकिन अभी वह गिरफ्तार नहीं हो पाया है। पुलिस 82 के तहत कार्यवाही के लिए तैयारी कर रही है।

# भाग रहे स्कार्पियो ने बैरियर को रौंदा सिपाही की मौत

भटनी (देवरिया ) (एसएनबी) । स्थानीय थाना क्षेत्र के सीमा पर केरवनिया पक्के पुल पर लगे थाने के बैरियर को शराब तस्कर ने पुलिस से बचने की कोशिश में स्कार्पियो से तोड़ दिया। बैरियर टूटकर ड्यूटी पर तैनात सिपाही महानन्द सिंह यादव के सिर पर गिरा, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गये। वहां मौजूद होमगार्ड का एक जवान बाल -बाल बच गया । सिपाही की गोरखपुर मेडिकल कालेज में उपचार के दौरान मौत हो गयी ।

बताया गया है कि अपराधियों व शराब की तस्करी रोकने के लिए भटनी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के सीमा केरवनिया के पास खनुआ नदी पर बने पुल पर बैरियर लगाया गया है । रात में पुलिस चौकी घाँटी पर तैनात सिपाही महानन्द सिंह यादव व होमगार्ड के जवान चन्द्रभूषण की ड्यूटी लगायी गयी थी । बुधवार की भोर में लगभग साढ़े तीन बजे बैरियर पर ड्यूटी की निगरानी के लिए थाने पर तैनात उपनिरीक्षक अंकित सिंह जाँच कर वापस आ गये । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक स्कार्पियो प्रतिदिन भिंगारी के तरफ से आती थी और कुछ देर बाद दो गाड़ियों के साथ वापस जाती थी । सम्भवतः अपने व्यवसाय के रूट की निगरानी करते थे। रास्ता साफ होने के बाद ही जाते थे। बुधवार के भोर में आते ही पुलिस का बैरियर गिरा और पुलिस को देखकर भागने के चक्कर में शराब तस्कर ने बैरियर ही तोड़ दिया । पुलिस स्कार्पियो को अपने कब्जे मे लेकर थाने लायी। स्कार्पियो के नम्बर बीआर 28 पी 2507 को जांच करने पर पता चला कि स्कार्पियो विजय कुमार माझी पुत्र गुरबारी माँझी गोपालगंज बिहार के नाम से है और 26 अगस्त 2020 को आरटीओ कार्यालय में रजिस्ट्रेशन करवाया गया है । सिपाही महानन्द सिंह यादव पुत्र देवनारायण यादव ग्राम हरिवलल्भपुर थाना जमनियां जनपद गाजीपुर के मूल निवासी थे । मंगलवार की रात्रि ड्यूटी होमगार्ड शशिभूषण के साथ केरवनिया में लगी थी ।

# हादसे में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

तरकुलवा। मार्ग दुर्घटना में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मंगलवार की देर रात मेडिकल कालेज गोरखपुर में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर जब घर पहुंची तो परिजन दहाड़ें मार कर रोने लगे।

तरकुलवा थाना क्षेत्र के रामपुर धौताल निवासी अरशद शेख उम्र 45 वर्ष पुत्र नसुरुल्लाह 14 सितंबर को तरकुलवा से बाजार करके अपने घर जा रहे थे। अभी वह बंजरिया मोड़ के समीप पहुंचे थे कि अज्ञात वाहन ने उनको ठोकर मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोग इलाज के लिए देवरिया ले गए, जहां हालत गम्भीर देख डाक्टरों ने गोरखपुर रेफर कर दिया। मंगलवार की देर रात इलाज के दौरान घायल की मौत हो गई। इसकी खबर सुनकर पत्नी शबाना खातून व बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है।

# तेंदुए की सूचना पर सक्रिय हुई वन विभाग की टीम

देवरिया, निज संवाददाता। सदर तहसील क्षेत्र के भगवानपुर निवासी एक व्यक्ति ने समाधान नम्बर पर शिकायत किया था कि रात को घर के आस-पास तेंदुए जैसा जानवर दिखाई दे रहा है। सूचना मिलते ही डीएफओ के निर्देश पर वन विभाग की टीम ने सक्रियता से इसकी छानबीन की। टीम ने जानवर को फिसिंग कैट होने की संभावना जताई है।

गांव के निवासी बृजेश चौबे पुत्र कृष्णदेव चौबे ने डीएम के समाधान नम्बर पर शिकायत कर कहा था कि घर के पास सीसीटीवी कैमरा लगा है जिसमें रोज रात को तेंदुए जैसा जानवर दिखाई देता है। जिससे परिवार को खतरा महसूस हो रहा है। जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा इसकी जानकारी वन विभाग को दी गई। इसकी जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम सक्रिय हो गई व दो दिनों तक इसकी गहनता से छानबीन की। लेकिन उक्त जानवर को तेंदुआ की जगह फिसिंग कैट होने की संभावना जताई गई है।



गांव में लगे सीसी टीवी कैमरे में कैद हुआ रात में घूम रहा तेंदुए जैसा एक जानवर।

> भगवानपुर गांव के एक व्यक्ति द्वारा घर के आसपास तेंदुए होने की शिकायत की गई थी। जिसकी जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम ने लगातार सक्रियता से इसकी छानबीन किया है। इस जानवर के फिशिंग कैट होने की संभावना है फिर भी विभाग की तरफ से पूरी सतर्कता बरती जा रही है।
>
> जगदीश आर,
> प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी

# पुलिसकर्मी को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ दी गई अंतिम विदाई

**दुखद**

- पुलिस अधीक्षक समेत अन्य अधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि
- घटना के बाद पुलिस महकमे में मच गया कोहराम

देवरिया, निज संवाददाता। पुलिस लाइन में मृतक कांस्टेबल महानंद सिंह को गार्ड आफ आनर के साथ पुलिस कर्मियों ने नम आंखों से विदाई दी। सिपाही को सीओ सदर, सीओ भाटपाररानी और एएसपी समेत अन्य अधिकारियों ने कंधा देने के साथ ही श्रद्धांजलि दी।

इसके बाद अंतिम संस्कार करने को पार्थिव शरीर विशेष वाहन से गाजीपुर के लिए रवाना किया गया। गाजीपुर जिला निवासी महानंद यादव 2016 बैच के पुलिस कर्मी थे। छह माह पूर्व उनकी भटनी थाने में तैनाती हुई थी।



पुलिस लाइन में सिपाही को कंधा देकर अंतिम विदाई देते एएसपी राजेश सोनकर, सीओ श्रीयश त्रिपाठी व अन्य पुलिस कर्मी।

पुलिस लाइन में अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर, सीओ सदर श्रीयश त्रिपाठी, सीओ बरहज अंशुमान श्रीवास्तव व सीओ रुद्रपुर जिलाजीत ने अन्य पुलिस कर्मियों के साथ मृतक पुलिस कर्मी को गार्ड आफ आनर के साथ अंतिम विदाई दी। पुलिस अफसरों ने नम आंखों व भारी मन से साथी पुलिस कर्मी को कंधा दिया। कंधा देने को दर्जनों की संख्या में पुलिस के जवान मौजूद रहे। असमय पुलिस कर्मी की मौत से सभी साथी पुलिस कर्मी काफी दुखी थे। ड्यूटी के दौरान ही सिपाही अचानक काल के गाल में समा गये। साथी पुलिस कर्मी महानंद यादव की कच्ची गृहस्थी की चर्चा कर भावुक हो गये। साथ काम करने वाले कुछ तो उनकी बातों को याद कर बिलख पड़े। इस घटना के बाद से पुलिस महकमे में गम का माहौल है।

मृतक सिपाही के शव को सम्मान सहित अंतिम संस्कार को गाजीपुर के लिए रवाना कर दिया गया। घटना की सूचना पर महानंद सिंह के चाचा, चचेरे भाई और बहनोई भी पुलिस लाइन आए थे। वे लोग भी पार्थिव शरीर के साथ यहां से रवाना हुए।

# सभासद सहित पांच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

मदनपुर, हिन्दुस्तान संवाद। कस्बा के एक वार्ड स्थित एसडीओ कार्यालय पर अवर अभियंता और कर्मचारियों से कुछ लोगों ने मंगलवार को अभद्रता कर दी थी। इस मामले में अवर अभियंता की तहरीर पर एक सभासद व पांच अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

पुलिस को दिए तहरीर में अवर अभियंता मोहम्मद सलमान ने कहा है कि कामूपुर स्थित निगम कार्यालय पर मंगलवार को कुछ सहयोगियों के साथ विभागीय कार्य करा रहा था। इसी बीच मदनपुर कस्बा निवासी व वार्ड सदस्य राशिद खान पांच लोगों के साथ कार्यालय में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

थानाध्यक्ष महेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि जेई की तहरीर पर वार्ड सदस्य राशिद खान सहित पांच अन्य पर केस दर्ज किया गया है।

# हादसे में शुगर मिल कर्मी की मौत

- धनौती रजडीहा गांव के नहर पुलिया के पास हुआ हादसा
- क्षेत्र के रामपुर दुबे गांव के रहने वाले थे पैन ईंचार्ज प्रमोद

महुआडीह, हिन्दुस्तान संवाद। क्षेत्र के महुआडीह हेतिमपुर मार्ग स्थित धनौती रजडीहा गांव के नहर पुलिया के पास मंगलवार की देर शाम हुई सड़क हादसे में बाइक सवार शुगरमिल कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया।

लोगों के सहयोग से उन्हे जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने गंभीर हालत देख गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान रात घायल की मौत हो गई। इसकी जानकारी होते ही घर में कोहराम मच गया। महुआडीह थाना के रामपुर दुबे निवासी प्रमोद दिवेदी उर्फ टुन्नू 54 पुत्र रविन्द्र नाथ दिवेदी कुशीनगर के ढ़ाढा बुजुर्ग के अवध सुगर एनर्जी लिमिटेड सुगर मिल में 14 वर्षो से पैन इंचार्ज पद पर तैनात थे। मंगलवार देर शाम को वह ड्यूटी कर बाइक से वापस घर लौट रहे थे। थाना क्षेत्र के धनौती रजडीहा गांव के नहर पुलिया के पास अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। इससे प्रमोद गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक की चपेट में आने से सड़क पर टहल रहे रजडीहा धनौती गांव के अखिलेश मद्धेशिया 35 पुत्र केदार मद्धेशिया भी घायल हो गए। सूचना पर पहुंची डायल 112 नंबर पुलिस ने लोगों की सहायता से घायल प्रमोद को जिला चिकित्सालय भेजवाया। जहां डाक्टरों ने हालत गंभीर देख गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। गोरखपुर मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान घायल प्रमोद की मौत हो गई।

# 45 शीशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

देवरिया। बुधवार को सदर रेलवे स्टेशन की जीआरपी द्वारा स्टेशन पर की जा रही जांच के दौरान एक युवक के पास से 45 शीशी देशी शराब बरामद किया। जिसकी कीम ढ़ाई हजार रूपये बतायी जा रही है। शराब की तस्करी करने वाले समस्तीपुर जिले के थाना मुफलिस के चादोपटटी निवासी अमित कुमार गुप्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की गयी है।

# सड़क के किनारे मिला युवक का शव

रुद्रपुर। रुद्रपुर-गौरीबाजार मार्ग पर सतासी इण्टर कॉलेज के के निकट सड़क किनारे एक अज्ञात युवक का शव मिला। जिसकी कुछ देर बाद पहचान हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के पचमा गांव का रहने वाला देवचन्द (40) पुत्र रामरक्षा रुद्रपुर में मजदूरी का काम करता था।

# संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत

लार। लार थाना क्षेत्र के बरडीहा दलपत गांव निवासी दिग्विजय सिंह (42) पुत्र जयराम सिंह पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में ट्रांसपोर्ट कम्पनी में नौकरी करते थे। बुधवार की सुबह लगभग 8 बजे संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत हो गई। उनका शव एक रिश्तेदार के माध्यम से पैतृक गांव बरडीहा दलपत लाया जा रहा है। उधर युवक की मौत की खबर गांव व घर पहुंचते कोहराम मच गया।

# पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

खुखुन्दू। थाना क्षेत्र के मुंडेरा बुजुर्ग गांव में पुरानी मारपीट को लेकर दो अभियुक्त फरार चल रहे थे। मारपीट में घायल व्यक्ति का इलाज गोरखपुर एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने अभियुक्त अखिलेश सिंह एवं अजीत शर्मा को सोनूघाट चौराहे से गिरफ्तार किया।

शराब तस्करों के द्वारा रेकी कराने का भी है पुलिस को शक, एएसपी ने शाम को केरवनिया पहुंचकर घटना का लिया जायजा

# स्कार्पियो सवारों की तलाश में बिहार पहुंची पुलिस

**जांच**

[illegible]



भटनी थाना के केरवनिया पुल पर लगाया गया लोहे का बैरियर।

### साथी को खोने से साथी के चेहरे पर दिखी उदासी

[illegible]

### बार्डर पर एक सिपाही की तैनाती पर उठ रहा सवाल

[illegible]

### सख्त कार्रवाई की तैयारी में पुलिस

[illegible]

# बैरियर तोड़कर भागने में स्कॉर्पियो सवारों ने ले ली कांस्टेबल की जान

- भटनी क्षेत्र के केरवनिया पुल के पास हुई घटना
- गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में घायल सिपाही की मौत



महानंद सिंह यादव (फाइल फोटो)

भटनी (देवरिया), हिन्दुस्तान टीम। देवरिया जिले के भटनी क्षेत्र में बिहार बार्डर के पास बुधवार तड़के बैरियर तोड़कर भागने के प्रयास में स्कॉर्पियो सवारों ने कांस्टेबल की जान ले ली। घटना के बाद स्कार्पियो सवार गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। हादसे का शिकार सिपाही गाजीपुर जिले का रहने वाला था।

गाजीपुर के जमानिया थाना क्षेत्र के हरिवल्लमपुर गांव के रहने वाले कांस्टेबल महानंद सिंह यादव (30) पुत्र देवनारायण भटनी थाना क्षेत्र के घांटी चौकी पर तैनात थे। मंगलवार की रात उनकी ड्यूटी केरवनिया पुल के पुलिस बैरियर पर थी। वह होमगार्ड शशिभूषण के साथ ड्यूटी पर थे। बुधवार की भोर में करीब 3:30 बजे दरोगा अंकित सिंह ड्यूटी चेक करने पुल पर गए थे। उनके लौटने के कुछ देर बाद ही भिंगारी बाजार की तरफ से तेज रफ्तार से आई स्कार्पियों (बीआर 28 पी 2507) को रोकने का पुलिसकर्मियों ने प्रयास किया तो स्कॉर्पियो सवारों ने गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दी। भागने के प्रयास में उसने पुलिस बैरियर को ठोकर मार दिया।

➤सिर पर लगा बैरियर P03

# 28 को धरना देंगे भाकपा माले कार्यकर्ता

**भाटपाररानी** : बनकटा विकास खंड के पड़री गांव में बुधवार को भाकपा माले की बैठक हुई, जिसमें जनसमस्याओं को लेकर 28 सितंबर को पड़री बाजार में आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। भाकपा माले नेता प्रभुनाथ पासवान ने कहा कि पड़री गांव में दलित बस्ती तथा मुस्लिम बस्ती में जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। इसके चलते मजबूरी में तमाम लोगों को अपने दरवाजे के सामने गड्ढा खोदकर पानी इकट्ठा करना पड़ रहा है। इसके अलावा क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी की समस्या बरकरार है। बैठक में राम प्रसाद, आस नारायण, कुला देवी, गायत्री देवी, पुष्पा देवी, फूलमती देवी आदि मौजूद रहीं। (जासं)

# गबन के आरोप में ग्राम विकास अधिकारी को जेल, विभाग को पता नहीं

**जासं. भटनी :** स्थानीय विकास खंड में तैनात ग्राम विकास अधिकारी अरुण लाल श्रीवास्तव को खामपार पुलिस ने सरकारी धन के गबन के आरोप में जेल भेज दिया है। पांच दिन गुजर जाने के बाद भी इसकी जानकारी विभाग को नहीं हो पाई और निलंबन तक की कार्रवाई पूरी नहीं की गई है। अब यह मामला इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने लगा है।

भाटपाररानी के परोहा ग्राम पंचायत में वर्ष 2020-21 में तैनात रहे अरुण लाल श्रीवास्तव ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत 614 शौचालय के लिए 73.68 लाख रुपये ग्राम निधि के खाते से ग्राम प्रधान के सहयोग से निकाला। जिसमें से 172 शौचालय का निर्माण पूरा किया गया। लेकिन 53 लाख रुपये का कार्य पूरा नहीं कराया गया। तत्कालीन सहायक विकास अधिकारी ने प्रकरण की जांच करते हुए 6 जनवरी 2021 में खामपार थाने में ग्राम प्रधान कुमारी पिंकी मिश्रा व ग्राम विकास अधिकारी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। इस बीच ग्राम विकास अधिकारी का भटनी विकास खंड में स्थानान्तरण हो गया। खामपार पुलिस ने 15 सितंबर को अरुण लाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

बीडीओ भइयन लाल का कहना है कि जेल जाने की सूचना उन्हें नहीं है। कर्मचारी भेज कर थाने से पता कराएंगे। थानाध्यक्ष नंदा प्रसाद ने बताया कि 2021 में गबन का मुकदमा सहायक विकास अधिकारी पंचायत ने दर्ज कराया था। इस मामले में ग्राम विकास अधिकारी वांछित चल रहा था। गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# शराब पीने वाले को छुड़ाने गए लोगों को भी पुलिस ने बैठाया

## भलुअनी चौराहे पर नाराज लोगों ने थानेदार का किया घेराव

**जासं, भलुअनी:** पुलिस ने रात को खुले में शराब पीने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया। कुछ शराब के शौकिनों को पकड़ कर थाने ले गई। उन्हें छुड़ाने के लिए पहुंचे पूर्व ग्राम प्रधान व भाजपा नेता को भी पुलिसकर्मियों ने बहस करते हुए थाने में बैठा लिया। जिसके बाद मामला बढ़ गया। चौराहे पर नाराज लोगों ने थानेदार को घेर लिया।

समझा-बुझाकर रात नौ बजे मामला शांत हो सका। रात को आठ बजे पुलिस खुले में शराब पीने वाले लोगों के विरुद्ध अभियान चला रही थी, कुछ लोगों को हिरासत में लेकर थाने में चली गई। आरोप है कि कुछ संभ्रांत लोगों को भी थाने में पुलिस लेकर चली गई। एक व्यक्ति को छुड़ाने के लिए पूर्व प्रधान दिनेश सिंह, भाजपा नेता शौर्य सिंह भी थाने पहुंच गए। किसी बात को लेकर सिपाही नाराज हो गए और इन दोनों लोगों को भी बैठा लिया।



भलुअनी चौराहे पर थानाध्यक्ष को घेर कर खड़े लोग • जागरण

इस बात की जब जानकारी भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ लोगों को हुई तो वह भलुअनी चौराहे पर एकत्रित हो गए। इस बीच पैदल मार्च कर रहे थानाध्यक्ष राजेश पांडेय को लोगों ने घेर लिया। इस दौरान लोगों की काफी भीड़ जुट गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि अभियान के तहत कुछ लोगों को थाने ले जाया गया था। इनमें से किसी को छुड़ाने के लिए लोग आए थे। जानकारी न होने के चलते सिपाही से बहस हो गई।

# ढाई माह बाद अधिवक्ताओं ने शुरू किया न्यायिक कार्य

जासं, सलेमपुर: तहसीलदार मिश्रीलाल को हटाने तथा हापुड़ घटना के विरोध में ढाई माह से प्रदर्शन कर रहे सलेमपुर तहसील के अधिवक्ताओं का आंदोलन बुधवार को समाप्त हो गया। हालांकि बुधवार को प्रशासनिक कार्य में व्यस्तता के चलते केवल एसडीएम का न्यायालय चला। सलेमपुर के तहसीलदार रहे मिश्रीलाल सिंह चौहान के कार्य प्रणाली से नाराज तहसील बार एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ताओं ने उनके स्थानांतरण को लेकर पांच जुलाई से आंदोलनरत थे। उनके स्थानांतरण न होने पर नाराजगी बढी और तहसीलदार नायब तहसीलदार व उप जिलाधिकारी न्यायालय का भी बहिष्कार कर दिए। आंदोलन दो माह तक चला। आंदोलन को देख जिलाधिकारी ने तहसीलदार रहे मिश्रीलाल चौहान को सलेमपुर में ही न्यायिक तहसीलदार बना दिया गया। उनकी जगह पर गोरखपुर से स्थानांतरित होकर आई अलका सिंह को सलेमपुर का तहसीलदार की जिम्मेदारी दी। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद मिश्र ने कहा कि हम लोगों की मांगें पूरी हो गई।

# तेंदुए के होने की थी दहशत, निकली जंगली बिल्ली

जासं, देवरिया : बैतालपुर के भगवानपुर में कई दिनों से रात करीब दस बजे तेंदुए जैसा जानवर के आने की सूचना से खलबली मच गई। वन विभाग ने जब मामले की जांच की तो वह जंगली बिल्ली निकली। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। गांव के बृजेश चौबे पुत्र कृष्णदेव चौबे ने कलेक्ट्रेट में बनाए गए कंट्रोल रूप के फोन नंबर पर शिकायत दर्ज कराई कि कई दिनों से तेंदुए जैसा जानवर रात में करीब दस बजे दिखाई देता है। जिससे उनके परिवार को खतरा है। जानवर की तस्वीर भी सीसी कैमरे में कैद है। इसके बाद प्रशासन हरकत में आ गया।

# चार लोगों के विरुद्ध प्राणघातक हमले का मुकदमा दर्ज

**जासं, देवरिया**: भलुअनी थाना के कुईया गांव में रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध प्राणघातक हमले का मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

गांव की कमलावती देवी का आरोप है कि गांव के कुछ लोग घर में घुस गए, उस समय परिवार का कोई पुरुष घर पर नहीं था। आरोपितों ने अपशब्द बोलते हुए मारपीट की। लोगों के बीच बचाव करने के बाद मामला शांत हो सका।

इस मामले में पुलिस ने गांव के सूरज, नीरज, नारद व भगवान लाल प्रसाद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजेश पांडेय ने बताया कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

**चार के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा**: देवरिया: बघौचघाट के दुलार पट्टी गांव में जून माह में हुई मारपीट के मामले में बुधवार को चार लोगों के मुकदमा दर्ज कर लिया।

जिसमें गांव के राम सागर, हरेराम, संजय व सुनीता शामिल हैं। यह कार्रवाई पुलिस ने गांव की शीला देवी की तहरीर पर की है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

# इंजेक्शन लगने के बाद महिला की मृत्यु, स्वजन का हंगामा

जासं, देवरिया: झोलाछाप के पास उपचार कराने गई महिला की इंजेक्शन लगने के बाद मंगलवार की रात मृत्यु हो गई। घटना के बाद स्वजन ने हंगामा किया। पुलिस ने समझा-बुझाकर लोगों को शांत कराया। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।

बनकटा के बौलिया पांडेय के रहने वाले शिवमंगल गोड़ की बेटी पार्वती की शादी खामपार थाना के धरमखोर गांव में हुई थी। वह इन दिनों वह मायके में ही रह रही थीं। मंगलवार को अचानक तबीयत खराब हो गई। जिसके बाद स्वजन लेकर भैंसहांपार स्थित एक झोलाछाप के पास ले गए। आरोप है कि झोलाछाप ने इंजेक्शन लगाया, इसके बाद 10 मिनट के अंदर ही महिला की मृत्यु हो गई। थानाध्यक्ष मुकेश मिश्र ने बताया कि स्वजन की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सीएमओ डा.राजेश झा ने बताया कि मुझे अभी घटना की सूचना नहीं मिली है। प्रकरण की जांच कराई जाएगी। दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

- भैंसहांपार में एक झोलाछाप के पास उपचार कराने गई थी महिला
- घटना के बाद झोलाछाप क्लीनिक बंद कर हुआ फरार

## चीनी मिल कर्मी की सड़क हादसे में मृत्यु

जासं, देसही देवरिया : क्षेत्र के धनौती रजडीहा गांव से सटे नजर के पास मंगलवार की देर शाम हुए सड़क हादसे में मिल कर्मचारी की मृत्यु हो गई। रामपुर दुबे गांव के रहने वाले प्रमोद कुमार द्विवेदी कुशीनगर के ढांढा चीनी मिल में कर्मचारी थे। मंगलवार की देर शाम वह ड्यूटी कर बाइक से वापस घर लौट रहे थे। अभी वह रजडीहा गांव के नहर के समीप पहुंचे थे कि उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक पलटने से धनौती रजडीहा गांव के अखिलेश मद्धेशिया भी घायल हो गए। उपचार के लिए प्रमोद को मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सक ने बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

# पांच लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

जासं, रुद्रपुर: क्षेत्र के पिड़रा की रहने वाली एक महिला ने पति समेत पांच लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिड़रा की रहने वाली सुमन पत्नी धर्मेंद्र गौतम ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि मेरी शादी तीन वर्ष पूर्व हुई थी। जिसमें मेरे पिता ने तीन लाख दहेज की रकम दी थी। उसके बाद ससुराल पक्ष के लोग और दहेज की रकम मांगने लगे। पुलिस ने पति धर्मेंद्र, सास, ससुर, जेठ और जेठानी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

**हत्या के प्रयास के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार:** खुखुंदू: क्षेत्र के मुंडेरा बुजुर्ग में कुछ दिन पहले हुई मारपीट के मामले में फरार चल रहे अखिलेश सिंह व अजीत शर्मा पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद दोनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से दोनों आरोपितों को जेल भेज दिया गया।

# रेलवे स्टेशन से शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**जासं, देवरिया:** सदर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो से 45 शीशी देसी शराब के साथ युवक को जीआरपी ने मंगलवार की रात गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। जीआरपी उप निरीक्षक मोहम्मद युनुस पुलिस टीम के साथ प्लेटफार्म पर भ्रमण कर रहे थे। प्लेटफार्म संख्या दो पर एक युवक झोला लेकर बैठा था। पुलिस ने संदेह होने पर तलाशी शुरू की। झोले से 45 शीशी देसी शराब बरामद की गई। पूछताछ में उसने अपना नाम अमित कुमार गुप्ता निवासी चादोपट्टी थाना मुफसिल जनपद समस्तीपुर बिहार बताया। जीआरपी थानाध्यक्ष सुधाकर उपाध्याय ने बताया कि यह शराब लेकर समस्तीपुर जा रहा था। उसके पहले ही इसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# भूमि विवाद का मामला फिर गरमाया, छह पर मुकदमा

- एसडीएम समेत अन्य अधिकारी भी पहुंच गए गांव
- लार क्षेत्र के बरडीहा दलपत गांव में भूमि पर अवैध कब्जे का मामला

जासं, लार: क्षेत्र के बरडीहा दलपत गांव में जूनियर विद्यालय, ग्राम सभा की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर चल रहा विवाद फिर गरमा गया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने छह लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। बुधवार को डीएम के निर्देश पर एसडीएम समेत अन्य अधिकारी भी पहुंच गए। उधर, न्यायालय से कमीशन की टीम भी पहुंची, लेकिन बिना पैमाइश के ही टीम को बैरंग लौटना पड़ा।

गांव के सत्यनारायण सिंह व पारस सिंह के बीच भूमि को लेकर विवाद चल रहा है। 25 जुलाई को दोनों पक्षों के बीच बाउंड्री कराने को लेकर मारपीट हुई। इस मामले में सत्य नारायण सिंह की तहरीर पर दूसरे पक्ष के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। बुधवार को दूसरे पक्ष से न्यायालय के आदेश पर पारस सिंह की तहरीर पर घनश्याम सिंह, अनुज प्रताप सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह, समर बहादुर सिंह, हरि प्रताप सिंह, सत्य नारायण सिंह के विरुद्ध हत्या के प्रयास, बलवा का मुकदमा दर्ज किया है। डीएम के आदेश पर एसडीएम सलेमपुर श्याम मणि त्रिपाठी, तहसीलदार अलका सिंह के साथ मौके पर चहारदीवारी कराने पहुंच गए।

# स्कार्पियो की ठोकर से बैरियर टूटा, सिपाही की मृत्यु

- भटनी थाना क्षेत्र के केरवनिया चेक पोस्ट पर भोर में हुआ हादसा
- गाजीपुर के रहने वाले थे सिपाही महानंद, भटनी थाने में थी तैनाती

जासं, देवरिया: तेज रफ्तार स्कार्पियो ने यूपी- बिहार सीमा पर भटनी थाना क्षेत्र के केरवनिया चेकपोस्ट पर लगे बैरियर की रस्सी तोड़ दी। इससे अचानक उठा बैरियर ड्यूटी पर तैनात सिपाही के सिर से टकरा गया और उसकी मृत्यु हो गई। घटना बुधवार भोर की है। हादसे के बाद स्कार्पियो छोड़कर उस पर सवार लोग फरार हो गए। स्कार्पियो का मालिक बिहार के गोपालगंज का रहने वाला बताया जा रहा है। सिपाही महानंद यादव गाजीपुर के जमनिया थाना क्षेत्र के हरिबल्लमपुर के रहने थे। देर रात पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।



सिपाही महानंद यादव • फाइल फोटो

30 वर्षीय महानंद यादव पुत्र देव नारायण यादव की तैनाती भटनी थाने में थी। रात में उनकी ड्यूटी केरवनिया चेकपोस्ट पर लगी थी। भोर में लगभग साढ़े तीन बजे भिंगारी की तरफ से तेज गति से आती स्कार्पियो को उन्होंने रोकने का प्रयास किया तो स्कार्पियो चालक ने गति बढ़ाते हुए बैरियर में ठोकर मार दी, जिससे बैरियर की रस्सी टूट गई और तेजी से उठा बैरियर महानंद के सिर में जा लगा। महानंद लहूलुहान होकर गिर गए।

साथ में ड्यूटी कर रहे होमगार्ड शशिभूषण ने सूचना थानाध्यक्ष डा. महेंद्र कुमार को दी और महानंद को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भटनी पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने मेडिकल कालेज देवरिया रेफर कर दिया। देवरिया के चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया।



भटनी के केरवनिया चेकपोस्ट पर लगा पुलिस का बैरियर • जागरण

> हादसे में सिपाही की मृत्यु हुई है। स्कार्पियो को बरामद कर लिया गया है। प्रकरण की जांच की जा रही है। स्कार्पियो को कोई संदिग्ध सामान बरामद नहीं किया गया है। जांच में पूरी बात सामने आ जाएगी।
>
> **डा. राजेश सोनकर, एएसपी, देवरिया।**



सिपाही के पार्थिव को कंधा देते एएसपी डा.राजेश सोनकर (दाएं), सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी (बाएं) व अन्य • जागरण

## सिपाही के पार्थिव को कंधा देते समय भावुक हुए अधिकारी व कर्मचारी

**जासं, देवरिया:** भटनी के केरवनिया चेकपोस्ट पर हुए सिपाही महानंद यादव की मृत्यु के बाद पार्थिव पुलिस लाइन पहुचा, जहां पुलिस अधिकारियों ने सलामी दी। पुलिस लाइन से अंतिम विदाई देते समय पुलिस अधिकारियों के आंखों से आंसू छलक पड़े। बुधवार की शाम पार्थिव मेडिकल कालेज से देवरिया पुलिस लाइन पहुंचा। यहां एएसपी डा.राजेश सोनकर, सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी, सीओ भाटपाररानी अंशुमन श्रीवास्तव, सीओ रुद्रपुर जिलाजीत चौधरी समेत अन्य पुलिस कर्मियों ने भी सलामी दी। इसके बाद अधिकारियों ने जब अपने जवान को अंतिम विदाई के लिए कंधा दिया तो उनके आंखों में आंसू आ गए। जबकि साथ रहे पुलिसकर्मी भी फफक पड़े।

**बहन की डोली उठाने का सपना रह गया अधूरा:** महानंद तीन बहनों के बीच इकलौते भाई थे। एक बहन बेबी की शादी उन्होंने नवंबर माह में तय की थी। पिता दिल्ली में कार्य करते हैं। बहन की शादी धूमधाम से करने का उनका सपना था, लेकिन बहन की डोली उठने से पहले उनकी अर्थी उठ गई। पत्नी पूजा से एक छह वर्ष का बेटा शिवांस है।

**बैरियर पर लगना चाहिए रिफ्लेक्टर:** पुलिस कर्मियों का कहना है कि स्कार्पियो सवार भले ही बैरियर तोड़ने का प्रयास किया। अगर बैरियर पर रिफ्लेक्टर लगा होता तो शायद यह हादसा नहीं होता। दूर से ही वाहन को बैरियर का आभास हो जाता। अन्य जगहों पर भी बैरियर में रिफ्लेक्टर नहीं लगा है।

# हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने महिला को हिरासत में लिया

**जासं, देवरिया**: रामपुर कारखाना के हरपुर में महिला व युवक पर हुए धारदार हथियार से हमला के मामले में पुलिस ने आरोपित महिला को हिरासत में ले लिया है। जबकि पति फरार चल रहा है। गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

तरकुलवा के गढ़रामपुर की रहने वाली ज्योतिषना राव की शादी हरपुर गांव में उग्रसेन राव से हुई है। पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा है। सोमवार को ससुराल में किसी की मृत्यु की सूचना पर गढ़रामपुर से युवक कृष्णा के साथ हरपुर में आई थीं। इस बीच पति व पति की दूसरी पत्नी संयोजिता ने धारदार हथियार से हमला बोल दिया। बीच बचाव करने के दौरान कृष्णा पर भी आरोपितों ने हमला कर दिया। इस मामले में पुलिस ने उग्रसेन व संयोजिता के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। दोपहर बाद पुलिस ने संयोजिता को हिरासत में ले लिया। जबकि फरार उग्रसेन राव की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। इंस्पेक्टर नरेन्द्र प्रताप राय ने बताया कि महिला को हिरासत में लिया गया है। फरार चल रहे पति को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बिजली कटौती को लेकर सभासद ने किया हंगामा, मुकदमा दर्ज

- मदनपुर में हुआ विवाद, सभासद समेत छह पर हुई कार्रवाई
- आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दे रही दबिश

**जासं, मदनपुर :** विद्युत उपकेंद्र मदनपुर में बिजली कटौती से परेशान सभासद ने लोगों के साथ मंगलवार की शाम करीब साढ़े सात बजे हंगामा किया। साथ ही कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार किया।

इस मामले में पुलिस ने सभासद समेत छह लोगों के विरुद्ध बलवा, धमकी, सरकारी कार्य में व्यवधान समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मदनपुर नगर पंचायत के सभासद राशिद खान पांच अन्य लोगों के साथ शाम को अचानक विद्युत उपकेंद्र पहुंचे और बिजली कटौती को लेकर अवर अभियंता मुहम्मद सलमान से बातचीत किए। आरोप है कि कंट्रोल रुप में सभासद ने कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार किया। इस मामले में पुलिस ने सभासद व पांच अज्ञाके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष महेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मुख्य लाइन का बदला जाएगा तार, बेहतर होगी आपूर्ति

**जासं, तरकुलवा :** कुशीनगर से तरकुलवा व बघौचघाट विद्युत उपकेंद्र को आने वाली मुख्य लाइन का जर्जर तार बदला जाएगा। तार बदले जाने के बाद बिजली आपूर्ति बेहतर हो जाएगी। तार बदले जाने के चलते हर दिन सुबह 10 बजे से दोपहर चार बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रहेगी। कुशीनगर के कसया से तरकुलवा व बघौचघाट विद्युत उपकेंद्र को बिजली आपूर्ति होती है। बहुत दिन पुराना तार होने के चलते अब वह जर्जर हो गए हैं। इसके बाद दूसरे चरण में अन्य जगहों के तार बदले जाएंगे। अवर अभियंता संदीप कुमार ने बताया कि जर्जर तार बदले जाएंगे।

# पति समेत पांच पर दहेज उत्पीड़न का केस

रुद्रपुर। पिड़रा गांव निवासी एक महिला ने ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर पति समेत पांच लोगों पर केस दर्ज किया है। गांव की सुमन देवी ने तहरीर में बताया कि तीन साल पहले उनकी शादी धर्मेंद्र गौतम के साथ हुई। आरोप है कि शादी में ससुरालियों के मांगने के अनुसार दहेज दिया गया, अब ससुराल के लोग फिर दहेज मांग रहे हैं। महिला के मायके से दहेज की रकम नहीं मिलने पर मारपीट करते हैं। संवाद

# इलाज के दौरान महिला की मौत, पुलिस ने शव को कब्जे में लिया

**भाटपाररानी।** बनकटा थाना क्षेत्र के बौलिया पांडेय निवासी शिवमंगल की 35 वर्षीय पुत्री पार्वती देवी की मंगलवार की रात निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों की जिद पर बनकटा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बुधवार को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दिया।

परिजन शाम को शव लेकर महिला के ससुराल खामपार थाना क्षेत्र के धर्मखोर करन गांव ले जाकर दाह संस्कार कर दिए। मृतका के पिता शिवमंगल गोंड़ का कहना है कि दो दिन पहले से उसको बुखार आ रहा था। एक प्राइवेट क्लिनिक चलाने वाले चिकित्सक से दवा करा रही थी। बुखार नहीं उतरा तो चिकित्सक ने इंजेक्शन लगाने की बात कही। इंजेक्शन लगते ही महिला बेहोश हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन चिकित्सक के क्लिनिक पर जाकर हंगामा करने लगे। बाद में परिजन महिला को लेकर मैरवा एक चिकित्सक के पास ले गए। संवाद

# बिहार के पूर्व सीएम के गांव का है स्कॉर्पियो का मालिक

भटनी। जिस स्कॉर्पियो से घटना हुई है उसका मालिक विजय माझी है, जो बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के गांव गोपालगंज जनपद के फुलवरिया का रहने वाला है। पुलिस वाहन स्वामी का कुंडली खंगाल रही है कि उसका आपराधिक इतिहास है या नहीं। संवाद

# पांच किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार

भागलपुर। भागलपुर क्षेत्र के नरियांव गांव स्थित जल निगम की टंकी के पास से पुलिस ने एक व्यक्ति को पांच किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे बुधवार को न्यायालय भेज दिया। भागलपुर चौकी प्रभारी सद्गुरु मिश्रा को सूचना मिली कि नरियांव गांव में पानी की टंकी के पास बोरी में रखकर एक आदमी गांजा बेच रहा है। संवाद

# महिला के खाते से निकाले एक लाख रुपये

भाटपाररानी। थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला के खाते से जालसाजों ने एक लाख रुपये निकाल लिए। महिला को इसकी जानकारी मोबाइल पर मैसेज आने पर हुई। पीड़ित महिला ने बुधवार को शाखा प्रबंधक से मुलाकात कर रुपये वापस दिलाने की गुहार लगाई है। ग्राम बड़का गांव दूबे निवासी धर्मराज यादव की पत्नी रीता देवी का भाटपाररानी स्थित भारतीय स्टेट बैंक में खाता है। महिला के खाते से जालसाजों ने एक दिन पहले एक लाख रुपये निकाल लिए। मोबाइल पर मैसेज आने पर उन्हें इस बात की जानकारी हुई। इसके बाद उन्होंने बुधवार को बैंक पहुंचकर शाखा प्रबंधक को शिकायती पत्र देकर धनराशि वापस करने तथा जालसाजों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। संवाद

# जब तक था होश, स्कॉर्पियो सवार तस्करों से लड़ते रहे सिपाही महानंद

## सिर से बह रही थी खून की धार पर नहीं हारी हिम्मत, सिपाही की बहादुर देख गाड़ी छोड़कर भागे तस्कर

संवाद न्यूज एजेंसी

भटनी। शराब तस्करों को पकड़ने के लिए लगाए गए बैरियर में बदमाशों ने स्कार्पियो से टक्कर मारी तो उसकी चपेट में सिपाही महानंद भी आ गए। बैरियर के रूप में लगाई गई पाइप आकर महानंद के सिर पर लगी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर से खून की धार बह रही थी लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी।

उन्होंने देखा कि स्कार्पियो सवार पहिए में फंसे बैरियर को निकालकर गाड़ी लेकर भागने की फिराक में हैं। इसपर उन्होंने हिम्मत जुटाई और होमगार्ड के साथ मिलकर स्कार्पियो सवारों को पकड़ लिया। सिपाही के जज्बे को देख गाड़ी में बैठे अन्य लोग वाहन छोड़कर भाग गए।

महानंद की हिम्मत की कहानी होमगार्ड शशिभूषण पांडेय थाने में पुलिसकर्मियों को दिनभर बताते रहे। थाने के पुलिसकर्मियों ने बताया कि महानंद बहुत ही मिलनसार और बहादुर थे। उन्होंने अपने साहस से कई बार पुलिस के सफल ऑपरेशन में महती भूमिका निभाई थी। पर मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में इलाज के दौरान वह जिंदगी और मौत की जंग हार गए। देर शाम जब सिपाही के शव को पुलिस लाइन में साथियों ने अंतिम विदाई दी तो सबकी आंखें नम हो गईं। एसपी संकल्प शर्मा, एएसपी राजेश कुमार, सीओ श्रीयश त्रिपाठी ने शव को कंधा दिया।

बिहार और यूपी में तस्करों के बिहार में शराबबंदी का फायदा उठाकर तस्करी का खेल कर रहे हैं। हर माह जिले की पुलिस को पुख्ता प्रमाण मिल रहे हैं कि शराब बिहार भेजी जा रही है।

जिले के भटनी, बनकटा, खुखुंदू, मईल, लार, खामपार, श्रीरामपुर, भाटपाररानी, बरियारपुर सहित विभिन्न थानों में शराब की खेप पकड़ी जा रही है। पर सवाल यह है कि आखिर तस्करों का नेटवर्क क्यों नहीं ध्वस्त हो पा रहा है। शायद इसके पीछे कारण यह है कि सरगना पर हाथ डालने में पुलिस ठिठक जा रही है। इतना ही नहीं, शराब तस्कर लग्जरी वाहन और नए-नए तरीके इजाद कर बिहार में शराब भेज रहे हैं। कभी शौचालय सफाई करने वाले टैंकर से तो कभी चोरी के वाहन से शराब की खेप भेजते हैं।

इतना ही नहीं पुलिस के खुलासे में ऐसा भी देखने को मिला है कि वाहन में ऐसी जगह शराब छिपाकर ले जाई जा रही थी कि जहां पर किसी की नजर न पड़े। यही हाल पशु तस्करों का भी है।



भटनी थाने में खड़ी स्कॉर्पियो। संवाद

### पहले भी हो चुकी है ऐसी घटना

देवरिया। दो माह पहले भाटपाररानी थाना क्षेत्र में सीओ की गाड़ी को पशु तस्करों ने टक्कर मार दी थी। दस साल पहले भाटपाररानी थाना क्षेत्र में दारोगा यूपी सिंह को पशु तस्करों ने कुचल दिया था, जिससे उनकी मौत हो गई थी। इसके कारण पुलिस कर्मी भी डरने लगे हैं। राह में जो आता है उसकी जान लेने से भी तस्कर पीछे नहीं हट रहे हैं। संवाद

**नेटवर्क हैं मजबूत :** यूपी और बिहार के तस्करों का गठजोड़ खाकी पर भारी पड़ रहा है। लाख प्रयास के बाद भी तस्करों का नेटवर्क ध्वस्त नहीं हो पा रहा है। बरामदगी पर गौर किया जाए तो जिले की पुलिस दो साल के भीतर 40 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध शराब और वाहन बरामद कर चुकी है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार शराब के तस्करों का नेटवर्क दिल्ली, हरियाणा, यूपी के विभिन्न जनपदों सहित बिहार तक फैला हुआ है। ये

### माता-पिता की इकलौती संतान थे महानंद



महानंद यादव
(फाइल फोटो)

भटनी। गाजीपुर के हरि वल्लभपुर गांव निवासी सिपाही महानंद मां-पिता की इकलौता संतान थे। पिता दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करते हैं। जबकि घर पर मां और पत्नी पूजा, सात वर्षीय बेटे के साथ रहती हैं। घरवालों ने बताया कि पुलिस की नौकरी करने के साथ ही महानंद घर की भी देखभाल करते थे। पिता के बाहर रहने के चलते खेती-किसानी और अन्य जिम्मेदारी भी महानंद ही निभाते थे। देवरिया स्थित पुलिस लाइन में ड्यूटी करने के बाद सोमवार को भटनी थाने में ड्यूटी ज्वाइन की थी। उन्होंने पत्नी से जल्द घर आने की बात कही थी। इकलौते बेटे को भी उन्होंने जल्द मिलने का भरोसा दिलाया था। लेकिन, नियति को शायद कुछ और ही मंजूर था। महानंद की मौत की खबर ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है। संवाद

### राहगीरों ने दी सिपाही के घायल की होने सूचना

भटनी। तस्करों के गाड़ी से घायल महानंद घंटों खून से लतपथ सड़क पर होमगार्ड के बाहों में जीवन और मौत से संघर्ष कर रहे थे, तभी किसी काम से निकले बाइक सवारों की नजर सिपाही और होमगार्ड पर पड़ी। राहगीरों ने इसकी सूचना घांटी बाजार पुलिस चौकी पर इसकी जानकारी दी। तब जाकर पुलिस को इसकी जानकारी हुई और महानंद को इलाज के लिए ले जाया गया। उनकी मौत की जानकारी होने के बाद जिले के पुलिस कर्मियों में शोक की लहर दौड़ गई। एसपी, एएसपी, सीओ, एसओ आदि ने घटना पर दुःख व्यक्त किया है। संवाद

KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-21-09-2023

# हाटा में भीषण चोरी का पांच दिन बाद नहीं हुआ खुलासा

**हाटा, हिन्दुस्तान संवाद।** पांच दिन पूर्व गुरुवार की रात में हाटा के गौरी बाजार तिराहा के समीप एक मोबाइल शॉप के शटर को तोड़कर हुई 12 लाख रुपए की चोरी का खुलासा करने में पुलिस असफल रही है। कोतवाल ने दो दिन के अंदर खुलासा करने का आश्वासन व्यापारियों को दिया था।

पिछले 14 सितंबर की रात मेंगौरी बाजार तिराहा के समीप स्थित एमजी मोबाइल गैलरी के दुकान के शटर का को तोड़कर 22 हजार रुपये नकदी सहित बारह लाख रुपए का कीमती मोबाइल आदि सामान चोर चुरा ले गये थे। कालिका राव नगर पगरा निवासी दुकानदार सचिन कुमार राव को भीषण चोरी की खबर शुक्रवार को सुबह दस बजे हुई, जब वह दुकान खोलने पहुंचे। अंदर जाने पर देखा कि कैश बाक्स टूटा हुआ था और दुकान में रखे 74 सेट विभिन्न कंपनियों की कीमती मोबाइल में 60 महंगे मोबाइल सेट के अलावा अन्य सामान गायब थे। पुलिस अगल-बगल के सीसीटीवी कैमरे से पता चला कि घटना में पांच चोर शामिल हैं और सुबह भोर में पौने चार से सवा चार बजे के बीच में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना के बाद कोतवाल ने दो दिन के अंदर चोरी का खुलासा करने का आश्वासन दिया था, लेकिन पांच दिन बाद भी चोरी का पर्दाफाश नहीं हो सका। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस चोरी का खुलासा करने में लगी हुई है। शीघ्र बेहतर रिजल्ट मिलेगा।

# चोरी की बाइक व मोबाइल के साथ शातिर चोर दबोचा

खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद। खड्डा पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम बंजारीपट्टी नहर के समीप से चोरी की एक बाइक व 4 मोबाइल के साथ कप्तानगंज निवासी एक बाइक चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन, सीओ सन्दीप वर्मा की देखरेख चोरी की घटना में शामिल अभियुक्तों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार की दोपहर बंजारीपट्टी नहर की तरफ निकले थे कि एक युवक चोरी की बाइक के साथ नहर की पटरी पकड़ नेपाल जा रहा था। पुलिस टीम ने उसकी घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया तथा उसके पास से चोरी की एक बाइक व चार मोबाइल बरामद किया। पहचान चांदनी चौकी कप्तानगंज निवासी सलीम खान पुत्र मुन्ना खान के रूप में हुई।



बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में व्यापारी पुलिस की संयुक्त बैठक के बाद एएसपी रितेश सिंह के साथ व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

# व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक में समस्याओं पर चर्चा

**पडरौना, निज संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर कार्यालय के सभागार में बुधवार को व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें व्यापारियों ने पुलिस के समक्ष अपनी समस्याएं उठायी, जिन पर एएसपी की ओर से अविलंब समाधान का अश्वासन दिया गया।

व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री व जिलाध्यक्ष सचिन चौरसिया ने पडरौना के व्यापारियों की तरफ से सकुशल जन्माष्टमी त्योहार को संपन्न कराने के लिए पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया। व्यापारियों से संबंधित प्रमुख समस्याओं में शामिल यातायात व्यवस्था, सीसीटीवी सुरक्षा, व्यापारी सुरक्षा आदि के बारे में अवगत कराया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों की समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया। नगर कोषाध्यक्ष मनीष सोनी, संतोष वर्मा के अलावा कप्तानगंज, रामकोला, सुकरौली, हाटा, खिरकिया आदि जगहों के पदाधिकारियों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

# प्रतिबंधित 4 पशुओं की हत्या करने जा रहे तीन को दबोचा

पडरौना। तरयासुजान थाने की पुलिस ने बुधवार को चार प्रतिबंधित पशुओं की हत्या करने जा रहे दो पुरुष व एक महिला सहित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में पशु तस्करी की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत तरयासुजान पुलिस ने ग्राम सुमुही बुजुर्ग उर्फ मेंहदिया से चार प्रतिबंधित पशुओं की हत्या करने जा रहे हरिहर यादव निवासी ग्राम चौरईया पोखरा कोतवाली पडरौना, अरसद उर्फ छोटू निवासी बसहिया बनवीरपुर कोतवाली पडरौना व एक महिला को गिरफ्तार कर चारों प्रतिबंधित पशुओं को मुक्त कराया। पुलिस ने उनके पास से एक लकड़ी का ठीहा, बांका, चाकू, पांच प्लास्टिक की रस्सी के टुकड़े व एक बाइक बरामद की है। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर पुलिस ने उनके खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया। टीम में प्रभारी निरीक्षक अमित शर्मा, दरोगा श्यामलाल निषाद, विकास मौर्य, आदित्य मौर्य, सिपाही सचिन कुमार, रामकृपाल यादव, श्रीकृष्ण मौर्य, श्रवण कुमार, अश्वनी कुमार व सुमन सिंह आदि शामिल रहे।

# एक किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**पडरौना।** पडरौना कोतवाली पुलिस ने 1.100 किग्रा अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की कीमत लगभग 22 हजार रुपये बतायी गयी है। पुलिस ने सिधुआ मंन्दिर स्थान के बगल से अभियुक्त गोलू चौहान पुत्र स्व. कैलाश चौहान निवासी मोहनपट्टी कोतवाली पडरौना को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से एक प्लास्टिक के झोले में रखा 1.100 किग्रा अवैध गांजा बरामद किया। केस दर्ज पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है।

# धोखाधड़ी के अभियुक्त को दबोचा

**पडरौना।** पडरौना कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी के मुकदमे में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पडरौना पुलिस की टीम ने छावनी तिराहे के पास से वांछित अभियुक्त संदीप चौहान निवासी चौराखास थाना रविन्द्र नगर धूस को गिरफ्तार किया है।

# चोरी का खुलासा करने की मांग

**जटहा बाजार।** पडरौना कोतवाली के ढोरी मोड़ स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार ने कोतवाल राज प्रकाश सिंह को पत्रक सौंप कर पिछले सोमवार को स्कूल में हुई चोरी का खुलासा करने की मांग की है। इस संबंध में हल्का दरोगा विकास तिवारी ने बताया कि मामला संज्ञान में है। शीघ्र खुलासा कर दिया जायेगा।

# पूर्व प्रधान और बेटे पर केस होने के बाद अनशन समाप्त

- नेबुआ नौरंगिया के एक गांव में पिछले सोमवार से चल रहा था आमरण
- एसडीएम ने एक सप्ताह के अंदर जमीन की पैमाइश कराने का दिया भरोसा

पिपरा बाजार, हिन्दुस्तान संवाद। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार से शुरू हुआ आमरण अनशन पडरौना एसडीएम की मौजूदगी में बुधवार को समाप्त हुआ। पूर्व प्रधान व उसके बेटे पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। एक सप्ताह में जमीन की पैमाइश कराने का भरोसा देकर अनशन को समाप्त कराया।

नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के एक गांव के परिवार ने बगल गांव के पूर्व प्रधान और उसके बेटे पर जबरन फसल जोतने तथा रोकने पर कपड़े फाड़ने और अर्धनग्न करके ट्रैक्टर से कुचलने के प्रयास करने का आरोप लगाकर घर के सामने अनिश्चित कालीन आमरण अनशन शुरू कर दिया था। लिखित तहरीर भेजने के बावजूद कार्रवाई न होने से परिवार में आक्रोश था। अनशन के पहले दिन मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार और नेबुआ नौरंगिया एसओ ने अनशन पर बैठे परिवार को समझाने का प्रयास किया, लेकिन अनशन नहीं टूटा। दूसरे दिन देर शाम को एसडीएम महात्मा सिंह पहुंचे और पैमाइश कराने का लिखित आश्वासन देकर अनशन को समाप्त कराया। प्रभारी एसओ ओमप्रकाश सिंह का कहना है कि एसडीएम पडरौना व पुलिस की मौजूदगी में जमीन पैमाइश कराने का लिखित आश्वासन देकर अनशन को समाप्त कराया गया।

# खड्डा स्टेशन पर युवक बेहोश मिला

खड्डा। दिल्ली जाने के लिए घर से निकला जटहा बाजार थाना क्षेत्र निवासी एक 21 वर्षीय युवक बेहोशी की हालत में खड्डा रेलवे स्टेशन रोड के किनारे मिला। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस बेहोशी हालत में युवक को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुर्कहा में भर्ती कराया, जहां उसकी स्थिति गम्भीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

जिले के जटहा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम जंगल जत्था निवासी अरुण शर्मा पुत्र घूरा शर्मा बुधवार की सुबह परिजनों से दिल्ली जाने की बात कहकर बैग आदि सामान लेकर घर से निकला और वह आनन्द विहार दिल्ली जाने वाली ट्रेन पकड़ने खड्डा पहुंच गया, जहां वह स्टेशन रोड पर स्थित एक निजी अस्पताल के सामने गड्ढे में बेहोशी की हालत में मिला। उधर से गुजर रहे कस्बा निवासी गुड्डू गुप्ता की नजर उस पर पड़ी तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी।

# नेबुआ नौरंगिया थाने के दीवान का ऑडियो वायरल

**नेबुआ नौरंगिया, हिन्दुस्तान संवाद।** सोशल मीडिया पर नेबुआ नौरंगिया थाने के एक दीवान का कथित ऑडियो वायरल हो रहा है। उसमें दीवान व पीड़ित पक्ष से बातचीत में रुपये की बात कही जा रही है। हिन्दुस्तान वायरल ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है।

क्षेत्र के तमाम सोशल मीडिया ग्रुपों में एक ऑडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक व्यक्ति द्वारा थाने पर तैनात एक दीवान से बात करते सुना जा रहा है। उसमें फोन करने वाले व्यक्ति कई बार रुपये का नाम लेते हुए केवल छह हजार की व्यवस्था करने की बात कर रहा, जबकि दीवान द्वारा हर बार रुपये का नाम लेने से मना करते हुए मिलने के लिए बुलाया जाता है। फोन करने वाले व्यक्ति द्वारा मिलने न आकर पुनः फोन कर रुपये देने की बात की जा रही है। जिससे नाराज दीवान द्वारा फोन करने वाले व्यक्ति को अपशब्दों का प्रयोग किया गया है।

> “ वायरल ऑडियो में बातचीत बहुत स्पष्ट नहीं है। सीओ खड्डा को पूरे मामले की जांच सौंपी है। जांच रिपोर्ट के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-धवल जायसवाल,** एसपी

इस सम्बंध में प्रभारी थानाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि वायरल ऑडियो में केवल फोन करने वाले व्यक्ति द्वारा ही पैसे की बात कहीं जा रही, जबकि दीवान कहीं कोई पैसे की बात नहीं कह रहे हैं। प्रथमदृष्ट्या यह पूर्णतः बेबुनियाद लग रहा है। इसके बावजूद मामले की जांच की जा रही है।

# चकबंदी अधिकारी पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

हाटा। हाटा कोतवाली पुलिस ने बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी कुशीनगर के तहरीर पर तत्कालीन चकबंदी अधिकारी कसया धीरेंद्रजीत सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है।

चकबंदी आयुक्त उप्र लखनऊ के आदेश पिछले 13 सितंबर के क्रम में जिलाधिकारी कुशीनगर द्वारा दिए गए 14 सितंबर के निर्देश के क्रम में आलोक कुमार बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी रविन्द्र नगर कुशीनगर ने तत्कालीन चकबंदी अधिकारी कसया धीरेंद्रजीत सिंह के खिलाफ हाटा कोतवाली में मंगलवार को तहरीर दी। इसमें आरोप है कि सिंह ने कसया में कार्यरत अपने समय में सरकारी भूमि की क्षति करते हुए पोखरी, खलिहान आदि सरकारी संपत्ति की विभिन्न गाटा संख्या की संपत्ति को खारिज कर एक व्यक्ति के नाम कर दिया है, जो घोर अपराध है। धीरेंद्र जीत सिंह वर्तमान में इसी पद पर गोरखपुर में तैनात हैं और विभागीय जांच के दौरान निलंबित है।

# बच्चों की शव यात्रा में रो पड़ा पूरा गांव

खड्डा। खड्डा तहसील क्षेत्र के गडहिया बसंतपुर के सामने गुजरी खजुरिया नहर में ऋषि पंचमी के अवसर पर महिलाओं के साथ नहाने ये दो बच्चों की पानी में डूबने से मौत हो गयी थी। बुधवार को उनके पिताओं के आने के बाद अंतिम संस्कार के लिए उनका शव यात्रा निकली, तो पूरा गांव रो पडा। खुजरी श्मशान घाट पर दोनों दोस्तों का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

मंगलवार को ऋषि पंचमी के अवसर पर ग्राम गडहिया बसंतपुर की कुछ महिलाएं व्रत की थी। दोपहर बाद गांव के सामने से गुजरी खजुरिया नहर में नहाने गयी थी। आर्यन 10 वर्ष पुत्र प्रमोद अपनी मां व दोस्त विपिन 13 वर्ष पुत्र रामकृपाल सिंह के साथ भी गया था। महिलाओं को नहाता देख वह दोनों भी नहाने के लिए नहर में उतर गये। नहाने के दौरान दोनों पानी की तेज धारा में लापता हो गये थे। एसडीएम आशुतोष कुमार ने एसडीआरएफ की टीम बुलाकर देर शाम को नहर से शवों की तलाश कर निकलवाया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजना चाहा तो बच्चों के घर वालों ने उनका पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। बुधवार की सुबह दोनों बच्चों के पिता घर पहुंचे।

# मथौली की सड़क से हटा अतिक्रमण

**मथौली बाजार ।** एसडीएम हाटा हीरालाल व ईओ सीमा राय की मौजूदगी में नगर पंचायत मथौली के मेन सड़क पर दोनों तरफ हुए अतिक्रमण को हटाया गया। कस्बा के लोगों को स्वंय अतिक्रमण हटाने की सूचना पहले दी गई थी।

बुधवार को एसडीएम हाटा हीरालाल व ईओ सीमा राय की मौजूदगी में जेसीबी लगाकर सड़क के दोनों पटरियों को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। अभियान को किसान इंटर कॉलेज के पास से शुरू किया गया, जो मेन चौराहा हनुमत चौक, हरिओम चौक के रगड़गंज की तरफ जाने वाली चौराहे तक चला।

# कैमरा लगवाने वालों को पुलिस ने किया सम्मानित

**जासं, बुद्धनगरी**: कुशीनगर पुलिस चौकी पर बुधवार को आपरेशन त्रिनेत्र के तहत क्षेत्र में सीसी कैमरा लगवाने वाले तीन लोगों को सम्मानित किया गया।

चौकी प्रभारी विवेक पांडेय ने कहा कि अपराध रोकने व अपराधियों पर नकेल कसने के लिए त्रिनेत्र आपरेशन योजना के अंतर्गत सीसी कैमरा लगवाने के लिए जनप्रतिनिधियों व अन्य को प्रेरित किया जा रहा है। सहयोग करने वालों को पुलिस सम्मानित भी कर रही है। इसी के तहत कुशीनगर तिराहे पर बुद्धनगरी सभासद केशव सिंह ने चार, भैंसहा में प्रधान प्रतिनिधि सुधाकर राय ने आठ और पूर्व प्रधान सुरेंद्र सिंह ने पकवाइनार में दो सीसी कैमरे लगवाए हैं। चौकी प्रभारी पांडेय ने इनके सहयोग के प्रति आभार प्रकट करते हुए गाजे-बाजे की धुन के बीच माल्यार्पण कर इनको सम्मानित किया। इस मौके पर प्रमोद वर्मा, रमेश सिंह, एसआइ सत्य प्रकाश तिवारी, हेड कांस्टेबल साहिल यादव, रवि प्रकाश सिंह, संजय गुप्ता, राहुल प्रजापति आदि उपस्थित रहे।



चौकी इंचार्ज विवेक पांडेय के साथ त्रिनेत्र आपरेशन के तहत सीसी कैमरा लगवाने वाले लोग • जागरण

# गोवंश के साथ तीन गिरफ्तार

**जासं, तरयासुजान:** क्षेत्र के सुमही बुजुर्ग उर्फ मेंहदिया के समीप तरयासुजान पुलिस ने बुधवार को चार गोवंश बरामद कर महिला सहित तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। तस्कर गोवंश काटने जा रहे थे। इनके पास से धारदार हथियार व लकड़ी का टुकड़ा बरामद हुआ। एसएचओ अमित शर्मा टीम के साथ गश्त पर थे।

सुमही बुजुर्ग उर्फ मेंहदिया के समीप पैदल गोवंश लेकर जा रही महिला व दो पुरुषों को रोक पुलिस ने पूछताछ की तो वे उचित जवाब नहीं दे सके। सख्ती बरतने पर तस्करों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। बताया कि गोवंश काटने जा रहे थे। उनके पास से धारदार हथियार, रस्सी, लकड़ी का टुकड़ा बरामद हुआ। तस्करों की पहचान हरिहर यादव चौरइया पोखरा व अरशद उर्फ छोटू बसहिया बनवीरपुर थाना कोतवाली पडरौना के रूप में हुई।

# चोरी की बाइक व मोबाइल के साथ एक गिरफ्तार

**खड्डा:** क्षेत्र के बंजारीपट्टी गांव के सामने नहर के समीप बुधवार को खड्डा पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ चोर को गिरफ्तार किया। उसके पास से चोरी का मोबाइल भी बरामद हुआ है। चोर की पहचान कप्तानगंज के चांदनी चौक निवासी सलीम खान के रूप में हुई। एसएचओ आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

**धोखाधड़ी का आरोपित गिरफ्तार:** पडरौना, कोतवाली पुलिस ने बुधवार को नगर के छावनी मोहल्ले के समीप धोखाधड़ी के मुकदमे में वांछित संदीप चौहान चौराखास थाना रवींद्रनगर धूस को गिरफ्तार किया। कोतवाल राजप्रकाश सिंह ने बताया कि वह काफी समय से फरार चल रहा था। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। टीम में निरीक्षक चतुर्भुज पांडेय आदि शामिल रहे।

# एंटी रोमियो टीम ने चलाया जांच अभियान चार को चेतावनी दे छोड़ा

**जासं, तुर्कपट्टी**: तुर्कपट्टी पुलिस ने बुधवार को एंटी रोमियो अभियान के तहत तुर्कपट्टी-कसया मार्ग पर छहूं स्थित पेट्रोल पंप के समीप जांच अभियान चलाया। टीम ने चार संदिग्धों की पूछताछ कर उन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया। थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह के निर्देश पर एसआइ आकाश कुमार ग्वाल, महिला कांस्टेबल ममता कुमारी व कां. लक्ष्मण ने पेट्रोल पंप के समीप महिलाओं व स्कूल से वापस जा रही छात्राओं से बातचीत की। उन्हें सुरक्षा का अहसास कराया। कहा कि अगर कोई भी समस्या हो तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। पुलिस आपकी तुरंत मदद करेगी। एंटी रोमियो की टीम की नजर कालेजों के बाहर खड़े रहने वालों शोहदों पर रही। पुलिस की इस कार्रवाई से कालेजों के इर्द-गिर्द घूमने वाले मौके से फरार हो गए। टीम ने एक विद्यालय के समीप घूम रहे चार संदिग्ध युवकों से पूछताछ की तथा चेतावनी देकर छोड़ दिया।

# व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस सतर्क

- पुलिस लाइन सभागार में व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक, एएसपी ने दिया समाधान का भरोसा
- व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक में सीसी कैमरे लगवाने का किया गया आह्वान



पुलिस लाइन सभागार में व्यापारियों की बैठक को संबोधित करते अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह (बीच में) ● जागरण

**जासं, पडरौना:** पुलिस लाइन सभागार में बुधवार को व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक हुई। इसमें व्यापारियों ने नगर में रोज लगने वाली जाम की समस्या के साथ विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। एएसपी रितेश कुमार सिंह ने समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया।

कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रतिबद्ध है। अगर किसी व्यापारी को कोई दिक्कत है तो वह अपनी समस्या सीधे थानेदार या उच्चाधिकारियों को बता सकता है। उन्होंने व्यापारियों से आह्वान किया कि दुकानों में उच्च क्षमता वाला सीसी कैमरा अनिवार्य रूप लगवाएं, जिससे प्रवेश द्वार तथा प्रतिष्ठान के सामने की गतिविधियां आसानी से कवर हो सकें। कहा कि अगर कोई पुलिसकर्मी किसी व्यापारी को परेशान करता है तो वह निडर होकर उच्चाधिकारियों को बताएं। व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा।

नगर समेत जिले भर में भीड़भाड़ वाली जगहों पर पुलिस का मूवमेंट बढ़ाया गया है। त्योहार व पर्व आदि के समय शहर, कस्बों व बाजार में पिकेट की स्थापना कर हर गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी, ताकि व्यापारियों को किसी तरह की कोई असुविधा न होने पाए। व्यापारियों की ओर से अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री व जिलाध्यक्ष सचिन चौरसिया ने पडरौना नगर में रोज लगने वाली जाम की समस्या के अलावा भीड़भाड़ वाले गुदरी बाजार में शाम के समय तथा रात में नियमित पुलिस गश्त सुनिश्चित कराने तथा सड़कों पर हुए अतिक्रमण पर रोक लगाने की मांग की। इस पर एएसपी ने शीघ्र आवश्यक कदम उठाए जाने का आश्वासन दिया। कहा कि आपसी समन्वय बनाकर समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। बैठक में मनीष सोनी, संतोष वर्मा, अभय अग्रवाल, अजय कुमार गुप्त, यातायात निरीक्षक सत्य सान्याल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने गांजा के साथ एक को किया गिरफ्तार

**जासं, पडरौना:** कोतवाली पुलिस ने सिधुआ बाजार के समीप बुधवार को गांजा के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान गोलू चौहान मोहनपट्टी थाना कोतवाली के रूप में हुई। कोतवाल राजप्रकाश सिंह मातहतों संग गश्त पर थे। सूचना मिली कि तस्कर नगर की ओर आ रहा है। सिधुआ बाजार पहुंच टीम तलाश में लग गई। इस बीच संदिग्ध युवक को रोक तलाशी ली तो उसके पास झोले में गांजा मिला, जिसकी मात्रा 1.100 किग्रा पाई गई। उसने बताया कि वह गांजे की खेप बगहा बिहार से लेकर आ रहा था। कोतवाल ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर लिया गया है।

## पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग

पडरौना : भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष प्रियेश गोंड ने कसया पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। एसपी को सौंपे पत्रक में लिखा है कि मेरे द्वारा 24 फरवरी को दिए तहरीर में पुरातत्व अधिकारी के विरुद्ध मुकदमा 39 दिन बाद दर्ज किया गया। इसके बदले मेरे ही विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। पीड़ित ने जांच करा कर दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। (विज्ञप्ति)

# छात्रों के बीच मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**जासं, पटहेरवा** : क्षेत्र के फाजिलनगर कस्बा स्थित इंटर कालेज के छात्रों के बीच बीते दिनों हुई मारपीट की घटना में पटहेरवा पुलिस ने बुधवार को तीन के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया। तुर्कपट्टी के पिपरा रज्जब की उर्मिला ने तहरीर देकर बताया है कि उनका पुत्र पावानगर महावीर इंटर कालेज फाजिलनगर में कक्षा 11वीं में पढ़ता है।

घटना के दिन 18 सितंबर को सुबह साढ़े नौ बजे अपनी कक्षा में बैठा था। इस बीच आए कक्षा 10वीं के छात्रों ने बेल्ट आदि से मारने लगे। बचाने आए छात्र अनीस यादव को भी आरोपितों ने पीट दिया।

एसएचओ अनिल उपाध्याय ने बताया कि आरोपित राज शर्मा, अमन व अनूप चौहान के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना की जा रही है।

## विद्यालय में चोरी

भैरोगंज : पडरौना कोतवाली के ठोरी मोड़ पर स्थित प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार रात चोरी की घटना सामने आई है। सुबह विद्यालय पहुंचे प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार को घटना की जानकारी हुई और कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। बताया कि रसोई घर से बर्तन, राशन आदि गायब है। कोतवाल राजप्रकाश सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है। जल्द ही पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

# मुकदमा दर्ज कराने की मांग

**जासं, पडरौना** : भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष आमिर असदुल्लाह सिद्दकी ने बाइक चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

थाने में दिए गए तहरीर में लिखा है कि वह 14 सितंबर को सदर तहसील में गए थे, जहां बाइक खड़ी कर अंदर गए, वहां से लौटे तो बाइक गायब मिली। पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कर मामले में कार्रवाई की मांग की है।

# सात वर्ष से बंद है पुलिस पिकेट

- कुकुत्था नदी पर आते रहते हैं विदेश पर्यटक
- नहीं है सुरक्षा का इंतजाम, बना रहता है डर

**जासं, जोकवा बाजार:** तुर्कपट्टी व कसया की सीमा के बीच मधुरिया कुकुत्था नदी पर बना पुलिस सहायता केंद्र सात वर्षों से बंद पड़ा है। इसके चलते यहां पर आपराधिक घटनाएं बढ़ गई हैं।

वर्ष 2012 में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक विजय कुमार गर्ग द्वारा यहां पर अस्थायी पुलिस पिकेट की स्थापना की गई थी। बाद में तत्कालीन जिलाधिकारी आर. सैम्फिल ने नदी के महत्व को देखते हुए इसे स्थाई रूप से संचालित करने का निर्देश दिया। इसके बाद यहां पुलिसकर्मियों की दिन-रात ड्यूटी लगने लगी। इसका असर हुआ कि सुनसान इस इलाके में अपराध की घटनाएं कम हो गईं।

वर्ष 2017 में पिकेट बंद हो गया। कुछ माह पूर्व यहां पर प्रकाश के लिए लगे तीन हाई मास्क लाइट की छह बैट्रियां व चार पैनल चोरी हो गया। पिकेट बंद होने से आपराधिक तत्वों का आना-जाना लगा रहता है। बीते 18 जून की रात पिकेट के समीप नदी में युवती का शव मिला था। शव की पहचान नहीं हुई। इसी तरह चार जुलाई की रात यहां बदमाश असलहे के बल पर पिकअप लूट लिए।

ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस पिकेट चालू हो जाए तो आपराधिक घटनाओं में कमी आएगी। एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं था। पता करा रहा हूं। कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पुलिस प्रतिबद्ध है।




कुकुत्था नदी के किनारे बंद पुलिस सहायता केंद्र● जागरण

## रहती है पर्यटकों की आवाजाही

कुकुत्था नदी भगवान महात्मा बुद्ध से जुड़ी होने से यहां पर विदेशी पर्यटकों का आना-जाना रहता है। पुलिस पिकेट बंद हो जाने से पर्यटकों की सुरक्षा भगवान भरोसे है।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

## किसान इंटर कालेज से हरिओम चौक तक होगा सौंदर्यीकरण

जासं, मथौली बाजार: एसडीएम हीरालाल के निर्देश पर बुधवार को मथौली कस्बा के मेन चौराहे पर बुलडोजर चलवाकर अतिक्रमण हटाया गया। नगर पंचायत की ओर से यहां सौंदर्यीकरण और पथ प्रकाश की व्यवस्था कराई जाएगी। अतिक्रमण हटवाने के लिए नगर पंचायत की ओर से सभी दुकानदारों व मकान मालिकों को नोटिस दी गई थी।

नोटिस में हाटा-कप्तानगंज मार्ग के किनारे किसान इंटर कालेज से हरिओम चौक तक अतिक्रमण हटा लेने को कहा गया था। कुछ लोगों ने खुद अतिक्रमण हटा लिया था। जहां नहीं हटाया गया था, वहां प्रशासन ने बुलडोजर चलवा दिया। चेयरमैन नवरंग सिंह ने बताया कि कस्बा में हाटा-कप्तानगंज मार्ग के दोनों तरफ सौंदर्यीकरण होना है। पथ प्रकाश की भी व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान ईओ सीमा राय, थानाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, जेई कृष्ण कुमार मद्धेशिया, कानूनगो संजय गुप्ता, लेखपाल अमित कुमार, लिपिक हरेराम शर्मा, सभासद प्रिंस जायसवाल, रामकृपाल यादव, रवींद्र सैनी आदि मौजूद रहे।



मथौली कस्बा में अतिक्रमण हटाता बुलडोजर ● जागरण

# मेरी मईया का दरबार निराला है..

जासं, गोबरही: कान्हा सेवा समिति अहिरौली राजा के तत्वावधान में मंगलवार की रात भगवती जागरण का आयोजन किया गया। भक्ति गीतों पर श्रोता झूमते रहे। सल्लू सलमान ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

सन्नी सांवरिया ने देखो मेरी मईया का दरबार निराला है..., मां मेरी मुरादें पूरी कर दे... गाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। विवेक राव ने चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है... को सुनाया। रोबिना ने मां काली का तांडव नृत्य, छप्पन भोग, गणेश आदि की झाकियां प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। मुख्य अतिथि प्रभारी निरीक्षक थाना कसया डा.आशुतोष तिवारी ने भजन गायकों को चुनरी ओढाया। कहा कि सनातन धर्म से बड़ा कोई धर्म नहीं है। पूरी दुनिया में इसका सम्मान किया जाता है। जिपंस प्रतिनिधि सतवंत यादव, ग्राम प्रधान डिंपल पांडेय, अमित राव, शिवम मद्धेशिया आदि उपस्थित रहे।



गायक सन्नी सांवरिया को चुनरी ओढ़ाते एसएचओ डा. आशुतोष तिवारी। जागरण

# चोरी की बाइक और चार मोबाइल फोन के साथ एक गिरफ्तार

खड्डा। पुलिस ने चोरी की एक बाइक और चार मोबाइल के साथ एक को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह ने बताया कि बुधवार की दोपहर बंजारीपट्टी नहर के पुल के पास वाहनों की जांच की जा रही थी। उसी दौरान एक बाइक सवार को रोककर पूछताछ की गई तो उसकी बाइक चोरी की निकली। संवाद

## चार गोवंश के साथ दो गिरफ्तार

पडरौना। तरयासुजान पुलिस ने बुधवार को चार राशि गोवंश के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गोवंशों को मुक्त कराते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार शर्मा ने बताया कि हरिहर यादव निवासी ग्राम चौरईया पोखरा थाना पडरौना और अरसद उर्फ छोटू निवासी बसईया बनबीरपुर थाना पडरौना के पास से चार राशि गोवंश बरामद किया है। उनके पास से गोवंशों के अलावा एक अदद लोहे का बांका, एक अदद चाकू, एक अदद प्लास्टिक आदि बरामद हुआ है। संवाद

## सड़क पर बेसुध मिले युवक को अस्पताल भेजवाया

खड्डा। स्टेशन रोड के पास जटहा थाना क्षेत्र का एक युवक बेसुध अवस्था में जमीन पर पड़ा मिला। पुलिस पर पहुंची पुलिस तुर्कहा सीएचसी में भर्ती कराया, जहां इलाज चल रहा है। बुधवार की शाम रेलवे स्टेशन रोड के पास युवक बेसुध हाल में जमीन पर पड़ा था मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें एम्बुलेंस से तुर्कहा सीएचसी ले गई। युवक अपना नाम अर्जुन शर्मा निवासी जटहा बाजार बता रहा था। संवाद

# छात्राओं ने समझी पुलिस की कार्यप्रणाली

### उदित नारायण पीजी कॉलेज में एमए और बीए की छात्राओं ने मालखाना, महिला हेल्प डेस्क को देखा

पुलिस की पाठशाला

संवाद न्यूज एजेंसी



पडरौना सदर कोतवाली परिसर में पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम को संबोधित करते एएसपी रितेश सिंह। संवाद



पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं। संवाद

**पडरौना।** नगर के उदित नारायण पीजी कॉलेज की एमए और बीए की छात्राओं ने बुधवार को कोतवाली पहुंचकर पुलिस की कार्यप्रणाली समझी। इसमें छात्राओं ने पुलिस से कई सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासा को शांत किया। एएसपी ने पुलिस की कार्यशैली और सरकार की तरफ से आम लोगों की सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तार से जानकारी दी।

अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से आयोजित पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम के तहत कोतवाली पहुंचे छात्राओं का कोतवाल राज प्रकाश सिंह ने स्वागत किया। इसके बाद छात्राओं ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र आने से लेकर रिपोर्ट दर्ज होने, आरोपी को हवालात में बंद रखने व उसे जेल भेजने के विषय में जानकारी हासिल की। छात्राओं ने इस दौरान कोतवाली परिसर, महिला हेल्प डेस्क, साइबर सेल, सीसीटीएन कक्ष, माल गृह और कार्यालय का भ्रमण किया। अपराध और त्योहार रजिस्टर का भी निरीक्षण किया।

एएसपी रितेश कुमार सिंह ने बताया कि समय के साथ पुलिस की कार्यप्रणाली में काफी बदलाव आया है। पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल से अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली और चुनौतियां बच्चों से साझा की। उन्होंने ने बताया कि मोबाइल फोन का चलन बढ़ने के बाद पुलिस के सामने नई चुनौतियां आईं हैं। 112, 1090, 1930 समेत अन्य पुलिस हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि ये हेल्पलाइन नंबर 24 घंटे सक्रिय रहती है। एमए की छात्रा ने पुलिस की कार्यप्रणली के बारे में जानकारी ली। बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा स्वाती सिंह ने एआई से जुड़े सवाल किए। अंकित मिश्र व आशीष कुमार ने साइबर सेल और आराधना पांडेय ने मिशन शक्ति के बारे में जानकारी मांगी।

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर या अन्य किसी माध्यम से कोई तंग करता है, तो पहली बार ही उसका विरोध करें। यदि गलती से भी आपकी तरफ से मौन सहमति मिली तो अपराधी का हौसला बढ़ जाएगा, जिससे आपको नुकतान हो सकता है। इसी तरह एएसपी अन्य सभी छात्राओं के प्रश्नों का एक-एक कर जबाब दिया। इस दौरान एसएसआई राजेश कुमार विश्वकर्मा, एसआई चंदा रहीं।

# सीसीटीवी कैमरा लगवाने वाले सम्मानित



**पकवा इनार।** कुशीनगर मुख्य प्रवेश द्वार तिराहे पर आपरेशन त्रिनेत्र योजना के तहत बुधवार को सम्मान कार्यक्रम हुआ। इसमें भैंसहा ग्राम पंचायत, पकवाइनार व कुशीनगर मुख्य प्रवेश द्वार तिराहे पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने वाले ग्राम प्रधान प्रतिनिधि, पूर्व ग्राम प्रधान व बुद्ध नगरी वार्ड सभासद को पुलिस ने सम्मानित किया।

कुशीनगर चौकी प्रभारी विवेक पांडेय ने कहा कि अपराध रोकने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए त्रिनेत्र योजना के तहत सीसीटीवी कैमरा लगवाने के लिए जनप्रतिनिधि और अन्य सक्षम लोगों को प्रेरित किया जा रहा है।

चौकी क्षेत्र के भैंसहा ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुधाकर राय के सहयोग से ग्राम सचिवालय भवन पर चार व हेतिमपुर बाजार में चार सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। संवाद

# रहें होशियार : फर्जी आधार कार्ड से बैंक खाता कर दे रहे खाली

## शनिवार को जिले में पकड गए थे तीन अंतरराज्यीय साइबर ठग

संवाद न्यूज एजेंसी

**कुशीनगर।** जनसेवा केंद्रों और साइबर कैफे में फर्जी आधार कार्ड धड़ल्ले से बनाए जा रहे हैं। इसका इस्तेमाल बैंक खातों से रुपये निकालने में हो रहा है। अभी बीते शनिवार को ही जिले में पकड़े गए अंतरराज्यीय साइबर ठगी गैंग के तीन सदस्यों ने यह राज उगला था कि कैसे सीएससी से मिलकर गांव के भोले-भाले गरीब लोगों को पैसों का लालच देकर खाते खुलवाने के लिए उनके आधार व फिंगर के इस्तेमाल से नए सिमकार्ड निर्गत करते हुए इकट्ठा करते हैं।

फिर उनके नाम से खाता खुलवाकर उसमें बिना उनकी जानकारी के फर्जी सिमकार्ड से खाता लिंक करवा देते हैं और फिर उसी सिम नंबर के प्रयोग से उन खातों में बिना उनकी जानकारी के ऑनलाइन (अधिक से अधिक धनराशि) फर्जी तरीके से पैसे का लेन-देन करते हैं। इस तरह के खातों पर पासबुक, चेकबुक व एटीएम कार्ड भी प्राप्त कर लेते हैं।

आधार कार्ड बनवाने के लिए लोगों को डाकघर, बैंक शाखाओं और विभिन्न जगहों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। इसके बाद भी उन्हें महीने भर तक आधार कार्ड आने का इंतजार करना पड़ रहा है। वहीं, शहर में कई जगहों पर फर्जी आधार कार्ड बनाने का खेल चल रहा है। महज 250 से 300 रुपये देकर आधे घंटे के भीतर फर्जी आधार कार्ड बन जा रहा है। इसमें केवल फोटो असली लग रहा है, बाकी सारी जानकारी फर्जी दर्ज कर दी जा रही है। इसके लिए न निवास प्रमाणपत्र और न ही किसी और दस्तावेज की जरूरत पड़ रही है। पुलिस विभाग

### 250 से 300 रुपये में कुछ साइबर कैफे और जन सेवा केंद्र संचालक बना देते हैं फर्जी आधार कार्ड

कुशीनगर जनपद में साइबर ठगों का गिरोह फर्जी आधार कार्ड भी बनाकर ठगी कर रहा है। इसके जरिये बैंकों में खाते खुलवाकर लोगों से ठगी कर रहा है। ऐसे अपराधियों को चिह्नित किया जा रहा है। अभी शनिवार को एक बड़े गैंग को पकड़ा गया था। अभी और भी निशाने पर हैं। जांच-पड़ताल चल रही है।

**-धवल जायसवाल,** पुलिस अधीक्षक

के जांच-पड़ताल में भी यह बात सामने आ चुकी है कि जनपद में धड़ल्ले से फर्जी आधारकार्ड बनाए जा रहे हैं। अभी शनिवार को पुलिस ने फर्जी आधार कार्ड बनाकर खाते से ठगी करने वाले अंतरराज्यीय ठग गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया था, जिनके पास भोले-भाले व्यक्तियों के खातों का प्रयोग कर गायब किए गए 51 हजार रुपये, 64 फर्जी सिम कार्ड, 20 फर्जी आधार कार्ड, 11 पासबुक, पांच मोबाइल और बाइक बरामद हुई थी। इन साइबर ठगों ने आठ फर्जी खातों में लगभग एक करोड़ 20 लाख रुपये की हेराफेरी की थी।

ये सेवरही थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किए गए थे। जनपद में अपनी गतिविधियों के बारे में पुलिस को जानकारी भी दी थी, जिस पर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

**साइबर ठग फर्जी आधार के सहारे ऐसे गायब कर देते हैं खाते से रुपये :** पुलिस की पूछताछ में अंतरराज्यीय साइबर ठगों ने बताया था कि गैंग के सदस्य जगह-जगह स्थित सीएससी सेंटर पर संपर्क करते हैं। उनसे मिलकर गांव के भोले-भाले गरीब लोगों को खाता खुलवाने के लिए पैसों का लालच देते हैं। उनके आधार व उनके फिंगर के इस्तेमाल से नए सिम निर्गत करते हुए इकट्ठा करते हैं। उसके बाद उनके नाम से अकाउंट खुलवाकर खाते में बिना उनकी जानकारी के फर्जी सिम से अकाउंट लिंक करवा देते हैं।

फिर उसी सिम नंबर के प्रयोग से उन खातों में बिना उनकी जानकारी के ऑनलाइन (अधिक से अधिक धनराशि) फर्जी पैसों का लेन-देन करते हैं। उन भोले-भाले व्यक्तियों के खातों से संबंधित पासबुक, चेकबुक व एटीएम कार्ड प्राप्त कर लेते हैं। उसका उन लोगों को पता नहीं लग पाता है।

इसके बाद इन अंतरराज्यीय साइबर ठगों की ओर से ऑनलाइन हैकरों को वही अकाउंट 14,000 रुपये में बेचकर उसमें भिन्न-भिन्न प्रदेशों और जनपदों से साइबर फ्रॉड किए गए रुपयों को मंगाते हैं। फिर साइबर ठग उस रकम को निकाल लेते हैं।

### सतर्क रहें, इन कार्यों में भी हो रहा फर्जी आधार कार्ड का उपयोग

असली की तरह दिखने वाले इस नकली आधार कार्ड को बनाने के लिए किसी पहचान पत्र की भी मांग नहीं की जाती। पड़ोसी प्रांत बिहार हो या दूर दराज प्रांत का निवासी, अगर उसे चोरी-छिपे शहर में किराए का कमरा लेना हो तो यह फर्जी आधार कार्ड मददगार साबित हो रहा है। पहचान छिपाकर होटल में ठिकाना बनाने व निजी कंपनियों में नौकरी पाने के लिए ऐसे आधार कार्ड का इस्तेमाल किया जा रहा है।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-21-09-2023

# डीएम को पत्र देकर विरोध जताया

निचलौल। चकबंदी कर्मचारियों और अधिकारियों को राजस्व विभाग में प्रतिनियुक्ति/ सेवा स्थानांतरण किए जाने के विरोध में बुधवार को राजस्व प्रशासनिक अधिकारी संघ इकाई के पदाधिकारियों ने डीएम को पत्रक सौंपा। इस दिन इन अधिकारियों ने काली पट्टी बांधकर भी विरोध जताया। सदर तहसीलदार राजेश यादव ने कहा कि चकबंदी अधिकारी और कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति का प्रबल विरोध किया जा है।

# बॉर्डर पर हरी सब्जी के साथ 15 लोग पकड़े गए

निचलौल। बरगदवा के नेपाल बॉर्डर पर बुधवार को पुलिस ने हरी सब्जी की खेप बरामद किया है। इस दौरान पुलिस ने 15 बाइक के साथ 15 लोगों को भी पकड़ लिया। पुलिस ने पकड़ी गई हरी सब्जी को सीज कर निचलौल कस्टम को सौप दिया है। कस्टम अधीक्षक रविंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि भारत नेपाल बॉर्डर पर बरगदवा पुलिस ने 15 बाइक पर लदी हरी सब्जी का खेप बरामद कर ली।

# हादसे में घायल की इलाज के दौरान मौत

नौतनवा। कस्बे के गांधी चौक के समीप बीते13 सितम्बर को दो बाइक की टक्कर में घायल रिंकू चौधरी की बुधवार को लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। नौतनवा थाना क्षेत्र के महुअवा नंबर एक गांव के रहने वाला रिंकू चौधरी अपने दोस्त आजम शाह के साथ बीते 13 सितंबर को बाइक से सोनौली गया था। लौटते समय गांधी चौक के समीप सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई थी। इस हादसे में रिंकू चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गया था।

# बिजली शिविर में 25 शिकायतें निस्तारित

श्यामदेउरवां। परतावल विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र के उपभोक्ताओं की बिजली समस्या का त्वरित निस्तारण के लिए बुधवार को श्यामदेउरवा में शिविर आयोजित हुई। शिविर में 25 उपभोक्ताओं ने बिजली समस्या का निस्तारण के लिए आवेदन दिया। टीम ने मौके पर ही उपभोक्ताओं की बिजली समस्या निस्तारित कर दी। 36 उपभोक्ताओं का कनेक्शन चेक किया गया।

# जेठानी के खिलाफ देवरानी ने की शिकायत

**सिंदुरिया।** मिठौरा निवासी सकिना पत्नी नूरेज आलम ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि जेठानी से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। मामला कोर्ट में है। उनके पति रोजी-रोजगार के सिलसिले में बाहर रहते हैं। एक माह से घर पर हैं। जेठानी उसके पति को फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रही है। मुकदमे में फंसाने की भय से वह मिठौरा में स्थित अपने निजी मकान नहीं कर पा रहे हैं। प्रकरण में जांच कर कार्रवाई की मांग महिला की है।

# जल जागरूकता कार्यशाला आयोजित हुई

**भगवानपुर।** नौतनवां के रतनपुर ब्लाक सभागार में बुधवार को ब्लाक स्तरीय जल जागरूकता कार्यशाला हुई। कार्यशाला में जल जीवन मिशन से संबंधित जल सखियों को जानकारियां दी गई। लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से संज्ञान टीम के वैन को एडीओ पंचायत रामकृष्ण प्रसाद और एडीओ आईएसबी बिसमिल्लाह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वैन गांवों में जाकर नलों की जांच करने के साथ ही लोगों को जागरूक करेगी।

# बकरी चराने के विवाद में मारपीट, चार पर केस

**निचलौल।** निचलौल थानाक्षेत्र के ग्राम करमहिया में खेत में बकरी चराने के विवाद में चार महीने पहले हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दी गई तहरीर में ग्राम करमहिया निवासिनी जहरीना खातून ने बताया है कि खेत में लगाई गई मक्के की फसल में गांव के एक व्यक्ति की बकरी जाकर चरने लगी, इसका विरोध करने पर इन लोगों द्वारा गाली देते हुए लाठी डंडा से उसे मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी।

# दवा की चार दुकानों के नहीं मिले वैध कागजात

**छापेमारी**

निचलौल, हिन्दुस्तान संवाद। प्रशासन और ड्रग इंस्पेक्टर की टीम ने बुधवार को निचलौल क्षेत्र के शीतलापुर खेसरहा में दवा की चार दुकानों पर छापेमारी की। इस दौरान इन दुकानों के वैध कागजात नहीं मिले। टीम ने इन दुकानों से तकरीबन सवा लाख रुपए की दवा को निचलौल थाना में सीज कर रखवाया है। टीम ने दवाओं के नमूना को राजकीय विश्लेषक प्रयोगशाला लखनऊ में जांच के लिए भेजा है।

अभियान में नायब तहसीलदार निचलौल नवीन निश्चल त्रिपाठी के नेतृत्व में की टीम ने शीतलापुर खेसरहा में संचालित चार दवा की दुकानों पर छापेमारी की। इस दौरान इन दुकानों का लाइसेंस नहीं पाया गया। टीम ने इन दुकानों से दवाओं को एकत्र कर लिया और निचलौल थाना में जब्त कर दिया है।



प्रशासन व औषधि विभाग की टीम बुधवार को निचलौल क्षेत्र में जांच-पड़ताल की।

डीआई शिवकुमार नायक ने बताया कि दवाओं के नमूना को राजकीय विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। प्रयोगशाला से रिपोर्ट आने के बाद संबंधित दुकानदार के खिलाफ औषधि अधिनियम के तहत कोर्ट में वाद दाखिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जब्त दवाओं में प्रतिबंधित दवाएं नहीं हैं। उन्होंने बताया कि इन दुकानों को जिन थोक दवा के कारोबारियों ने दवा आपूर्ति किया है, उन्हे चेतावनी दी जा रही है कि वे ऐसी दुकानों को दवा न उपलब्ध कराएं अन्यथा उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

### पिपरा के पास 132 केवी का तार गिरने से गोरखपुर से ही बैकुंठपुर की ठप हो गई थी बिजली आपूर्ति

# 12 घंटे बिजली ठप, 15 लाख लोग परेशान

**बिजली संकट**

महराजगंज, निज संवाददाता। गोरखपुर के मोतीराम अड्डा से 132 केवी बैकुंठपुर विद्युत उपकेंद्र महराजगंज की बिजली बुधवार को आधी रात में ठप हो गई। इससे उपकेंद्र से जुड़े 15 लाख आबादी की बिजली गुल हो गई। बिजली अधिकारी ने दोपहर में आनंदनगर विद्युत उपकेंद्र से शहर की बिजली बहाल कर दी। लेकिन गांवों की बिजली पांच बजे तक बहाल नही हो सकी। लगातार कई घंटे बिजली गुल होने से उमस भरी गर्मी में उपभोक्ताओं की सांसत हो गई।

132 केवी बैकुंठपुर विद्युत उपकेंद्र से 15 लाख आबादी रोशन होती है। उपकेंद्र को 220 केवी मोतीराम अड्डा गोरखपुर से मेन सप्लाई होती है। बुधवार की आधी रात को पिपरा के पास 132 केवी तार टूटकर गिर गया। इससे बैकुंठपुर विद्युत उपकेंद्र की बिजली गुल हो गई। मोतीराम अड्डा बिजली घर के अधिकारी सुबह में मौके पर पहुंचे। टूटे हाईटेंशन तार को ठीक करने में जुट गए। लेकिन तार ठीक करने में दोपहर हो गया। गुरूवार को 12 बजे तार ठीक कर बैकुंठपुर बिजली घर को आपूर्ति शुरू कर दी। ऐसे में लगातार 12 घंटे बिजली गुल होने से 15 लाख आबादी की उमस भरी गर्मी में सांसत हो गई।

**200 गांवों की बिजली शाम पांच बजे तक नही हुई बहाल:** गोरखपुर से बिजली आपूर्ति होते ही 132 केवी बैकुंठपुर के 33/11 बैकुंठपुर बिजली घर में लगा 20 केवी ट्रांसफार्मर में तकनीकि खराबी हो गई। इससे बिजली घर से जुड़े आठ फीडर के 200 गांवों की बिजली गुल हो गई। शाम पांच बजे तक ट्रांसफार्मर में आई तकनीकि खराबी को ठीक नही किया जा सका। लगातार 17 घंटे से ठप बिजली से उपभोक्ताओं को काफी दुश्वारियां हुई।

**शहर फीडरों को आनंदनगर बिजली घर से आपूर्ति कर दी बहाल**

33/11 केवी बैकुंठपुर विद्युत उपकेंद्र में लगे 20 केवी ट्रांसफार्मर में तकनीकि खराबी होने से नगर पालिका महराजगंज की बिजली गुल हो गई। बिजली अधिकारी ने शहर फीडर महराजगंज और जलकल को आनंदनगर फीडर से जोड़कर दोपहर में सप्लाई बहाल कर दी।

**जनरेटर के भरोस हो गए जिला व महिला अस्पताल की बिजली:** बैकुंठपुर विद्युत उपकेंद्र की आधी रात को बिजली गुल होते ही जिला व महिला अस्पताल की बिजली गुल हो गई। सूचना पर अस्पताल प्रशासन ने अस्पताल लाइनमैन को जनरेटर चलाने का आदेश दे दिया। गुरूवार की सुबह से लेकर दोपहर तक जनरेटर से अस्पताल की बिजली आपूर्ति हुई। बीच-बीच में जनरेटर बंद होने से विशेषकर मरीजों को काफी परेशानी हुई।

**पांच बजे तक टूटे पोल को ठीक नही कर पाया विभाग:** बुधवार की आधी रात को तेज हवा के साथ बारिश से कई पोल और तार टूटकर गिर गए। अवर अभियंता की टीम टूटे तार व पोल को ठीक करने में जुट गए। लेकिन शाम पांच बजे तक टूटे तार व पोल को ठीक नही किया जा सका। भगवानपुर संवाद के अनुसार नौतनवा-ठूठीबारी मुख्य मार्ग पर तीन पोल व तार टूटकर गिर गए। पोल व तार गिरने से चार घंटे आवागमन बाधित रहा। बिजली विभाग ने टूटे पोल व तार को हटाकर आवागमन शुरू कर दिया। लेकिन शाम पांच बजे तक गिरे तीन पोल व तार को ठीक नही सका। सोनौली विद्युत उपकेंद्र के भगवानपुर फीडर के लाइनमैन विजय प्रसाद ने बताया टूटे पोल व तार को ठीक करने का कार्य जारी है। बहुत जल्द सप्लाई बहाल कर दी जाएगी।

### इन बिजली घरों की गुल रही बिजली

132 केवी बैकुंठपुर विद्युत उपकेंद्र से 33/11 बैकुंठपुर, भिटौली, परतावल, निचलौल, ठूठीबारी, घुघली, सिसवा, मिठौरा, चौक बाजार और पकड़ी रम्हौली बिजली घर को बिजली आपूर्ति होती है। गोरखपुर से बैकुंठपुर विद्युत उपकेंद्र से बिजली गुल होते ही इन बिजली घरों की बिजली गुल हो गई।

"जिले में गिरे पोल व तार को ठीक करने का कार्य जारी है। बैकुंठपुर विद्युत उपकेंद्र के 20 केवी ट्रांसफार्मर में आई तकनीकि खराबी को दूर करने के लिए अवर अभियंता की टीम लगी है। छह बजे तक ट्रांसफार्मर ठीक कर बैकुंठपुर फीडरों की सप्लाई बहाल कर दी जाएगी।

इंजी. वाईपी सिंह, अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल महराजगंज



बुधवार को परसामलिक क्षेत्र के नौतनवा- ठूठीबारी मुख्य मार्ग पर आंधी पानी से टूटकर गिरा बिजली का पोल व तार। • हिन्दुस्तान

# बालिका से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

## केस दर्ज

फरेंदा, हिन्दुस्तान संवाद। फरेंदा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 6 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस आरोपित को गिरफ्तार कर ली। उसके खिलाफ पॉक्सो, दुष्कर्म आदि आरोप में केस दर्ज किया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपित बीस वर्षीय युवक भी उसी गांव का रहने वाला है। फरेंदा पुलिस को तहरीर देकर पिता ने पूरी घटना की जानकारी दिया। सीओ फरेंदा अनुज कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपित के खिलाफ पॉक्सो एक्ट एवं दुराचार के आरोप में केस पंजीकृत किया गया है। आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# जमीन कब्जा करने का आरोप

खनुआ। कैथवलिया उर्फ बरगदही गांव निवासी राजमन ने एसडीएम नौतनवां मुकेश कुमार सिंह को शिकायती पत्र दिया है। इसमें उन्होंने बताया है कि गांव के एक व्यक्ति ने भाई के 12 डिसमिल जमीन पर कब्जा कर लिया है। मना करने पर व्यक्ति मारपीट पर उतारू हो जा रहा है। उन्होंने एसडीएम से जमीन कब्जामुक्त कराने कीमांग की है।

epaper
हिन्दुस्तान

# गांजा के साथ एक गिरफ्तार

कोटीभार। कोटीभार थाने के उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल अशोक गिरी, प्रदीप सिंह ने सिसवा बाजार रेलवे स्टेशन के पास से एक शख्स के पास दो किलो सौ ग्राम गांजा के साथ पकड़ लिया। आरोपित की पहचान पड़ोसी राज्य बिहार के पश्चिमी चंपारण जनपद के थाना रामनगर निवासी विपिन बरई के रूप में हुई। आरोपित के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# छात्र पर हमला के मामले में मुकदमा दर्ज

निचलौल। निचलौल के ग्राम टिकुलहिया के टोंगरी टोला पर स्कूल जा रहे एक छात्र पर हमला किए जाने के मामले में पुलिस ने बुधवार को मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम हरगावा निवासी छात्र धनंजय कुशवाहा द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि वह अपने स्कूल में पढ़ने जा रहा था, इस बीच रास्ते में उसके गांव का एक युवक उसके ऊपर हमला कर दिया।

# छेड़छाड़ के आरोप में चार के खिलाफ मुकदमा

निचलौल। निचलौल-चिउटहा मार्ग पर रविवार को सुबह टहलने निकली किशोरी के साथ छेड़छाड़ और मोबाइल छीने जाने के मामले में पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में किशोरी की मां ने आरोप लगाया है कि उसकी पुत्री सुबह टहलने निकली थी, इस बीच कुछ युवक छेड़छाड़ कर इनकी पुत्री का मोबाइल छीन लिए। बाद में गांव के लोगों के जुटने पर मोबाइल वापस किए। एसओ सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि किशोरी से छेड़खानी मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# साइकिल व बाइक में टक्कर, दो घायल

पनियरा। मुजुरी चौरी मार्ग पर बुधवार की शाम साइकिल व बाइक में भिड़ंत हो गई। जिसमें दो लोग घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए पीएचसी लाया गया। जहां से दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बताया गया कि माधोनगर निवासी 72 वर्षीय रामचंद्र पासवान सब्जी बेच कर घर जा रहा था और रामनगर निवासी विनोद बाइक से आ रहा था। दोनों की आमने सामने से टक्कर हो गई। जिसमें दोनों घायल हो गए।

# पेड़ से गिरकर युवक की मौत

पनियरा। क्षेत्र के बारहवां वन टांगिया निवासी 45 वर्षीय रामसमुझ की मंगलवार की शाम पेड़ से गिर जाने के कारण मौत हो गई।

प्रधान प्रतिनिधि सुर्यभान सहानी ने बताया कि बारहवां वनटांगिया निवासी रामसमुझ पुत्र महंगू मजदूरी करता था। वह मंगलवार को श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अन्हया टोला रसूलपुर में एक व्यक्ति के निजी पेड़ की डाल काट रहा था। उसी दौरान पेड़ से फिसलने वह नीचे गिर गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए ले जाते समय उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव लेकर घर आए। पुलिस को सूचना दी। रामसमुझ के तीन पुत्र व तीन पुत्रियां हैं। जिसमें दो बेटों की शादी हुई है। थानाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# लेदी में बच्ची की हत्या के बाद पुलिस का पहरा

**फॉलोअप**

झुलनीपुर/ निचलौल, हिन्दुस्तान संवाद। निचलौल थानाक्षेत्र के ग्राम रामचंद्रही के लेदी टोले में पांच वर्ष की बच्ची की नृशंस हत्या की घटना से दूसरे दिन में भी गम व गुस्से का माहौल दिखा। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। वहीं आक्रोश देख गांव में बुधवार को भी पुलिस का पहरा रहा। वहीं बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावक चिंतित हैं।

मंगलवार को दोपहर में लेदी निवासी गणेश की पुत्री रिमझिम को खेलते समय गांव के युवक दीपक ने धारदार हथियार से हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पुलिस ने मृत बच्ची की मां संगीता की तहरीर पर दीपक के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया।



मंगलवार को मासूम की निर्मम हत्या के बाद निचलौल थानाक्षेत्र के ग्राम रामचंद्रही के टोला लेदी में बुधवार को भी पुलिस का पहरा रहा। • हिन्दुस्तान

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट में धारदार हथियार से हमला की हुई पुष्टिः** बच्ची की हत्या के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। मंगलवार की देर शाम को पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी आ गई। इसमें बच्ची पर धारदार हथियार से हमला की पुष्टि हुई है। परिजनों ने देर शाम को बच्ची के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

**जेल भेजा गया हत्या का आरोपी युवकः** लेदी गांव में बच्ची की हत्या के आरोपी दीपक को पुलिस गाड़ी में बैठाकर निचलौल थाना लेकर आ रही थी, इस बीच वह ागने के लिए गाड़ी से कूद गया। इस दौरान उसका एक पैर फ्रैक्चर हो गया था। पुलिस ने जिला अस्पताल में इलाज के बाद बुधवार को उसे जेल भेज दिया।

> लेदी गांव निवासी गणेश की पुत्री रिमझिम की हुई हत्या के मामले में गांव के ही दीपक के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में धारदार हथियार से हमला करने की बात सामने आई है।
>
> सत्य प्रकाश सिंह, एसओ निचलौल

लेदी गांव निवासी गणेश की पुत्री की हत्या के बाद मौके पर पहुंचे एएसपी आतिश सिंह ने मौके की जांच की। पीड़ित परिवार के सदस्यों से मिलकर उनकी स्थिति देखकर डीएम से वार्ता करके परिवार को आर्थिक मदद दिलाने का भरोसा दिलाया।

# वांछित आरोपित गया जेल

जासं, आनंदनगर : बृजमनगंज थाना क्षेत्र के धानी बाजार ग्राम सभा कानापार निवासी बंटी उर्फ सूर्यप्रकाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। चौकी प्रभारी धानी मनोज यादव ने बताया कि आरोपित बंटी पुराने मामले में वांछित था।

# विद्यालय में सीट पर बैठने को लेकर भिड़े छात्र

जासं, नौतनवा : क्षेत्र के एक निजी स्कूल में बुधवार को सीट पर बैठने को लेकर दो छात्रों में विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों तरफ से दर्जनों छात्रों के बीच मारपीट हो गई। मामले की जानकारी छात्रों के स्वजन को हुई तो कई लोगों ने स्कूल घेर लिया। अपशब्द कहने लगे।

सूचना पर पहुंची नौतनवा पुलिस छह छात्रों व उनके स्वजन को थाने ले आई।

क्षेत्र के चकदह गांव में स्थित एक निजी स्कूल में आजाद नगर टोला के बच्चे पढ़ते हैं। बुधवार को कक्षा छह में पढ़ रहे एक छात्र को उसी की कक्षा के छात्र ने सीट पर रखा बैग उठाकर पीछे रख दिया। विरोध करने पर दोनों के बीच मारपीट हो गई। मामले की जानकारी स्कूल की कक्षा सात में पढ़ने वाले बड़े भाई को हुई तो उसने एक छात्र को घूंसा मारा, जिससे उसको चोट आ गई। हाथापाई के दौरान दोनों की शर्ट फट गई। शिक्षकों ने कड़ाई से समझाने का प्रयास किया तो दोनों पक्षों के छात्र गांव में जाकर घटना की जानकारी दिए।

इसके बाद गुस्साए स्वजन गेट पर घंटों स्कूल प्रशासन के विरुद्ध हल्ला करने लगे। इस दौरान एक छात्र के पिता ने एक शिक्षक को थप्पड़ मार दिया। इंस्पेक्टर मनोज कुमार राय ने कहा कि छात्रों को समझा दिया गया है। मोहम्मद रसूल निवासी चकदह टोला आजाद नगर का शांतिभंग में चालान किया गया है।

## गांजा बरामद, एक गिरफ्तार

सिसवा बाजार: स्थानीय पुलिस ने बिहार निवासी एक व्यक्ति को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी सिसवा राजेन्द्र प्रसाद टीम के साथ मंगलवार की देर शाम गश्त पर थे। तभी सिसवा रेलवे स्टेशन के पास एक व्यक्ति संदिग्ध दिखा। तलाशी लेने पर उसके पास से दो किलो सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम बिपिन बरई ग्राम सोनखर पंचायत मोहल्ला शिवपुर कालोनी बिहार बताया। (जासं)

## चार के विरुद्ध मारपीट व एससी एसटी का मुकदमा

निचलौल: युवक को मारने पीटने के मामले में पुलिस ने चार के विरुद्ध मारपीट व एससी एसटी का मुकदमा पंजीकृत किया है। सेमरहना टोला रनियहवां निवासी जितेंद्र भारती ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह गांव के पास पुल पर मटर खाने के दौरान बाइक से चार लोग आए तथा मारने पीटने लगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आकाश कसौधन, ऋषि कसौधन, राजेश कसौधन, विवेक कसौंधन निवासी सिघावे के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। थाना प्रभारी सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। (जासं)

# छापेमारी में दवा की चार दुकानें सील

जागरण संवाददाता, निचलौलः नेपाल सीमा से सटे गांव शितलापुर खेसरहा में बुधवार को औषधि निरीक्षकों की मंडलीय व पुलिस की संयुक्त टीम ने छापा मारा। इस दौरान टीम ने अवैध तरीके से संचालित चार दवा की दुकानों को सील कर दवाओं को जब्त कर लिया।

औषधि निरीक्षक शिवकुमार नायक ने बताया कि सहायक औषधि आयुक्त गोरखपुर द्वारा मंडल स्तरीय टीम गठित की गई है। इसमें औषधि निरीक्षक गोरखपुर जय सिंह, कुशीनगर के दीपक पांडेय व देवरिया के रुद्रेश तिवारी के साथ नायब तहसीलदार नवीन निश्चल त्रिपाठी व शितलापुर चौकी पुलिस के साथ बार्डर से सटे गांव शितलापुर खेसरहा में अवैध रूप से संचालित चार दवा की दुकानों पर छापा मारा गया। इस दौरान टीम ने करीब डेढ़ लाख रुपये की दवा जब्त की है। जिसमें से कुछ दवाओं की जांच के लिए नमूने भी लिए गए हैं। जिन्हें जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला लखनऊ भेजा जाएगा। चारो दुकान संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।



सीमावर्ती गांव रेंगहिया मे मेडिकल स्टोर की जांच करते ड्रग इंस्पेक्टर ● जागरण

# सात साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म, आरोपित गिरफ्तार

जासं, आनंदनगरः क्षेत्र में सात साल की बच्ची के साथ गांव के ही युवक ने दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

स्वजन के अनुसार मंगलवार की रात युवक बच्ची को फुसलाकर सूनसान घर में ले जाकर दुष्कर्म किया। स्वजन जब उसे ढूंढते हुए पहुंचे तो देखे। स्वजन आरोपित को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिए। आरोपित के विरुद्ध दुष्कर्म व पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। एएसपी आतिश कुमार मौके पर पहुंचे। थानाध्यक्ष फरेंदा अजीत कुमार सिंह ने बताया कि युवक को जेल भेजा गया है।

# बच्ची का दफनाया गया शव, हत्यारोपित भेजा गया जेल

जासं, निचलौल /बहुआर: निचलौल थाना क्षेत्र के रामचंद्रही टोला लेदी में पांच वर्षीय रिमझिम की हत्या के बाद गांव में सन्नाटा पसरा है। सिरफरे द्वारा मासूम की हत्या किए जाने से सभी लोग दुखी हैं। पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार की देर शाम बच्ची का शव गांव के पास जंगल में पुलिस अभिरक्षा में दफना दिया गया। सुरक्षा की दृष्टि से गांव में एक दारोगा व दो कांस्टेबल तैनात हैं। हत्यारोपित को जेल भेज दिया गया है।

मृतका की मां संगीता का रो-रो कर बुरा हाल है और वह रह-रह कर अचेत हो जा रही हैं। एक माह पहले पैदा हुआ बेटे की पांच दिन बाद ही मृत्यु हो गई थी, अभी वह उस दुख से उबर नहीं पाई थीं कि बेटी की हत्या ने उन्हें हिला कर रख दिया है। पति गणेश मुंबई कमाने गए थे, बेटी



घटना के बाद लेदी गांव में तैनात पुलिस● जागरण

रिमझिम की हत्या की खबर मिलते ही वह वहां से घर के लिए चल दिए हैं। घटना के पूर्व रिमझिम के साथ खेल रही चार वर्षीय छाया, हत्या की घटना के बाद से ही बदहवास हो गई है। कुछ पूछने पर बोल नहीं रही है। हत्या का दृश्य देखकर वह सदमे में है। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस तैनात है। थाना प्रभारी सत्यप्रकाश सिंह ने बुधवार को गांव में जाकर घटना की जांच की। उन्होंने बताया कि मासूम बच्ची का अंतिम संस्कार करा दिया गया है। घटना के समय मौजूद बच्ची छाया घबराई हुई है, वह कुछ बोल नहीं पा रही।

**सुलेसन, गांजा व नशीली दवा का करता था सेवन :** हत्यारोपित दीपक रहस्यमय व मानसिक विकार से ग्रसित है। ग्रामीणों के अनुसार वह अक्सर गांव से सटे जंगल में पेड़ काटने वाले धारदार औजारों के साथ अकेला घूमता था।



रिमझिम की हत्या की घटना देखने के बाद से बदहवास छाया● जागरण

मृतका के चचेरे भाई रवि, परदेशी व अन्य लोगों ने बताया कि दीपक पंक्चर जोड़ने के सुलेसन, गांजा व नशीली दवा का सेवन करता था। छोटी से बात पर भी टोका-टोकी पर वह हमलावर हो जाता था।

ग्रामीण उसे पागल समझ छोड़ देते थे, पुलिस तक शिकायत लेकर नहीं जाते थे।

### हत्यारोपित को गोरखपुर मेडिकल कालेज से मिली छुट्टी

निचलौल: पुलिस की जीप से कूदने के बाद घायल हत्यारोपित दीपक को बुधवार को गोरखपुर मेडिकल कालेज से छुट्टी मिल गई। उसके दाहिने पैर की हड्डी टूटी है। पांव में प्लास्टर के बाद डाक्टरों ने उसे छुट्टी दे दी। घटना के बाद से ही पुलिस उसे गिरफ्तार कर इलाज करा रही थी। बुधवार को मेडिकल कालेज से छुट्टी हो जाने के बाद पुलिस प्राइवेट एंबुलेंस से थाने लाई, पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया।

# अस्पताल संचालकों पर धोखाधड़ी का मुकदमा

जासं, लक्ष्मीपुर: पुरन्दरपुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर बाजार में बिना लाइसेंस संचालित अस्पताल संचालकों पर एसीएमओ की तहरीर पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने 28 अगस्त को लक्ष्मीपुर बाजार में प्राइवेट अस्पतालों पर छापेमारी की थी। ऊं सांई हास्पिटल, सोनारी मुहल्ला पुराना स्टेट बैंक के सामने लक्ष्मीपुर के संचालक घुघली निवासी विनय सिंह एवं एकमा लक्ष्मीपुर निवासी विजय कसौधन पर बिना पंजीकरण व अप्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा हास्पिटल चलाया जा रहा था। अस्पताल की ओटी को सील बंद कर दिया गया था।

थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव ने बताया कि दोनों आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मिशन शक्ति प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

जासं, श्यामदेउरवाः श्यादेउरवा में स्थित गिरजा देवी कन्या इंटर कालेज में बुधवार को मिशन शक्ति प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि सेवा योजन अधिकारी माधवी उपाध्याय ने किया।

मिशन शक्ति के तहत 750 महिलाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रथम फेज में 150 महिलाओं को प्रशिक्षित करने के कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सेवा योजन अधिकारी ने नारी सम्मान, सुरक्षा, व स्वावलंबन के बारे में जानकारी दी। कौशल विकास के एमआइएस अभिषेक यूपी कान के मंडल संयोजक आनंद मिश्रा, जिला संयोजक आशुतोष सिंह, आशीष पटेल, प्रबंधक मनोज पांडेय, प्रधानाचार्य सोनी पांडेय मौजूद रहे।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-21-09-2023

# फोन पर भेजा अश्लील मैसेज, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** एक लड़की के मोबाइल फोन पर अभियुक्त ने अश्लील मैसेज भेजा। जिसका विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गयी। लड़की के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया गया। वाल्टरगंज थाने पर लिखित तहरीर देकर एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी के मोबाइल फोन पर अभियुक्त कार्तिक सिंह ने अश्लील मैसेज किया। जिसका लड़की द्वारा विरोध किया गया तो उसे कार्तिक सिंह ने जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी कार्तिक सिंह निवासी पुर्सिया थाना वाल्टरगंज के विरूद्ध धारा 67 आईटी एक्ट व 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# एक करोड़ की संपत्ति जब्त

**परशुरामपुर(एसएनबी)।** स्थानीय पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव के शातिर अपराधियों की लगभग एक करोड़ एक लाख एक हजार की चल अचल संपत्ति कुर्क की गई। जानकारी के अनुसार नायब तहसीलदार ऋषभ कुमार तथा थानाध्यक्ष रामेश्वर यादव के नेतृत्व में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा थाना क्षेत्र के सेवरापट्टी निवासी झगरू उर्फ लाल बहादुर पुत्र राधे उर्फ राधेश्याम, सुनील केवट पुत्र रामदीन, ओमप्रकाश पुत्र तुलसीराम, बंगाली उर्फ अमर पुत्र लल्लन द्वारा अपराध से अर्जित 82 लाख, बरहपुर पांडेय निवासी परदेसी पुत्र बुद्धिराम द्वारा अपराध से अर्जित 20 लाख की संपत्ति कुर्क की गई। साथ ही सिरसहवा निवासी सौरभ सिंह पुत्र राजेश सिंह द्वारा 1000 रुपया सरकारी खजाने में जमा कराया गया।

# वकीलों ने निकाला बाइक जुलूस

**बस्ती (एसएनबी)।** हापुड़ के अधिवक्ताओं के साथ हुई घटना के मामले में जिले के वकीलों का आंदोलन रुकने का नाम नहीं ले रहा। सिविल बार एसोसिएशन के आह्वान पर जिले के अधिवक्ता 22 सितंबर तक न्यायिक कार्य से दूर रहेंगे। बुधवार को न्यायालय गेट नंबर 2 से रोडवेज तिराहा, मालवीय रोड होते हुए अधिवक्ताओं ने बाइक मार्च निकालकर कलेक्ट्रेट का घेराव किया।

वकीलों ने सरकार व पुलिस प्रशासन के विरोधी नारेबाजी की। करीब आधे घंटे तक कलेक्ट्रेट का घेराव

## मांगों से संबंधित सौंपा ज्ञापन

करने के बाद अधिवक्ताओं ने डीएम कार्यालय पर अपना ज्ञापन सौंपा है।बीते दिनों हापुड़ जिले में अधिवक्ताओं केऊपर पुलिस प्रशासन की ओर से किए गए लाठी चार्ज में कई वकीलों को गंभीर चोटे आई है। इसके अलावा अधिवक्ताओं पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा भी दर्ज कर दिए गए हैं। प्रकरण में बार काउंसलिंग के आह्वान पर अधिवक्ता आंदोलन रत है। सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह एडवोकेट की अगुवाई में बुधवार को वकीलों ने न्यायालय के गेट नंबर 2 से कलेक्ट्रेट तक मोटर साइकिल मार्च निकाला। इस दौरान वकीलों ने सरकार एवं पुलिस व प्रशासन विरोधी नारे बाजी की। करीब आधे घंटे बाद कलेक्ट्रेट में अपर



बाइक रैली निकालते अधिवक्ता।

जिला अधिकारी को वकीलों ने अपनी मांग संबंधी ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए, हापुड़ जिले के डीएम, एसएसपी, सीओ को निलंबित किया जाए के साथ अन्य मांग की गई है। इस मौके पर सिविल बार एसोसिएशन के महामंत्री शिव पूजन मिश्रा एडवोकेट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव गुप्ता, चन्द्र पाठक, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार चतुर्वेदी, दिलीप सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश वर्मा, पवन कुमार द्विवेदी,महेन्द्र कुमार पांडेय, देवव्रत उपाध्याय, दिवाकर प्रसाद त्रिपाठी, अश्वनी सिंह, विनोद कुमार श्रीवास्तव, रामकृष्ण तिवारी, इम्तियाज अली, राम विनय शुक्ला, पंकज कुमार, प्रशांत कुमार भारती, शिवाकांत पांडेय,अमरेन्द्र पांडेय, अरविंद कुमार दुबे, मोहम्मद अब्दुल अहमद,मोहम्मद मकसूद आलम, राज किशोर पांडेय, उपेंद्र दुबे, वरिष्ठ अधिवक्ता देव प्रभाकर, अमित कुमार पांडे आदर्श कुमार के साथ सैकड़ो की संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# चार पहिया वाहन न मिलने पर विवाहिता को पीटा, केस

**बस्ती (एसएनबी)**। दहेज में चार पहिया वाहन की मांग को लेकर ससुरालियों ने विवाहिता को मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। विवाहिता की शिकायत पर महिला थाने की पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया गया। महिला थाने पर लिखित तहरीर देकर विवाहिता शीबा फरहीन ने बताया कि उसकी शादी सन्तकबीरनगर जनपद के धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र अन्तर्गत पोखर भिटवा गांव निवासी कुतबुद्दीन के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही उसके पति व ससुराल के अन्य लोगो द्वारा दहेज में कार की मांग को लेकर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। मांग पूरी नही हुई तो उसे मारा पीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी पति कुतबुद्दीन पुत्र मोहम्मद रईस, सास मैमुन्निशा पत्नी मोहम्मद रईस निवासी पोखरभिटवा थाना धर्मसिंहवा जनपद सन्तकबीरनगर के विरूद्ध धारा 498ए, 323, 504 आईपीसी एवं 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पुरानी पेंशन को लेकर शिक्षकों का धरना आज

**बस्ती (एसएनबी)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल की अध्यक्षता में बुधवार को सल्टौआ गोपालपुर बीआरसी पर पेंशन बहाली संयुक्त मंच एनजेसीए राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर बैठक कर संघर्ष की रणनीति तय की गई। बैठक में संघ जिलाध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल ने कहा कि 21 सितम्बर को पुरानी पेंशन बहाल किये जाने के एक सूत्रीय मांग को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना देकर एनपीएस का पुतला फूंकने के साथ ही ज्ञापन भेजा जाएगा। कहा कि शिक्षकों, कर्मचारियों के समक्ष करो या मरो जैसे हालात है। पुरानी पेन्शन बहाल हो। कहा कि धरना प्रदर्शन की तैयारियां पूरी की जा चुकी है। शिक्षक अपने बेहतर भविष्य के लिये इस राष्ट्र व्यापी आन्दोलन में विद्यालयों को बंद कर अनिवार्य रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज करायें। संघ के जिला मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला संयुक्त मंत्री विजय प्रकाश चौधरी, ब्लाक अध्यक्ष राम भरत वर्मा, मंत्री बब्बन पाण्डेय,जिला प्रवक्ता सूर्य प्रकाश शुक्ल आदि ने कहा कि शिक्षक और कर्मचारियों के लिये पुरानी पेंशन बुढापे की लाठी है। कई राज्य सरकारों ने इसे लागू भी कर दिया है किन्तु केन्द्र की सरकार इस दिशा में गंभीर नही है। राम प्रकाश शुक्ल, संदेश रंजन, रमेश चंद्र चौधरी,चंद्रशेखर पाण्डेय, रमेश विश्वकर्मा आदि ने कहा कि जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं हो जाती चरणबद्ध ढंग से आन्दोलन जारी रहेगा। पेंशन शिक्षकों, कर्मचारियों का अधिकार है। इसे लेकर रहेंगे। कहा कि पुरानी पेंशन लागू करना ही होगा। इसके लिये शिक्षक और कर्मचारी हर स्तर के संघर्ष के लिये तैयार रहें। यदि अभी न चेते तो बुढापे में चौतरफा संकट झेलना होगा। पेंशन बहाली सहित अन्य मांगों को लेकर आयोजित बैठक में मुख्य रूप से सौरभ पदमाकर, कुलदीप दुबे, राजकुमारी, रूबी शर्मा, अनुराधा चौधरी, सुनील शर्मा, तरुण कुमार, भास्कर दुबे, वीरेन्द्र शर्मा, अजय त्रिपाठी, ध्रुवलाल, राधेश्याम चौधरी, रजनीश दूबे, महेन्द्र कुमार, विनय पाण्डेय, अवनीश तिवारी, रंजीत कुमार, लालमणि, कृष्णचंद्र शर्मा, अमृतलाल सहित अनेक शिक्षक और संघ पदाधिकारी शामिल रहे।

## आपसी कहासुनी को लेकर मारपीट

**बस्ती (एसएनबी)।** आपसी कहासुनी को लेकर हुए विवाद में कुछ लोगो ने मिलकर एक युवक की जमकर पिटाई किया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।रूधौली थानान्तर्गत पिपरा खुर्द गांव में आपसी कहा सुनी की बात को लेकर जुम्मन अली को अभियुक्त मोहम्मद आमिन तथा उसके परिवार को लोगो ने मिलकर गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित जुम्मन अली निवासी पिपरा खुर्द थाना रुधौली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी मोहम्मद आमिन पुत्र इन्सान अली, आमिन की औरत, रेहाना खातून पत्नी मोहम्मद हनीफ, तैयबा खातून पुत्री मोहम्मद हनीफ निवासीगण पिपरा खुर्द थाना रुधौली के विरूद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पर्स चोरी कर एटीएम से निकाला पैसा,केस

**बस्ती (एसएनबी)।** पुलिस विभाग में तैनात एक सिपाही का पर्स चोरी एवं एटीएम से हजारो रूपये की निकासी का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली में अज्ञात चोर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। कोतवाली क्षेत्र के परिवहन शाखा पुलिस लाइन में तैनात मुख्य आरक्षी चालक ज्ञानचन्द्र यादव के सरकारी आवास एम 5 में ठेकेदार द्वारा बाथरूम का कार्य कराया जा रहा था। जिससे ज्ञानचन्द्र यादव आवास को खुला छोड़कर मेस में खाना खाने के लिए चले आये। इसके वह बाजार गये, जहां पर उन्होने अपना पर्स चेक किया तो वह गायब मिला। पर्स में 1100 रूपये नकद, आधार कार्ड, पैन कार्ड, डीएल, एटीएम कार्ड व परिचय पत्र रखा था। एटीएम के माध्यम से आरोपी द्वारा 50 हजार रूपये की निकासी भी कर ली गयी। इस मामले में पीड़ित ज्ञानचन्द्र यादव पीएनओ 880530619 परिवहन शाखा पुलिस लाइन की तहरीर पर कोतवाली में अज्ञात चोर के विरूद्ध धारा 380 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# चोरों ने राहगीर व बालिका से छीना मोबाइल

**विक्रमजोत (एसएनबी)।** छावनी थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानो से बाइक सवार चोर बात करते जा रहे राहगीर तथा घर में खेल रही बालिका की मोबाइल छीन कर फरार हो गये। डायल 112 पर फोन कर पीड़ितों ने पुलिस को सूचना दिया तथा चौकी पर तहरीर दिया। जानकारी के अनुसार कौलपुर निवासी राजकुमार पुत्र राम नाथ ने पुलिस को दिये तहरीर में आरोप लगाया है कि मंगलवार की देर शाम वे दुकान बंद कर मोबाइल पर बात करते हुए पैदल घर जा रहे थे। धुसैनिया गांव के पास पीछे से बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल छीन लिया। उन्होने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची टीम ने जांच पड़ताल किया। उसी रात कस्बे में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे मूसे धोबी के घर अपाची सवार चोरों ने घर में घुस कर उनकी लड़की के हाथ से मोबाइल छीन लिया। उनके पुत्र राजन ने चोरो का पीछा किया लेकिन तब तक वे फरार हो चुके थे। दोनों मामलो में पुलिस को तहरीर दिया गया है। पुलिस मामले की छान बीन कर रही है।

# चोरों ने घर से नकदी व जेवर पर साफ किया हाथ

**बस्ती (एसएनबी)।** रामजानकी मार्ग स्थित दुर्गा मंदिर बगही के पास चोरों ने बीती रात घर के पूरब सटे नवनिर्मित मकान के दीवाल के सहारे छत पर चढ़कर सीढ़ी के रास्ते घर में घुसकर नगदी व जेवर पर हाथ साफ किया। घर मे शोरगुल होने पर चोर भाग निकले। पीड़ित की सूचना पर पहुंचे उप निरीक्षक रवीन्द्र नाथ यादव ने मौके पर पहुंचकर बारीकी से निरीक्षण किया। कलवारी थाना क्षेत्र के बगही गांव निवासी गंगाधर रामजानकी मार्ग स्थित दुर्गा मन्दिर के पास घर बनाकर रहते हैं। गंगाधर ने बताया कि बीती रात रोजाना की तरह भोजन कर बरामदे में सो रहे थे। रात करीब ढाई बजे घर में खटपट की आवाज और शोरगुल सुनकर घर में घुसा तो देखा कि कमरे में रखा आलमारी खुला पड़ा है। बताया कि तीन की संख्या में अज्ञात चोर घर के पीछे खिड़की के रास्ते खिड़की का कुन्डी बाहर से बंद करके भाग निकले। कलवारी पुलिस को दिए तहरीर में गंगाधर ने लिखा है कि चोरों के जाने के बाद घर में देखा कि आलमारी के ऊपर रखे चाभी से चोर घर में रखे अलमारी खोलकर चोर सोने चांदी के जेवर और सोलह हजार रुपए नगदी व बहू का मोबाइल चुरा ले गए। बच्चों के शोर मचाने के बाद चोर भाग निकले। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष कलवारी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है।

# बहला फुसला कर लड़की को भगाया, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** बहला फुसला कर लड़की को भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में लड़की की मां की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया गया। वाल्टरगंज थाने पर लिखित तहरीर देकर एक महिला ने बताया कि उसकी 14 साल की बेटी को आरोपी सागर कुमार बहला फुसला कर अपने साथ कही भगा ले गया। मामले में पुलिस ने आरोपी सागर कुमार पुत्र गंगाराम निवासी बनगवा थाना वाल्टरगंज के विरूद्ध धारा 363, 366 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# फोन पर महिला से की अश्लील बात, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** फोन पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक महिला से अश्लील बात करते हुए उसे गालियां दी गयी। मामले में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।लालगंज थाने पर लिखित तहरीर देकर एक महिला ने बताया कि उसके मोबाइल पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन किया गया और फोन उठाते ही अश्लील एवं असभ्यता पूर्वक बात करने लगा। जिसे ऐसा करने से मना करने पर गालियां दी। मामले में पुलिस ने अज्ञता यूजर के विरूद्ध धारा 504, 354 (क), 354 (घ) आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# गांजा बरामद, एक गिरफ्तार

**सिसवा बाजार।**

**सहारा न्यूज ब्यूरो**

अपराध नियंत्रण अभियान के तहत निचलौल क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध प्रसाद व कोठीभार थाना प्रभारी सुनील कुमार राय के निर्देशन में सिसवा बाजार रेलवे स्टेशन के पास उपनिरीक्षक राजेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल अशोक गिरी, प्रदीप सिंह, कांस्टेबल इमरान अहमद, शेषनाथ कुशवाहा व विजयपाल सिंह ने पड़ोसी राज्य बिहार के पश्चिमी चंपारण जनपद के थाना रामनगर निवासी 25 वर्षीय विपिन बरई को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया। अभियुक्त को एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल भेजा गया है।

# रास्ते के विवाद में चार नामजद

बस्ती। हरैया थानाक्षेत्र के पूरे अलावल गांव में मंगलवार को रास्ते को लेकर विवाद हो गया। वहां के भागवत सिंह ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाया कि विपक्षीगण रास्ते के जमीन के विवाद को लेकर उसके टीनशेड के नीचे पड़ी दीवार को तोड़ दिया। मना करने पर अपशब्द कहते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर राहुल सिंह, रमेश सिंह उर्फ लल्लन सिंह, अभिनव सिंह उर्फ यश सिंह व राम चन्दर सिंह पर केस दर्ज किया है।

# चोरी करने का आरोपी ससुराल से गिरफ्तार

बस्ती। लालगंज क्षेत्र के बानपुर गांव में 20 जून की रात हुई चोरी के मामले में वांछित एक आरोपी को पुलिस ने बुधवार को उसकी ससुराल से गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में बानपुर की कनीज शेख ने केस दर्ज कराया था। एसओ के अनुसार बानपुर निवासी संतोष निषाद को नगर थानाक्षेत्र के महादेवा गांव से गिरफ्तार किया गया।

# लूट का खुलासा करने वाले होंगे सम्मानित

बस्ती। पुलिस कप्तान ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के जरिए हुए संगीन मामलों के खुलासा में अहम योगदान देने वाले सिविलियन का अभिनंदन करेगी। एसपी गोपालकृष्ण चौधरी ने बताया कि दस पूर्व शहर में लूट की घटना सामने आई थी। इस घटना का खुलासा करना बड़ी चुनौती थी। लेकिन शहरी नागरिकों ने ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान में जो सीसीटीवी कैमरे लगवाए थे। उन्होंने फुटेज देकर घटना के खुलासे में योगदान दिया है। पुलिस की तरफ से इनका नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। गौरतलब है कि 11 सितंबर को रौता लूटकांड में बदमाशों को ट्रेस करने में कैमरे का बड़ा योगदान रहा है। पहले लूट में प्रयुक्त अपाची बाइक तलाशी गई फिर लुटेरों को पकड़ा गया।

# आज एनपीएस का पुतला फूंकेंगे प्राथमिक शिक्षक

बस्ती। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल की अध्यक्षता में बुधवार को सल्टौआ गोपालपुर बीआरसी पर बैठक हुई।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि 21 सितम्बर को पुरानी पेंशन बहाल किए जाने की एक सूत्री मांग को लेकर बीएसए कार्यालय पर धरना दिया जाएगा। इसके बाद एनपीएस का पुतला फूंकने के साथ ही ज्ञापन भेजा जाएगा। इस राष्ट्रव्यापी आन्दोलन में अनिवार्य रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं। बैठक में बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट में क्लोज गन शॉट

**फॉलोअप**

- धोखा, उपेक्षा, परिवार का विश्वास खोना बनी मौत की वजह
- सुसाइड नोट में जिक्र दिल्ली के शख्स से मिले धोखे से टूट गए थे अकरम

**बस्ती, निज संवाददाता।** खैर ट्रस्ट के पूर्व मुतवल्ली, बीजेपी नेता और स्कूल प्रबंधक अकरम खान के मौत की मिस्ट्री पर पुलिस कई एंगल से जांच में जुटी है। तीन चिकित्सकों के पैनल की ओर दिए गए पीएम रिपोर्ट में मौत की वजह क्लोज गन शॉट बताया गया है। पुलिस ने बेगम खैर ट्रस्ट के पैड पर बाकायदा एक पेज लंबा सुसाइड नोट लिखा बरामद किया है। 19 सितंबर की तारीख में लिखे सुसाइड नोट में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को संबोधित किया है।

अपनी मौत को लेकर घरवालों को निर्दोष बताकर उनको परेशान नहीं करने की बात लिखी गई है। मित्रों की ओर से हो रही उपेक्षा, दिल्ली के एक शख्स से रुपये के मामले धोखा पाने का जिक्र और उसका मोबाइल नंबर भी पत्र में लिखा है। परिवार की बात नहीं मान कर व्यक्तिगत जीवन से जुड़े फैसले लेने के लिए खुद को ही जिम्मेदार मानने की बात सुसाइड नोट में बयां की है।

**बड़ी मात्रा में अपने करीबियों से रकम लेने की भी चर्चा :** खैर ट्रस्ट में अपने करीबियों को किसी न किसी रूप में फायदा दिलाने के नाम पर काफी मात्रा रुपये लेने की भी बात शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है। उनके शुभचिंतक इस मामले में कुछ भी बताने को तैयार नहीं हैं। उनके जानने वालों का कहना है उन्होंने कई लोगों से रुपये ले रखे थे। कुछ बेहद करीबी लोग जो उनके साथ हर वक्त साए की तरह रहते थे वह लोग घटना के बाद से अपने को अंडरग्राउंड कर रखे हैं।

**सुसाइड नोट का अंतिम शब्द था 'जयहिंद' :** अकरम खान के सुसाइड नोट का संबोधन प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बस्ती के नाम से है। डिप्रेशन में आने की कई वजहों के जिक्र करने बाद उन्होंने सबसे आखिर में जयहिंद शब्द का प्रयोग किया है। आत्महत्या के पत्र में लिखी बातें यह साबित करतीं हैं कि उन्हें अपनी जीवन लीला को समाप्त करने का निर्णय पहले से ले रखा था। जिसको अंजाम मंगलवार की सुबह में दे दिया।

# खलासी की मौत के मामले में केस दर्ज

**छावनी।** पुलिस ने पचवस के पास दो वाहनों के बीच खलासी की दबकर हुई मौत के मामले में केस दर्ज किया है। थानाध्यक्ष छावनी नारायण लाल श्रीवास्तव ने बताया कि ट्रक चालक इकराम निवासी मंगलौर जिला हरिद्वार की तहरीर पर कंटेनर के अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। बताते चले कि मंगलवार को पचवस के पवन सिंह के ढाबे पर दो वाहनों के बीच दबकर खलासी की मौत हो गई थी।

# छेड़खानी की शिकायत पर केस दर्ज

बस्ती। कोतवाली पुलिस ने छेड़खानी की शिकायत करने पर मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। इस संबंध में पीड़िता के भाई ने तहरीर दी। तहरीर में बताया कि उसकी 18 वर्षीया बहन को नौ सितंबर को मोहल्ले के इंद्रजीत ने छेड़खानी की। इसके अगले दिन शौच के लिए जाते वक्त उसे रास्ते में रोककर मारापीटा। इसकी शिकायत उसने आरोपी के पिता से की तो 12 सितंबर को सुबह लगभग आठ बजे उसने घर में घुसकर पीड़िता के पिता के साथ मारपीटा।

# नाबालिग को किया अगवा, केस

बस्ती। किशोरी को बहलाफुसलाकर भगा ले जाने के एक मामले में वाल्टरगंज पुलिस ने केस दर्ज किया है। इस संबंध में किशोरी की मां ने तहरीर दी। जिसमें बताया कि थानाक्षेत्र के बनगवां निवासी सागर कुमार उसकी 14 वर्षीया बेटी को सोमवार को रात 10 बजे बहला-फुसालाकर कहीं भगा ले गया।

# अश्लील मैसेज भेजने पर केस दर्ज

बस्ती। वाल्टरगंज पुलिस ने अश्लील मैसेज भेजने के एक मामले में आरोपी कार्तिक पर केस दर्ज किया है। क्षेत्र के एक व्यक्ति ने तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाया कि उनके गांव का कार्तिक सिंह उनकी नाबालिग बेटी की मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजता है। इसका विरोध करने पर वह जान से मारने की धमकी देता है। पुलिस ने आईटी और धमकी देने की धारा में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सड़क पर खड़े ट्रक से भिड़े बाइक सवार की मौत

छावनी। थाना क्षेत्र के रामजानकी मार्ग पर रूपगढ़ गांव के सामने बुधवार रात करीब 9 बजे सड़क पर खड़े ट्रक में बाइक सवार रामबहादुर सिंह पुत्र चन्द्रभान सिंह निवासी देवकली बाबू भिड़ गये। हादसे में वह घायल हो गये। जिन्हें परिजन व आसपास के लोग मण्डलीय चिकित्सालय (ट्रामा सेंटर) अयोध्या ले गये जहाँ इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# दहेज को लेकर विवाहिता की प्रताड़ना

बस्ती। दहेज में कार नहीं मिलने पर विवाहिता को प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। इस मामले में महिला थाना पुलिस ने कोतवाली थानाक्षेत्र के पिकौरा दत्तूराय निवासी शीबा फरहीन की तहरीर पर केस दर्ज किया है। जिसमें बताया कि उसकी शादी संतकबीरनगर जिले के धर्मसिंघवा थानाक्षेत्र के पोखरभिटवा गांव के कुतुबुद्दीन के साथ हुई है। आरोप है कि उसके पति व सास मैमुन्निशा पत्नी मो. रईस दहेज में कार की मांग को लेकर मारापीटा।

# सेवानिवृत्त कर्मियों ने दिया धरना

बस्ती। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर एसो. के पदाधिकारियों ने बुधवार को प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर कलक्ट्रेट परिसर में 23 सूत्री मांगों को लेकर धरना दिया। जिलाध्यक्ष नरेन्द्र बहादुर उपाध्याय की अध्यक्षता में धरने के बाद सीएम को संबोधित ज्ञापन डीएम के प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। धरने में मण्डलीय सचिव अवधेश यादव ने कहा कि तीन अक्टूबर को लखनऊ में होने वाले प्रदेशस्तरीय धरने में काफी संख्या में लोग हिस्सा लेंगे। जिला मंत्री उदयप्रताप पाल, रामनाथ, प्रेमशंकर लाल, चन्द्रप्रकाश पांडेय, ई. रामचन्द्र शुक्ल, ई. राधेश्याम त्रिपाठी, छोटेलाल यादव व अन्य ने कहा कि सरकार मांगों को पूरा कराने की दिशा में चुप्पी साधे हैं, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# बाइक सवारों को ठोकर मारने वाले पर केस

छावनी। छावनी पुलिस ने लोनियापार के पास हुई सड़क दुर्घटना के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। चार सितंबर की शाम बाइक सवार दो युवकों को हर्रैया जाते समय लोनियापार गांव के पास टाटा मैजिक ने ठोकर मार दिया था। जिससे दोनों को गंभीर चोटें आई थीं। थानाध्यक्ष छावनी ने बताया कि भगौती प्रसाद मौर्या ग्राम पूरे अलावल थाना हर्रैया की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# 48 घंटे में बैरियर से टकराए 14 वाहन, दर्जनों घायल

बस्ती, निज संवाददाता। टीबी अस्पताल के पास नवनिर्मित सीसी रोड पर लगाए गए बैरियर से पिछले 48 घंटे में 14 वाहन टकरा गए। हादसे में दर्जनों लोग घायल हो गए। लगातार हो रही घटनाओं से नाराज स्थानीय लोगों ने मंगलवार की रात सड़क पर प्रदर्शन किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर वहां से हटाया।

टीबी अस्पताल के पास सीसी रोड का निर्माण कराया गया है। सड़क बनने के बाद पिछले दिनों दूसरे ओर की सड़क बनाई गई। सड़क के पक्का होने तक इसकी सुरक्षा के लिए दोनों ओर एक तरफ में मिट्टी का ढेर लगाकर उस पर लोहे का बैरियर लगा दिया गया। दिन में तो कोई समस्या नहीं होती, लेकिन शाम ढलने के साथ ही वहां अंधेरा छा जाता है। वहां से गुजरने वाले वाहन बैरियर से टकराकर घायल हो जा रहे हैं। मंगलवार रात को मुंडेरवा की ओर से आ रहा एक टेंपो चालक बैरियर से टकरा गया। उसका वाहन मिट्टी के ढेर पर चढ़कर कई बार पलटता हुआ किनारे जा गिरा। हादसा इतना भीषण था कि टेम्पों का ऊपरी हिस्सा उड़ गया। गनीमत रहा कि टेम्पो में कोई सवार नहीं था। चालक का सिर फट गया और वह बेहोश हो गया। इससे पूर्व हुए हादसे में बाइक सवार एक आठ साल के बच्चे का पैर टूट गया। लालगंज क्षेत्र का एक बाइक सवार फिसल कर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया।



नवनिर्मित सीसी रोड पर हो रहे हादसों के खिलाफ प्रदर्शन करते स्थानीय लोग।

## बुधवार की रात पांच हादसे

टीबी अस्पताल के सामने बुधवार की रात को लगातार पांच हादसे हुए। देर रात बाइक पर करही गांव के रहने वाला एक युवक, महिला को बैठाकर कहीं जा रहा था। तभी एकाएक मिट्टी के ढेर से टकराकर बाइक सहित गिर गया। हादसे में युवक का सिर फट गया और महिला का हाथ टूट गया। हादसे में घायल बाकी दो बाइक सवार जिला अस्पताल में इलाज कराकर घर चले गए।

**बैरियर पर नहीं लगाया कोई संकेतक या रिफ्लेक्टर :** बैरियर पर रिफ्लेक्टर भी नहीं लगाया गया। नतीजा यह हो रहा है कि मुंडेरवा की ओर से आने वाले वाहनों को बैरियर व मिट्टी का ढेर दिखाई ही नहीं पड़ता है।

### हापुड़ की घटना के विरोध में अधिवक्ताओं ने निकाली बाइक रैली, कलक्ट्रेट में पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

# अधिवक्ताओं ने लगाए पुलिस विरोधी नारे

**आक्रोश**

बस्ती, निज संवाददाता। हापुड़ कांड के विरोध को लेकर अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू करने की मांग को लेकर कचहरी से लेकर रोडवेज तक शहर में बाइक रैली निकाली गई। वकीलों के उमड़े सैलाब व शासन व सत्ता विरोधी नारे से शहर गूंजता रहा। इस दौरान करीब एक किमी लंबी बाइक रैली निकली। इस वजह से शहर में कई चौराहों पर जाम लग गया। बाइक रैली खत्म कर कलक्ट्रेट पहुंचे अधिवक्ता संघों से जुड़े संयुक्त बार ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

अधिवक्ताओं ने हापुड़ कांड में डीएम-एसपी पर कार्रवाई की बात करते हुए अधिवक्ताओं के हित संरक्षण की मांग को लेकर न्यायालयीन कार्य से खुद को अलग रखा। लगातार 21वें दिन वकीलों की जिले में हड़ताल जारी रही। अधिवक्ताओं ने कहा कि हापुड़ कांड में वकीलों को न्याय मिलने तक आंदोलन निरंतर चलता रहेगा। इस मौके पर प्रदर्शन करने वालों प्रमुख रूप से सिविल बार के अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, महामंत्री शिवपूजन मिश्र, पूर्व अध्यक्ष राजकिशोर पाण्डेय, बद्रीप्रसाद दुबे, दयाशंकर दुबे, अविनाश त्रिपाठी, प्रेमप्रकाश श्रीवास्तव, जनपद बार के अध्यक्ष रजनीश दुबे, महामंत्री रमेश पाण्डेय, शशिप्रकाश शुक्ल, देवव्रत उपाध्याय, चन्द्रभान पाठक, दिलीप सिंह, रामदत्त दुबे, योगेश श्रीवास्तव, मुरलीधर श्रीवास्तव, चन्द्रप्रकाश वर्मा समेत सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे। हरैंया, भानपुर और रुधौली में अधिवक्ताओं ने 21वें दिन भी कार्य बहिष्कार कर बाइक रैली निकाली। हापुड़ कांड के विरोध में बार एसो. तहसील भानपुर के अधिवक्ता भी न्यायिक कार्य से विरत रहे। भानपुर एसो. के अध्यक्ष व अधिवक्ता सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि कार्य बहिष्कार का निर्णय बार एसो. तहसील बस्ती सदर के पदाधिकारियों के निर्देश पर लिया गया। एडीएम कमलेश चन्द्र बाजपेयी, एसडीएम सदर विनोद पाण्डेय, एसडीएम शत्रुहन पाठक, सीओ सिटी विनय चौहान, एसएचओ विनय पाठक, एसओ पुरानी बस्ती महेश सिंह व एसओ वाल्टरगंज रामदेव भारी पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।



हापुड़ कांड के विरोध में बाइक रैली निकालते भानपुर के अधिवक्ता। • हिन्दुस्तान



बाइक रैली के बाद प्रशासन को ज्ञापन सौंपने कलक्ट्रेट पहुंचे अधिवक्ता। • हिन्दुस्तान

## वकीलों की मांग

बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज व महिला वकीलों की पिटाई के दोषी पुलिस कर्मियों की गिरफ्तारी, घायल अधिवक्ताओं को तुरंत मुआवजा दिया जाए। साथ ही प्रदेश के वकीलों के खिलाफ पुलिस की तरफ से दर्ज कराए गए झूठे व मनगढ़ंत मुकदमों को वापस लिया जाने की मांग पत्रक के माध्यम से की गई।

# गैंगस्टर के छह आरोपियों की 1.1 करोड़ की संपत्ति जब्त

## शिकंजा

- प्रशासन के आदेश पर पुलिस ने की जब्ती की कार्रवाई
- गैंगस्टर के सभी छह आरोपियों पर संगीन आपराधिक मामले दर्ज थे

बस्ती, निज संवाददाता। जिले में गैंगस्टर के छह आरोपियों के खिलाफ प्रशासन व पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। उनकी 1.1 करोड़ की सम्पत्ति जब्त कर ली है। जिला प्रशासन के आदेश पर गैंगस्टर परसरामपुर के सेवरापट्टी गांव निवासी झगरू उर्फ लाल बहादुर, सुनील केवट, ओमप्रकाश, बंगाली उर्फ अमर, बरहपुर पाण्डेय निवासी परदेसी और सिरसहवा गांव निवासी सौरभ सिंह की करीब 1.1 करोड़ की सम्पत्ति को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में कुर्क किया गया है।

गैंगस्टर के इन सभी छह आरोपियों के खिलाफ संगीन आपराधिक मामले दर्ज थे। अर्जित की गई जमीन, मकान की कुर्की पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में हुई। इन मकानों और भूमि का प्रशासनिक स्तर पर पहले निर्धारण किया गया था। इसके बाद कुर्की की कार्रवाई की गई। इस दौरान ऋषभ कुमार, नायब तहसीलदार हरैया, रामेश्वर यादव, प्रभारी निरीक्षक, एसआई कृष्ण कुमार साहू, एसआई मो. मुस्तफा आदि मौजूद रहे।

# मां बनी गैंगरेप पीड़िता किशोरी का हुआ मेडिकोलीगल

## बयान दर्ज

बस्ती, निज संवाददाता। दुबौलिया क्षेत्र में दरिंदगी की शिकार किशोरी का पुलिस ने बुधवार को मेडिकोलीगल कराया। नाबालिग बेटी के मां बनने के बाद फिक्रमंद उसके माता-पिता नवजात को पालने और बेटी को इंसाफ दिलाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। इन चिंताओं के बीच 14 साल की उम्र में मां बनी लड़की का भविष्य बड़ा सवाल है। उधर, अस्पताल में नवजात को खरीदने की कोशिश का भी आरोप किशोरी की मां ने लगाया है।

न्यायालय में किशोरी का 164 कलमबंद बयान भी हुआ। कोर्ट में 11 दिन के नवजात को गोद में लिए पीड़िता व उसकी मां, उसके पिता और भाई मौजूद रहे। उन लोगों ने काफी कुरेदने पर बताया कि बेटी के भविष्य को लेकर आशंकाएं हैं। अभी पीड़िता किशोरी के ही बालिग होने में चार साल का समय बाकी है।

**ऐसे सामने आया यह मामला :** दुबौलिया क्षेत्र की 14 वर्षीय किशोरी गांव के दो युवकों की दरिंदगी का शिकार हो गई। सामूहिक दुष्कर्म की शिकार किशोरी के गर्भवती हो जाने के कई महीने बाद परिवार वालों को इस बात की जानकारी हुई। 11 दिन पहले किशोरी ने घर पर ही एक बच्चे को जन्म दिया। इसके बाद पीड़िता के परिवार ने चुप्पी तोड़ी और बेटी को न्याय दिलाने के लिए उसकी मां ने केस दर्ज कराया। मंगलवार को पुलिस ने उसी के गांव के दुर्गेश निषाद व शिव कुमार निषाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## नवजात को खरीदने की कोशिश

पीड़िता की मां ने बताया कि जब बेटी मेडिकल करा रही थी तो अस्पताल में एक महिला उसके पास आई। वह बोली कि पचास हजार रुपये ले लो और बच्चे को उसे दे दो। उसकी बात सुनकर पीड़िता की मां परेशान हो गई। साथ में मौजूद अस्पताल के कर्मचारियों और अन्य लोगों ने उसे डांटकर भगाया। वह महिला कौन थी, इसके बारे महिला हास्पिटल स्टाफ कुछ नहीं बता सका।

किशोरी के मोवाइल पर भेजा आपत्तिजनक मैसेज, वस्ती : वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने आरोप लगाया कि उनकी 17 वर्षीय बेटी के मोबाइल पर एक युवक ने आपत्तिजनक मैसेज भेजा। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने गांव के ही कार्तिक सिंह पर आइटी एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज किया है।

## कहासुनी के बाद मारा पीटा,चार पर मुकदमा

वस्तीः पिपरा खुर्द गांव निवासी जुम्मन अली ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि 18 सितंबर को कहासुनी की बात को लेकर उन्हें लोगों ने अपशब्द कहा और जान माल की धमकी देते हुए मारा पीटा। मो. आमिन, आमिन की औरत, रेहाना खातून पत्नी मो. हनीफ सहित चार पर केस दर्ज किया है।

मुकदमा दर्ज, वस्तीः लालगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके मोबाइल पर फोन करके आपत्तिजनक व असभ्यता पूर्वक बात की जाती है। पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# प्लग लगाते समय दो युवतियों को लगा करंट

सल्टौआ, बस्ती: सोनहा थाना क्षेत्र के कोठिला व पचमोहनी गांव में प्लग लगाते समय दो युवतियों को करंट लग गया। दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सल्टौआ ले जाया गया है। बुधवार की शाम को कोठिला निवासी सोनम पुत्री दिनेश कुमार बिजली के बोर्ड में प्लग लगा रही थी। इसी बीच वह करंट की चपेट में आ गई। इसी प्रकार पचमोहनी निवासी काजल पुत्री राजेश को भी प्लग लगाते समय करंट लग गया।

## भूमि विवाद को लेकर दीवार तोड़ा, मुकदमा

बस्ती : हर्रैया थाने के पूरे अलावल गांव निवासी भागवत सिंह ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि 19 सितंबर को गांव के ही कुछ लोगों ने रास्ते की भूमि के विवाद को लेकर उनके टीन शेड के नीचे बनी दीवार को तोड़ दिया। विरोध करने पर अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने राहुल सिंह, रमेश सिंह उर्फ लल्लन सिंह, अभिनव सिंह उर्फ यश सिंह व रामचंदर सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

## रंजिश को लेकर मारा पीटा मुकदमा दर्ज

बस्ती : हर्रैया पुलिस ने रंजिश को लेकर मारपीट के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के चौबेपुर गांव निवासी रामपाल वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि 19 सितंबर को आरओ प्लांट के रंजिश को लेकर उनके पुत्र संतोष वर्मा को कुछ लोगों ने अपशब्द कहते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में कमलेश, अखिलेश व पवन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# पब्लिक हास्पिटल किया गया सील

## जांच में हुई थी अनियमितता की पुष्टि, टीम को अभिलेख नहीं दिखा सके कर्मी

जागरण संवाददाता, भानपुर, वस्तीः प्रशासन ने बिना लाइसेंस के भानपुर में चलाए जा रहे पब्लिक हास्पिटल को सील कर दिया। इसे बंद कराए जाने के लिए मांग काफी दिनों से की जा रही थी।

विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कुछ दिन पहले जिलाधिकारी से अस्पताल की शिकायत की थी। लगभग एक सप्ताह पूर्व उप मुख्य चिकित्साधिकारी ने भी अस्पताल की जांच की गई थी, जिसमें अनियमितता की पुष्टि हुई थी। बुधवार को उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में टीम अस्पताल पर पहुंची और अभिलेख दिखाने को कहा। अस्पताल संचालक राकेश यादव मौके पर मौजूद नहीं थे। अस्पताल कर्मी कोई अभिलेख नहीं दिखा सके। अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती तीन मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानपुर भेज दिया गया। तहसीलदार पंकज गुप्ता, नायब तहसीलदार कृष्ण मोहन यादव, चिकित्साधीक्षक डा. सचिन कुमार चौधरी, प्रभारी निरीक्षक सोनहा शैलेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।



पब्लिक हास्पिटल की जांच करने पहुंचे एसडीएम आशुतोष, तहसीलदार पंकज गुप्ता व अन्य● जागरण

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एके मिश्र ने बताया कि कुल 183 नर्सिंगहोम, पैथोलाजी, डेंटल क्लीनिक संचालित हो रहे हैं। यदि अवैध रूप से कोई अस्पताल संचालित पाए गए तो ठोस कार्रवाई की जाएगी। जनवरी से लेकर अब तक निजी अस्पताल व पैथोलाजी मिलाकर कुल 17 पर कार्रवाई की गई है। हाल ही में बभनान कस्बे में अवैध रूप से संचालित न्यू स्टार अस्पताल पर कार्रवाई की गई है।

# छेड़खानी और मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

वस्तीः कोतवाली पुलिस ने युवती के साथ छेड़खानी और मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि मोहल्ले के एक ही एक युवक ने 10 सितंबर को स्कूल जाते समय उनकी 18 वर्षीय भांजी से छेड़खानी की। इसके बाद शाम को शौच जाते समय रास्ते में रोक कर उसे मारा पीटा गया और अपशब्द कहा गया। इसकी शिकायत आरोपित के पिता से की गई तो 12 सितंबर को सुबह आरोपित ने घर में घुसकर उनके पिता सीताराम को अपशब्द कहते हुए मारा पीटा। पुलिस ने आरोपित इंद्रजीत पर मुकदमा दर्ज किया है।

**दहेज में कार की मांग पूरी न होने पर किया प्रताड़ित,** वस्तीः कोतवाली बस्ती के दरियां खां मोहल्ले की रहने वाली शीबा फरहीन ने महिला थाना बस्ती में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनके ससुराल वाले दहेज में कार की मांग करते हैं। पुलिस ने मामले में पति कुतबुद्दीन, सास मैमुन्निशा निवासी पोखरभिटवा थाना धर्मसिंहवा संतकबीरनगर पर केस दर्ज किया है।

# आज रैली निकाल कर्मचारी करेंगे विरोध प्रदर्शन

**जागरण संवाददाता, बस्ती** : पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मंच के आह्वान पर गुरुवार को कर्मचारी रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद और उससे संबद्ध सभी कर्मचारी संगठनों के जुड़े कर्मचारी 21 सितंबर को नलकूप कालोनी के परिसर में एकत्र होंगे। वहां से दिन में 2.30 बजे रैली निकाल कंपनीबाग, न्याय मार्ग, शास्त्री चौक होते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचेंगे। वहां डीएम को पुरानी पेंशन बहाली से संबंधित एक सूत्री ज्ञापन सौंपेंगे। यह जानकारी राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष राम अधार पाल एवं जिलामंत्री तौलू प्रसाद ने संयुक्त रूप से दी है। (विज्ञप्ति)

# नर कंकाल की नहीं हो पा रही शिनाख्त

जागरण संवाददाता, भानपुर, बस्तीः सोनहा थाना क्षेत्र के खाजेपुर गांव के निकट मिले नर कंकाल की डीएनए रिपोर्ट अभी तक पुलिस को नहीं मिली है। रिपोर्ट न मिलने से कंकाल की शिनाख्त नहीं हो पा रही है। हालांकि कंकाल के पास मिले कपड़ों के आधार पर थाना क्षेत्र के अमरौली शुमाली टोला मधुवन निवासी दुर्गावती पत्नी स्व छट्ठी राम इसे लापता पुत्र विनय कुमार का बताया जा रहा है। विनय 11 अगस्त को अपने कुछ मित्रों के साथ खाजेपुर अपनी प्रेमिका से मिलने गया था व तभी से लापता है।

विनय गांव के ही तीन अन्य लोगों के साथ 11 अगस्त की देर शाम खाजेपुर गया था। एक व्यक्ति के घर से निकलते समय गांव के ही कुछ लोगों ने उसे देख लिया था। शोर मचाने पर गांव के लोगों ने उसे दौड़ा लिया।

**फालोअप**

- **सोनहा थाना क्षेत्र के खाजेपुर गांव के निकट 20 अगस्त को मिला था नर कंकाल**
- **कपड़ों के आधार पर 11 अगस्त से लापता विनय का कंकाल होने का स्वजन का दावा**

वह जान बचाने के लिए गन्ने के खेत में घुस गया। तभी से वह घर नहीं लौटा। विनय की मां दुर्गावती द्वारा 16 अगस्त को गुमशुदगी दर्ज कराई गई।

इस बीच 20 अगस्त को गांव के सिवान में कंकाल मिलने की खबर पर स्वजन भी मौके पर पहुंचे व कपड़ों के आधार पर विनय का कंकाल होने का दावा किया।

अगले दिन पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने 28 अगस्त को डीएनए भी करा दिया। डीएनए रिपोर्ट न मिलने से न तो कंकाल का शिनाख्त हो पा रहा है न ही मौत के कारण की गुत्थी सुलझ पा रही है। प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि डीएनए रिपोर्ट जल्दी मंगवाने के लिए पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजा गया है। जल्दी ही रिपोर्ट मिलने की संभावना है।

# मारपीट के मामले में तीन के विरुद्ध मुकदमा

जासं, हर्रैया, वस्तीः हर्रैया थानाक्षेत्र चौबेपुर गांव में मंगलवार की देरशाम पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में एक युवक को चोटें आई हैं।

हर्रैया थाना क्षेत्र के चौबेपुर गांव निवासी एक पक्ष के संतोष कुमार तथा दूसरे पक्ष के पवन वर्मा के बीच मंगलवार की शाम करीब साढ़े आठ बजे पुरानी रंजिश को लेकर कहासुनी हो गई। बात आगे बढ़ी तो दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। घटना में संतोष के पैर में चोटें आई हैं। पुलिस ने संतोष के पिता रामपाल की तहरीर पर पवन वर्मा, कमलेश तथा अखिलेश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घायल संतोष को मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी हर्रैया भेजा है।

# रिवाल्वर पर मिले फिंगर प्रिंट की कराई जाएगी जांच

- कई कालेजों के प्रबंधक मो. अकरम खां की मृत्यु का मामला
- पैतृक गांव बल्ली-पट्टी के कब्रिस्तान में दफन किया गया शव

जागरण संवाददाता, बस्तीः बेगम खैर गर्ल्स इंटर कालेज सहित तीन कालेजों के प्रबंधक मो.अकरम खां की गोली लगने से हुई मृत्यु के मामले में पुलिस अभी भी तथ्यों के आधार पर छानबीन कर रही है। पुलिस दिवंगत की रिवाल्वर पर मिले फिंगर प्रिंट की भी जांच कराएगी। हालांकि परिवार के साथ ही पुलिस भी घटना को सुसाइड मान कर चल रही है, मगर बाएं कनपटी में गोली फंसी होने और व मौके पर पुलिस के पहुंचने से पहले ही डेड बाडी कमरे के अंदर लेकर ले जाने, घटना स्थल पर खून के निशान न मिलने से और भी चर्चाएं होने लगीं। वहीं मंगलवार की रात को दिवंगत का शव उनके पैतृक गांव बल्ली-पट्टी में स्थित कब्रिस्तान में दफन कर दिया गया। उनके जनाजे में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

कोतवाली क्षेत्र के मुरलीजोत मोहल्ले में परिवार के साथ रहने वाले बेगम खैर गर्ल्स इंटर कालेज के प्रबंधक 50 वर्षीय मो.अकरम खां की मंगलवार को सुबह पांच बजे मुरलीजोत स्थित आवास पर संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मृत्यु हो गई थी। स्वजन के अनुसार प्रबंधक ने लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। सुसाइड नोट भी मौके पहुंची पुलिस को मिले थे। पोस्टमार्टम के दौरान सिर में गोली फंसी होने की बात सामने आई तो चर्चाएं और भी होने लगीं। फिलहाल पोस्टमार्टम में गनशाट इंजरी से मौत की बात बताई गई है। कोतवाल विनय कुमार पाठक ने बताया कि दिवंगत के असलहे पर मिले फिंगर प्रिंट की जांच कराई जाएगी। सुसाइड नोट मिलने और उसमें सुसाइड के लिए किसी को जिम्मेदार न ठहराए जाने के अलावा परिवार के किसी सदस्य द्वारा मामले में कोई शिकायत न किए जाने के कारण पुलिस को भी लग रहा है कि मामला सुसाइड का है। फिलहाल पुलिस रिवाल्वर पर मिले फिंगर प्रिंट की जांच कराएगी और एक बार फिर उनके परिवार वालों से बातचीत करेगी।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# अपराध से अर्जित एक करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त



परशुरामपुर थाना क्षेत्र के सेवरापट्टी गांव में गैंगस्टर आरोपित के घर पर जब्तीकरण की कार्रवाई करती पुलिस • जागरण

जासं, सिंकदरपुर, बस्ती: परशुरामपुर थानाक्षेत्र के रहने वाले छह लोगों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत अपराध से अर्जित एक करोड़ रुपये से की अधिक की संपत्ति के जब्तीकरण की कार्रवाई बुधवार पुलिस व प्रशासनिक टीम ने की।

जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्गत आदेश के क्रम में नायब तहसीलदार हरैया ऋषभ कुमार और प्रभारी निरीक्षक परशुरामपुर रामेश्वर यादव की टीम ने थाना क्षेत्र के सेवरापट्टी ग्राम निवासी झगरू उर्फ लाल बहादुर, सुनील केवट, ओमप्रकाश तथा बंगाली उर्फ अमर की कुल 82 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की गई। उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत पांच मकान और एक बाइक के जब्तीकरण की कार्रवाई की गई है। इसी क्रम में बरहपुर पांडेय गांव निवासी परदेसी की 20 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की गई। इसी प्रकार सिरसहवा ग्राम निवासी सौरभ सिंह के सेंट्रल बैंक में जमा किए गए एक हजार रुपये के जब्तीकरण की भी कार्रवाई की गई।

संपत्ति जब्तीकरण करने वाली टीम में नायब तहसीलदार और प्रभारी निरीक्षक परशुरामपुर के अलावा उप निरीक्षक केके साहू, मोहम्मद मुस्तफा, हेमन्त सिंह, कांस्टेबल साहब कुमार, रोहित गौड़, श्यामजीत यादव, माला देवी मौजूद रहीं।

# अधिवक्ताओं ने निकाली बाइक रैली

## विरोध प्रदर्शन कर डीएम कार्यालय पहुंच एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जागरण संवाददाता, बस्ती**: हापुड़ में हुए लाठीचार्ज के विरोध में अधिवक्ताओं ने बाइक रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। शहर के महत्वपूर्ण स्थानों से होते हुए नारेबाजी करते अधिवक्ता जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और एडीएम कमलेश चंद्र को ज्ञापन सौंपा। रैली निकलने से जगह-जगह यातायात प्रभावित हुआ।



जनपद न्यायालय गेट से बाइक रैली निकाल विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता • जागरण

29 अगस्त 2023 को हापुड़ के अधिवक्ताओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया था। कई अधिवक्ता बुरी तरह से घायल हो गए थे। इनमें महिलाएं व बुजुर्ग अधिवक्ता भी शामिल थे। इसी घटना को लेकर पूरे प्रदेश के अधिवक्ता आंदोलित हैं। वे एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने की मांग भी कर रहे हैं। अधिवक्ताओं के साथ पुलिसिया दुर्व्यवहार के मामले समाप्त नहीं हो रहे हैं। आंदोलन के दौरान भी कुछ ऐसे मामले आए जिससे पुलिस के प्रति अधिवक्ताओं का आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। आंदोलन के समर्थन में सिविल बार संगठन के अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, शिवपूजन मिश्र, रजनीश दुबे, रमेशचंद्र पांडेय, यंग बार के अध्यक्ष विनोद भट्ट, मंत्री अंगद मिश्र, कमिश्नर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव, मंत्री विनय कुमार बख्शी साथी अधिवक्ताओं के साथ जनपद न्यायालय के गेट नंबर दो पर एकत्र हुए। वहां से लाउडस्पीकर लगाकर नारेबाजी करते हुए अधिवक्ताओं का मोटरसाइकिल जुलूस निकला। जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर मांगों के समर्थन में जिलाधिकारी कार्यालय में मौजूद अपर जिलाधिकारी कमलेश चंद्र को उन्होंने ज्ञापन सौंपा।

रैली में वरिष्ठ अधिवक्ता भारत भूषण वर्मा, शांति प्रकाश श्रीवास्तव, रामकृष्ण पाठक, चंद्र भूषण मणि त्रिपाठी आदि अधिवक्ता शामिल रहे।

# चोरी करने का आरोपी ससुराल से गिरफ्तार

**बनकटी**। लालगंज क्षेत्र के बानपुर में 20 जून की रात हुई चोरी के मामले में वांछित एक आरोपी को पुलिस ने बुधवार को उसकी ससुराल से गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में बानपुर की कनीज शेख ने केस दर्ज कराया था। एसओ जितेंद्र के अनुसार बानपुर निवासी संतोष निषाद को नगर थानाक्षेत्र के महादेवा गांव से गिरफ्तार किया गया। संवाद



# दहेज में कार की मांग, विवाहिता की पिटाई

**बस्ती।** दहेज में कार न मिलने पर विवाहिता को प्रताड़ित करने के एक मामले में महिला थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है। इस संबंध में कोतवाली थाना क्षेत्र के पिकौरा दत्तूराय निवासी शीबा फरहीन ने तहरीर दी। उन्होंने तहरीर में कहा है कि उसकी शादी संतकबीरनगर जिले के धर्मसिंघवा थाना क्षेत्र के पोखरभिटवा गांव के कुतुबुद्दीन के साथ हुई है। आरोप लगाया है कि पति व सास मैमुन्निशा दहेज में कार की मांग को लेकर पिटाई करती हैं। एसएचओ भाग्यवती पांडेय ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है। संवाद

# घर में घुसे चोरों ने नकदी व जेवर उड़ाए

**कलवारी।** रामजानकी मार्ग पर घर में घुसे चोरों ने नकदी व जेवर पर हाथ साफ किया। पुलिस को दी तहरीर में गंगाधर निवासी बगही थाना कलवारी ने बताया कि मंगलवार की रात लगभग 2:00 बजे सीढ़ी के सहारे छत पर चढ़कर दो से तीन चोर घर में आए। जंगले के पास रखी चाबी लेकर कमरे का ताला खोला और जेवर तथा 16 हजार रुपये लेकर चंपत हो गए। थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस पंजीकृत कर जांच उपनिरीक्षक रविन्द्र नाथ यादव को दी गई। संवाद

# छेड़खानी की शिकायत पर पीड़िता के पिता को पीटा

**बस्ती।** कोतवाली पुलिस ने छेड़खानी की शिकायत करने पर मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, पीड़िता के भाई ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि 18 वर्षीय बहन के साथ नौ सितंबर को मुहल्ले के इंद्रजीत ने छेड़खानी की। दूसरे दिन शाम करीब सात बजे नित्यक्रिया के लिए जाते समय रास्ते में रोककर पिटाई कर दी। उसने आरोपी के पिता से शिकायत की तो 12 सितंबर की सुबह घर में घुसकर पीड़िता के पिता के साथ मारपीट की और अपशब्द कहा। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

# वाहन चालक पर केस दर्ज

**छावनी।** छावनी पुलिस ने लोनियापार के पास हुई सड़क दुर्घटना के मामले में केस दर्ज कर लिया है। चार सितंबर की शाम बाइक सवार दो युवकों को हर्रैया जाते समय लोनियापार गांव के पास टाटा मैजिक ने चपेट में ले लिया था। इससे दोनों को गंभीर चोटें आई थीं। थानाध्यक्ष छावनी नारायण लाल श्रीवास्तव ने बताया कि भगौती प्रसाद मौर्या निवासी पूरे अलावल थाना हर्रैया की तहरीर पर अज्ञात चालक पर केस दर्ज किया गया है। संवाद

# किशोरी को ले जाने पर आरोपी नामजद

बस्ती। किशोरी को बहला फुसलाकर साथ ले जाने के एक मामले में वाल्टरगंज पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज किया है। किशोरी की मां ने तहरीर में कहा है कि थाना क्षेत्र निवासी सागर उसकी 14 वर्षीय बेटी को सोमवार रात कहीं ले गया। खोजबीन के बाद भी वह नहीं मिली। संवाद

# कहासुनी के बाद मारपीट, केस दर्ज

बस्ती। रुधौली थाना क्षेत्र के पिपरा खुर्द में सोमवार को हुई कहासुनी के बाद मारपीट व धमकी देने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में पिपरा खुर्द निवासी जुम्मन अली ने तहरीर दी है। उन्होंने तहरीर में कहा है कि गांव कुछ लोगों ने उनकी पिटाई कर दी। संवाद

# मासूम को अपनाते बन रहा न ठुकराते

## नाबालिग मां के घरवालों की पीड़ा: कानूनी दांवपेच का सामना करना आसान नहीं होगा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** दरिंदगी की शिकार नाबालिग बेटी के मां बनने के बाद उसके माता-पिता के सामने चुनौतियों का पहाड़ खड़ा हो गया है। नवजात को पालने, बेटी को इंसाफ दिलाने, कानूनी दांवपेच का सामना करना आसान नहीं होगा।

आरोपी तो जेल भेज दिए गए, लेकिन उनके मुकरने की स्थिति में क्या होगा, इन सबके अलावा 14 साल की उम्र में मां बनी लड़की का भविष्य क्या होगा यह बड़ा सवाल है। पीड़िता की मां कहती हैं कि इस मासूम को उससे न अपनाते बन रहा है और न ठुकराते बन रहा है।

13 साल की उम्र में मां बनी दरिंदगी की शिकार किशोरी का बुधवार को मेडिकल कराया गया।

### माता-पिता के सामने खड़ा हुआ चुनौतियों का पहाड़ किशोरी का हुआ मेडिकल

न्यायालय में उसका कलमबंद बयान भी हुआ। उसने करीब साढ़े नौ महीने की आपबीती बयां की। साथ में 11 दिन के नवजात को गोद में लिए पीड़िता की मां, उसके पिता और भाई मौजूद रहे।

उन लोगों ने काफी कुरेदने पर बताया कि इस बच्चे को वह लोग पाल-पोस कर बड़ा करेंगे। हालांकि बेटी के भविष्य को लेकर उन लोगों के मन में तमाम आशंका है। अभी उसके बालिग होने में चार साल का समय बाकी है।

मां कहती है कि वह उसके बालिग होने पर कहीं शादी करने का प्रयास करेगी। अभी वह केस में



दरिंदगी की शिकार किशोरी ने बेटे को दिया जन्म, दो आरोपी गिरफ्तार

20 सितंबर को प्रकाशित खबर।

उलझी है, इसलिए ज्यादा सोच भी नहीं पा रही है।

सनद रहे, दुबौलिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी दो युवकों की दरिंदगी का शिकार हो गई। किशोरी के गर्भ ठहर जाने के कई महीने बाद परिवार वालों को इस बात की जानकारी हुई। 11 दिन पहले किशोरी ने घर पर बच्चे को जन्म दिया।

इसके बाद पीड़िता के परिवार ने चुप्पी तोड़ी और बेटी को न्याय दिलाने के लिए उसकी मां ने पुलिस को तहरीर देकर केस दर्ज कराया। मंगलवार को पुलिस ने उसी के आरोपी दुर्गेश निषाद व शिव कुमार निषाद को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया था।

### बच्चे को खरीदने पहुंच गई थी एक महिला

**पीड़िता** की मां ने बताया कि जब वह मेडिकल करा रही थी तो अस्पताल में एक सांवले रंग की मोटी महिला उसके पास आई। वह बोली कि पचास हजार रुपये ले लो और बच्चे को उसे दे दो। उसकी बात सुनकर पीड़िता की मां सकपका गई। साथ में मौजूद अस्पताल के कर्मचारियों और अन्य लोगों ने उसे डांटकर भगाया। वह महिला कौन थी, इसके बारे में काफी जानकारी करने की कोशिश की गई, लेकिन पता नहीं चला।

# कौड़ीकोल गांव में एक ही रात दरोगा सहित चार के घरों में चोरी

## नकदी व जेवर समेट ले गए चोर, पुलिस की तीन टीमें चोरों की तलाश में जुटीं

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज (बस्ती)।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के कौड़ीकोल गांव के चार घरों को चोरों ने मंगलवार की रात को खंगाल डाला। इसमें लखनऊ में तैनात दरोगा का भी घर शामिल है। एक ही रात चार घरों मे चोरी होने से पूरे इलाके के लोग दहशत में हैं। थाने की पुलिस के अलावा फोरेंसिक और स्वॉट टीम भी मामले की छानबीन में जुटी है।

कप्तानगंज थाना क्षेत्र के कौड़ीकोल गांव के राजनारायन चौधरी के अनुसार, सुबह 4:45 बजे घर के लोगो ने देखा कमरे का ताला टूटा हुआ है। पता चला कि चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुए और दो बक्से में रखे जेवर व नकदी चोरी हो गई। कुछ देर बाद गांव के लोग अपना-अपना घर देखने लगे। पता चला कि वहां के चार घरों में चोरी की घटनाएं हुई हैं। कुसुम देवी पत्नी गणेश दत्त के घर में भी चोरों ने गहने और नकदी पर हाथ साफ किया।

गांव के घूरे के घर से 25 हजार की चोरी हुई। घूरे का पुत्र अर्जुन कुमार लखनऊ में दरोगा पद पर तैनात है। उसके बाद चोरों ने योगेश कुमार पुत्र रामप्रताप का पूरा घर खंगाला और आलमारी और बक्सा तोड़कर जेवर और कीमती सामान लेकर फरार हो गए।

सूचना पर 112 की दो पीआरवी और कप्तानगंज की पुलिस पहुंच गई। घरों का सामान बिखरा देखकर हैरत में पड़ गई। चोरी होने की जानकारी होने पर आसपास के गांव के लोग भी जुट गए। कप्तानगंज के एसओ रोहित कुमार उपाध्याय ने बताया कि मामले में छानबीन की जा रही है।



कप्तानगंज क्षेत्र के कौड़ीकोल गांव मे चोरी के बाद बिखरा सामान। संवाद



कौड़ीकोल गांव में चोरी की घटना की जांच करती पुलिस।

## चोरों के आगे पुलिस फेल, एक महीने में 15 से ज्यादा घटनाएं

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** तमाम जटिल मामलों का पर्दाफाश करने में आगे रहने वाली पुलिस के सारे पैंतरे चोरों के आगे फेल हैं। एक महीने के भीतर 15 से ज्यादा घटनाएं इस बात का प्रमाण हैं। इनमें किसी भी घटना का पुलिस पर्दाफाश नहीं कर पाई। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में आए दिन चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं।

पुलिस के लिए परेशानी यह है कि जिले में चारों तरफ घटनाएं हो रही हैं। ज्यादातर घटनाएं उन घरों में हो रही हैं, जहां लोग गर्मी के कारण छत पर या घर के बाहर सोते हैं। अधिकारियों का कहना है कि घटनाओं का जल्द पर्दाफाश किया जाएगा।

हर्रैया थाना क्षेत्र के खरथुआ गांव में तीन सितंबर को चोरी कर भाग रहे तीन में से एक चोर को ग्रामीणों ने पकड़ लिया था। पकड़े गए चोर को ग्रामीणों ने बंधक बनाकर

### अधिकारी बोले- जल्द घटनाओं का कर दिया जाएगा पर्दाफाश

जमकर पीटा। सुबह पुलिस के हवाले कर दिया। हालांकि दो चोर भागने में सफल हो गए थे। 26 अगस्त की रात इन्वर्टर-बैटरी की दुकान का ताला तोड़कर चोरी करते समय दो चोर पकड़कर लोगों ने पुलिस के हवाले कर दिया था। बाद में पुलिस ने श्रेय ले लिया था।

17 अगस्त को छावनी थाना क्षेत्र के टिकरिया गांव के अधिवक्ता के घर में पीछे के दरवाजे में लगा ताला तोड़कर चोर घर में घुस गए। सोने-चांदी के जेवर व नकदी पर हाथ साफ कर दिया था। 10 से 15 अगस्त के बीच कोतवाली क्षेत्र के डड़वा निवासी सतीश श्रीवास्तव के घर में चोरी हो गई।

10 अगस्त को घर में ताला लगाकर वह पत्नी का इलाज कराने गोरखपुर चले गए थे। 15 अगस्त को लौटकर आए तो कमरों के ताले टूटे हुए थे। 15 अगस्त की रात परशुरामपुर थानाक्षेत्र के कोहराये बाजार के तीन घरों में चोरी हुई। वहां के फजर अली, दिनेश वर्मा व राजेश कुमार का कहना है कि वह लोग बुधवार सुबह उठकर घर में दाखिल हुए तो सामान बिखरा पड़ा था।

13 अगस्त को सोनहा थाना क्षेत्र के परसाखाल गांव में एक साथ तीन घरों में चोरों ने धावा बोलकर लाखों रुपये की नकदी, जेवरात आदि चुरा ले गए। 11 अगस्त को कप्तानगंज थाने के तमोलीपुर गांव से तीन हॉर्स पॉवर का मोटर चोरी हो गया।

गड़हागौतम निवासी अनिल कुमार सिंह ने तहरीर दी थी। 16 सितंबर को हर्रैया क्षेत्र के महादेवरी गांव में दो घरों में चोरी हुई। चोरों ने पहले शारदा प्रसाद के घर को निशाना बनाया। उनके घर के ठीक सामने श्रवण कुमार के घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया।

# मोबाइल फोन पर अश्लील मैसेज भेजने पर केस दर्ज

बस्ती। वाल्टरगंज पुलिस ने अश्लील मैसेज भेजने के एक मामले में आरोपी कार्तिक पर केस दर्ज किया है।

इस संबंध में थानाक्षेत्र के एक व्यक्ति ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनके गांव का कार्तिक सिंह उनकी नाबालिग बेटी के मोबाइल फोन पर अश्लील मैसेज भेजता है।

इसका विरोध करने पर वह जान से मारने की धमकी देता है। पुलिस ने आईटी और धमकी देने की धारा में केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

# अधिवक्ताओं ने बाइक रैली निकाल जताया विरोध

## हापुड़ पुलिस व प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी, बृहस्पतिवार को न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे वकील

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। सिविल बार एसोसिएशन के नेतृत्व में बुधवार को जिले के चार हजार से अधिक अधिवक्ताओं ने बाइक रैली निकालकर हापुड़ की घटना का विरोध किया।

सिविल बार अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में निकाली गई रैली में अधिवक्ताओं ने हापुड़ पुलिस व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक सरकार दोषियों पर कार्रवाई नहीं करती है, तब तक विरोध प्रदर्शन चलता रहेगा।

जनपद न्यायालय के गेट नंबर-दो पर चारों तहसीलों सहित जिलेभर के अधिवक्ता एकत्रित हुए। यहां से बाइक पर सवार अधिवक्ता न्याय मार्ग से कंपनीबाग, गांधीनगर होते हुए रोडवेज तिराहा पहुंचे। यहां से



भानपुर में अधिवक्ताओं ने मोटरसाइकिल रैली निकाल कर किया विरोध-प्रदर्शन। संवाद

मालवीय रोड, रंजीत चौराहा, रौता, फव्वारा चौराहा, काली मंदिर से होते हुए पानी टंकी पहुंचे। यहां से पुनः न्याय मार्ग होते हुए कलक्ट्रेट पहुंचे और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम अंद्रा वामसी को दिया। कलक्ट्रेट से अधिवक्ता दोबारा जनपद न्यायालय के गेट नंबर दो पर पहुंचे जहां हापुड़ प्रशासन व पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की।

विरोध प्रदर्शन के बाद सिविल बार सभागार में द यंग बार, कमिश्नर बार, जनपद बार के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई, जिसमें निर्णय लिया गया कि जिलेभर के अधिवक्ता 21 सितंबर को न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे। मौके पर रजनीश कुमार दुबे, विनोद कुमार भट्ट, शिवपूजन मिश्र, रमेश चंद्र आदि मौजूद रहे।

भानपुर प्रतिनिधि के अनुसार अधिवक्ताओं ने बुधवार को बाइक रैली निकाली। रैली का नेतृत्व बार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने किया। इसके बाद अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्री ज्ञापन नायब तहसीलदार रामनगर कृष्ण मोहन यादव को दिया।

# गैंगस्टर के पांच आरोपियों की 1.01 करोड़ की संपत्ति जब्त

## अवैध शराब के दो, लूट व साजिश के एक मामले में लगा है गैंगस्टर

संवाद न्यूज एजेंसी

**परशुरामपुर/बस्ती।** पुलिस ने गिरोह बनाकर अवैध शराब का धंधा करने के वाले और लूट के मामले में शामिल रहे पांच आरोपियों की एक करोड़, एक लाख रुपये की संपत्ति बुधवार को जब्त कर ली। इनमें दो मामले अवैध शराब का धंधा करने और एक लूट के मामले में गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी।

पुलिस के अनुसार परशुरामपुर पुलिस ने थानाक्षेत्र के सेवरा पट्टी गांव में वर्ष 2020 में अवैध शराब बनाने के अड्डे पर छापा मारा था। छापे के दौरान भारी मात्रा में शराब और उसे बनाने के उपकरण बरामद किए गए थे।

इस मामले में सेवरापट्टी गांव के झगरू उर्फ लाल बहादुर, सुनील केवट, ओमप्रकाश व बंगाली उर्फ अमर को गिरफ्तार किया गया था।



गैंगस्टर के आरोपी सुनील केवट का घर सील करती पुलिस।

इन सभी आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी।

छानबीन में पाया गया कि आरोपियों ने अपराध से काफी संपत्ति अर्जित कर रखी है। बुधवार को चारों की मिलाकर अनुमानित 82 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की गई। इसी तरह परदेसी निवासी बरहपुर पांडेय को भी अवैध शराब बनाने के मामले में गैंगस्टर के तहत निरुद्ध किया गया था। उसकी अनुमानित 20 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की गई।

जब्त करने की तीसरी कार्रवाई लूट और लूट की साजिश करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए सौरभ सिंह निवासी सिरसहवा के विरुद्ध की गई। उसके खिलाफ भी गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी।

पुलिस को उसकी संपत्ति तो नहीं मिली, मगर उसके बैंक खाते में जमा एक हजार रुपये जब्त कर ली गई। एसएचओ रामेश्वर यादव ने बताया कि तीनों स्थानों से एक करोड़, एक लाख एक हजार रुपये की संपत्ति जब्त की गई ।

इस दौरान नायब तहसीलदार हर्रैया ऋषभ सिंह, प्रभारी निरीक्षक परशुरामपुर के अलावा उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार साहू, मुस्तफा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

---

**लापरवाही** — धारा 24 के मामलों के निस्तारण में रुचि नहीं दिख रहे अफसर

# तहसील का काट रहे चक्कर...फिर भी पक्की पैमाइश नहीं

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** यदि आप जमीन की पक्की पैमाइश कराकर उस पर काबिज होना चाहते हैं तो तमाम पापड़ बेलने पड़ेंगे। लेखपाल और कानूनगो के चक्कर लगाने पड़ेंगे। उनकी फरमाइश पूरी करनी पड़ेगी।

यदि पूरा कर दिया तो पैमाइश हो जाएगी। वरना तहसील के चक्कर लगाते-लगाते चप्पलें घिस जाएंगी। यह हम नहीं कह रहे हैं, बल्कि फरियादियों का आरोप है।

जानकारी के अनुसार, तमाम काश्तकार विवाद या अन्य कारणों से अपनी जमीन की पक्की पैमाइश कराना चाहते हैं। ऐसे तमाम मामले आते हैं कि जब काश्तकार भूमि पर कब्जा लेने जाते हैं तो अगल-बगल के लोग जमीन पर कब्जा नहीं करने देते हैं। विवाद की दशा में विपक्षी पक्की पैमाइश कराकर पत्थर नसब कराने के बाद ही कब्जा करने को कहते हैं।

ऐसे में काश्तकार को लेखपाल से मिलना पड़ता। वह जमीन की पैमाइश के लिए आपसे कुछ फ़रमाइश करते हैं जिसे पूरी करने के बाद शायद मामला सुलझ जाए, वरना तहसील के चक्कर काटते-काटते सालों गुजर जाएंगे।

तहसीलों में सामान्य व पक्की पैमाइश के करीब सात हजार मामले लंबित चल रहे हैं।

### 45 दिन का है नियम महीनों लगाते हैं चक्कर

**अधिवक्ता** राघवेंद्र प्रताप पाठक के अनुसार, पैमाइश का आवेदन देने के बाद 45 दिन में प्रक्रिया पूरी करन होती है। ऐसे प्रकरण में लेखपाल और कानूनगो सीधे आवेदक से संपर्क साधते हैं। यदि उनके मुताबिक आवेदक ने काम किया तो जल्द प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। वरना किसी न किसी बहाने इसमें महीनों लग जाएंगे। इस चक्कर में आवेदक महीनों तहसील, लेखपाल और कानूनगो के चक्कर लगाने के लिए मजबूर होते हैं। ऐसे तमाम मामले हैं जिनमें लोग सालों से चक्कर काट रहे हैं।

**केस एक** हर्रैया के विजेंद्र कुमार ने बताया कि मई 2022 में पैतृक संपत्ति पर कब्जे के लिए धारा 24 के तहत आवेदन किया। कानूनगो और लेखपाल ने दो महीने बाद पैमाइश कर फील्ड बुक तैयार की। एसडीएम के पत्थर नसब का आदेश भी कर दिया। सालभर से अधिक हो गया तहसील आते हुए।

**केस दो** खोरिया के मोल्हू चौधरी ने बताया कि करीब दो सालों से पक्की पैमाइश कराने के लिए तहसील के चक्कर लगा रहा हूं। एसडीएम को कई बार प्रार्थनापत्र दे चुका हूं। हर बार काम हो जाएगा का आश्वासन देकर टाल देते हैं। लेखपाल व कानूनगो से भी कई दफा अनुरोध कर चुका हूं, लेकिन कोई सुनने का तैयार नहीं है।

### चर्चा में रहे लेखपालों के घूसखोरी के मामले

- 25 अप्रैल 2023 को सदर तहसील की लेखपाल मुदिता श्रीवास्तव को रंगे हाथ गोरखपुर के अपराध निरोधक दस्ता ने गिरफ्तार किया।
- 17 जून 2022 में पैमाइश के लिए घूस लेते समय हर्रैया के राजस्व निरीक्षक घनश्याम वर्मा को गोरखपुर के अपराध निरोधक दस्ता के रंगे हाथ गिरफ्तार किया।
- 25 अगस्त 2022 को सदर तहसील के एक लेखपाल का रुपये लेते हुए वीडियो वायरल हुआ। इसके बाद उसे निलंबित कर दिया गया।

# तीन के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज

**हरैया।** चौबेपुर गांव में मंगलवार की रात पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन लोगों के विरुद्ध मारपीट व जानमाल की धमकी देने का केस दर्ज किया है। चौबेपुर गांव निवासी संतोष कुमार व पवन वर्मा के बीच मंगलवार की देर शाम पुरानी रंजिश को लेकर कहासुनी हो गई। पवन वर्मा ,कमलेश व अखिलेश ने संतोष वर्मा को अकेला देखकर लाठी डंडा से हमला कर दिया। घटना में संतोष को गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने पीड़ित के पिता की तहरीर पर आरोपियों पर केस दर्ज किया है। संवाद

# आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाने के निर्देश

**बस्ती।** आयुष्मान आपके द्वार-3 अभियान को सफल बनाने में सक्रियता बरती जाए। यह निर्देश सीडीओ जयदेव सीएस ने दिए हैं। वह बुधवार को अधिकारियों के साथ समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डीपीआरओ व सभी बीडीओ यह सुनिश्चित करें कि सफाई कर्मचारी भी एंड्राइड मोबाइल से आयुष्मान एप के माध्यम से कार्ड बनाना प्रारंभ करें। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि इस कार्य में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी लगाया जाए। संवाद

# खलासी की मौत के मामले में केस दर्ज

**छावनी।** छावनी पुलिस ने पचवस के पास दो वाहनों के बीच खलासी की दबकर हुई मौत के मामले में केस दर्ज किया है। थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव ने बताया कि ट्रक चालक इकराम निवासी मंगलौर जिला हरिद्वार उत्तराखंड की तहरीर पर कंटेनर के अज्ञात चालक पर केस दर्ज किया गया है। मंगलवार की सुबह पचवस के पवन सिंह के ढाबे पर दो वाहनों के बीच दबकर खलासी की मौत हो गई थी। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः-21-09-2023

# जान से मारने की मिली धमकी

**डुमरियागंज (एसएनबी)।** डुमरियागंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बसडिलिया निवासी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अब्दुल जहीर फारुकी व गांव के ही निवासी के पत्रकार अफजानुल हक फारूकी को जान से मारने की धमकी मिली है। इस संबंध में अलग-अलग तहरीर देते हुए दोनों लोगों ने कहा कि मंगलवार की रात दीन की बात व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर उनके नंबर को जोड़ते हुए उन्हें ग्रुप के माध्यम से भद्दी भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी गई है। उक्त दोनों लोगों ने ग्रुप एडमिन नंबर 8381863132 व 9655525896 नंबर के एडमिन के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई है। वही पत्रकार को धमकी दिए जाने के खिलाफ ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने निंदा करते हुए कहा अगर धमकी देने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन उच्च अधिकारियों से वार्ता कर कार्रवाई के लिए बाध्य होगा। इस संबंध में थाना अध्यक्ष मुकेश राय ने कहा कि तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

# नहर में उतराया मिला युवक का शव

**सकारपार(एसएनबी)।** खेसरहा थाना क्षेत्र के सकारपार चौकी अंतर्गत झाझापार गांव स्थित नहर में एक 28 वर्षीय युवक का शव पानी में उतराया मिला है, जिसे देख लोगों ने पुलिस को सूचित किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। शव की शिनाख्त बांसी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नरही निवासी सूरज दूबे के रूप में हुई है। बांसी कोतवाली अंतर्गत नरही निवासी सूरज दूबे (28) पुत्र जनार्दन दूबे सोमवार की शाम को अपने घर से निकला था। देर रात तक वापस न आने पर स्वजनों ने उसकी तलाश शुरू किया लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। बुधवार दोपहर उसका शव खेसरहा थाना क्षेत्र के झाझापार स्थित नहर में उतराता मिला। इस सूचना पर घर के लोग भरथना नहर पर पहुंचे तब तक नहर का फाटक खुल जाने से लाश बह गई और बहती हुई झाझापार गांव के पूरब नहर में मिली। वहां मृतक के पिता जनार्दन भी पहुंच गए और मृतक की पहचान अपने बेटे सूरज के रूप में किया। मृतक के दाहिने हाथ में महाकाल लिखा हुआ था। मृतक दो भाईयों में बड़ा था और अविवाहित था। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने बताया की युवक के शरीर की चमड़ी कहीं कही छिली हुई दिखाई दे रही है। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी शशांक सिंह, सीओ देवीगुलाम भी मय फोर्स मौके पर पहुंच गए थे। फिलहाल जो भी घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक शशांक सिंह ने कहा कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने पर मिले तथ्यों व साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

# नहर में बहता मिला लापता युवक का शव



घटना स्थल पर मौजूद सीओ देवी गुलाम सिंह व खेसरहा थानाध्यक्ष शशांक सिंह

- खेसरहा थाना क्षेत्र के झाझापार गांव के पास नहर में मिला शव
- मृतक बांसी कोतवाली क्षेत्र के नरही गांव का था निवासी

**खेसरहा, हिन्दुस्तान संवाद।** खेसरहा थाना क्षेत्र के झाझापार गांव स्थित नहर में बुधवार को एक युवक का शव पानी में उतरता मिला। नहर में शव देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

बांसी कोतवाली क्षेत्र के नरही गांव निवासी सूरज दुबे (28) पुत्र जनार्दन दुबे सोमवार की शाम को अपने घर से निकलने के बाद घर नहीं लौटा था। परिजनों ने उसकी तलाश आसपास व रिश्तेदारों के यहां करनी शुरू कर दी थी लेकिन उसका पता नहीं चल सका था। बुधवार की सुबह पिता जनार्दन दुबे को पता चला कि भरथना नहर में लगे फाटक के पास एक लाश मिली है। सूचना पर घर के लोग भरथना नहर पर पहुंचे तब तक नहर का फाटक खुल जाने से लाश बह गई और बहती हुई झाझापार गांव के पूरब नहर में पहुंच गई थी। मृतक के पिता जनार्दन ने पहचान अपने बेटे सूरज के रूप में की।

मृतक के दाहिने हाथ में महाकाल लिखा हुआ था। मृतक दो भाइयों में बड़ा था और अविवाहित था। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी शशांक सिंह, सीओ देवीगुलाम सिंह भी मौके पर पहुंच गए। थाना प्रभारी शशांक सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# हत्या के प्रयास के तीन आरोपी दबोचे

बर्डपुर। मोहाना थाने की पुलिस ने हत्या के मामले में आरोपी रहे तीन लोगों को बुधवार को गिरफ्तार किया है। केस दर्ज होने के बाद से फरार चल रहे थे।

मोहाना थानाध्यक्ष जीवन त्रिपाठी ने बताया कि मणिकांत शुक्ल पुत्र गोविंद, अखिलेश गौड़ उर्फ भिखारी पुत्र कमलेश व उमाशंकर शुक्ल उर्फ करिया पुत्र रामलखन निवासी बरदहवा थाना मोहाना के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत एससी/एसटी एक्ट का केस दर्ज था। फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# 300 ग्राम चरस संग युवक को पकड़ा

इटवा। मादक पदार्थ की तस्करी करने के आरोप में इटवा पुलिस ने बुधवार को सिकरिया पुल के पास से एक युवक को पकड़ने का दावा किया है। पुलिस ने पकड़े गए युवक के पास से 300 ग्राम चरस भी बरामद की है। युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

थानाध्यक्ष इटवा संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि बुधवार को एसआई रमाकांत सरोज, हेड कांस्टेबल हरिकेश बहादुर चौहान, कांस्टेबल धनन्जय संदिग्धों की तलाश में थे। इस दौरान सिकरिया पुल के पास एक संदिग्ध युवक आता हुआ दिखाई दिया। रोककर तलाशी ली गई तो उसके पास 300 ग्राम चरस बरामद हुआ। पूछताछ में उसकी पहचान क्षेत्र के सेमरा गांव निवासी राम प्रकाश यादव पुत्र रामकुमार के रूप में हुई। एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

# छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

चिल्हिया। चिल्हिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति को गांव की ही एक किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने बुधवार को उसे गिरफ्तार कर लिया है।

चिल्हिया थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग लड़की सोमवार को गौहनिया चौराहे पर पढ़ने जा रही थी। गांव का ही एक व्यक्ति आठ वर्षीय बालिका को साइकिल पर बैठाकर स्कूल के लिए ला रहा था। रास्ते में नहर के पास उससे छेड़खानी करने लगा। छात्रा ने घर आकर शिकायत की तो परिजनों ने थाना पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने मंगलवार को केस दर्ज कर लिया था। बुधवार को आरोपी मुर्तजा (50) को गिरफ्तार कर लिया है।

## हापुड़ के अधिवक्ताओं पर दर्ज मुकदमे वापस किए जाएं

# वकीलों ने निकाला बाइक जुलूस, की नारेबाजी

**आंदोलन**

- बांसी में अधिवक्ताओं की हड़ताल जारी, आंदोलन तेज करने की चेतावनी
- न्याय मिलने तक जारी रहेगा धरना-प्रदर्शन, नहीं करेंगे न्यायिक कार्य

**बांसी, हिन्दुस्तान संवाद।** हापुड़ में अधिवक्ताओं पर पुलिस के लाठी चार्ज के विरोध में बुधवार को बांसी में सिविल कोर्ट से नई तहसील तक बाइक रैली निकाली गई। रैली के दौरान अधिवक्ताओं ने नारेबाजी भी की। अधिवक्ताओं ने कहा कि हापुड़ के अधिवक्ताओं पर दर्ज एफआईआर स्पंज की जाए। घायल अधिवक्ताओं को मुआवजा दिया जाए। दोषी पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। अधिवक्ता सरंक्षण अधिनियम पारित करके प्रदेश में लागू किया जाए।

अधिवक्ताओं ने कहा कि हापुड़ की घटना निंदनीय है। दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई नहीं हो रही है, चिंताजनक है। कहा कि लाठीचार्ज पुलिस वालों ने किया और अधिवक्ताओं पर केस दर्ज कर लिया गया। यह अन्याय है। अधिवक्ता समाज इसे बर्दाश्त करने वाला नहीं है। वह इंसाफ की लड़ाई लड़ रहा है। न्याय मिलने तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। सरकार ने मांगें नहीं मानी तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। इस दौरान आदित्य प्रकाश त्रिपाठी अध्यक्ष बार एसोसिएशन बांसी, शेषदत्त पांडेय, विनोद सिंह, श्रीप्रकाश लाल, गंगा प्रसाद यादव, बदरे आलम, नीरज, आयुष मिश्र, निजामुद्दीन, उमेश यादव, सर्वदेव मिश्र आदि मौजूद रहे।



बांसी तहसील में बुधवार को नारेबाजी करते अधिवक्ता । • हिन्दुस्तान

# हत्या के प्रयास के तीन आरोपित गिरफ्तार

## कार्रवाई

जासं, सिद्धार्थनगर: मोहाना थाना पुलिस ने बुधवार को हत्या के प्रयास के तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम मणिकान्त शुक्ला, अखिलेश गौड़ उर्फ भिखारी और उमाशंकर शुक्ल उर्फ करिया निवासी बरदहवा थाना मोहाना है। थाना प्रभारी जीवन त्रिपाठी ने बताया कि स्थानीय थाने में इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस इनकी तलाश में थी। गिरफ्तारी टीम में थाना प्रभारी के अलावा उपनिरीक्षक तारकेश्वर पांडेय, मुख्य आरक्षी दिनेश चंद्र यादव, रिकेश यादव शामिल रहे।

# मारपीट के मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार

बिस्कोहर। त्रिलोकपुर पुलिस ने मारपीट के मामले में फरार चल रहे तीन आरोपितों को बुधवार को सिरसिया मोड़ से पकड़ने का दावा किया है। थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर तहसीलदार सिंह ने बताया कि गोल्हौरा थाना क्षेत्र के सिंहोरिया गांव निवासी गोलू यादव, नीरज यादव, पवन कुमार यादव त्रिलोकपुर थाना में हुई मारपीट के एक मामले में आरोपित थे। काफी दिनों से फरार चल रहे थे। बुधवार को पुलिस टीम ने उन्हें सिरसिया मोड़ से गिरफ्तार किया है।

# तीन सौ ग्राम चरस के साथ एक गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर /इटवा (एसएनबी) ।स्थानीय पुलिस ने क्षेत्र गस्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति चरस लेकर आ रहा है। इस उपनिरीक्षक रमाकांत सरोज अपने टीम के साथ सीकरी पुल के पास पहुंचे। एक संदिग्ध युवक पैदल आता हुआ दिखाई दिया।रोककर तलाशी लेने पर उसके पास तीन सौ ग्राम चरस बरामद हुआ।पूछ ताछ में उसने अपना नाम राम कुमार पुत्र राम प्रकाश यादव ग्राम सेमरा का निवासी बताया है। बरामी के आधार पर इसके विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस ऐक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए विधिक विधिक कार्यवाही पूर्ण करके न्यायालय भेज दिया है।

# वाट्सएप से मिली जान से मारने की धमकी

भड़रिया बाजार। डुमरियागंज थाना क्षेत्र के बसडिलिया गांव निवासी प्रधान प्रतिनिधि अब्दुल जहीर फारुकी व गांव के ही अफजानुल हक फारूकी को जान से मारने की धमकी मिली है।

उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि मंगलवार की रात दीन की बात वाट्सअप ग्रुप बनाकर उनके नंबर को जोड़ते हुए उन्हें ग्रुप के माध्यम से अपशब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई है। पीड़ितों ने मामले में कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष मुकेश राय ने कहा कि तहरीर मिली है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# बेहोश मिला पांच दिन से गायब युवक

जागरण संवाददाता, शोहरतगढ़ : कठेला थाना क्षेत्र में पांच दिन से गायब युवक अचेतावस्था में कठेला नहर के पास मिला है। उसका कपड़ा फटा हुआ है। युवक की पहचान चिल्हिया थाना क्षेत्र के महादेवा गंगाराम निवासी 25 वर्षीय त्रिलोकी चौरसिया पुत्र जामवंत चौरसिया के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शोहरतगढ़ पर पहुंचाया। डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज भेज दिया है। युवक सीसी कैमरा लगाने का काम करता है। शुक्रवार को सुबह करीब 11 बजे वह शोहरतगढ़ तहसील के लिए घर से निकला था। इनके पिता पहले से ही तहसील पर कुछ काम के लिए मौजूद थे। तहसील पहुंचने में देरी होने पर पिता ने जब फोन किया तो उसने परसिया पहुंचने की बात बताई। इसके बाद उसका फोन बंद हो गया। जब वह शाम तक घर नहीं पहुंचा तो पिता ने चिल्हिया थाने में जाकर गुमशुदी की रिपोर्ट दर्ज कराई। युवक को अचेत अवस्था में देख कर दीवान अदनान शेख व आरक्षी सत्यवेदी सिंह सीएचसी लाए। वह कठेला कैसे पहुंचा और पांच दिन कहां रहा। इस बात का पता तो उसके होश में आने के बाद ही चल पाएगा। इस संबंध में प्रभारी कठेला कन्हैया लाल मौर्य ने बताया कि युवक की बाइक, मोबाइल व आधार कार्ड बरामद हुआ है।

# तीसरे दिन भी नहीं हो सकी मृतका की पहचान

**जासं, पथरा** : पथरा थाना क्षेत्र के ग्राम कम्हरिया खुर्द में सरयू नहर में बने पुल के पास सोमवार को अर्धनग्न अवस्था में मिली महिला के शव की पहचान तीसरे दिन भी नहीं हो सकी। इस दौरान पुलिस पूरे जिले में संपर्क कर शव के बारे में जानकारी जुटाने में लगी रही पर सफलता नहीं मिली। इस बीच संदिग्धावस्था में मिले शव के बारे लोगों में तरह की कयासबाजी का दौर जारी है, लोग परिस्थिति जन्य साक्ष्यों के आधार पर अपनी अपनी आशंकाएं प्रकट करते देखे गये।

मसलन 30 वर्षीय महिला केवल पेटीकोट और ब्लाउज पहनकर नहर पर क्यों आई, ऐसा आमतौर पर नहीं होता है।

मांग में सिंदूर, गले में मंगलसूत्र और नाक कान के आभूषण पहनकर सज धज कर कोई आत्महत्या करता है क्या? लोग यह भी आशंका जता रहे हैं कि इंटरनेट मीडिया व मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद क्या उसके घर के लोगों तक बात नहीं पहुंच रही होगी, जबकि शव या तो इसी जिले का होगा या फिर आसपास के जिलों का होगा।

# चरस के साथ एक गिरफ्तार

**इटवा** : इटवा थाना पुलिस ने बुधवार को 300 ग्राम चरस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपित मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त रहता है। उप निरीक्षक रमाकांत सरोज टीम के साथ सिकरिया पुल के पास चेकिंग अभियान में पर थे। तभी संदिग्ध व्यक्ति दिखाई। उसे पकड़कर तलाशी ली गई तो चरस बरामद हुआ। पूछताछ में अपना नाम राम प्रकाश यादव बताया, जो इसी थाना क्षेत्र के सेमरा गांव का निवासी है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत करते हुए न्यायालय के लिए भेजा गया।

# कर्ज लेकर खोली दुकान, आग से हुआ नुकसान

जासं, औराताल : डुमरियागंज थाना क्षेत्र के औराताल चौराहे पर मंगलवार की रात पेंट की दुकान में आग लग गई। इस घटना में उपकरण समेत करीब 11 लाख रुपये की का सामान जलकर राख हो गया। सुबह लेखपाल ने नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट तैयार किया। हालांकि आग लगने के कारण का पता नहीं चल पा रहा है। कुसहटा गांव निवासी मकसूद सिद्दकी पुत्र अब्दुल माबूद औराताल चौराहे बैंक से कर्ज लेकर पेंट की दुकान किये हैं। रात्रि करीब नौ बजे दुकान बंद कर घर चले आए। बुधवार को करीब दस बजे दुकान के सामने रह रहे बृजेश व विशाल ने दुकान से धुंआ निकलता देख मकसूद को फोन कर सूचना दी। आसपास के दुकानदारों व ग्रामीणों के सहयोग से घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पीड़ित ने बताया कि मिक्सिंग मशीन, लैपटाप जल गया।

# गांव से 14 किलोमीटर दूर नहर में मिली युवक की लाश, दो दिन पहले हुआ था लापता

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। खेसरहा थाना क्षेत्र के झाझापार गांव के पास नहर में बुधवार को एक युवक की बहती हुई लाश मिली। मृतक बांसी कोतवाली क्षेत्र के नरही गांव निवासी था।

गांव से करीब 14 किलोमीटर दूर लाश मिली है। वह दो दिन पहले घर से लापता हो गया था। शरीर पर कहीं किसी प्रकार के जख्म के निशान नहीं मिले हैं। इसलिए परिवार और पुलिस डूबने से मौत की आशंका व्यक्त कर रही है।

कोतवाली बांसी क्षेत्र के नरही गांव निवासी सूर्य प्रकाश उर्फ सूरज दुबे (28) पुत्र जनार्दन दुबे गांव के पास स्थित नहर पर टंकी में पान एवं अन्य सामग्री की दुकान चलाता था। पिता के मुताबिक वह 18 सितंबर से लापता था। शाम को घर नहीं पहुंचने पर पिता ने कई रिश्तेदारों से फोन से पूछताछ की, लेकिन पता नहीं चला।



झाझापार गांव के पास घटना की जानकारी लेती पुलिस। संवाद

बुधवार सुबह गांव के कुछ लोगों ने भरथना गांव के पास नहर में एक लाश मिलने की खबर जनार्दन को दी।

वह मौके पर पहुंच गए। जानकारी मिलते सीओ बांसी देवी गुलाम सिंह और एसओ खेसरहा शशांक कुमार सिंह मौके पर पहुंच गए। शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# 300 ग्राम चरस बरामद, एक गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** इटवा पुलिस ने बुधवार को क्षेत्र के सिकरिया पुल के पास से एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 300 ग्राम चरस बरामद हुई। उसे पूछताछ के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। सीओ इटवा जयराम ने बताया कि इटवा पुलिस को सूचना मिली कि एक तस्कर चरस लेकर आने वाला है। एसआई रमाकांत सरोज की अगुवाई में टीम सिकरिया पुल के पास पहुंच गई। पुलिस टीम को आता देख तस्कर भागने लगा। शक होने पर जवानों ने घेराबंदी करके उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान 300 ग्राम चरस बरामद हुई। उसकी पहचान राम प्रकाश यादव निवासी सेमरा थाना इटवा के रूप में हुई। पकड़ने वाली टीम में एसआई रमाकांत सरोज, आरक्षी हरिकेश बहादुर चौहान, धनंजय यादव शामिल रहे। संवाद

# हत्या के प्रयास के तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे



सिद्धार्थनगर। मोहाना थाने की पुलिस ने तीन हत्या के प्रयास के तीन आरोपियों को बुधवार सुबह पकड़ लिया। इनकी पहचान बरदहवा गांव निवासी मणिकांत शुक्ल, अखिलेश गौड़ उर्फ भिखारी व उमाशंकर शुक्ला उर्फ करिया के रूप में हुई। पूछताछ के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया। संवाद

# छेड़खानी करने का आरोपी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। चिल्हिया थाने की पुलिस ने बुधवार को किशोरी छेड़खानी और मारपीट करने के आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। थाने पर लाकर पूछताछ करके उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से जेल भेज दिया गया। एसओ चिल्हिया अमित कुमार ने बताया कि आरोपी मुर्तजा हुसैन निवासी पकड़ी नौडीहाव थाना चिल्हिया के खिलाफ छेड़खानी, पाक्सो एक्ट और एससी, एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज था। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-21-09-2023

# मॉकड्रिल में एनडीआरएफ व फायर सर्विस का रहा बेहतर प्रदर्शन

## संयुक्त जिला चिकित्सालय के एमसीएच विंग में हुआ माकड्रिल का अभ्यास

संत कबीर नगर (एसएनबी)। संयुक्त जिला चिकित्सालय के एमसीएच विंग में बुधवार को एनडीआरएफ की टीम ने स्थानीय जिला प्रशासन के साथ मिलकर माकड्रिल का अभ्यास किया।

11वीं बटालियन एनडीआरफ के उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में एनडीआरएफ (आरआरसी) गोरखपुर के उप कमांडेंट संतोष कुमार के नेतृत्व में भूकम्प से होने वाली जनधन की क्षति को न्यूनीकृत किये जाने हेतु मॉकड्रिल किया गया। इसमें फायर सर्विस का बेहतर प्रदर्शन रहा जिसकी सराहना सीएमओ के साथ अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा की गई। 11वीं वाहिनी एनडीआरएफ की टीम का अस्पताल में राहत व बचाव कार्यों का प्रदर्शन भी का बेहतर रहा। मॉकड्रिल में उप जिलाधिकारी सदर शैलेश दूबे, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अनिरुद्ध सिंह, संयुक्त जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. महेश प्रसाद, आपदा विशेषज्ञ कृष्ण गुप्ता समेत चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। मॉकड्रिल का संचालन एनडीआरफ के उप कमांडेंट संतोष कुमार, निरीक्षक गोपी गुप्ता, उप निरीक्षक जय प्रकाश व समन्वय आपदा विशेषज्ञ कृष्ण गुप्ता ने किया। एनडीआरएफ के जवानों की मदद से बिल्डिंग में फँस विक्टिम को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया तथा घायल व्यक्तियों को मेडिकल टीम द्वारा प्राथमिक उपचार करते हुए एम्बुलेंस के माध्यम से जिला चिकित्सालय भेजा गया। इसके उपरांत अन्दर फंसे लोगों को रस्सी आदि उपकरणों के माध्यमों से बाहर निकाला गया। आपदा मित्रों द्वारा भी राहत एवं बचाव कार्य में सहयोग किया गया। पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा भूकम्प से फैल रही अफरा-तफरा को रोका गया तथा परिवहन विभाग की मदद से प्रभावित व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। एसडीएम शैलेश दूबे ने कहा कि 11वीं वाहिनी एनडीआरएफ की टीम ने अस्पताल में राहत व बचाव कार्यों का प्रदर्शन किया गया।




जिला अस्पताल के एमसीएच विंग में माकड्रील के तहत आग बुझाते फायर सर्विस के कर्मचारी तथा व्यक्ति की जान बचाकर ले जाती एनडीआरएफ की टीम।

इस दौरान एनडीआरएफ टीम के कमांडेंट संतोष कुमार के व इंस्पेक्टर गोपी गुप्ता के नेतृत्व में 31 बचाव कर्ता की टीम ने बेहतर-प्रदर्शन किया। साथ ही फायर सर्विस के एफएसएसओ अशोक कुमार यादव के नेतृत्व में जोखन प्रसाद, प्रभुनाथ यादव, शत्रुघ्न यादव, कन्हैया लाल, नरेन्द्र यादव, धर्मेन्द्र यादव, ओम प्रकाश यादव, शिवेन्द्र यादव, गौतम कुमार, धनन्जय सिंह का कार्य सराहनीय रहा। इस मौके पर जिला अस्पताल व एमसीएच विंग के डाक्टर, स्टाफ व अन्य लोग मौजूद रहे।

# त्योहारों को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक



पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते एसडीएम धनघटा उत्कर्ष श्रीवास्तव।

धनघटा (एसएनबी)। आगामी गणेश प्रतिमा विसर्जन और बारावफात त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए बुधवार को धनघटा थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में दोनों समुदायों के लोगों के अलावा क्षेत्र के तमाम प्रधान और गणमान्य नागरिक शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम धनघटा उत्कर्ष श्रीवास्तव ने बैठक में मौजूद सभी लोगों से आगामी त्योहारों के मौके पर क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन की मदद करने की अपील की है। एसडीएम ने कहा कि त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारा को मजबूत बनाने का एक अच्छा अवसर होता है। ऐसे में सभी लोग खुशी पूर्ण माहौल में त्योहार को मनाते हुए देश के एक गणमान्य नागरिक की तरह प्रशासन का सहयोग करें। सीओ धनघटा बृजेश सिंह ने कहा कि जनता की सुरक्षा के लिए पुलिस 24 घंटे तत्पर है। उन्होंने कहा कि त्योहारों को सकुशल शान्तिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। त्योहारों के मौके पर शान्ति व्यवस्था में खलल पैदा करने की कोशिश करने वाले अराजकतत्वों से पुलिस सख्ती पूर्वक निपटेगी। प्रभारी निरीक्षक धनघटा संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि धनघटा क्षेत्र के लोग अमन पसन्द हैं। पूर्व से त्योहारों को शान्ति पूर्वक संपन्न कराने में प्रशासन जनता के सहयोग के बल पर ही सफल हुआ है। प्रभारी निरीक्षक ने आगामी त्योहारों को भी शान्तिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए क्षेत्र के नागरिकों से सहयोग करने की अपील की है। बैठक में धनघटा थाने पर तैनात इंसपेक्टर अपराध जुबेर अली, एसएसआई हृदयनरायन दीक्षित, चौकी प्रभारी मनोज पटेल, उदयशंकर दूबे, शशिकान्त त्रिपाठी, गामा-यादव, बीरबहादुर यादव, अशोक कसौधन, अखिलेश पाठक, मौजीलाल, हसनरजा, फुर्तअली, अशोक अग्रहरि व आफताब आलम सहित दोनों समुदायों के तमाम अन्य गणमान्य नागरिक व प्रधानगण मौजूद रहे।

# पांच नामजद व दर्जनों अज्ञात अधिवक्ताओं पर क्रास केस

संतकबीरनगर (एसएनबी)। मंगलवार जिले दोनों बार एसोसिएशनों के अध्यक्ष व महामंत्री तथा अन्य अधिवक्ताओं की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अधिवक्ता समुदाय का मानहानि करने वाले पोस्ट सोशल मीडिया पर डालने वाले आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। उक्त मामले में मंगलवार को ही पांच नामजद एवं दर्जनों अज्ञात अधिवक्ताओं के खिलाफ क्रास केस पंजीकृत कर लिया गया। बुधवार को दीवानी कचहरी के पांच नामजद एवं दर्जनों अज्ञात अधिवक्ताओं के विरुद्ध कोतवाली खलीलाबाद में दर्ज हुए मुकदमे से अधिवक्ता आक्रोशित दिखे।

अधिवक्ताओं ने दीवानी कचहरी परिसर में बैठक करके अधिवक्ताओं के विरूद्ध दर्ज कराये गये मुकदमे की कड़े स्वर में निंदा की। साथ ही बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों व अन्य अधिवक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ता मुकदमों से डरने वाले नहीं हैं। सभी अधिवक्ता एकजुट होकर इस मुकदमे का सामना करेंगे। विदित हो कि अधिवक्ता समुदाय के खिलाफ सोशल मीडिया- फेसबुक व ह्वाट्सएप पर अमर्यादित व आपत्तिजनक पोस्ट किए जाने से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने गत दिवस कोतवाली खलीलाबाद में धरना देकर मानहानिकजनक पोस्ट डालने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी। अधिवक्ताओं के आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। बाद में एक योजना के तहत थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने दीवानी कचहरी संतकबीर नगर में विधि व्यवसाय करने वाले पांच नामजद व दर्जनों अज्ञात अधिवक्ताओं के विरुद्ध बलवा, मारपीट, गाली-गलौज व एससी/एसटी एक्ट

## दीवानी कचहरी में अधिवक्ताओं ने बैठक कर निंदा की

समेत कई गंभीर धाराओं में भाजपा के नगर मंत्री की तहरीर पर क्रास मुकदमा दर्ज कर लिया। कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में सुदर्शन चौहान पुत्र अवधेश चौहान निवासी भीटी पोस्ट-बेलीपार, जनपद-गोरखपुर हाल मुकाम बरदहिया बाजार खलीलाबाद ने खुद को भाजपा नगर मंत्री बताते हुए लिखा है कि वह अनुसूचित जाति का व्यक्ति है।

बीते 11 सितम्बर को वह धनघटा विधायक गणेश चौहान के साथ कलेक्ट्रेट में डीएम से मिलकर वापस आ रहा था। इसी दौरान अधिवक्ताओं द्वारा एक राय होकर साजिश के तहत उनके व विधायक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अभद्र व जातिसूचक गाली दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांच अधिवक्ताओं सुधीर कुमार श्रीवास्तव, सिद्धार्थ पाण्डेय, प्रमोद यादव, विशाल राय, प्रदीप मौर्या को नामजद करते हुए अन्य दर्जनों अज्ञात अधिवक्ताओं के खिलाफ केस दर्ज किया है। सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महीप बहादुर पाल ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अधिवक्ताओं पर जगह-जगह अत्याचार हो रहा है। जिले के पांच नामजद और दर्जनों अज्ञात अधिवक्ताओं के खिलाफ क्रास केस दर्ज कराकर अधिवक्ताओं को डराने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन अधिवक्ता डरेंगे नहीं। सभी अधिवक्ता एकजुट होकर इसका जवाब देंगे। अधिवक्ता न्याय मिलने तक चुप नहीं बैठेंगे। अधिवक्ताओं द्वारा की जा रही हड़ताल के कारण जिला एवं सत्र न्यायालय एवं अधीनस्थ न्यायालय, न्यायालय मोटर दुर्घटना दावा, उपभोक्ता फोरम, न्यायालय जिलाधिकारी एवं समस्त अधीनस्थ न्यायालय राजस्व व चकबंदी एवं न्यायालय किशोर न्याय बोर्ड में न्यायिक कार्य प्रभावित हुआ। जिले के दूर दराज से मुकदमे की पैरवी करने पहुंचे वादकारी तारीख नोट कर वापस घर लौट गये। इस दौरान सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महीप बहादुर पाल, जनपद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश सिंह, सिविल बार के महामंत्री चतुर जी शुक्ल, जनपद बार एसोसिएशन के महामंत्री सुनील कुमार पाण्डेय, पूर्व अध्यक्ष कृष्ण मोहन मिश्र, वरिष्ठ अधिवक्ता शशि कुमार ओझा, दुर्गेश नारायण मिश्र, राकेश जी मिश्र, शत्रुघ्न यादव, राजेश पाण्डेय, निरंजन सिंह, सुधीर श्रीवास्तव, सिद्धार्थ पाण्डेय, रवि मिश्र समेत अन्य अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# छेड़खानी से तंग कबड्डी टीम छोड़ने वाली छात्रा का आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर (एसएनबी)। छेड़खानी एवं फब्तियों से तंग आकर हीरालाल रामनिवास इंटर कालेज की दो छात्राओं ने कबड्डी टीम छोड़ दी और इसकी शिकायत प्रधानाचार्य के साथ ही पुलिस चौकी गोला बाजार से की। मामले में पुलिस ने आरोपी साहिल पुत्र सिराजुद्दीन निवासी बंजरिया पूर्वी थाना कोतवाली खलीलाबाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को न्यायालय-जेल रवाना किया।

सीओ दीपांशी राठौर ने बताया कि शहर के हीरालाल रामनिवास इंटर कालेज खलीलाबाद का मामला भी जुड़ गया है। यहां की कबड्डी टीम में शामिल दो बालिकाओं ने छेड़खानी और फब्तियों से तंग आकर टीम से अपना नाम वापस लिया। पीड़ित छात्राओं का आरोप है कि शिकायतों पर पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे मनचलों का हौसला बढ़ रहा है। आरोपी शिकायत करने पर परिणाम भुगतने की धमकी भी दे रहे हैं। छात्रा ने बताया कि उसकी कबड्डी के खेल में आगे बढ़ने की इच्छा है। इसी कारण उसने अपना और अपनी बहन का नाम विद्यालय की टीम में शामिल करवाया था। उसने बताया कि विद्यालय परिसर में अभ्यास के दौरान कुछ लड़के सभी बालिकाओं पर गंदे कमेंट करते हैं। बीते शनिवार को भी एक छात्र ने इस प्रकार की हरकत की। विरोध जताने पर उसे और उसकी छोटी बहन को जान से मारने की धमकी दी। मोबाइल पर उसने अपने पिता को घटना की जानकारी दी। उसके पिता कालेज पर पहुंचे तो उनके साथ गोला पुलिस चौकी पर पहुंची।

छात्रा ने बताया कि पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करने से पहले लिखित शिकायती पत्र देने को कहा। इस प्रक्रिया में विलंब होने से आरोपित भागने में सफल रहा। सोमवार को उसने विद्यालय के प्रधानाचार्य से शिकायत की। प्रधानाचार्य ने उसका पक्ष सुनने के बाद लड़के को अपने कार्यालय में बुलाया। थोड़ी देर बाद वह लड़का अपने 20 अन्य साथियों के साथ वहां पहुंच गया और तेज आवाज में बात करने लगा। इसको लेकर प्रधानाचार्य ने आरोपित लड़के व उसके दो-तीन साथियों का नाम विद्यालय से काट दिया। नाम काटने को लेकर आरोपित ने प्रधानाचार्य से विवाद करने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस चौकी गोला बाजार के प्रभारी उ.नि. राजेश कुमार मिश्रा व कां. पंकज यादव ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल-न्यायालय रवाना किया।

# मनचलों पर कार्रवाई, हड़कंप

मेंहदावल (एसएनबी)। शहर के बालिका विद्यालय, बालिका महाविद्यालय एवं कोचिंग संस्थानों पर मनचलों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई को पुलिस अंजाम दे रही है। लड़कियों से छेड़छाड़ एवं फब्तियां कसने वाले लगभग आधा दर्जन पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की। बढ़ते अपराध की रोकथाम में आम-जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने और सोशल पुलिसिंग की अवधारणा को और मजबूत करने के उद्देश्य से बुधवार को मेंहदावल शहर के स्कूल के आसपास बड़े पैमाने पर मेंहदावल पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्यवाही की। ताबड़तोड़ कार्यवाही से जहां मनचलों में हड़कंप मच गया। लोगों ने पुलिस के कार्यो की प्रसंशा की। इंस्पेक्टर मेंहदावल विजय कुमार दूबे ने बताया कि बुधवार को आनंद साहनी पुत्र गुड्डू साहनी, अंकित गौड़ पुत्र रामधनी, सुमित गौड़ पुत्र राजेन्द्र, आदित्य कन्नौजिया पुत्र रवि कन्नौजिया ,अंश सिंह पुत्र संजय सिंह को मिशन शक्ति के तहत पांच शोहदों को गिरफ्तार किया। धारा 294 के तहत गिरफ्तार किया। एसओ विजय कुमार दुबे ने बताया कि उनके कार्यकाल में अपराध व अपराधियों को बख्शा नहीं जायेगा, चाहे वो किसी भी बैकग्राउंड से क्यों न जुड़े हो। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

छेड़खानी से आहत हो दोनों बेटियों ने छोड़ दी थी कबड्डी टीम

# खिलाड़ियों से छेड़खानी करने वाला छात्र गिरफ्तार

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। खलीलाबाद शहर के ही एक इंटर कॉलेज की कबड्डी खिलाड़ी दो बेटियों से छेड़खानी करने के आरोपित छात्र के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बुधवार को उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई पूरी कर आरोपित छात्र को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। छात्र का नाम कालेज प्रशासन ने पहले ही काट दिया है। कबड्डी की प्रैक्टिस के दौरान मनबढ़ छात्र ने न केवल बेटियों से छेड़छाड़ की बल्कि विरोध करने पर उन्हें और उनके पिता को जान से मारने की धमकी भी दी थी।

छेड़खानी की शिकार छात्राओं की मां ने खलीलाबाद कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उनकी दो बेटियां शहर के ही एक इंटर कॉलेज में पढ़ती हैं। उनकी बेटियों का कालेज की महिला कबड्डी टीम में चयन हुआ था। शनिवार को कालेज परिसर में ही कबड्डी टीम प्रैक्टिस करने पहुंची थी। कबड्डी टीम में शामिल उनकी दोनों बेटियां भी प्रैक्टिस करने गई थीं। इसी दौरान एक छात्र ने उनकी बेटी के साथ छेड़छाड़ की।

उनकी बेटियों के विरोध करने पर उसने अपशब्दों का इस्तेमाल किया और जान से मारने की धमकी भी दी।

- विद्यालय के प्रधानाचार्य ने पहले ही काट दिए आरोपित छात्रों के नाम
- पीड़िता की मां की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा
- शहर के इंटर कॉलेज में कबड्डी टीम में रिहर्सल के दौरान की घटना

" महिला ने तहरीर दी। उन्होंने कबड्डी टीम में शामिल अपनी बेटियों के साथ एक मनबढ़ छात्र द्वारा छेड़छाड़ किए जाने और विरोध पर से जान से मारने की धमकी दिए जाने का आरोप लगाया था। तहरीर के आधार पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

**रवींद्र कुमार सिंह**
कोतवाली प्रभारी, खलीलाबाद

घटना की सूचना उनकी बेटियों ने उसी दिन गोला चौकी की पुलिस को दे दी थी। हालांकि चौकी की पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

महिला ने कहा कि सोमवार को कालेज प्रशासन ने आरोपित छात्र का नाम काट दिया। कालेज से नाम कट जाने के कारण नाराज होकर छात्र ने उनकी बेटियों के साथ ही साथ पति को भी जान से मारने की धमकी दी। महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित छात्र के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

सक्रियता दिखाते हुए पुलिस ने आरोपित छात्र को गिरफ्तार भी कर लिया है। पुलिस ने कार्रवाई पूरी कर आरोपित को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे आरोपित को गिरफ्तारकर अग्रिम कानूनी कार्रवाई किया। थाना बेलहरकला पुलिस ने दुष्कर्म, एससीएसटी, पाक्सो एक्ट समेत अन्य धारा के मामले में वांछित चल रहे आरोपित अभियुक्त रोशन सिंह पुत्र ब्रह्मदेव सिंह निवासी ग्राम बेलवा सेंगर को अपने कब्जे में लिया। पुलिस के अनुसार उक्त आरोपित अभियुक्त ने 18 सितंबर को वादिनी की नाबालिक पुत्री को शौंच जाते समय पकड़कर जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। दुष्कर्म पीड़िता के विरोध करने पर उसे जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जानमाल की धमकी दी।



कुलदेवता की पूजा करते दुसाध समाज के लोग।

# 13 वें दिन दुसाध समाज ने की कुलदेवता की पूजा

- बारह दिन से लगातार चल रहा है यह धरना
- सैकड़ों की संख्या में पहुंचे दुसाध समाज के लोग

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। बुधवार को दुसाध समाज के लोगों का धरना जारी रहा। धरना के दौरान दुसाध जाति के लोगों ने बहुउद्देशीय क्रीडा हाल परिसर में अधिकारियों के बुद्धि शुद्धि के लिए अपने कुलदेवता की पूजा करते हुए हवन पूजन किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में दुसाध समाज के लोग मौजूद रहे।

दुसाध जाति को अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र न बनाने को लेकर समाज के लोग 13 दिन से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। लेकिन बुधवार को दुसाध समाज के लोगों द्वारा एक विशेष तरह का हवन पूजन किया गया। लोगों का कहना था कि यह हवन हम इस लोग इसलिए कर रहे हैं कि अब तक जो अधिकारी कुंडली मारकर बैठे हैं, शायद हमारे कुल देवता उन लोगों की बुद्धि को खोल दें। ताकि हमारे समाज के लोगों को अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र मिलने लगे। सभी ने कहाकि जब हमारे लोगों को इसी सरकार द्वारा अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र बनाया जा रहा था। तो क्या कारण हुआ कि अब उस पर रोक लगा दी गई ,जबकि अन्य जगहों पर यह प्रमाण पत्र अभी भी बन रहा है। ऐसे में हम लोग धरना तभी खत्म करेंगे जब तक हम सबको यह प्रमाण पत्र निर्गत नहीं हो जाता। इस दौरान धरना स्थल पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रही। इस मौके पर उपाध्यक्ष शशिकांत उर्फ सोनू पासवान, राहुल पासवान, नीरज दुसाध, राजन दुसाध, कन्हैया दुसाध, बस्ती जिलाध्यक्ष रामप्रीत दुसाध, सिकंदर पासवान, रामरूप, विजय प्रताप, राजेश दुसाध, राणा प्रताप आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने वसूला 82500 जुर्माना

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने संदिग्धों की धर पकड़ के लिए किए गए वाहन जांच के दौरान नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों से 82 हजार 500 रूपए जुर्माना भरवाया।

जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की गहनता से जांच पड़ताल किया। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई करते हुए यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में 94 वाहनों के चालकों से 82 हजार 500 रूपए शमन शुल्क वसूल किया।

# मॉकड्रिल में दी आपदा में बचाव की जानकारी

संतकबीरनगर,निज संवाददाता। बुधवार को एमसीएचविंग के परिसर में बनारस की एनडीआरएफ की टीम ने आपदा में फंसे लोगों को कैसे बाहर निकाला जाय। इसके बारे में पूरी टीम ने जानकारी दी। इस टीम के सदस्यों के कार्य की सभी लोगों ने सराहना की। मॉकड्रिल के दौरान अस्पताल का माहौल ऐसा रहा जैसे सही में आग लगी है। कार्रवाई को देखने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही।



बुधवार को मॉकड्रिल के दौरान पांचवी मंजिल पर फंसे लोगों को रास्सी के सहारे नीचे लेकर जाते एनडीआरएफ के कर्मी। • हिन्दुस्तान

डिप्टी कमांडेंट 11वीं वाहिनी एनडीआरएफ के संतोष कुमार व निरीक्षक गोपी गुप्ता के देखरेख में टीम के 31 बचाव कर्मियों के साथ मॉकड्रिल किया। वहां पर मौजूद लोगों को आपदा में फंसने पर कैसे बाहर निकाल कर उन्हें बचाया जाय की जानकारी पूर्वाभ्यास के दौरान दी। टीम के सदस्यों ने सबसे पहले यह बताया कि यदि इस जगह पर भूकंप आ जाय ,जिससे पूरा मकान गिर कर ध्वस्त हो जाए। इस मलवे में कई लोग फंसे हैं, साथ ही बच्चे भी उसमें शामिल हों। सबसे पहले सभी टीम के प्रमुख अपने - कार्य क्षेत्र को बांट लेते हैं। किस टीम के सदस्यों को क्या करना है, जिसमें सबसे पहले टीम के छह सदस्य पांच मंजिला अस्पताल पांचवें तल पर रस्सी के सहारे जाते हैं। उसके बाद वहां पर रेस्क्यू की दूसरी टीम पहुंचती है।फिर इस मकान में फंसे हुए लोगों के बारे में रस्सी से लटककर खिड़की के सहारे आवाज देते हैं। जिसमें कुछ जगहों से फंसे होने की आवाज आती है। टीम के सदस्य आनन-फानन में वहां पर पहुंचने का प्रयास करके कुछ लोगों को रस्सी के सहारे नीचे भेजते हैं। उसके बाद नीचे भी बचाव दल की टीम ने उन्हें स्ट्रेचर पर अस्पताल पर पहुंचाती है। कुछ देर बाद चौथी मंजिल पर आग लगने के कारण धुंआ बाहर निकलने लगता है। उसके बाद फायर विभाग की टीम ने साहसिक प्रदर्शन करते हुए आग को बुझाया। उसके बाद उसमें फंसे लोगों को बाहर निकाला। आपदा मित्र के सदस्यों ने भी करतब दिखाया।

**माकड्रिल से मिली संजीवनी:** इस कार्यक्रम को देखते हुए सदर एसडीएम शैलेंद्र कुमार दूबे ने कहा कि अभी तक हमने एनडीआरएफ के इतने साहसिक भरे कार्यों को नहीं देखा था। इनके कार्यों को देखकर ऐसा लगता है कि जिसके पास जज्बा होगा वही कर सकेगा। इस दौरान सीएमओ डॉ अनिरुद्ध कुमार सिंह, सीएमएस डॉ महेश प्रसाद, हास्पिटल मैनेजर डाक्टर फैजान, शिवेन्द्र कुमार तिवारी, डॉ रक्षा रानी चतुर्वेदी, डॉ अमित सिंह, डॉ एलसी यादव, रवि पांडेय के अलावा बचाव दल के 31 सदस्य मौजूद रहे।

# दो स्थानों पर लगे 19 सीसीटीवी कैमरे

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने जनपद के विभिन्न स्थानों पर स्थानीय लोगों के सहयोग से 19 सीसीटीवी कैमरा लगवाया। जिले की पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र व हर घर कैमरा अभियान के तहत जनसहयोग से दो स्थानों पर 19 सीसीटीवी कैमरा स्थापित कराया।

खलीलाबाद कोतवाली थाना पुलिस ने एक स्थान पर 15 और दुधारा थाना पुलिस ने एक स्थान पर चार सीसीटीवी कैमरा लोगों के सहयोग से लगवाया। कैमरा लगवाने वाले व्यक्तियों को पुलिस ने सम्मानित किया।

# वारंटी को भेजा जेल

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई करने के बाद जेल भेज दिया। वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान।

हापुड़ की घटना के विरोध में अधिवक्ताओं ने बैठक कर बनाई रणनीति, हड़ताल के चलते फरियादी परेशान

# अधिवक्ताओं ने नहीं किया न्यायिक कार्य

संतकबीरनगर,विधि संवाददाता। हापुड़ की घटना के विरोध में जिले के अधिवक्ताओं का कार्य बहिष्कार 22 वें दिन भी जारी रहा। अधिवक्ताओं के न्यायिक काम काज न करने के चलते मुकदमों में कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। फरियादी तारीख नोट करके घर जाने के लिए विवश हो गए। अधिवक्ताओं ने बैठक करके अगली रणनीति पर विचार विमर्श किया।

हापुड़ की घटना के विरोध में अधिवक्ताओं ने मंगलवार को भी आन्दोलन जारी रखा। आन्दोलन की आगामी रुपरेखा के संबंध में अधिवक्ताओं ने बैठक आयोजित किया। बैठक में एक बार पुनः आन्दोलन जारी रखने का निर्णय लिया। सिविल बार एसोसिएशन एवं जनपद बार एसोसिएशन की संयुक्त बैठक में हापुड़ के वकीलों के साथ अपनी प्रतिबद्धता जताया। सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महीप बहादुर पाल ने कहाकि जबतक हापुड़ का आन्दोलन समाप्त नहीं होगा। जिले में कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। जनपद बार के अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि यह आन्दोलन हापुड़ के अधिवक्ताओं के समर्थन में चल रहा है। सिविल बार के महामंत्री चतुरजी शुक्ल एवं जनपद बार के महामंत्री सुनील कुमार पांडेय ने कहाकि यह संघर्ष अधिवक्ताओं के सम्मान का है। इसका समाधान होने पर ही आन्दोलन समाप्त होगा।



बुधवार को अधिवक्ता चैम्बर में बैठक कर आन्दोलन पर चर्चा करते अधिवक्ता। • हिन्दुस्तान

**22** दिनों से जारी है वकीलों का आंदोलन

- सिविल, जनपद बार एसोसिएशन ने की बैठक
- बैठक में आंदोलन जारी रखने का लिया गया फैसला

### बैठक में ये पदाधिकारी व सदस्य रहे शामिल

बैठक में पूर्व अध्यक्ष शशि कुमार ओझा , पूर्व अध्यक्ष कृष्ण मोहन मिश्र , पूर्व अध्यक्ष नवनीत कुमार पांडेय, पूर्व महामंत्री दुर्गेश नरायन मिश्र, राकेश जी मिश्र, रजू यादव, चन्द्रकला चौधरी समेत अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# केस दर्ज होने पर अधिवक्ताओं ने जताया रोष

संतकबीरनगर। विधायक धनघटा गणेश चन्द्र चौहान के पहल पर भाजपा नगर मंत्री द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे को लेकर अधिवक्ताओं ने रोष जताया बुधवार को सम्पन्न हुई अधिवक्ताओं की बैठक में मुकदमा वापस करने की मांग की गई।

बता दें कि जिले के अधिवक्ता हापुड़ की घटना को लेकर बीते 30 अगस्त से आन्दोलनरत हैं । आन्दोलन के क्रम में 11 सितम्बर को अधिवक्ता कलेक्ट्रेट पंहुचे थे । इतने में धनघटा के भाजपा विधायक वाहन से निकल रहे थे । अधिवक्ता विधायक के वाहन को रोककर बात करना चाह रहे थे । विधायक के वाहन से न उतरने पर अधिवक्ता नाराज हो गए और विधायक के विरुद्ध नारेबाजी किया।

इसी विवाद को लेकर विधायक समर्थक कुछ भाजपा कार्यकर्ता सोशल मीडिया एवं फेसबुक पर अपमानजनक टिप्पणी करने लगे । जिससे अधिवक्ताओं में आक्रोश था । मंगलवार को अधिवक्ताओं ने कोतवाली का घेराव किया और विधायक समर्थक आठ भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नेताओं के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत हो गया। उधर विधायक की तरफ से उनके रिश्तेदार एवं भाजपा के नगर मंत्री ने पांच नामजद तथा दर्जन भर अज्ञात अधिवक्ताओं के विरुद्ध गम्भीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत करा दिया। प्रकरण की जानकारी होने पर विवाद समाप्त कराने के दृष्टिगत खलीलाबाद के भाजपा विधायक अंकुर राज तिवारी ने मंगलवार की देर रात तक बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ वार्ता किया । इस बैठक में विधायक गणेश चन्द्र चौहान भी मौजूद रहे । मंगलवार की बैठक में यह तय हुआ कि बार एसोसिएशन में विधायक आएं और विवाद समाप्ति पर चर्चा होगी । सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महीप बहादुर पाल ने बताया कि विधायकगण के साथ शाम छह बजे वार्ता होनी थी । परन्तु विधायकगण के लखनऊ से आने में देर होने के कारण अब यह बैठक आगामी सोमवार को होगी।

# छात्रा से छेड़छाड़ में विफल होने पर की मारपीट

**हड़कम्प**

- पीड़ित छात्रा की शिकायत पर केस दर्ज, आरोपी फरार
- आरोपी की धर-पकड़ के लिए पुलिस की दो टीमें गठित

मेंहदावल, हिन्दुस्तान संवाद। मेंहदावल कस्बे के एक इंटर कॉलेज में पढ़कर घर वापस लौट रही एक छात्रा के साथ एक मनचले द्वारा छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। छेड़छाड़ में सफल न होने पर मनचले ने छात्रा के साथ मारपीट की। उसके बाद फरार हो गया। छात्रा की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज आरोपी की गिरफ्तारी के लिए धर-पकड़ तेज कर दिया है। कस्बे में सरेराह हुई इस घटना से हड़कम्प मच गया है। घटना को लेकर चर्चाएं तेज हो गई।

मंगलवार को मेंहदावल कस्बे में स्थित एक इंटर कालेज से एक छात्रा पढ़कर घर वापस लौट रही थी। स्कूल से कुछ दूर पहुंचने पर आरोपी हिमांशु ने उसे रास्ते में रोक लिया। उसका मोबाइल नंबर मांगने लगा। मोबाइल नंबर देने से छात्रा ने इंकार कर दिया। जिससे वह भड़क गया और छात्रा के साथ छेड़खानी करते हुए उसके साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया। जब तक लोग मौके पर पहुंचे तबतक आरोपित फरार हो गया।

घटना की जानकारी मिलते ही प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार दुबे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच जांच पड़ताल शुरू कर दिए। छात्रा से घटना के बारे में पूरी जानकारी ली। छात्रा के स्कूल में भी जाकर जांच-पड़ताल किया। प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार दूबे ने बताया कि पीड़ित छात्रा की तहरीर पर आरोपी शिवांशु निवासी मोहल्ला केवटलिया के खिलाफ छेड़खानी, पास्को एक्ट एवं मारपीट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। घटना के बाद से ही आरोपी फरार है। गिरफ्तारी के लिए दो टीमें गठित कर धर-पकड़ तेज कर दी गई है। अभियान चलाकर पूरे दिन मनचलों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। महिलाएं, छात्राएं को किसी से डरने की जरूरत नहीं है। पुलिस उनके साथ खड़ी है।

### बिच्छू गैंग से जुड़े मनचलों के होने की चर्चा तेज

मेंहदावल कस्बे में बिच्छू गैंग बनाकर इस तरह की घटना को अंजाम देने का चर्चा जोरों पर चल रही है। गैंग में युवा समेत नाबालिग बच्चे बड़ी संख्या में शामिल होने का दावा किया जा रहा है। ऐसी चर्चा है कि सोशल मीडिया के सहारे यह सभी एक-दूसरे के सम्पर्क में बने रहते है। मारपीट की घट्ना, छात्राओं व महिलाओं पर छीटाकशी के साथ ही ये अन्य घटनाओं में सक्रिय रहते हैं। गैंग के चर्चा में आने के बाद मेंहदावल पुलिस भी सक्रिय हो गई है। कार्रवाई करते हुए गैंग में शामिल पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

**मनचलों के खिलाफ चले अभियान में पांच धराए:** मेंहदावल कस्बे में छात्रा के साथ सरेराह हुई छेड़छाड़ व मारपीट. की घटना से सनसनी फैल गई है। पुलिस भी मामले को गम्भीरता से लेते ही सक्रिय हो गई। बुधवार को स्कूल, कालेज समेत कई जगहों पर प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार दूबे ने ताबड़तोड़ मनचलों के खिलाफ अभियान चलाया।

पांच अलग-अलग टीम गठित कर मनचलों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी। अलग-अलग जगहों से पूछताछ में पुलिस ने मनचलों को पकड़कर मेंहदावल थाने पर ले आया। आवश्यक पूछताछ किया। मनचलों के नाबालिग होने की वजह से चेतावनी देते हुए परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

# खड़ंजा उखाड़ने के मामले में पुलिस ने दर्ज किया केस

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। खलीलाबाद विकास खंड के मीरगंज गांव में सरकारी धन से लगा खड़न्जा उखाड़ने का विवाद सामने आया। घटना में ग्राम प्रधान ने आरोपितों पर कार्रवाई के लिए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मामले में ग्राम प्रधान के शिकायत पर घटना में संलिप्त आरोपितों के विरूद्ध तहरीर के आधार पर सुसंगत धारा में अभियोग पंजीकृतकर लिया।

कोतवाली खलीलाबाद के मीरगंज गांव में खड़न्जा खोदकर फेक देने से रास्ता अवरूद्ध होने का मामला प्रकाश में आया। खड़न्जा उखाड़ कर फेकने के मामले में कोतवाली पुलिस को दिए अपने प्रार्थना पत्र में ग्राम प्रधान तार मोहम्मद ने बताया कि नेशनल हाइवे - 28 से नरेश के खेत से खड़न्जा निर्माण कार्य कराया गया है, जो चक मार्ग की जमीन पर हुआ है। विपक्षीगण खड़न्जा सड़क खोदकर फेंक दिए। इससे ग्रामीणों का रास्ता भी अवरूद्ध हो गया है और लोगों को आने- जाने में काफी कठिनाई हो रही है। उनके मना करने पर विपक्षी भद्दी-भद्दी गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिए। कोतवाल रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मीरगंज के ग्राम प्रधान तार मोहम्मद ने घटना की जानकारी दी है।

# मेंहदावल बाईपास से गायब हुई बाइक

संतकबीरनगर। खलीलाबाद शहर के मेंहदावल बाईपास से एक बाइक गायब हो गई। पीड़ित का प्रार्थना पत्र मिलने के बाद पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्जकर अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरूकर दिया। कोतवाल रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित आयुष कसौधन निवासी हनुमानगढ़ी गोलाबाजार ने अपने शिकायत में बताया कि 12 सितंबर को वह अपने निजी काम से मोटर साइकिल लेकर मेंहदावल बाईपास स्थित ढाबा पर गए हुए थे।

# महिलाओं और लड़कियों को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

संतकबीरनगर। जनपद के समस्त थाना क्षेत्र स्थित महिला बीट पुलिस अधिकारियों ने गांवों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला एवं बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इसके साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के लिए ग्राम चौपाल का भी आयोजन किया।

महिलाओं एवं बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर थाना, पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय पर बार-बार नहीं आना पड़ेगा। पुलिस ( शक्ति दीदी ) नियमित अन्तराल पर ग्राम चौपाल के माध्यम से विभिन्न गांवों में उपस्थित होकर उनको जागरूक करने के साथ ही उनकी शिकायतों का गुण-दोष के आधार पर निराकरण करने का काम करेंगी। महिला पुलिस टीम ने चौपाल व अन्य स्थानों पर उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं के मध्य सुरक्षा से संबंधित पंपलेट एवं बुकलेट भी वितरित किया।

# शांति भंग में आधा दर्जन का चालान

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने विभिन्न मामले में आधा दर्जन आरोपितों को पकड़कर विधिक कार्रवाई पूर्ण करके शांति भंग की आशंका में चालान किया।

जनपद में थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने तीन, महुली एक और थाना बखिरा पुलिस ने दो आरोपितों को दबोचकर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई करने के बाद संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुतकर दिया।

# मारपीट में घायल को इलाज के लिए भेजवाया

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने मारपीट की सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए नजदीकी के अस्पताल भेजवाया। थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के धौरहरा गांव से कालर ने किसी बात को लेकर दो पक्षों में विवाद के वजह से मारपीट की घटना होने से एक व्यक्ति के घायल होने के सम्बन्ध में सूचना दिया। सूचना मिलते ही पुलिस कर्मियों ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर कार्रवाई की।

# जाति प्रमाण पत्र के लिए धरना दे रहे लोगों ने कुलदेवता की पूजा की

जासं, संतकबीर नगर : अखिल भारतीय दुसाध कल्याण परिषद से जुड़े लोगों ने बुधवार को विकास भवन के निकट बहुउद्देशीय क्रीड़ा हाल परिसर स्थित धरना स्थल पर परंपरा के अनुसार कुल देवता की पूजा की। दुसाध जाति के लोगों को अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र देने की मांग को लेकर ये यहां पर अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं।

लोगों में कुल देवता की पूजा के दौरान उत्साह दिखा। मंडल अध्यक्ष लालचंद्र दुसाध ने कहा कि दुसाध व ढ़ाढ़ी एक ही जाति हैं। इसके बाद भी दुसाधों को अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र नहीं दिया जा रहा है। जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जाएगी, तब तक उनका धरना जारी रहेगा।

# विद्यालय से घर लौट रही छात्रा से छेड़छाड़, मुकदमा

जासं, मेंहदावल, संतकबीर नगरः मेंहदावल कस्बा स्थित एक इंटर कालेज में पढ़ने वाली छात्रा के साथ युवक ने छेड़खानी की थीं। विरोध करने पर युवक ने उसे पीटा था। इस मामले में मेंहदावल पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। फरार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें गठित की गयी हैं। पुलिस ने मनचलों के खिलाफ अभियान चलाया।

> छात्रा से छेड़खानी व मारपीट के मामले को गंभीरता से लिया गया है। आरोपित पर केस दर्ज किया गया। उसकी तलाश की जा रही है, जल्द उसे गिरफ्तार किया जाएगा। इसके अलावा पूरे दिन अभियान चलाकर पांच मनचलों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अभियान जारी रखेगी, ताकि महिलाएं एवं बच्चियां निर्भीक होकर आ-जा सकें। **विजय कुमार दुबे**, थानाध्यक्ष, मेंहदावल

मंगलवार को दोपहर के करीब तीन बजे मेंहदावल कस्बा स्थित एक इंटर कालेज की छात्रा विद्यालय से वापस घर लौट रही थीं। इसी दौरान कस्बे में ही युवक ने उससे उसका मोबाइल नंबर मांगा। उसने देने से मना किया, इस पर उसने छात्रा के साथ छेड़खानी की। विरोध करने पर उसे पीटा। जब तक लोग मौके पर पहुंचते, तब तक वह फरार हो गया। थानाध्यक्ष विजय कुमार दुबे घटनास्थल के बाद इंटर कालेज में पहुंचकर जांच की। पीड़ित छात्रा की तहरीर पर केवटलिया अव्वल निवासी आरोपित शिवांशु गुप्ता के खिलाफ छेड़खानी, पास्को एक्ट, मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। फरार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें गठित की गई हैं।

**पूरे दिन चला मनचलों के खिलाफ अभियान, पांच पर केसः** मेंहदावल कस्बे में छात्रा के साथ हुई छेड़छाड़ की घटना से हड़कंप मचा रहा। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मेंहदावल पुलिस सक्रिय हो गई। बुधवार को थानाध्यक्ष विजय कुमार दुबे ने टीम गठित कर दी। लोगों से पूछताछ के आधार पर आनंद साहनी-सुरहवा, अंकित गौड़-उत्तर पट्टी, सुमित गौड़-ठठराही, आदित्य कनौजिया-उत्तरपट्टी, अंश सिंह-उत्तर पट्टी के खिलाफ अश्लील हरकत करने का मुकदमा दर्ज किया।

# सड़क की पटरियों से हटवाया अवैध अतिक्रमण

संतकबीरनगर। जिले की यातायात पुलिस टीम ने खलीलाबाद शहर के सड़क की पटरियों से बुधवार को अतिक्रमण हटवाया।

प्रभारी यातायात परमहंस यादव के अगुवाई में पुलिस टीम ने यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए सड़क के पटरियों पर अवैध अतिक्रमण को हटाने का अभियान चलाया। 20 सितंबर को प्रभारी यातायात की टीम ने मेंहदावल बाईपास से समय माता मंदिर सहित अन्य स्थानों पर सड़क पर फैले हुए अवैध अतिक्रमण को हटवाया। इसके साथ ही जो वाहन सड़क पर खड़े पाए गए उनका नियमानुसार चालान किया।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में मुकदमा

जासं, संतकबीर नगर: कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

कोतवाली खलीलाबाद थाने में दी गई तहरीर में युवती ने उल्लेख किया है कि उसके ही गांव के बृजेश उसे शादी का झांसा देकर चार वर्ष से शारीरिक संबंध बनाए थे। शादी करने के लिए कहने पर वह बात को टाल देते रहे। वह तीन बार गर्भवती हुई। उसे जबरन दवा खिलाकर गर्भपात करवा देते थे। वह अब शादी करने से इन्कार कर दिए हैं। कोतवाली प्रभारी रवींद्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

# अवैध बालू खनन के मामले में दो लोगों को नोटिस

जासं, संतकबीर नगरः अवैध बालू खनन के मामले में धनघटा तहसील क्षेत्र के चपरापूर्वी गांव निवासी दो लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर उनके खिलाफ जुर्माना लगा दिया जाएगा। इसके अलावा अन्य विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इसमें से एक व्यक्ति पर करीब दो वर्ष पूर्व जुर्माना लग चुका है।थाना में मुकदमा दर्ज हो चुका है। बहरहाल जिला प्रशासन की सख्ती से अवैध खनन में लिप्त लोगों में खलबली मची हुई है।

धनघटा तहसील क्षेत्र के चपरापूर्वी गांव निवासी हनुमान प्रजापति के खेत में इसी गांव के निवासी विनय चौधरी उर्फ गुड्डू बीते 18 सितंबर को अवैध रूप से बालू खनन करवा रहे थे।

- एक व्यक्ति पर करीब दो वर्ष पूर्व जुर्माना व मुकदमा दर्ज करने की हुई कार्रवाई
- जिला प्रशासन की सख्ती से अवैध खनन में लिप्त लोगों में मची खलबली

" अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रयास जारी है। खनन विभाग, तहसील व पुलिस के आपसी समन्वय से नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

जय प्रकाश, एडीएम वित्त एवं राजस्व



इसकी सूचना मिलने पर खनन निरीक्षक एनके महतो ने तुरंत दबिश दी थीं। जांच में मामला सच पाया गया था। इसमें विनय के खिलाफ लगभग दो साल पूर्व अवैध खनन के मामले में धनघटा थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। इनके खिलाफ 40 लाख रुपये जुर्माना लगा था। इनका मामला हाईकोर्ट प्रयागराज में विचाराधीन है।

बहरहाल इन दोनों लोगों के खिलाफ नोटिस जारी कर दी गयी है। 30 दिन के अंदर संतोषजनक जवाब न मिलने पर इन पर जुर्माना लगा दिया जाएगा। इसके अलावा अन्य विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने के मामले में नहीं हुई कार्रवाई

जासं, सांथा, संतकबीर नगरः बेलहर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने युवक पर आपत्तिजनक वीडियो बनाकर वायरल करने का आरोप 10 दिन पूर्व लगा था। इस मामले में एक नवविवाहिता की शादी टूट गई थी। बेलहर थाने पर देकर कार्रवाई करने की मांग की गई थी किंतु अभी तक कार्रवाई नहीं हुई। परेशान पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

शिकायती पत्र बेलहर थाने पर एक तहरीर दिया था जिसमें कहा कि हमारी पुत्री की शादी वसीम पुत्र निजामुद्दीन निवासी राजस्थान के साथ हुआ था। जिसके बाद पुत्री विदाई के बाद घर चली गई थी। कुछ दिन बाद थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के युवक द्वारा उसके मोबाइल पर पूर्व का अश्लील वीडियो भेजा जा रहा था। जिसकी जानकारी पति वसीम को हुई तो उसने पूछताछ करना शुरु कर दिया। उसने मेरी लड़की को तलाक दे दिया। जिससे वह वापस घर आ गई। हम लोगों के द्वारा पूछताछ करने पर उसने बताया कि उक्त युवक द्वारा पूर्व में जबरन अश्लील वीडियो बना लिया था। वह शादी के बाद परेशान करना शुरु कर दिया। सीओ मेंहदावल अंबरीश भदोरिया ने कहा कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# विधायक की गाड़ी रोकने के मामले में अधिवक्ताओं पर केस

**जासं, संतकबीर नगर :** कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने बीते मंगलवार को पांच नामजद अधिवक्ताओं के अलावा कई अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

गोरखपुर जनपद के बेलीपार थाना के भीटी व जनपद के बरदहिया बाजार निवासी सुदर्शन चौहान पुत्र अवधेश ने बीते मंगलवार को कोतवाली खलीलाबाद थाने में तहरीर दी। इसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि बीते 11 सितंबर को वह और धनघटा के विधायक गणेश चंद्र चौहान कलेक्ट्रेट में डीएम से मिलकर बाहर निकल रहे थे। कलक्ट्रेट के बाहरी गेट के पास पहुंचने वाले ही थे। इसी दौरान सुधीर कुमार श्रीवास्तव, सिद्धार्थ पांडेय, प्रमोद यादव, विशाल राय, प्रदीप मौर्या के अलावा कई लोगों की भीड़ पहुंच गयी। नारेबाजी करते हुए विधायक की गाड़ी को रोक लिये। मना करने पर जान-माल की धमकी दिए। लोग वाहन भी पीटने लगे। विधायक के सुरक्षा कर्मी बाहर निकले तो उनसे भी हाथापाई की।

विधायक वाहन से नीचे उतरे तो उग्र होकर अमर्यादित टिप्पणी की। कोतवाली प्रभारी रवींद्र सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

# यातायात पुलिस ने अभियान चलाकर हटवाया अतिक्रमण



खलीलाबाद बाईपास के निकट अतिक्रमण हटवाने के लिए पहुंची यातायात पुलिस • जागरण

**जासं, संतकबीर नगर**: यातायात प्रभारी की टीम ने बुधवार को भी खलीलाबाद शहर में अभियान चलाया। उन्हें दोबारा अतिक्रमण करने पर सख्त कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी। इससे पटरी पर दुकान लगाने वाले सहित अन्य लोगों में खलबली मची रही।

यातायात प्रभारी परमहंस के नेतृत्व में टीम ने बुधवार को खलीलाबाद शहर में अभियान चलाया। खलीलाबाद बाईपास से मधुकुंज तिराहा तक पहुंची। इसके अलावा अन्य स्थानों पर सड़क के किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को हटवाया। दोबारा अतिक्रमण करने पर सख्त कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी। इसके अलावा विभिन्न जगहों पर दुकानों के पास तथा सड़क के किनारे खड़ी की गई साइकिल, मोटरसाइकिल, चार पहिया वाहन को हटवाया। इनका चालान किया। इस अवसर पर मुख्य आरक्षी गिरिजेश यादव, आनंद मोहन, अजय राय व अयोध्या साहनी के अलावा अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के आरोपित के घर चस्पा की नोटिस

बखिरा : पुलिस ने फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपित महला गांव निवासी शकील अहमद के घर नोटिस चस्पा की है। उप निरीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि आरोपित के खिलाफ किशोरी के साथ दुष्कर्म व पास्को की धारा में मुकदमा दर्ज है। यदि आरोपित जल्द न्यायालय में पेश न हुआ तो चल-अचल संपत्ति की कुर्की की कार्रवाई की जा सकती है। (जासं)

# घर में घुसकर छेड़खानी के मामले में युवक पर केस

जासं,बखिरा: बखिरा थाना के एक गांव में घर में घुसकर छेड़खानी करने के मामले में आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। थाने में दी गई तहरीर में एक गांव की महिला ने उल्लेख किया हैं कि बीते 15 सितंबर को शाम के करीब सात बजे वह घर पर अकेली थीं। उसके गांव के अंकित सिंह उनके घर में घुस गए। जबरन उनसे छेड़खानी करने लगे। शोर मचाने पर उनकी जेठानी रोमा देवी, शांति देवी व सुमित्रा आने लगी। इन्हें देखकर वह भाग गया। थानाध्यक्ष श्याम मोहन ने बताया कि आरोपित के खिलाफ छेड़खानी, मारपीट करने की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# प्रशासन की सद्बुद्धि के लिए हवन-पूजन

## दुसाध जाति का प्रमाणपत्र जारी होने तक चलता रहेगा धरना : लालचंद

संवाद न्यूज एजेंसी



आग पर चल कर ईस्ट देवता की पूजा करते दुशाध समाज के लोग। संवाद

संतकबीरनगर। कलक्ट्रेट के पास दुषाध समाज के चल रहे अनिश्चिकालीन धरने में बृहस्पतिवार को प्रशासन की सद्बुद्धि के लिए नवग्रह का हवन पूजन किया गया। साथ ही आग पर चलकर गर्म खीर में अपना हाथ डालकर खीर निकाला। इसे देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस दौरान दुसाध जाति के लोगों ने प्रमाणपत्र जारी होने तक धरना जारी रखने की बात कही।

मंडल अध्यक्ष लालचंद्र दुसाध ने कहा कि अनिश्चितकालीन धरने में प्रशासन की सद्बुद्धि के लिए नवग्रह का होम हवन करके अपने इष्ट देवता राह बाबा की पूजा-अर्चना की गई। इसके साथ ही तलवारों पर चढ़कर प्रदर्शन दिखाया। यहीं नही आग पर चलकर गर्म खीर में हाथ डालकर खीर निकाला। यह पूजा सिर्फ दुषाध समाज के लोग ही करते हैं, जो आज भी इस समाज में जीवित हैं।

जब तक दुसाध जाति का जाति प्रमाणपत्र सार्वजनिक निर्गत करने के लिए प्रशासन लिखित पत्र नहीं जारी कर देता, धरना जारी रहेगा। उन्होंने 'कहा कि जिले में दुसाध जाति के लोग 76 गांव में निवास करते हैं। जिन्हें बोलचाल की भाषा में ढाढ़ी भी कहा जाता है। जबकि ढाढ़ी कोई जाति नही है। इन व्यक्तियों का पूर्व से लेकर वर्ष 2023 तक अनगिनत जाति प्रमाण पत्र दुसाध जाति से निर्गत हुआ है।

आगे अकारण बिना किसी आदेश के रोक लगा दिया गया है। जिससे दुसाध समाज के लोगों का अपूरणीयक्षति हो रहा है। सार्वजनिक जाति प्रमाणपत्र जारी न होने से दुसाध समाज के लोगों में आक्रोश है।

प्रशासन मनमानी कर रहा है। दुषाध जाति का प्रमाणपत्र जारी किया जाए। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष शशिकांत उर्फ सोनू, विजय दुसाध, राजेश कुमार, नीरज कुमार, सिकंदर, भोरई, महकू प्रसाद, बबलू, अखिलेश, अतुल, विजय प्रताप और राणा प्रताप आदि मौजूद थे।

# जान-माल की धमकी देने वाले दुष्कर्म के आरोपित पर मुकदमा

जासं, बखिरा, संतकबीर नगर: बखिरा पुलिस ने जान-माल की धमकी देने वाले दुष्कर्म के आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हैं।

बखिरा थाने में दी गई तहरीर में लेहुआ-महुआ गांव निवासी मो. शफीक पुत्र हनीफ ने उल्लेख किया है कि बुधइया बाजार निवासी वीरेंद्र उर्फ झीनक पर थाने में दुष्कर्म, पास्को, मारपीट की धारा में मुकदमा दर्ज है। वह जेल से छूट कर घर आया है। बीते 17 सितंबर को शाम पांच बजे कर्बला के पास उसने अपशब्द कहा। मुकदमे में सुलह करने के लिए जबरन दबाव डाल रहे थे। ऐसा न करने पर जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष श्याम मोहन ने बताया कि आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

# छात्रा से छेड़खानी करने वाले आरोपित को भेजा जेल

जासं, संतकबीर नगर: हीरालाल रामनिवास इंटर कालेज-खलीलाबाद में बीते शनिवार को कबड्डी मैच के अभ्यास के दौरान छात्रा से छेड़खानी करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

छात्रा की मां ने कोतवाली खलीलाबाद में दी गई तहरीर में उल्लेख किया है कि उनकी दो बेटियां इस कालेज में पढ़ती हैं। कबड्डी टीम में इनका चयन हुआ है। ये बीते शनिवार को कबड्डी मैच का अभ्यास कर रही थीं।

इसी कालेज का छात्र साहिल उनकी बेटी के साथ छेड़खानी करने लगा। जब उनकी बेटियों ने विरोध किया तो मारने की धमकी देने लगा। उनकी बेटी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सोमवार को आरोपित छात्र का नाम विद्यालय से काट दिया गया। जिससे नाराज होकर आरोपित ने उनकी बेटी और उनके पति को जान से मारने की धमकी दी है।

कोतवाली प्रभारी रवींद्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया।

# अस्पताल में आग लगी तो कैसे निकालेंगे मरीज, मॉकड्रिल से दी गई जानकारी

## जिला अस्पताल के एमसीएच विंग में एनडीआरएफ टीम ने किया पूर्वाभास

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। जिला अस्पताल के एमसीएच विंग में बुधवार को मॉकड्रिल किया गया। जिसमें बनारस की एनडीआरएफ की टीम ने आपदा में फंसे लोगों को कैसे बाहर निकाला जाए, इस बारे में पूर्वाभ्यास कर जानकारी दी। टीम के सदस्यों के कार्य की सभी लोगों ने सराहना की।

एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट 11वीं वाहिनी संतोष कुमार व निरीक्षक गोपी गुप्ता की देखरेख में टीम के 31 बचाव कर्मियों ने एमसीएच विंग में भर्ती मरीजों को आग लगने के दौरान फंसे होने पर कैसे बाहर निकाल कर उन्हें बचाया जाए। पूर्वाभ्यास कर जानकारी दी।

टीम के सदस्यों ने सबसे पहले यह बताया कि यदि भूकंप आ जाए, जिससे पूरा मकान गिरकर ध्वस्त हो जाए। मलबे में कई लोग फंसे हैं। साथ ही बच्चे भी उसमें शामिल हो।



11वीं वाहिनी बनारस की एनडीआरएफ टीम ने किया पूर्वाभ्यास। संवाद

इन्हें कैसे बचाया जाए। इसके लिए टीम के प्रमुख अपने-कार्य क्षेत्र को बांट लेते हैं। किस टीम के सदस्यों को क्या करना है।

जिसमें सबसे पहले टीम के छह सदस्य पांच मंजिला अस्पताल पांचवें तल पर रस्सी के सहारे जाते हैं। उसके बाद वहां पर रेस्क्यू की दूसरी टीम पहुंचती है। फिर इस मकान में फंसे होने लोगों के बारे में रस्सी से लटककर आवाज देते हैं।

जिसमें कुछ जगहों से फंसे होने की आवाज आती है। टीम के सदस्य आनन-फानन वहां पहुंचने का प्रयास करके कुछ लोगों को रस्सी के सहारे नीचे भेजते हैं। उसके बाद नीचे भी बचाव दल की टीम उन्हें स्ट्रेचर पर अस्पताल पर पहुंचाती है। कुछ देर बाद चौथी मंजिल पर आग लगने के कारण धुंआ बाहर निकल रहा है।

# अवैध खनन में प्रधान प्रतिनिधि समेत चार फंसे

## खलीलाबाद के सिसईमाफी और धनघटा के बालपुर चपरा पूर्वी में अवैध बालू खनन का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। एडीएम ने अवैध मिट्टी और बालू खनन के अलग-अलग मामले में प्रधान प्रतिनिधि समेत चार लोगों को नोटिस जारी किया है। 30 दिन के भीतर सभी से जवाब देने का निर्देश दिया है, अन्यथा की स्थिति में विधिक कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी है।

एडीएम जय प्रकाश ने बताया कि खनन निरीक्षक नरेश कुमार महतो ने 14 सितंबर की रात अवैध बालू खनन होने की सूचना पर धनघटा तहसील क्षेत्र के बालमपुर पोस्ट चपरा पूर्वी में छापा मारा।

अवैध खनन स्थल पर एक ट्रैक्टर ट्रॉली के जरिये साधारण बालू का खनन/परिवहन किया जा रहा था। अंधेरे का लाभ उठाकर अवैध खनन करने वाले भाग गए।

**30 दिन के भीतर सभी से मांगा गया जवाब**

**विधिक कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई**

दोबारा 16 सितंबर को फिर खनन निरीक्षक ने अवैध खनन स्थल का निरीक्षण किया। जांच में पाया कि 240 घन मीटर साधारण बालू का अवैध खनन/परिवहन किया गया है।

अवैध खननकर्ता के बारे में आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ की गई तो ग्रामीणों ने पहचान गुप्त रखने की शर्त पर जानकारी दी। ग्रामीणों से पता चला कि अवैध खनन विनय चौधरी उर्फ गुड्डू चौधरी पुत्र रमाकांत चौधरी निवासी चपरा पूर्वी के जरिये हनुमान प्रजापति पुत्र झगरू निवासी बालपुर के खेत से उसकी संलिप्तता से की गई है।

इस मामले में विनय चौधरी उर्फ गुड्डू चौधरी और हनुमान प्रजापति के खिलाफ नोटिस जारी कर 30 दिन के भीतर जवाब मांगा गया है।

इसके पूर्व भी विनय चौधरी उर्फ गुड्डू ने वर्ष 2022 में घाघरा नदी के किनारे 7,995 घनमीटर साधारण बालू का अवैध खनन कराया था।

जबकि 384 घनमीटर बालू का भंडारण भी कराया था। तत्कालीन खनन निरीक्षक के विनय चौधरी के खिलाफ धनघटा थाने में केस भी दर्ज कराया था।

23 अप्रैल 2022 को इसके खिलाफ 42.68 लाख का नोटिस जारी किया गया था। नोटिस का जवाब न देकर विनय चौधरी हाईकोर्ट चला गया था। प्रकरण हाईकोर्ट में लंबित है।

एडीएम जय प्रकाश ने बताया कि तहसील क्षेत्र खलीलाबाद के सिसई माफी में निरीक्षण में 170 घनमीटर अवैध मिट्टी का खनन किया जाना पाया गया।

ग्रामीणों ने बताया कि मिट्टी का अवैध खनन प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद आशिक पुत्र मोहम्मद अली व अब्दुल वाहिद पुत्र मोहम्मद अमीन निवासी सिसई माफी के जरिये किया गया है।

इस मामले में दोनों लोगों को नोटिस जारी करके 30 दिन में जवाब मांगा गया है।

# छेड़खानी का विरोध करने पर छात्रा को पीटा

## पुलिस ने आरोपी पर दर्ज किया केस, गिरफ्तारी के प्रयास में जुटीं दो टीमें

संवाद न्यूज एजेंसी

मेंहदावल। नगर पंचायत मेंहदावल के एक इंटर कॉलेज से पढ़ कर घर जा रही छात्रा से एक युवक ने छेड़खानी की। विरोध करने पर युवक ने पीटकर छात्रा को घायल कर दिया। जब तक लोग वहां पहुंचे, आरोपी भाग निकला। बुधवार को पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी की गिफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमें जुट गई हैं।

मंगलवार शाम तीन बजे मेंहदावल कस्बा स्थित एक इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा विद्यालय से घर जा रही थी। उसी दौरान कस्बे में ही एक युवक ने छात्रा से मोबाइल नंबर मांगा। छात्रा ने मोबाइल नंबर देने से मना किया तो उसने छात्रा से छेड़खानी करते हुए उसके साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। जब तक लोग मौके पर पहुंचे, आरोपी भाग गया। इस मामले में मेंहदावल के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार दुबे सक्रिय हुए। उन्होंने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की तथा विद्यालय में भी पहुंचकर जांच की।

छात्रा से वार्ता कर घटना की जानकारी जुटाई। इस मामले में पीड़ित छात्रा की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ छेड़खानी, पॉक्सो एक्ट एवं मारपीट सहित अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें गठित की गई हैं। टीमें आरोपी की गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही है।

**बिच्छू गैंग के सक्रिय होने की चर्चा :** मेंहदावल कस्बे में कथित रूप से एक बिच्छू गैंग के सक्रिय होने की चर्चा है। जिसमें कम उम्र के बच्चे व युवक शामिल हैं। यह मारपीट की घटनाओं के अलावा राह चलती छात्रों, महिलाओं पर फब्तियां कसने के अलावा अन्य घटनाओं में सक्रिय रहते हैं। आए दिन इस प्रकार के मामले सामने आते हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं होने से इनका मनोबल बढ़ा रहता है। गैंग के चर्चा आने के बाद मेंहदावल पुलिस ने इस पर नकल कसने के लिए कमर कस लिया है। उसी कड़ी में पांच मनचले किशोरों के खिलाफ केस दर्ज किया।

### पांच के खिलाफ केस दर्ज

मेंहदावल कस्बे में छात्रा से हुई छेड़छाड़ की घटना से हड़कंप मच गया। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मेंहदावल पुलिस सक्रिय हो गई। बुधवार को सुबह प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार दुबे ने पांच अलग-अलग टीमें गठित की। टीमों ने जांच पड़ताल व लोगों से पूछताछ के आधार पर पांच किशोरों को हिरासत में लिया और उनके खिलाफ अश्लील हरकत करने का केस दर्ज किया। नाबालिग होने के कारण इन्हें चेतावनी देकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।




# पुलिस फर्जी मुकदमा ले वापस वरना चुप नहीं बैठेंगे अधिवक्ता

## दीवानी न्यायालय परिसर में बैठक कर प्रदेश के अन्य बार संगठनों से मांगा सहयोग

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महीप बहादुर पाल और जनपद बार के अध्यक्ष राकेश सिंह की अगुआई में बुधवार को दीवानी न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं की बैठक हुई। जिसमें अधिवक्ताओं के खिलाफ दर्ज एफआईआर पर चर्चा की गई।

निर्णय लिया गया कि दर्ज फर्जी मुकदमे को पुलिस खत्म करें। इसके साथ ही अधिवक्ताओं की तरफ से दर्ज कराए गए केस में धारा की बढ़ोतरी करते हुए पुलिस जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी करे।

हापुड़ की घटना के साथ ग्राम न्यायालय के विरोध और अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने की मांग के लिए अधिवक्ता बुधवार को भी न्यायिक कार्य से विरत रहे। बाद में अधिवक्ताओं ने बैठक की।

सिविल बार के अध्यक्ष महीप बहादुर पाल ने कहा कि एक सप्ताह पूर्व कलेक्ट्रेट गेट के पास विधायक धनघटा गणेश चौहान को रोक कर अधिवक्ता अपनी बात कहनी चाही, लेकिन अधिवक्ताओं की बात को अनसुना करते हुए विधायक अपनी गाड़ी में बैठ कर चले गए।

इसी मामले को लेकर विधायक समर्थकों के जरिये सोशल मीडिया पर अधिवक्ता समाज को अपमानित करते हुए अभद्र टिप्पणी की गई। जानकारी होने पर दोनों बार के पादाधिकारियों के संयुक्त हस्ताक्षर से अभद्र टिप्पणी करने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के लिए एएसपी और सीओ से मिल कर प्रार्थना पत्र दिया गया।

जिस पर आश्वासन मिला, लेकिन मंगलवार तक केस दर्ज नही किया, तब अधिवक्ता आक्रोशित होकर दीवानी न्यायालय से निकल कर कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कराने की मांग पर पांच घंटे तक कोतवाली में अड़े रहे। उसके बाद अधिवक्ताओं को पुलिस अंधेरे में रखते हुए पहले अधिवक्ताओं के विरुद्ध फर्जी केस दर्ज किया।

उसके बाद अधिवक्ताओं पर अभद्र टिप्पणी करने वालों पर केस दर्ज किया। पुलिस का यह मनमाना रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

पुलिस को चाहिए कि अधिवक्ताओं पर दर्ज फर्जी केस को समाप्त करें और अधिवक्ताओं पर अभद्र टिप्पणी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजे। अधिवक्ता सुनील पांडेय ने कहा कि सोशल मीडिया पर पूरे अधिवक्ता समाज पर जो अभद्र टिप्पणी की गई।

इन आरोपियों पर धारा की बढ़ोतरी की जाए और गिरफ्तारी की जाए,अन्यथा अधिवक्ता चुप नहीं बैठेंगे। प्रदेश के अन्य बार संगठनों से सहयोग की अपील की गई है।


दीवानी न्यायालय परिसर में बैठक करते अधिवक्ता। संवाद

# केस दर्ज : कबड्डी के दौरान करता था छेड़खानी, वीडियो बनाता था

## शहर के एक इंटर कॉलेज में नौवीं में पढ़ती है पीड़िता, कबड्डी प्रशिक्षण के दौरान छात्र करता था छेड़छाड़, आरोपी हिरासत में

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। शहर के इंटर कॉलेज की छात्रा से कबड्डी के अभ्यास के दौरान कॉलेज में ही पढ़ने वाले आरोपी किशोर छात्र ने छेड़खानी की। पुलिस ने आरोपी छात्र के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस को उसे अभिरक्षा में ले लिया। स्कूल से उसका नाम भी काट दिया गया। इधर, परेशान दोनों सगी बहनों ने कबड्डी टीम से नाम कटवा लिया है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली दो सगी बहनें इंटर कॉलेज में कक्षा नौवीं में पढ़ती हैं। दोनों के उम्र में 11 महीने का अंतर है। शनिवार को दोनों बहनें

### शिकायत के बावजूद पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप

कॉलेज परिसर में कबड्डी का अभ्यास कर रही थीं। इसी दौरान [illegible] कॉलेज के ही 12वीं के छात्र ने अभ्यास कर रही बड़ी बहन के साथ छेड़खानी की।

पीड़ित बहनों ने बताया कि आरोपी अगस्त में भी फब्तियां कसता था और वीडियो बनाता था। इसकी शिकायत उनके पिता ने कोतवाली पुलिस से किया तो पुलिस ने शिकायत अनसुनी कर दी।

जिससे आरोपी का मनोबल बढ़ता गया और शनिवार को छेड़खानी की घटना की। आरोप है कि विरोध करने पर गाली गलौज देने लगा और मारने-पीटने की धमकी दी।

जिसकी सूचना उसी दिन मौला पुलिस चौकी पर दे दिया था, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। सूचना मिली है कि सोमवार को आरोपी छात्र का नाम विद्यालय से काट दिया गया है।

जिससे नाराज होकर आरोपी छात्र ने दोनों बहनों और उनके पिता को जान से मार देने की धमकी दी। ऐसी घटना से परेशान होकर कबड्डी टीम से दोनों बहनों ने नाम कटवा लिया।

कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित मां ने तहरीर दी। तहरीर के आधार पर आरोपी छात्र के खिलाफ छेड़खानी, अपशब्द कहने, जानमाल की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में लिया गया है।

### गलत है छेड़खानी का आरोप : छात्र

पुलिस अभिरक्षा के दौरान पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह भी एचआर इंटर कॉलेज में 12वीं में पढ़ता है। कार्यालय से फीस जमा करके निकलते दौरान पीड़ित छात्रा ने उसे अपशब्द कहा तो उसने भी अपशब्द कह दिया था। छेड़खानी का आरोप गलत है।

*छेड़खानी की शिकायत मिली तो आरोपी छात्र के अलावा उसके सहयोगी दो और छात्रों का नाम काट दिया गया है। आरोप है कि छात्रा से खेलने के दौरान आरोपी ने छींटाकशी की थी। कबड्डी की रिजर्व टीम में दोनों सगी बहनें शामिल है। कॉलेज का माहौल साफ सुथरा और अनुशासन बना रहे, इसके लिए पूरा प्रयास रहता है। यही वजह है कि शरारती और छेड़खानी जैसी वारदात करने वालों का नाम कॉलेज से काटा गया है। उसके परिजन आकर धमकी भी दे गए हैं। - राम कुमार सिंह, प्रधानाचार्य, एचआर इंटर कॉलेज*

*छात्रा से छेड़खानी की शिकायत मिली है। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर लिया है। आरोपी पुलिस की अभिरक्षा में है। निर्देश दिया गया है कि कॉलेज के समय आस-पास सादे वर्दी में पुलिस कर्मी भ्रमणशील रहे, ताकि छात्राओं से छेड़खानी, छींटाकशी करने वाले पकड़े जाएं और उन पर कार्रवाई हो। महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम को लेकर पुलिस सक्रिय है।*

*— सत्यजीत गुप्ता,एसपी*

छात्रा से मारपीट व छेड़खानी के मामले को गंभीरता से लिया गया है। आरोपी पर केस दर्ज किया गया। उसकी तलाश की जा रही है, जल्द उसे गिरफ्तार किया जाएगा। इसके अलावा पूरे दिन अभियान चलाकर पांच मनचलों के खिलाफ अश्लील हरकत करने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। पुलिस यह अभियान जारी रखेगी, ताकि महिलाएं एवं बच्चियां निर्भीक होकर रह सकें। – **विजय कुमार दुबे, एसओ**

# दुष्कर्म का आरोपी भेजा गया जेल

बेलहर। पुलिस ने दुष्कर्म मामले के आरोपी को बुधवार को राजघाट पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। एसओ राम वशिष्ठ ने बताया कि आरोपी ने बालिका से दुष्कर्म किया था। मंगलवार रात पीड़ित मां की तहरीर पर आरोपी खिलाफ दुष्कर्म, एससीएसटी एक्ट, पॉक्सो एक्ट का केस दर्ज किया गया था आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया। संवाद

# करमैनी कांड : कृष्णा के हत्यारों को सजा दिलाएगी कॉल डिटेल

## चार अप्रैल 2022 को 15 लाख की फिरौती के लिए की गई थी हत्या

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर/मेंहदावल। पिछले साल की चार अप्रैल की तारीख करमैनी गांव के लोगों के जेहन में आज भी ताजा है। फिरौती के लिए सात साल के बच्चे की हत्या के बाद आरोपियों ने बचने के लिए हर वह हथकंडा अपनाया जिससे पुलिस गच्चा खा जाए। गांव के ही लंगड़ा नाम के एक शख्स को फंसाने की पूरी साजिश रची गई।



कृष्णा फाइल फोटो।

मासूम के घरवालों से गांव के शख्स के नाम पर 15 लाख की फिरौती मांगी गई। इससे वह शख्स भी मामले में संदिग्ध हो गया। हालांकि, पुलिस तफ्तीश में कॉल डिटेल से पूरे मामले का न सिर्फ राजफाश हुआ बल्कि शख्स को फंसाने की साजिश का खुलासा हुआ। अब पूरा मामला कोर्ट में चल रहा है। बताया जा रहा है कि मामले में जेल में बंद आरोपियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए कॉल डिटेल मजबूत साक्ष्य है।

**यह है घटनाक्रम :** मेंहदावल क्षेत्र के ग्राम पंचायत करमैनी निवासी चंद्रभान का सात वर्षीय पुत्र कृष्णा चार अप्रैल 2022 को शाम के वक्त अपने दरवाजे पर खेल रहा था। बाबा व अन्य भाई भी बैठे थे। उसी दौरान बाबा अन्य भाइयों के साथ खाना खाने घर में चले गए। तभी हत्यारोपियों करमैनी गांव निवासी उपेंद्र साहनी और महाराजगंज के फरेंदा निवासी दयानंद कृष्णा को फुसला कर अपने साथ लेते गए। बताते हैं कृष्णा को टॉफी व बिस्कुट देकर दोनों पहले से ही मेलजोल बढ़ा चुके थे। इससे कृष्णा इनके बहकावे में आ गया। इधर, जब कृष्णा का पता नहीं चला तो घरवालों ने उसकी तलाश शुरू कर दी।

कोई शक न करे इसलिए आरोपी उपेंद्र साहनी भी परिवार के साथ मासूम को खोजने में लगा रहा। परिजनों को गुमराह भी कर रहा था। जबकि दयानंद परिजनों के मोबाइल पर फोन कर 15 लाख की फिरौती भी मांगता रहा। जांच में जुटी पुलिस ने एसओजी टीम के साथ फिरौती मांगे जाने वाले मोबाइल नंबर को सर्विलांस के जरिए ट्रेस कराया। इसमें आरोपी को पकड़ लिया गया। जब घटना का खुलासा हुआ तो लोग दंग रह गए। उपेंद्र साहनी ने पूरे घटना की साजिश रची थी और उसका मित्र दयानंद सहयोगी था। दोनों बताया मासूम की हत्या कर शव को मिट्टी में दफना दिया था।

### आरोपियों ने गांव के एक शख्स को भी फंसाने की साजिश रची

*मासूम कृष्णा की फिरौती की मांग को लेकर नृशंस हत्या करके शव को आरोपियों ने खेत में गाड़ दिया था। केस गवाही की प्रक्रिया में है। केस में कॉल डिटेल पुख्ता साक्ष्य है। पुलिस ने बाद में दोनों आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट की भी कार्रवाई की है।*

–चतुर जी शुक्ला, पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता

*केस गवाही में है। बेहतर ढंग से विवेचना की गई। जिस मोबाइल फोन नंबर से फिरौती मांगी गई वह सजा दिलाने के लिए पुख्ता साक्ष्य है। आरोपियों को सजा जरूर होगी।*

**– विशाल श्रीवास्तव,** जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी

### बेघर हुए घरवाले, नदी किनारे रहते हैं छप्पर में




कृष्णा के परिजन छप्पर में रहते हैं। संवाद

वारदात को याद कर मासूम कृष्णा के बाबा धुप चंद्र साहनी फफक पड़ते हैं। वह बताते हैं कि उस घटना के बाद उन लोगों ने गांववाला घर छोड़ दिया। अब वहां से एक किलोमीटर दूर राप्ती के किनारे छप्पर डालकर परिवार सहित रहते हैं। जब भी उस शाम की याद आती है तो कृष्णा का चेहरा आंखों के सामने आ जाता है। माली हालत वैसे भी ठीक नहीं थी। वारदात ने पूरे परिवार की कमर तोड़ दी। अब तो एक ही मकसद है कि कातिलों को कड़ी से कड़ी सजा मिले। ताकि कोई और परिवार अपने चिराग को न खोए।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, केस

**संतकबीरनगर।** कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली युवती से शादी का झांसा देकर गांव के ही युवक ने शारीरिक संबंध बनाया। आरोपी ने शादी से इन्कार किया तो पीड़िता ने बुधवार को कोतवाली पहुंच कर केस दर्ज कराया।

पीड़ित युवती का आरोप है कि उसके गांव का रहने वाला आरोपी उससे बातचीत करके संपर्क बनाया। आरोप है कि शादी का झांसा देकर आरोपी चार वर्ष से उससे शारीरिक संबंध बनाता रहा। आरोप है कि इस बीच वह तीन बार गर्भवती हो गई, लेकिन आरोपी ने जबरन दवा खिलाकर उसका गर्भपात करवा दिया। आरोपी उससे शादी करने का झांसा दिया। आरोप है कि अब आरोपी शादी करने से इन्कार कर दिया। कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज किया गया। पीड़िता का मेडिकल जांच कराया जाएगा। आरोपी की जल्द ही गिरफ्तारी कर ली जाएगी। संवाद

# लापता युवक का तालाब में मिला शव

रोसवा/पौली। धौरहरा गांव के उत्तर-पूरब दिशा में स्थित तालाब में बुधवार सुबह गांव के लोगों ने पानी में उतराया हुआ शव देखा। शोर मचाया तो तमाम लोग वहां पहुंच गए।

जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। शव की पहचान तीन दिन से लापता धौरहरा गांव निवासी 40 वर्षीय तेज प्रताप सिंह के रूप में हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है।

गांव वालों का कहना है कि तेज प्रताप सिंह खेती किसानी करके परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी पत्नी की मौत तीन महीने पहले हो गई थी। घर में केवल तेज प्रताप और उनका 11 वर्षीय बेटा प्रियांशु रह रहे थे।

गांव वालों ने बताया कि पत्नी की मौत के बाद तेज प्रताप चिंतित रहते थे। रविवार सुबह घर से निकले तो वापस नहीं लौटे। 11 वर्षीय बेटा प्रियांशु और पट्टीदारी के लोग तेज प्रताप की तलाश में जुटे हुए थे। संवाद

# यातायात पुलिस ने हटवाया अतिक्रमण

संतकबीरनगर। यातायात पुलिस ने बुधवार को शहर की पटरियों से अतिक्रमण हटवाया। प्रभारी यातायात परमहंस ने बताया कि मेंहदावल बाईपास से मधुकुंज तिराहा सहित अन्य स्थानों पर सड़क पर हुए अतिक्रमण को हटवाया गया।

साथ ही जो वाहन सड़क पर खड़े पाए गए उनका नियमानुसार चालान किया गया। लोगों को सड़की की पटरियों पर पुनः अतिक्रमण न करने के लिए कड़ी चेतावनी भी दी गई।

इस दौरान कांस्टेबल गिरिजेश यादव, आनंद मोहन, अजय राय और अयोध्या साहनी आदि मौजूद थे। संवाद

# GONDA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः-21-09-2023

## करनैलगंज में सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अफसरों ने की कार्रवाई

# अवैध खनन पर नगवा में छापा

**कार्रवाई**

करनैलगंज, संवाददाता। तहसील क्षेत्र के विकासखण्ड हलधरमऊ नगवा ग्राम पंचायत में अवैध खनन की सूचना पर सीओ, एसडीएम व खनन इंस्पेक्टर की टीम मौके पर पहुंची। टीम के पहुंचने से पहले ही खनन कर रहे लोग मौके से फरार हो गये। इससे वहां पहुंची टीम को खाली हाथ लौटना पड़ा। फिलहाल मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने खनन वाले स्थान की नाप करवाकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

ग्रामीणों ने बताया कि खनन के चलते गांव की सड़कें बबार्द हुई जा रही हैं। इससे ग्रामीणों का चलना दूभर हो गया है। इस प्रकार चल रही खनन की शिकायत अधिकारियों से की गयी थी। खनन अधिकारी अमित रंजन के अनुसार हलधरमऊ के मजरा सीरपुरवा के पास काफी दिनों से खनन की सूचना मिल रही थी। जिस पर बुधवार को करनैलगंज एसडीएम विशाल कुमार, सीओ चन्द्रपाल शर्मा सहित पुलिस बल के साथ वह मौके पर पहुंचे। जहां पास के गांव के एक काश्तकार की भूमि पर खनन करना पाया गया। टीम के पहुंचने से पहले खनन कर रहे लोग वहां से फरार हो गये थे। गांव वालों ने बताया कि यहां से खनन कर मिट्टी रेलवे में चल रहे कार्य में ले जायी जा रही थी।



करनैलगंज के नगवा ग्राम पंचायत में मिला अवैध खनन।

### अधिकारियों के पहुंचने से पहले खननकर्ता हुए फरार

सीओ करनैलगंज चन्द्रपाल शर्मा ने बताया कि अवैध खनन की सूचना मिली थी। जिस पर खनन, राजस्व व पुलिस टीम मौके पर गयी थी। जहां पर अवैध खनन करना पाया गया। मौके पर राजस्व कर्मियों द्वारा नपाई कराकर गाटा संख्या व भू स्वामी का पता करवाया जा रहा है। जांच पूरी होते ही कार्रवाई की जायेगी।

खनन अधिकारी अमित रंजन ने बताया कि यहां खनन करने की स्वीकृति प्रदान नहीं की गयी थी। इसके बाद भी खनन कर रेलवे में मिट्टी आदि लायी जा रही थी। खनन वाली भूमि की पैमाइश करवाकर कार्यवाई एसडीएम व स्थानीय पुलिस के सहयोग से की जायेगी।

## रक्तदान के लिए बाबू ईश्वर शरण अस्पताल पहुंचे थे पदाधिकारी, हाथापाई की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद, फुटेज हो रही वायरल

# भड़के भाजपाइयों ने सीएमएस से की हाथापाई

**बवाल**

गोण्डा, संवाददाता। रक्तदान के दौरान ब्लडबैंक में गुब्बारा न लगे होने और चाय-पानी की व्यवस्था नदारद होने से भाजपाइयों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। सीएमएस कार्यालय के बाहर खड़े भाजपाइयों ने सीएमएस के पहुंचते ही नाराजगी जताई और हाथापाई भी की। हाथापाई की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई और अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। सीएमएस डा वीके गुप्ता ने मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी है, वहीं भाजपा अनुसूचित मोर्चा के पदाधिकारियों ने नगर कोतवाली में सीएमएस के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामला बुधवार सुबह का है।

बताया जाता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा पदाधिकारियों को रक्तदान करना था, जिसकी सूचना अस्पताल प्रशासन को समय से दे दी गई थी। सुबह जब भाजपा पदाधिकारी बाबू ईश्वर शरण अस्पताल कैम्पस में स्थित ब्लडबैंक पहुंचे तो उन्हें कोई व्यवस्था नजर नहीं आई। इसके बाद जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कई पदाधिकारी सीएमएस आफिस के बाहर इकट्ठा हो गए और सीएमएस को सूचना भेजी गई। बताया जाता है कि सीएमएस डा वीके गुप्ता के पहुंचने पर वहां मौजूद भाजपाइयों ने गुब्बारा न लगा होने और चाय पानी की व्यवस्था न होने पर नाराजगी जताई। सीएमएस द्वारा बजट के अनुसार व्यवस्था किए जाने के तर्क पर पदाधिकारी बिफर पडे और हाथापाई होने लगी।



बाबू ईश्वर शरण अस्पताल मे हाथापाई करते भाजपाई।

### अनुसूचित मोर्चा ने दी तहरीर, अभद्रता का आरोप

सीएमएस डा वीके गुप्ता के विरुद्ध भाजपा अनुसूचित मोर्चा के पदाधिकारियों ने नगर कोतवाली मे तहरीर देकर मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की है। आरोप लगाया है कि जब वह लोग अस्पताल पहुंचे और शिविर के बारे में जानकारी चाही तो सीएमएस ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया और रक्त लेने से इकार कर दिया। इसका विरोध किया तो मारने के लिए दौड़ा लिया। तहरीर पर अनुसूचित मोर्चा के संयोजक नंद किशोर, जिला उपाध्यक्ष तपसीराम, रक्षाराम भारती, पंकज बरवार व विवेक कनौजिया के हस्ताक्षर हैं। इस संबंध मे नगर कोतवाल संजय गुप्ता ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

> समय से सूचना देने के बावजूद भी ब्लडबैंक में रक्तदान के लिए कोई व्यवस्था नही की गई थी। व्यवस्था न होने के संबंध में जब सीएमएस से बात की गई तो उन्होंने भाजपा पदाधिकारियों के साथ अभद्रता भी की।
>
> -अमर किशोर कश्यप, भाजपा जिलाध्यक्ष

## आठ घंटे में 48 यूनिट रक्तदान किया

गोण्डा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भाजपाइयों ने आठ घंटे में 48 यूनिट खून रक्तदान किया है। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता के संयोजन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था।

रक्तदान शिविर का उद्घाटन जिला अध्यक्ष भाजपा अमर किशोर कश्यप, पूर्व मंत्री विधायक मनकापुर रमापति शास्त्री और मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी मुन्ना भैया ने फीता काटकर किया। रक्तदान करने वालों में प्रमुख रूप से जिला मंत्री विनय शर्मा, जिला अध्यक्ष अमर किशोर कश्यप के पुत्र अभिषेक कश्यप, अभिषेक सिंह, अनुभव शुक्ला, श्रवण शुक्ला, धर्मेंद्र चौहान, गया प्रसाद शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष संदीप पांडे, जिला कार्य समिति सदस्य संदीप पांडे, वीरेंद्र यादव डॉक्टर दुर्गा सिंह, पंकज कुमार, राम आदित्य सिंह, संदीप सिंह, भानु प्रताप सोनकर, धर्मेंद्र सिंह, राघवेंद्र तिवारी, राघव, मनीष द्विवेदी, नसरुल्ला खान, संतोष कुमार चौरसिया, बृजेश प्रताप सिंह, गणेश, कुणाल सिंह, दुर्गेश सोनी, शैलेंद्र कुमार सिंह, पुनीत सिंह, बीना राय, रवि दुबे, ओमकार मोदनवाल, नीरज मौर्या आदि शामिल हैं।



बाबू ईश्वरशरण चिकित्सालय में बुधवार को रक्तदान करते भाजपाई।

> सीएमएस के साथ हुई हाथापाई की घटना की जानकारी मिली है लेकिन अब तक लिखित में संगठन के पास कोई शिकायत नहीं आई है। शिकायत मिलती है तो विचार-विमर्श कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> -डा. जय गोबिंद, अध्यक्ष, पीएमएस एसोसिएशन

> बजट के अनुसार व्यवस्था होने की बात कहते ही भाजपा पदाधिकारी गुस्सा गए और हाथापाई करने लगे। घटना के बारे में उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।
>
> -डॉ. वीके गुप्ता, सीएमएस

## महिला को पीटा, तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज

परसपुर। नगर पंचायत के चिंता पंडित पुरवा निवासिनी फूला देवी पत्नी कुर्रील ने थाने पर दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है उसके खेत मे लगा धान की फसल गांव के व्यक्ति ने चरा लिया। जब उसने उलहना दी तो घर चढ़कर तीन व्यक्ति विनोद मिश्रा, धर्मेंद्र मिश्रा व सूरज मिश्रा ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उसकी पिटाई कर दी। शोर पर जब गांव के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी धमकी देते हुए चले गए। पीड़िता की ओर से केस दर्ज कर लिया गया।

## छुट्टा जानवर से टकराकर पलटी पिकप वाहन

करनैलगंज। एक तेज रफ्तार पिकअप के आगे छुट्टा जानवर आ जाने से वह बेकाबू होकर पलट गयी। इस हादसे में तीन मवेशियों की मौत हो गई। मंगलवार की देर रात गोंडा-लखनऊ हाइवे पर ग्राम पिपरी के पास स्थित पेट्रोल पंप के समीप एक तेज रफ्तार पिकअप जो लखनऊ की तरफ जा रहा था। अनियंत्रित होकर छुट्टा मवेशियों से टकराकर पलट गया। हादसे में तीन मवेशियों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, पिकप का चालक व परिचालक भी जख्मी हो गया।

## धोखाधड़ी से बैनामा कराने के आरोप में पकड़ा

परसपुर। कूटरचित अभिलेख के माध्यम से धोखे से एक व्यक्ति की भूमि बैनामा कराने के मामले में पुलिस ने बुधवार को स्थानीय नगर पंचायत के मोहल्ला नौशहरा निवासी साकिर आलम को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष शेषमणि पाण्डेय ने बताया कि मुकदमे का वांछित आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया है।

## चार माह बाद अपहृता बरामद, वन स्टाप सेंटर भेजा

वजीरगंज। थाना क्षेत्र की एक युवती चार माह पहले अपने घर से रहस्यमय तरीके से अपहृत हो गई थी। बुधवार को चौकी इंचार्ज सावन सिंह ने डुमरियाडीह के पास से बरामद कर लिया है। एसओ अभय सिंह ने बताया कि युवती को वन स्टॉप सेंटर रवाना किया गया है।

# थाने से भगाया

नवाबगंज। एक गांव निवासी महिला ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि बीते 10 सितंबर को उसके पति मजदूरी करने के लिए घर से बाहर गए थे। इस बीच उसे अकेला देख गांव का एक युवक घर में घुस आया और गलत नीयत से हाथ पकड़ कर घसीटने लगा। दोबारा थाने पर गई तो पुलिस ने समझौता करने का दबाव बनाया। समझौता न करने पर पीड़िता पर ही केस दर्ज करने की धमकी भी दी।

# रुपईडीह में विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

- दहेज की खातिर ससुराल वालों ने किया उत्पीड़न
- पति समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रुपईडीह, संवाददाता। क्षेत्र के कोटियामदारा की एक विवाहिता ने ससुराल वालों पर दहेज की खातिर मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। इस पर पुलिस ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

कटरा बाजार थाना क्षेत्र के असरना तिवारी पुरवा के निवासी पीर मोहम्मद की पुत्री रेशमा की तहरीर के मुताबिक उसकी शादी करीब दो साल पहले कौड़िया थाना क्षेत्र के कोटिया मदारा के निवासी मुस्ताक अहमद पुत्र हामिद अली के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वालों ने दहेज में दो लाख रुपए नगद, मोटरसाइकिल व सोने की चेन की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर सभी लोगों ने एकराय होकर उसे मारा पीटा तथा घर से निकाल दिया। पुलिस ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पति मुश्ताक अहमद, ससुर हामिद अली, जेठ मैंराज, सास हमीदा बानो, जेठानी रूबी, व देवर मुख्तार के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लियाहै। इस संबंध में थानाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# दो दिन से गायब 10वीं के छात्र की सिरकटी लाश मिली, जाम

## गुस्साए लोगों ने शव सड़क पर रखकर किया प्रदर्शन, रेलवे ट्रैक पर से शव बरामद

**वारदात**



बुधवार को मनकापुर में छात्र की सिर कटी लाश मिलने पर जाम लगाते लोग।

**मनकापुर, संवाददाता।** घर से दो दिन से गायब 10वीं के छात्र की रेलवे ट्रैक पर से सिरकटी लाश अमवा जंगल के पास से बरामद हुई है। धड़ से कुछ ही दूरी पर उसका सिर पड़ा मिला है। इस घटना से गुस्साए लोगों ने छात्र का शव सड़क पर रखकर प्रदर्शन भी किया है। फिलहाल पुलिस जांच आगे बढ़ा रही है।

बताया जाता है कि थाना छपिया के सैजलपुर निवासी छात्र हरिओम उर्फ गोलू वर्मा पुत्र मस्तराम वर्मा (15) दो दिन पहले कोचिंग पढ़ने गया था लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने छपिया थाने में सूचना दी लेकिन उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। मंगलवार देर रात में पुलिस को अमवा जंगल के पास एक शव ट्रैक पर मिलने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर पुलिस कर्मियों के होश उड़ गये। ट्रैक पर एक 15 वर्षीय किशोर का सिर व धड़ अलग-अलग पड़ा था। पुलिस ने अज्ञात शव मानते हुए वहां से उठाकर मनकापुर से मसकनवां मार्ग पर स्थित खटिकहियां गांव के पास रखवा दिया। इसके बाद पुलिस शव की शिनाख्त में जुट गयी। इसी बीच पता चला कि एक लड़का दो दिनों से अपने घर से गायब है। बाद में मौके पर पहुंचे छात्र के पिता ने शव की पहचान गोलू के रूप में की।

**देरी पर भड़के लोग, मार्ग जामकर प्रदर्शन :** बुधवार की सुबह थाना छपिया के सैजलपपुर व उसके अगल-बगल गांवों के सैकड़ों लोग किशोर के शव के पास जमा हो गए। छपिया पुलिस की कार्यशैली से नाराज लोगों ने जमकर भड़ास निकाली। यही नहीं मनकापुर कोतवाली पुलिस के दरोगा अरविंद कुमार के मौके पर देरी से पहुंचने पर लोगों ने नाराजगी जताई। देखते ही देखते मनकापुर-मसकनवां मार्ग पर शव रखकर लोगों ने रोड जाम कर लगा दिया और जमकर प्रदर्शन किया। ग्रामीण शव को जबरन पिकअप पर लाद कर मौके से उसके घर ले जाने लगे। लोग मांग कर रहे थे कि एसपी व डीएम को मौके पर बुलाया जाए। इस घटना की सूचना एसपी अंकित मित्तल को मृतक के एक रिश्तेदार ने दे दी। कुछ देर बाद मौके पर कोतवाल सुधीर कुमार सिंह, अतिरिक्त कोतवाल अरूण कुमार राय आदि तमाम पुलिस कर्मी पहुंच कर समझाबुझा कर लोगों को शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया।

मनकापुर कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि रेलवे के मेमो पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अभी परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### किसी से रंजिश नहीं

मृतक छात्र के पिता मस्तराम वर्मा बताते हैं कि मेरा बेटा गांव से कुछ दूर पर कोचिंग पढने जाता था। उसकी फीस भी मैने स्कूल में जाकर जमा कर दिया था। गांव मे किसी से कोई रंजिश भी नहीं है। यह घटना कैसे घट गयी मैं बहुत परेशान हूं। पिता ने बताया उनका बड़ा बेटा बृजेश वर्मा सऊदी अरब में रहता है। दो लडकियां थीं जिनकी शादी हो चुकी है। बहनें अपने ससुराल में रहती हैं ।

# आधार सेवा केंद्र संचालक की बदसलूकी की शिकायत

गोंडा। मसकनवां बाजार में आधार सेवा केंद्र संचालक पर नाम संशोधन कराने आई महिला से बदसलूकी का आरोप लगा है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामूली धाराओं में कार्रवाई कर मामले को रफा-दफा कर दिया। छपिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मसकनवां कस्बे में पुलिस चौकी के सामने आधार सेवा केंद्र पर मंगलवार को दोपहर विवाहित महिला आधार कार्ड में संशोधन कराने आई थी। आरोप है कि मशीन पर अंगूठा लगवाते समय महिला का हाथ पकड़ कर बदसलूकी की। संवाद

# एसपी से की शिकायत

आर्यनगर : खरगूपुर के कंचनपुर गांव निवासी बिजली कर्मी राम चंदर ने बताया कि एक सप्ताह पहले वह रमवापुर गोविंदा में ट्रांसफार्मर चढ़ाने गए थे। उनके साथ मारपीट की गई। स्थानीय पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। एसपी को पत्र देकर जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। (संसू)

# किन्नर के घर से चोरी, मुकदमा दर्ज

संसू, आर्यनगर : कौड़िया के रामापुर निवासी शिव तिवारी व गुड़िया किन्नर के घर से जेवर, कपड़ा, मोबाइल व अन्य सामान चोर उठा ले गए। थानाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। शीघ्र ही घटना का राजफाश किया जाएगा।

# कोचिंग पढ़ने गए छात्र का रेलवे लाइन पर मिला सिर कटा शव

## पुलिस की कार्य प्रणाली से नाराज होकर किया मार्ग जाम




मनकापुर मसकनवा मार्ग अमवा मोड़ के पास रेलवे लाइन पर छात्र का शव मिलने के बाद जमा लगाकर प्रदर्शन करते लोग ● जागरण



मृतक हरिओम वर्मा ● फाइल फोटो

संसू, वल्लीपुर/छपिया (गोंडा) : सोमवार को तीसरे पहर घर से कोचिंग पढ़ने गए हाईस्कूल के छात्र हरिओम उर्फ गोलू का सिर कटा शव मंगलवार की देर रात रेलवे लाइन पर पाया गया। छपिया व मनकापुर पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज से नाराज आक्रोशित भीड़ ने मनकापुर-मसकनवा मार्ग पर अमवा मोड़ पर मार्ग जाम विरोध प्रदर्शन किया। छपिया थाने के सैजलपुर गांव के रहने वाले मस्तराम ने बताया कि उनका बेटा हरिओम उर्फ गोलू गायत्री विद्या मंदिर मसकनवा में कक्षा दस का छात्र था। वह पटखौली स्थित एक कोचिंग में भी पढ़ता था।

सोमवार को तीसरे पहर चार बजे उसका बेटा कोचिंग पढ़ने पटखौली गया था। देर शाम तक वह जब वापस घर नहीं लौटा तो उसकी तलाश शुरू की गई। कोचिंग संचालक से जानकारी लेने पर पता चला कि उनका बेटा पढ़ने के बाद वहां चला गया था। काफी तलाश के बाद जब उसका कोई पता नहीं चला तो स्वजनों ने हरिओम उर्फ गोलू के लापता होने की सूचना फोटो के साथ इंटरनेट मीडिया पर भी प्रसारित की। मस्तराम ने बताया कि मंगलवार की शाम तक उसके बेटे का कोई पता नहीं चला तो उन्होंने इसकी तहरीर छपिया थाने में दी। आरोप है कि पुलिस ने न गुमशुदगी लिखी और न ही उसके बेटे की तलाश के लिए कोई प्रयास किया। बुधवार की सुबह घरवालों को फोन से सूचना मिली कि एक किशोर का शव मनकापुर कोतवाली के अमवा जंगल में रेलवे लाइन पर पाया गया है। वहां पहुंच कर परिवारीजनों ने शव की पहचान हरिओम के रूप में की। मस्तराम ने कहा कि उनके बेटे का किसी से कोई विवाद नहीं था। वह अपने पास मोबाइल फोन भी नहीं रखता था। रेलवे लाइन पर शव पाए जाने पर मृतक के घर व गांव में मातम छा गया। आक्रोशित भीड़ ने मनकापुर-मसकनवा मार्ग पर अमवा मोड़ पर मार्ग जाम कर प्रदर्शन किया। पुलिस ने शांत कराकर प्रदर्शन खत्म कराया।

### शव पाए जाने के बाद सुबह 11 बजे तक पुलिस ने नहीं की कार्रवाई

मनकापुर पुलिस पर आरोप है कि रात में बेटे का शव पाए जाने के बाद सुबह 11 बजे तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। शव रेलवे लाइन के किनारे ही पड़ा रहा। प्रभारी निरीक्षक मनकापुर सुधीर सिंह ने बताया कि रेलवे लाइन पर शव पाए जाने की सूचना पर पुलिस कर्मियों को वहां भेजा गया था। दो आरक्षी व उपनिरीक्षक शव के पास मौजूद थे। रेलवे से सुबह मेमो मिलने के बाद अगली विधिक कार्रवाई की गई। मृतक के स्वजन ने किसी के खिलाफ तहरीर नहीं दी है। छपिया के प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि मंगलवार की देर शाम छात्र के घर वाले थाने पर गए थे। उन लोगों ने छात्र के गायब होने की थाने पर मौजूद अपराध निरीक्षक अशोक सिंह को मौखिक सूचना दी थी।

# विद्यालय के टाटा मैजिक के चालक पर छेड़खानी का केस

संसू, वजीरगंज (गोंडा) : एक विद्यालय के टाटा मैजिक से आने-जाने वाली कक्षा चार की छात्रा से चालक ने छेड़खानी की। पीड़ित छात्रा के पिता की तहरीर पर चालक के खिलाफ छेड़खानी, पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा किया गया है। एक गांव की रहने वाली वाली छात्रा एक निजी विद्यालय के टाटा मैजिक से पढ़ने जाती है। छात्रा के पिता का कहना है कि चालक विद्यालय आते-जाते समय बेटी के साथ छेड़खानी कर अश्लील हरकत करता था। इसकी जानकारी छात्रा ने स्वजनों को दी। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि पीड़ित छात्रा के पिता की तहरीर पर मुकदमा लिखकर आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। (संसू)

## आरोपित गिरफ्तार

परसपुर : धोखाधड़ी कर भाई की जमीन को दूसरे को बैनामा करने के आरोपित नौशहरा वार्ड के रहने वाले साकिर आलम को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष शेषमणि पांडेय ने कहा कि आरोपित के विरुद्ध गत फरवरी में मुकदमा लिखा गया था। वह फरार चल रहा था। (संसू)

## जालसाजी में दो गिरफ्तार

गोंडा : नगर कोतवाली पुलिस ने जालसाजी करने के आरोपित कोतवाली देहात के खरगूपुर नकहा के हरिश्चंद्र तिवारी व करुआपारा इटियाथोक के रत्नेश कुमार द्विवेदी को गिरफ्तार किया है। (संसू)

## पिकअप पलटी, तीन गायों की दर्दनाक मौत

कर्नलगंज : मंगलवार की रात पिकअप अनियंत्रित होकर बेसहारा गाय से टकराकर पलट गया। इस हादसे में तीन गायों की मौत हो गई। मंगलवार की देर रात गोंडा-लखनऊ हाईवे पर ग्राम पिपरी के पास स्थित पेट्रोल पंप के निकट लखनऊ की तरफ जा रही पिकअप अनियंत्रित होकर गायों से टकराकर पलट गया। (संसू)

## कोचिंग गई छात्रा से छेड़खानी, मुकदमा दर्ज

खरगूपुर : बहराइच जिले के विशेश्वरगंज थाना के एक गांव की रहने वाली कक्षा आठ की छात्रा खरगूपुर थाना के एक गांव में कोचिंग पढ़ने आई थी। पीड़ित छात्रा का कहना है कि कोचिंग के बाद वह घर जा रही थी। रास्ते में उसी के गांव के एक युवक ने उसके साथ छेड़खानी की। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि आरोपित के खिलाफ छेड़खानी व अन्य धारा में मुकदमा लिखा गया है। (संसू)

## छह पर मारपीट का केस

नवाबगंज : मजरा ढढिया की सुनीता तिवारी ने कहा कि गांव के ही विपक्षी अतुल तिवारी, निखिल, नितिन व शेखर उसकी सास कलावती से अभद्रता कर रहे थे। मना करने पर आरोपितों ने उसे मारापीटा। कटरा भोगचंद के वजीराबाद के आशीष कुमार उर्फ दीपू ने कहा कि वह बाइक से वह घर जा रहा था। रास्ते में तभी पेट्रोल पंप के सामने गांव के ही शत्रोहन उर्फ बाबू व दुर्गागंज माझा के दिनेश यादव ने उससे अभद्रता कर उसकी पिटाई कर दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने कहा तहरीर के आधार पर मुकदमा किया गया है। (संसू)

# आधार सेवा केंद्र संचालक की बदसलूकी की शिकायत

गोंडा। मसकनवां बाजार में आधार सेवा केंद्र संचालक पर नाम संशोधन कराने आई महिला से बदसलूकी का आरोप लगा है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामूली धाराओं में कार्रवाई कर मामले को रफा-दफा कर दिया। छपिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मसकनवां कस्बे में पुलिस चौकी के सामने आधार सेवा केंद्र पर मंगलवार को दोपहर विवाहित महिला आधार कार्ड में संशोधन कराने आई थी। आरोप है कि मशीन पर अंगूठा लगवाते समय महिला का हाथ पकड़ कर बदसलूकी की। संवाद

# भाजपा जिलाध्यक्ष और सीएमएस भिड़े, हाथापाई

## रक्तदान शिविर के दौरान विवाद, सीएमएस ने लगाया गाली देने व धक्का-मुक्की का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पखवाड़े को लेकर रक्तदान शिविर के दौरान राजकीय मेडिकल कॉलेज जंग का मैदान बन गया। भाजपा कार्यकर्ता व स्वास्थ्यकर्मी आपस में भिड़ गए। गाली-गलौज के साथ मामला हाथापाई तक पहुंच गया। सूचना पर सीएमओ व विधायक ने बीचबचाव कराया।

### कार्यकर्ताओं को जातिसूचक गाली दी, खून लेने से किया इंकार : कश्यप

भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से बुधवार को मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था। सुबह नौ बजे से ही भाजपा कार्यकर्ता ब्लड बैंक पहुंचने लगे। करीब साढ़े दस बजे भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप व मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री पहुंचे मगर वहां बैठने के लिए पर्याप्त कुर्सी व अन्य इंतजाम नहीं मिले। जिलाध्यक्ष ने सीएमएस डॉ. वीके गुप्ता को बुलाकर व्यवस्था न होने का कारण पूछा तो उन्होंने कहा कि जितना इंतजाम कर सकता था किया बाकी मेरे पास बजट नहीं है।

अमर किशोर ने नाराजगी जताई तो सीएमएस डॉ. वीके गुप्ता ने ऊंची आवाज में बात न करने की नसीहत दे डाली। जिस पर जिलाध्यक्ष ने मारने को हाथ उठाया तो ब्लड बैंक के नोडल अधिकारी डॉ. चेतन पराशर ने उनका हाथ पकड़ लिया। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं व स्वास्थ्यकर्मियों में हाथापाई शुरू हो गई। सीएमओ डॉ. रश्मि वर्मा व विधायक रमापति शास्त्री ने बीचबचाव कराया।

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला संयोजक नंदकिशोर ने नगर कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि वह अपनी टीम के साथ रक्तदान करने मेडिकल कॉलेज गए थे। सीएमएस डॉ. वीके गुप्ता से रक्तदान शिविर की जानकारी मांगी तो उन्होंने परिचय पूछा। अनुसूचित मोर्चा बताते ही उन्होंने कहा कि इस जाति के लोगों का खून लेने से ब्लड बैंक दूषित हो जाएगा। तहरीर पर तपसीराम, रक्षाराम भारती, पंकज बरवार व विवेक कनौजिया के हस्ताक्षर हैं। मामले में सीएमएस डॉ. वीके गुप्ता ने भी नगर कोतवाली में तहरीर दी मगर कोतवाल ने उच्चाधिकारियों के पास जाने को कहा। संबंधित खबर पेज 3 पर...



ब्लड बैंक में रक्तदान करते भाजपा कार्यकर्ता। संवाद

### मारने के लिए दौड़े जिलाध्यक्ष : सीएमएस



सीएमएस डॉ. वीके गुप्ता ने कहा कि मैंने ऊंची आवाज में न बोलने को कहा तो जिलाध्यक्ष मारने के लिए दौड़ पड़े। उनके साथ के लोगों ने गाली दी तथा जान से मारने की धमकी दी।

### कार्यकर्ताओं से की गई अभद्रता : जिलाध्यक्ष



भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप ने बताया कि रक्तदान शिविर में पहुंचने पर पता चला कि पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला संयोजक व कार्यकर्ताओं से अभद्रता की गई है। भाजपा कार्यकर्ताओं से अभद्रता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### ये कैसी पुलिसिंग

मेडिकल कॉलेज के प्रवेश गेट पर पुलिस सहायता बूथ बनाया गया है। जहां हर समय दो महिला व दो पुरुष पुलिसकर्मियों की ड्यूटी रहती है। मगर ब्लड बैंक में साढ़े दस बजे सीएमएस के साथ हाथापाई व हंगामे की घटना की सूचना बूथ पर बैठे पुलिसकर्मियों को दोपहर एक बजे तक नहीं हो सकी। ऐसे में पुलिस की सक्रियता पर भी सवाल उठ रहा है। दोपहर एक बजे पुलिस बूथ पर बैठे हेड कांस्टेबल दीनानाथ यादव से घटना की जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि मारपीट की कोई सूचना ही नहीं मिली है। बिना सूचना के हम कुछ नहीं कर सकते।

### डॉक्टरों से बदसलूकी बर्दाश्त नहीं

सीएमएस डॉ. वीके गुप्ता से अभद्रता की सूचना मिलने से प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ (पीएमएस) के पदाधिकारियों में आक्रोश व्याप्त है। पीएमएस के जिला सचिव संत प्रताप वर्मा ने बताया कि शाम को पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रणनीति तैयार की जाएगी। डॉक्टरों के साथ बदसलूकी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# एसडीएम और सीओ ने मारा छापा, नहीं मिले खनन माफिया

संसू, कर्नलगंज,(गोंडा) : अवैध खनन की सूचना पर एसडीएम व सीओ ने छापेमारी की है। अफसरों के पहुंचने से पहले ही खनन माफिया भाग गए। खान निरीक्षक से अवैध खनन की रिपोर्ट मांगी गई है।

क्षेत्राधिकारी चंद्रपाल शर्मा ने बताया कि अवैध खनन की सूचना पर नगवाकला के सीरपुरवा में छापेमारी की गई थी। खनन माफिया को किसी तरह छापेमारी की भनक लग गई थी, इससे वह भाग गए।

एसडीएम विशाल कुमार ने कहा कि खनन की सूचना पर छापेमारी की गई थी, जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। खान निरीक्षक व लेखपाल ने जमीन की नाप की। एक मीटर से अधिक गहराई में खनन पाया गया। संबंधित से रिपोर्ट मांगी गई है।

## नीलगाय से टकराकर बाइक गिरी, मां और बेटी घायल

**बभनजोत** : खोड़ारे के बगदर ग्रांट फरकहा की रहने वाली मीरा देवी अपनी बेटी के साथ बेलभाउर जा रही थी। रास्ते में गौरा चौकी बभनान मार्ग स्थित घारीघाट पेट्रोल पंप के बगल से निकली नीलगाय ने बाइक में ठोकर मार दी, इससे मां व बेटी घायल हो गई। परिवारीजन इलाज के लिए दोनों को बस्ती ले गए।

# स्कूल के अनुचर पर लगाया कुकर्म का आरोप

वजीरगंज (गोंडा)। कंपोजिट विद्यालय दुर्जनपुर घाट के पूर्व छात्रों ने स्कूल के अनुचर पर कुकर्म का आरोप लगाते हुए मंडलायुक्त से शिकायत दर्ज कराई थी। मंडलायुक्त के निर्देश पर बुधवार को बीएसए ने विद्यालय पहुंचकर अनुचर व पूर्व छात्रों का बयान दर्ज किया। कंपोजिट विद्यालय में 16 सितंबर को पूर्व छात्र घुस आए थे। विद्यालय के अनुचर उन्हें डांटकर भगा दिया था। इसके दूसरे दिन पूर्व छात्रों ने अनुचर की पिटाई कर दी थी। अनुचर ने थाना वजीरगंज में दो पूर्व छात्रों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद पूर्व छात्रों ने अनुचर पर छात्रों के साथ कुकर्म करने का आरोप लगाते हुए मंडलायुक्त से शिकायत दर्ज कराई। मंडलायुक्त के निर्देश पर बीएसए ने बुधवार को विद्यालय पहुंचकर अनुचर व पूर्व छात्रों के बयान दर्ज किए। बीएसए प्रेमचंद्र यादव ने बताया कि पूर्व छात्रों व अनुचर का बयान दर्ज किया गया है। जांच में पूर्व छात्रों का आरोप गलत पाया गया। अनुचर ने पूर्व छात्रों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसलिए वह झूठा आरोप लगा रहे थे। संवाद

# छात्र की गला काटकर हत्या

## सोमवार से लापता था गोलू मगर पुलिस ने नहीं दर्ज की गुमशुदगी

संवाद न्यूज एजेंसी

मनकापुर/मसकनवा (गोंडा)। छपिया के सैजलपुर गांव के रहने वाले 10वीं के छात्र की गला काटकर हत्या कर दी गई। हत्यारों ने हत्या को हादसे का रूप देने के इरादे से अमवा अशरफाबाद जंगल के पास रेल ट्रैक पर शव फेंक दिया। छात्र दो दिन से लापता था।

**नाराज ग्रामीणों ने शव रखकर लगाया जाम**



गोलू फाइल फोटो

परिजनों ने थाने पर गुमशुदगी की तहरीर दी मगर छपिया पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इससे नाराज गांववालों ने बुधवार को मनकापुर-मसकनवा मार्ग जाम कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। कोतवाल ने कार्रवाई का आश्वासन दिया तो लोग शांत हुए।

सैजलपुर निवासी मस्तराम वर्मा ने बताया कि उनका बेटा हरिओम उर्फ गोलू (15) क्षेत्र के गायत्री विद्यामंदिर मसकनवा में 10वीं कक्षा का छात्र था। सोमवार सुबह गोलू साइकिल से स्कूल गया था। इसके बाद वह शाम को पटखौली गांव के पास स्थित कोचिंग सेंटर गया। शाम साढ़े पांच बजे वह कोचिंग से निकला मगर रात तक घर नहीं पहुंचा तो परिवार के लोगों ने उसकी तलाश की। गोलू के मौसेरे भाई रामसुभावन निवासी सैजलपुर ने बताया कि रिश्तेदारों व संबंधियों के यहां गोलू की तलाश की गई। लेकिन कहीं पता नहीं चल सका।



मनकापुर में सड़क पर छात्र का शव रखकर जाम लगाए लोगों को समझाती पुलिस। संवाद

### सोमवार शाम कोचिंग से लौटते समय लापता हुआ था गोलू

### साइकिल मिली न स्कूल बैग, पुलिस बता रही खुदकुशी

बुधवार सुबह सूचना मिली कि अमवा अशरफाबाद जंगल के पास एक शव पड़ा है, जिसका सिर व धड़ अलग है। परिजन व रिश्तेदार तुरंत वहां पहुंचे तो गोलू का शव देख कोहराम मच गया। उसका धड़ रेलवे ट्रैक के अंदर जबकि सिर बाहर पड़ा मिला। गोलू के पिता मस्तराम ने बताया कि उनके बेटे की साइकिल और स्कूल बैग गायब है। उन्होंने बेटे के हत्या की आशंका जताई है।

मस्तराम का आरोप है कि बेटे के लापता होने के बाद उन्होंने छपिया थाने में तहरीर दी थी। मगर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस की लापरवाही से गुस्साए ग्रामीणों ने बुधवार को गोलू का शव को सड़क पर रखकर मनकापुर-मसकनवां मार्ग जाम कर दिया और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। जाम की सूचना पर मनकापुर इंस्पेक्टर सुधीर कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इंस्पेक्टर ने कार्रवाई का आश्वासन दिया, तब जाकर ग्रामीण माने और आधे घंटे बाद जाम समाप्त हो सका। इंस्पेक्टर ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### पिता ने कहा- झूठ बोल रहे इंस्पेक्टर

हरिओम उर्फ गोलू का शव रेलवे ट्रैक पर मिलने के मामले में पड़ताल कर रहे छपिया इंस्पेक्टर सुरेश कुमार वर्मा का कहना है कि गोलू कोचिंग की फीस नहीं जमा कर पाया था, इसलिए टीचर ने उसे फीस जमा करने के लिए कहा था। इंस्पेक्टर ने बताया कि गोलू ने अपने पिता से फीस के पैसे मांगे तो उन्होंने उसे डांटा था कि पढ़ाई नहीं कर रहे हो सिर्फ पैसा ही मांगते हो। इंस्पेक्टर का दावा है कि इससे आहत होकर गोलू ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। जबकि गोलू के पिता मस्तराम का कहना है कि फीस उन्होंने जमा कर दी थी, ऐसे में डांटने का सवाल ही नहीं उठता। इंस्पेक्टर झूठ बोल रहे हैं। अलग-अलग बयान से गोलू की मौत की गुत्थी उलझ गई है। गोलू की हत्या की गई या उसने आत्महत्या की, ये पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्पष्ट होगा।

# प्रधानों को दी जाए सुरक्षा

**करनैलगंज (गोंडा)।** कटरा बाजार के ग्राम कलवारी के प्रधान पुत्र पर हुए जानलेवा हमले को लेकर ग्राम प्रधानों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन दिया। तहसील करनैलगंज व हलधरमऊ के ग्राम प्रधान संगठन की आपात बैठक आयोजित की गई। बताया गया कि ग्राम पंचायत कलवारी के प्रधान भगौती प्रसाद गोस्वामी के पुत्र रामदेव गोस्वामी को हमलावर गोली मारकर फरार हो गए थे। क्षेत्राधिकारी चंद्रपाल शर्मा को दिए ज्ञापन में प्रधानों को सुरक्षा प्रदान करने, घायल के समुचित इलाज के साथ ही पांच लाख रुपये की सहायता दिए जाने की भी मांग की गई है। रमेश मिश्र, करम चंद मिश्रा, रघुनाथ पांडेय, अरविंद शुक्ला, जमील अहमद मौजूद रहे। संवाद

# पिटाई में दंपती पर मुकदमा दर्ज

**इटियाथोक (गोंडा)।** भूमि विवाद के चलते युवक को लाठी-डंडे से पीटकर जान से मारने की धमकी दी गई। घटना की प्राथमिकी दो आरोपियों के खिलाफ दर्ज कराई गई है। ग्राम मिश्रौलिया बाबूराम के संतराम वर्मा ने आरोप लगाया कि भूमि विवाद के चलते पड़ोस की ही मीना देवी और राजकुमार ने लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। आरोपी पति-पत्नी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। संवाद

# ट्यूशन से लौट रही छात्रा से छेड़खानी

**खरगूपुर (गोंडा)।** बहराइच की सीमा से सटे खरगूपुर के एक गांव में विशेश्वरगंज क्षेत्र की 15 वर्षीय छात्रा कोचिंग पढ़ने आई थी। उसका आरोप है कि ट्यूशन के बाद वह घर लौट रही थी। तभी गांव के एक युवक ने रास्ते में रोककर उसके साथ छेड़छाड़ की। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि आरोपी राजा के विरुद्ध छेड़छाड़ व पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। संवाद

# चार के खिलाफ मारपीट का केस

**परसपुर (गोंडा)।** ग्राम दक्खिन पुरवा निवासी गुड़िया शुक्ला ने थाने में तहरीर देकर बताया कि भैंस की पिटाई को लेकर हुए विवाद में गांव की एक महिला ने उसके घर आकर पिटाई कर दी। पुलिस ने आरोपी गीता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। दूसरी घटना परसपुर के चिंता पंडित पुरवा की है। फूला देवी ने बताया कि फसल चराने के विवाद को लेकर गांव के ही पिता-पुत्र सहित तीन लोग उसके घर आए और पिटाई की। पुलिस ने विनोद मिश्र, धर्मेंद्र मिश्र व सूरज मिश्र के विरुद्ध एससी-एसटी एक्ट सहित कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। संवाद

# फंदे पर लटका मिला युवक

**मनकापुर (गोंडा)।** ननिहाल गए युवक का शव संदिग्ध हालात में फांसी के फंदे पर लटका मिला। मामला कोतवाली मनकापुर के ग्राम इटरौर के मजरा पांडेय पुरवा का है। मोतीगंज के परसोहनी निवासी शिवशंकर का बेटा दिलीप कुमार यादव (17) अपने नाना ननकने यादव के यहां चार दिन पहले ग्राम इटरौर के मजरा पांडेय पुरवा आया था। सोमवार रात गांव के बाहर खेत में दिलीप का शव संदिग्ध हालात में फांसी के फंदे पर लटका मिला। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। संवाद

# सांड़ के दौड़ाने पर पुलिया से गिरकर युवक की मौत

नवाबगंज (गोंडा)। छुट्टा सांड़ के दौड़ाने से बुधवार को एक युवक पुलिया से गहरे गड्ढे में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल पहुंचाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

थाना नवाबगंज क्षेत्र के तुरकौली गांव निवासी रामलाल यादव ने बताया कि उसका भाई शुभलाल यादव (30) मंगलवार को गांव के समीप भैंस चराने गया था। देर शाम लौटते समय गांव के बाहर पुलिया के पास एक सांड़ ने उस पर हमला कर दिया। बचने के लिए भागते समय शुभलाल पुलिया से टकराकर गहरे गड्ढे में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अयोध्या के श्रीराम अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने शुभलाल को मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। (संवाद)

## इनवर्टर से लगा करंट, छात्र की जान गई

मसकनवा (गोंडा)। घर में नहाते समय बालक की इनवर्टर से करंट लगने से मौत हो गई। छात्र की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मसकनवा कस्बे के मनकापुर मार्ग निवासी राजकुमार उर्फ राजू पंडित का दस वर्षीय पुत्र उत्सव मिश्र बुधवार सुबह इनवर्टर से टुल्लू पंप चलाकर नहा रहा था। तभी करंट की चपेट में आकर वह झुलस गया। परिजनों ने उत्सव को सीएचसी केंद्र छपिया पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। (संवाद)

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-21-09-2023

# बेटियों व महिलाओं को किया गया जागरूक

बलरामपुर : एंटी रोमियो स्क्वायड दल, महिला बीट पुलिस अधिकारी व नारी सुरक्षा दल ने संयुक्त रूप से सार्वजनिक स्थलों पर कार्यक्रम कर बेटियों व महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में शामिल बेटियों व महिलाओं को सरकार के हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई। (संसू)

# आईपीएस बता युवती ने ठगे 3.30 लाख

संवाद न्यूज एजेंसी

## बलरामपुर के पीड़ित ने चौक कोतवाली में युवती समेत तीन के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

लखनऊ। खुद को दिल्ली में तैनात आईपीएस अधिकारी बताकर चौक के शाहगंज की रहने वाली अर्शिया खान ने अपने ही रिश्तेदार बलरामपुर के एजाज अहमद से 3.30 लाख रुपये हड़प लिए। आरोप है कि युवती ने पीड़ित से रुपये यूपी पुलिस में दरोगा की नौकरी और मदद के नाम पर लिए थे। रकम वापस मांगने पर युवती, उसके पिता नसीम और उसके सहयोगी आफताब ने पीड़ित को धमकी दी। पीड़ित ने 18 सितंबर को चौक कोतवाली में तीनों के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

बलरामपुर के गैड़ास बुजुर्ग इलाके निवासी एजाज अहमद के मुताबिक, बहनोई के भाई आफताब आलम के जरिए अर्शिया से मुलाकात हुई। आफताब ने बताया कि अर्शिया दिल्ली में आईपीएस अधिकारी है।

इसके बाद अर्शिया खान ने एजाज को उत्तर प्रदेश पुलिस में दरोगा की नौकरी दिलाने की बात कही और इसके एवज में 10 लाख की डिमांड की। एजाज ने मना कर दिया। इसके कुछ दिन बाद अर्शिया ने दोबारा कॉल की और बताया कि उसके खिलाफ विभागीय जांच शुरू हो गई है। जांच खत्म कराने के लिए पैसों की जरूरत है। यह भी बताया कि बाहरी लोगों से पैसे मांग नहीं सकती है। आफताब ने भी एजाज से मदद करने के लिए कहा।

बातों में आकर एजाज ने 3.30 लाख रुपये ब्याज पर लेकर दे दिए। कुछ वक्त बाद एजाज ने रकम वापस मांगी तो तीनों धमकी देने लगे। छानबीन में पता चला कि अर्शिया ने आईपीएस अधिकारी होने का झूठा दावा किया था। आजिज आकर पीड़ित ने जेसीपी अपराध आकाश कुलहरि से गुहार लगाई। उनके आदेश पर चौक पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# अधिवक्ताओं ने जारी रखा न्यायिक कार्य का बहिष्कार

बलरामपुर। हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठी चार्ज की घटना के बाद शुरू हुआ अधिवक्ताओं का आंदोलन थमने का नाम नहीं ले रहा। इसके चलते ही बुधवार को भी अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार जारी रखते हुए विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही एलान किया कि बृहस्पतिवार को भी अधिवक्ता न्यायिक कार्य नहीं करेंगे।

उतरौला तहसील परिसर में बार संघ अध्यक्ष वीरेंद्र सिन्हा के नेतृत्व में वकीलों ने न्यायिक कार्य से विरक्त रहते हुए शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। बार संघ अध्यक्ष ने कहा कि 22 दिनों से अधिवक्ता हड़ताल पर हैं। इसके बाद भी प्रदेश सरकार हापुड़ के जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक का तबादला तक नहीं कर रही है। जिला बार संघ अध्यक्ष रामानंद मिश्र ने बताया कि वकीलों की हुई बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार अधिवक्ता बृहस्पतिवार को भी न्यायिक कार्य नहीं करेंगे। संवाद

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-21-09-2023

हिन्दु

# दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार

महसी। हरदी थानाध्यक्ष सूरज कुमार राना के नेतृत्व में दरोगा उमेश चन्द्र, हेड कांस्टेबल रवींद्र कुमार ने बुधवार को महराजगंज के पास दबिश दी। पुलिस ने अप्राकृतिक दुष्कर्म मामले में फरार आरोपी पहरवा चंदपैया निवासी बलराम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# एसपी ने जनता दर्शन में सुनीं फरियादें

बहराइच । एसपी प्रशांत वर्मा ने बुधवार को जनता दर्शन में आए पीड़ितों की समस्याओं को सुना। उन्होंने आए हुए फरियादियों की समस्याओं व शिकायतों पर जन सुनवाई के दौरान शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को संबंधित अधीनस्थों को निर्देशित किया।

# महिला से मारपीट अभद्रता मामले में केस

बहराइच । मटेरा थाने में मटेरा कस्बा निवासिनी स्टेशनरी विक्रेता सोनी साहू की तहरीर पर कस्बे के ही निवासी के विरुद्ध मारपीट, गाली गलौज व धमकी की धाराओं में केस दर्ज कराया गया है। 13 सितम्बर को कस्बे निवासी लखबीर सिंह पुत्र अमरजीत सिंह की बेटी कापी खरीद कर ले गई थी। कुछ देर बाद पहुंचे लखवीर ने धन कम वापस किए जाने का आरोप लगाते हुए सोनी साहू से मारपीट अभद्रता की थी। एसएचओ परमानंद तिवारी ने पुलिस ने तहकीकात के बाद केस दर्ज किया गया है।

# कुकर्म का आरोपी गिरफ्तार

महसी (बहराइच)। हरदी थाना क्षेत्र के एक ग्राम पंचायत निवासी 13 वर्षीय किशोर के साथ बलराम (55) ने कुकर्म किया था। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। पीड़ित की मां किशोर के साथ थाने पहुंची भी और अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था। घटना के बाद से ही पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। बुधवार को बलराम को महराजगंज कस्बे की नहर पुलिया के पास से दबोच लिया। उपनिरीक्षक ने बताया कि रिमांड के लिए प्रयास किया जा रहा। - संवाद

# दबंगों ने परिवारजन को पीटा, मुकदमा दर्ज

संसू, खुटेहना(बहराइच) : ग्राम खुनौरा कोड़री ताल में बच्चों के विवाद से नाराज दबंगों ने एक घर पर धावा बोलकर गृह स्वामी को जमकर पीटा। थानाध्यक्ष श्यामदेव चौधरी ने बताया कि चार आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

पीड़ित अयोध्या प्रसाद रावत ने बताया कि मंगलवार देर शाम बच्चों में विवाद हो गया था। नाराज प्रेमी, वीरेंद्र, रमन, रामू आदि लाठी-डंडा लेकर देर रात उसके घर आ गए। सोते समय उस पर लाठियों से हमला कर लहूलुहान कर दिया। पिता की चीख सुनकर बचाने पहुंची अर्चना, कंचन व समेत स्वजन को पीटा। पुलिस जब तक पहुंचती दबंग फरार हो गए। सभी चोटिलों को सीएचसी पयागपुर भर्ती कराया गया है।

# कुकर्म का आरोपित गिरफ्तार

संसू, महसी : किशोर के साथ कुकर्म का मामला सामने आया है। हरदी थानाध्यक्ष सूरज कुमार राना ने बताया कि आरोपित बलराम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। उसे गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। टीम में एसआइ उमेश चंद्र, मुख्य आरक्षी रवींद्र कुमार शामिल रहे।

# चोरी गए लाखों के जेवर बरामद जेल भेजे गए आरोपित

- रिवाल्वर समेत हुई थी 20 लाख की चोरी, सीसी कैमरे में कैद हुई थी आरोपितों की तस्वीर

जागरण संवाददाता, बहराइच : दिन-दहाड़े लाखों की चोरी को लेकर एसपी ने नाराजगी जताई थी। एसपी के तल्ख तेवर के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने 24 घंटे के भीतर घटना का राजफाश कर चार आरोपितों को दबोच लिया। चोरी गया सामान बरामद कर सभी को न्यायालय भेजा गया, जहां से उन्हें जेल रवाना कर दिया गया।

कोतवाली देहात के मुहल्ला रायपुरराजा निवासी सरदार भूपेंद्र सिंह एलआइसी एजेंट होने के साथ गुरुद्वारा गुरुसिंह सभा प्रबंध समिति के महामंत्री हैं। सोमवार को सरदार भूपेंद्र सिंह अपनी पत्नी के साथ कनाडा जा रहे बेटे को छोड़ने लखनऊ एयरपोर्ट गए थे। इसी दौरान स्कूटी से आए चोरों ने उनके घर में रखी लाइसेंसी रिवाल्वर, पांच लाख की नकदी, 12 लाख के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए थे। पूरी घटना सीसी कैमरे में कैद हो गई। सूचना पर पहुंची फारेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलन किया।

कोतवाल मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि जांच के दौरान घटना में शामिल दरगाह के नुरुद्दीनचक निवासी इरफान, शेख अफजल व अरशद व नगर कोतवाली इलाके के मीराखेलपुरा निवासी आशीष सिंह को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद कर लिया गया।

# दिनदहाड़े चोरी करने वाले चार दबोचे

**बहराइच।** एलआईसी एजेंट के घर दिनदहाड़े 10 लाख से अधिक का माल पार करने वाले चार चोरों को पुलिस ने दबोच लिया। उनके पास से एलआईसी एजेंट के घर से चोरी की गई रिवॉल्वर, 20 कारतूस व आभूषण बरामद कर लिए है।

## एलआईसी एजेंट के घर से 10 लाख से अधिक का माल उड़ाने का मामला

कोतवाली देहात के रायपुर राजा निवासी एलआईसी एजेंट सरदार भूपेन्द्र सिंह के घर स्कूटी सवार तीन चोरों ने दिन में धावा बोला था। उनकी रिवॉल्वर समेत 10 लाख से अधिक का माल पार कर दिया था। भागते समय चोर सीसीटीवी में कैद हो गए थे। पुलिस ने तीनों चोरों व उनके साथी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

कोतवाल मनोज पांडेय ने बताया कि चोरों की पहचान दरगाह थाना क्षेत्र के नूरुद्दीन चक निवासी अफजल, इरफान, इरशाद व मीराखेलपुरा निवासी आशीष सिंह के रूप में हुई है। चोरों के पास से आभूषण भी बरामद हुए हैं। (संवाद)

# SHRAWASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः-21-09-2023

# युवक की पेड़ से लटकी मिली लाश

रतनापुर। दो माह पहले दिल्ली कमाने गया युवक घर लौट रहा था। लेकिन घर पहुंचने से पहले गांव के बाहर आम की बांग में पेड़ से लटकता शव मिला। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पत्नी की तहरीर पर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

सोनवा थाना क्षेत्र के दूबकला निवासी राकेश कुमार पुत्र कैलास उम्र करीब 24 वर्ष दो माह पहले मजदूरी करने दिल्ली गया था। दो दिन पहले दिल्ली से अपने घर को चला था। बुधवार सुबह उसका शव गांव के उत्तर एक बाग में आम के पेड़ से गमछे के सहारे उसका शव लटकता देखा गया।जिसकी सूचना लोगों ने उसके परिजनों को दिया। परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और सूचना पुलिस को दी। राकेश कुमार की पत्नी कंचना देवी ने हत्या की आशंका जताते हुए तहरीर दी है। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

# 680 ग्राम चरस के साथ एक बंदी

गिरंटबाजार। हरदत्तनगर गिरंट की पुलिस ने रात गस्त के दौरान कलन्दरी पुरवा के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध परिस्थितियों में पकड़ा। पकड़े गए आरोरी की पहचान कासिम उर्फ कमऊ पुत्र रहीश निवासी कलन्दरीपुरवा बहोदवा थाना हरदत्तनगर गिरन्ट के रूप में हुई। आरोपी के पास से 680 ग्राम नाजायज चरस बरामद किया गया।

# अवैध शस्त्र फैक्ट्री चलाने के तीन आरोपितों की जमानत अर्जी खारिज

**संसू, भिनगा( श्रावस्ती )** : अवैध शस्त्र फैक्ट्री चलाने के तीन आरोपितों की जमानत अर्जी जिला एवं सत्र न्यायाधीश देवेंद्र सिंह ने खारिज कर दी है।

जिला शासकीय अधिवक्ता केपी सिंह ने बताया कि भिनगा कोतवाली पुलिस ने लौकीपुरवा गांव के पास जंगल में अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित करने के आरोप में 19 अगस्त को निर्मित, अर्धनिर्मित शस्त्रों व उपकरणों के साथ चहलवा निवासी साबिर अली उर्फ डंके, सोनू व लौकीपुरवा के तबारक अली को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

आरोपितों ने जिला न्यायाधीश के न्यायालय पर जमानत अर्जी प्रस्तुत की। जमानत अर्जी पर सुनवाई के बाद जिला जज ने खारिज कर दिया।

## शांतिभंग में नौ गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस ने मंगलवार रात अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों से नौ लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध शांतिभंग करने के आरोप में कार्रवाई की गई है। (संवाद)

# व्यापारियों की समस्याओं का होगा त्वरित निस्तारण

जासं, श्रावस्ती : पुलिस कार्यालय सभागार में बुधवार को व्यापारियों के साथ गोष्ठी हुई। अध्यक्षता एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने की। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा व उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण पुलिस की प्राथमिकता में है। व्यापारियों से सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली गई।

# कर्मचारियों का पुलिस से जरूर कराएं सत्यापन

## व्यापारी बंधु समिति की हुई बैठक

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** अपराधी किसी के भी भेष में कहीं भी घटना को अंजाम दे सकते हैं। इसके लिए हमें खुद सावधानी बरतनी होगी, जिससे हम ऐसे अपराधियों व आपराधिक घटनाओं से सुरक्षित रहें व दूसरों को भी सुरक्षित करने में सहयोगी बन सकें। ये बातें बुधवार को पुलिस कार्यालय में एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने व्यापारी बंधु समिति की बैठक में व्यापारियों से कहीं।

उन्होंने कहा कि यदि उनकी दुकानों व प्रतिष्ठानों पर कोई संदिग्ध बार-बार आता है तो पुलिस को सूचना दें। वहीं अपनी दुकानों व व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरा जरूर लगवाएं। गार्ड, चौकीदार या किसी अन्य कर्मचारी का पुलिस वेरीफिकेशन जरूर कराएं। उन्होंने व्यापारियों को साइबर अपराध के बारे में भी जागरूक किया। इस मौके पर अग्निशमन अधिकारी संजय जायसवाल, प्रभारी यातायात, प्रभारी डायल 112 सहित व्यापारी मौजूद रहे।

## महिलाओं और युवतियों को दी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी



**श्रावस्ती।** जिले में मिशन शक्ति अभियान की टीम गांवों, विद्यालयों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं युवतियों को महिला सुरक्षा की जानकारी दे रही हैं। इसी के तहत बुधवार को शक्ति मोबाइल टीम में तैनात महिला आरक्षी सुषमा सिंह, सोनी देवी व अर्जिता यादव ने भिनगा में चौपाल का आयोजन किया। वहीं महिला आरक्षी जीनी कठरिया, अदिति की ओर से सीताद्वार व इकौना देहात में चौपाल का आयोजन किया गया। जबकि पम्मी साहू ने राजकीय इंटर कॉलेज सिरसिया में चौपाल का आयोजन किया। (संवाद)

## जनता दर्शन में एसपी ने सुनीं समस्याएं

**श्रावस्ती।** पुलिस कार्यालय स्थित कक्ष में बुधवार को पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने जनता दर्शन में आए फरियादियों की समस्या व शिकायत सुनीं। इस दौरान 28 फरियादियों ने उन्हें प्रार्थना पत्र सौंपा। इसमें तेरह भूमि विवाद, सात पारिवारिक विवाद व आठ अन्य विवाद से संबंधित थे। प्राप्त शिकायतों का शीघ्र निस्तारण के लिए एसपी ने संबंधित थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया। (संवाद)

# तीन आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज

श्रावस्ती। भिनगा कोतवाली पुलिस ने थाना क्षेत्र के लौकीपुरवा के निकट जंगल से 19 अगस्त को तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। जिनके कब्जे से निर्मित व अर्ध निर्मित तमंचा बरामद किया था। गिरफ्तार चहलवा निवासी साबिर अली उर्फ डंके व सोनू तथा लौकी पुरवा निवासी तबारक अली की ओर से जिला जज देवेंद्र सिंह के न्यायालय पर जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था। इसका जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी केपी सिंह ने विरोध किया। बुधवार को तीनों आरोपियों का जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया गया। (संवाद)

## जंगल से किया गया था गिरफ्तार